दूसरी बात यह है कि यह ज़रूरी नहीं कि 1/5th से कम के हिस्से हो ही नहीं सकते । उस से कम के भी हो सकते हैं । मेरे दोस्त पूछेंगे कैसे ? इस बिल में साफ provide किया गया है "as may be prescribed" अगर कोई Co-operative Society यह फैसला करती है कि इस के share capital का 1/10th से ज्यादा नहीं खरीद किया जा सकता तो उस हालत में 25 हजार रुपये वाली या 1/5th of the share-capital वाली पाबन्दी खुद-बखुद बेमानी हो जाती है । लेकिन इस के उलट अगर किसी सोसाइटी को जो heavy industry establish करना चाहती हो, ज्यादा रुपये की ज़रूरत हो—मसलन दो लाख रुपये के सरमाया की ज़रूरत हो तो उसे Cottage Industry की terms पर थोड़े ही चालाया जा सकता है । Cottage Industry के लिये तो दो हजार, चार हज़ार या छः हज़ार रुपया काफ़ी हो सकता है । इन हालात में ऐसी बड़ी Industry के लिए सरमाया इकट्ठा करने के लिये बड़े २ amounts के shares का होना ज़रूरी हो जाता है। आखिर ऐसी heavy industry के लिये 50 या 100 या 1,000 रुपये के share से काम चल सकता है क्या ? हरगिज़ नहीं । हां, जहां तक Cottage industries या Small-Scale Industries के लिये Co-operative societies बनाने का सवाल होगा वहां तो यह 25 हज़ार वाली तरमीम लागू नहीं होगी । इस लिये मैं समझता हूं कि देहातों और Cottage Industries का हवाला दे कर जिन भाइयों ने मुखालिफत की है, वह बेमानी है ।

यह कहा जा सकता है कि बहर-हाल इस तरमीम का कहीं न कहीं तो असर पड़ेगा । यह कैसे हो सकता है कि इस का कोई असर ही न हो । ठीक है, मैं मानता हूं । तो इसका असर किन हालात में होगा, यह समझने की बात है ।

स्पीकर साहिब ! मैं इन दोस्तों को बताना चाहता हूं कि इस का असर उन सोसाइटियों पर पड़ेगा जिन का सरमाया 125 हज़ार से ज्यादा होगा । अगर Share Capital 125 हज़ार से ज्यादा नहीं होगा तो 1/5th के मुताबिक 25 हज़ार के सरमाये से ज्याद के हिस्सेदार नहीं बन सकेंगे । फिर एक और पाबन्दी है जिसे शायद मेरे दोस्त नज़र-अन्दाज कर गए हैं । वह यह है कि किसी भी सूरत में 25 हज़ार से ज्यादा के shares नहीं खरीदे जा सकेंगे । गोया इस तरमीम के ज़रिये सिर्फ 10 हज़ार की बजाये यह limit 25 हज़ार तक बढ़ाई गई है । इसलिये हम जब Co-operative movement को encourage करना चाहते हैं; बड़ी बड़ी industries को अपने सूबे में establish करवाना चाहते हैं तो इस तरमीम को मान लेने से हमें अपने object को हासिल करने में मदद मिलेगी ।

इस के इलावा एक और बात है । अगर छोटे 2 हिस्सेदार मिल कर इतना सरमाया इकट्ठा कर सकते हों कि मिसाल के तौर पर, एक चालीस लाख के Capital की investment हो सके तो इस के "as may be prescribed" में साफ़ है कि अगर सोसाइटी चाहे तो वह इस limit को कम भी कर सकती है । जब सोसाइटी अपने by-laws में यह फैसला कर लेगी कि principal investment का 1/5th से ज्यादा हिस्सेदार नहीं बन सकता तो साफ है कि 25 हजार वाली limit को rigidly impose नहीं किया जा सकता ।

इन चीजों से यह साफ़ जाहिर होता है कि 25 हजार की limit एक maximum limit है जहां तक एक आदमी, अगर वह चाहे तो, shares में invest कर सकता है। यह नहीं कि अगर वह 20 लाख रुपया का सरमाया लगाना चाहे तो लगा सकेगा। इस के इलावा यह भी मुमकिन है कि अगर आप 50 लाख या एक करोड़ 50 लाख या एक करोड़ रुपये के Capital की कोई Industry start करना चाहें तो छोटे छोटे हिस्सेदारों के न मिलने की वजह से आप उसे start ही न कर सकें। ऐसी हालत में तो बस यही होगा कि वह एक paper scheme ही रह जायेगी। जब इतना सरमाया ही इकट्ठा न हो सकेगा तो काम कैसे शुरु होगा ? इस लिये हम तस्वीर के दूसरे रुख को नजर अन्दाज नहीं कर सकते जहां ऐन मुमकिन है कि 10 हजार की बजाए 25 हजार का सरमाया लगाने वाली आसामियां आ सकती हों और आप का वह काम शुरु हो सकता हो।

इस लिए में समझता हूं कि practical इनसान की हैसियत से वजीर साहिब की तरफ से जो तरमीम पेश की गई है वह बहुत sound गई है और हमें अपने मकसद में फायदामन्द साबत हो सकती है। आज अगर हम चाहते हैं कि Cottage Industries को आगे बढ़ाएं और नए नए कारखाने अपने सूबे में खोलें तो पुराने ढंग को बदलना ही होगा और progressive lines पर हमें Co-operative societies को organise करना होगा। मैं समझता हूं कि इस ओर एक बहुत अहम कदम है। वरना heavy industries को कायम करने में एक बहुत भारी दिक्कत का हमें सामना करना पड़ता। इस के लिये सरमाया आ ही न सकता। यह तो सरमाए को खेंचने का एक तरीका है। इस लिये इन इलफ़ाज के साथ में इस संशोधन की ताईद करता हूं और हाऊस से गुजारिश करता हूं कि इसे जरूर पास करना चाहिये।

श्री निरंजन दास धीमन (फिलौर) : स्पीकर साहिब यह जो amendment चौधरी साहिब की तरफ़ से पेश की गई है में इस की हिमायत करने के लिये खड़ा हुआ हूं। मैं समझता हूं कि मेरे जितने दोस्तों ने इस की मुखालिफ़त की है वह जजबात की रौ में बह कर की है और सिर्फ़ "सरमायादारी" के एक लफ़ज को सामने रख कर की है। इस बारे में मेरे फ़ाजिल दोस्त श्री मूल चन्द जैन ने काफ़ी रौशनी डाली है। इस लिये में उसी aspect को नहीं दोहराता। मैं तो यही अर्ज करना चाहता हूं कि किसी काम को चलाने के लिये सिर्फ सरमाये की ही जरूरत नहीं होती और न ही सिर्फ यह देखना होता कि इस enterprise में कितने हिस्सेदार हैं—कितने आदमी हैं। उस के लिये सब से पहली जरूरत होती है तजरुबाकार लोगों की। इस लिये मैं यह समझता हूं कि जब हम ने अपना यह मकसद बनाया हुआ है कि देहातों में Cottage Industries को co-operative lines पर चलाना है तो उस हालत में जब ऐसी industries के लिये लाखों रुपए के share-capital की जरूरत हो तो मैं यह महसूस करता हूं कि इस amendment का रखना निहायत लाजमी हो जाता है। मिसाल के तौर पर हम एक करोड़ रुपये की लागत वाली कोई industry कायम करना चाहते हैं। उस के लिये अगर हम यह सोचें कि सौ-सौ रुपये के shares बना दें तो मैं यकीन के साथ

[श्री निरंजन दास धीमन]
कह सकता हूं कि यह सरमाया इकट्ठा नहीं हो सकेगा और हम उस planned industry को कायम नहीं कर सकेंगे। इस लिये ऐसी हालत में उन लोगों की ज़रूरत होती है जो ज्यादा सरमाया invest कर सकें। यही वजह है कि १०,००० की बजाए अब इस limit को बढ़ा कर २५,००० कर दिया गया है। इन हालात में मैं समझता हूं कि यह एक बहुत ज़रूरी amendment है। यह amendment हमारे मकसद को पूरा करने वाली है। लिहाज़ा मैं इस की पुरज़ोर इलफ़ाज़ में ताईद करता हूं।

श्री केशो दास (पठान कोट) : स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह जो amendment पेश की गई है यह बहुत ज़रूरी amendment है, क्यों? हम देखते हैं कि आज जो co-operative societies हमारे यहां कायम हैं उन में इतना सरमाया नहीं कि वह बड़ी २ योजनाओं को अपने हाथ में ले सकें। जैसे labour societies को ही आप ले लें। इन में तो किसी सरमायादार का हाथ नहीं है। इन की हालत यह है कि अगर वे गवर्नमेंट से किसी बड़े project या काम का ठेका लेना चाहें तो वह नहीं ले सकतीं क्योंकि उन के पास इतना सरमाया नहीं। यही वजह है कि १०,००० वाली limit को बढ़ाकर २५,००० कर दिया गया है, ताकि जिन के पास सरमाया है उसे इकट्ठा कर के मुल्क के मुफ़ाद के कामों पर लगाया जा सके, लेकिन, जैसा कि मेरे से पहले बोलने वाले दोस्तों ने बताया, अगर सौ-सौ रुपये वाले या दो दो सौ रुपये वाले shares को इकट्ठा करके किसी industry—heavy industry को शुरु करने का ख्याल हो तो यह यकीनी बात है कि वह पूरा नहीं हो सकेगा। आज हमारे देश में बेकारी बहुत ज्यादा है। बेकारी को दूर करने का एक यह भी तरीका है कि heavy industries को कायम किया जाए। और यह तभी मुमकिन हो सकता है जब सरमाया लगाने वाली बड़ी २ आसामियां भी आगे आएं। फिर २५,००० रुपये वाली शर्त कोई बहुत बड़ी शर्त भी नहीं। मैं तो समझता हूं कि इसे भी बढ़ा कर ५०,००० कर देना चाहिये। इस लिये मैं यह दरखास्त करूंगा कि इस limit को ज़रूर २५,००० तक कर देना चाहिये यह हमारे सूबे के हित की बात है। क्योंकि अगर यह limit २५,००० तक की गई तो इस लालच से भी वे लोग जिन के पास सरमाया मौजूद है, आगे आ सकेंगे।

सिंचाई मंत्री (चौधरी लहरी सिंह) : साहिबे सदर! मैं इस क्लाज़ पर ज्यादा इस लिये नहीं बोला था और मेरी ख़ाहिश यह थी कि इस क्लाज़ को जल्दी से पास कर दिया जावे क्योंकि मैंने सोचा था कि इस सारे बिल को मैम्बर साहिबान ने अच्छी तरह पढ़ लिया होगा। लेकिन अब मैं यह समझता हूं कि कुछ मैम्बर साहिबान ने इसे गलत समझा है। मैं इस क्लाज़ पर इतना ही कह कर बैठ गया था कि यदि एक फ़ैक्ट्री पर एक करोड़ रुपया लगाया जाना है तो पहले इस बिल के अनुसार एक आदमी दस हजार से ज्यादा share नहीं खरीद सकता था अब इस amendment के अनुसार कुल सरमाया के one-fifth के मुकाबले में २५ हजार रुपये तक के share ले सकेगा। लेकिन मेरे भाईयों ने इस

clause को गलत समझ लिया है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह कोई ज़बरदस्ती नहीं है हर सोसायटी को Government ने बनाना है या उसे गवर्नमेंट ही बनाती है। यह गलत है कि यह co-operative societies गवर्नमेंट ही बनायेगी। co-operative societies........

श्री चान्द राम अहलावत : मैं यह कहता हूं कि गवर्नमेंट बनाए क्यों न ?

सिंचाई मंत्री : मेरे दोस्त तो समझते हैं कि यह societies केवल गवर्नमेंट ही बनाएगी और इसी लिये यह २५ हज़ार के सरमाए के लिये provision किया जा रहा है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह गवर्नमेंट भी बनाएगी और जैसा कि इस बिल में provide किया गया है, दस आदमी भी मिल कर एक co-operative society बना सकते हैं और काम चला सकते हैं। इस में कोई रुकावट नहीं कि वे दस आदमी Capitalists हैं या कि non-capitalists वे अमीर हों या गरीब हों या वे मिल कर एक society बना सकेंगे। फिर हर co-operative society के अपने अपने by-laws होते हैं जो कि उस के मैम्बर खुद बनाते हैं। जब किसी सोसाइटी को promotors जारी करने लगते हैं तो यह उन के लिए है कि उन दस आदमियों में चाहे वह आठ ग़रीब मैम्बर रख लें चाहे ग़रीब आदमी मैम्बर बना लें। उन के सामने उस सोसाइटी के by-law आ जायेंगे। यह ज़रूरी नहीं है कि कोई मैम्बर २५ हज़ार के ही share ले। यह २५ हज़ार का provision तो इस लिये किया जा रहा है कि अगर किसी co-operative society को अपने काम के लिये ज़्यादा सरमाए की ज़रूरत पड़े तो उस के लिए एक मैम्बर २५ हज़ार रुपये के share ले सकें और वह सोसाइटी उस सरमाए से अपना काम अच्छी तरह चला सके। चूंकि हम इस बात की कोशिश कर रहे हैं कि जापान की तरह co-operative basis पर बड़ी बड़ी industries को भी चलाया जाए इस लिये यदि यह limit ज़्यादा न की जाए तो बड़ी industries का co-operative basis पर चलाना संभव न होगा। हम चाहते हैं कि चाहे कितने ही करोड़ रुपये से कोई सोसाइटी काम करना चाहें तो उस के ऐसा करने में यह रुकावट न बन खड़ी हो। मेरे जाट बरादरी के एक दोस्त ने कहा है कि इस से तो यह मालदार लोगों की सोसाइटियां हो जायेंगी। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह बात ठीक नहीं है। अभी हम रोहतक के अन्दर co-operative basis पर एक sugar factory लगा रहे हैं। उस के मैम्बर सौ सौ रुपये वाले हो सकते हैं तो पन्द्रह पन्द्रह हज़ार वाले भी हो सकते हैं। हम यह नहीं चाहते कि यह छोटी limit रख कर जितना रुपया उस फैक्ट्री के लिये चाहिए वह सोसाइटी के मैम्बरों से पूरा न होने पर हमें Punjab National Bank के पास अंगूठे लगाने पड़े और interest देना पड़े। बाकी हर सोसाइटी ने तो अपने by-laws से govern होना है। अगर किसी सोसाइटी को ज़्यादा सरमाए की ज़रूरत है तो वह ज़्यादा सरमाए वालों को मैम्बर बना लेगी और यदि कम सरमाए की ज़रूरत हो तो अपने बाई लाज़ उस के मुताबिक बना लेगी। और यदि कल को कोई emergency arise होती है तो २५ हज़ार तक के हिस्से अपने मैम्बरों को दे सकेगी। मैं इन

[सिंचाई मंत्री]
मैम्बर साहिबान से अरज़ कर देना चाहता हूं कि यह जो उन के मन में खदशा है यह बिल्कुल गलत है। इस में कोई रुकावट न होगी चाहे कोई मैम्बर एक रुपया का या एक अठन्नी का हिस्सा रखता हो। यह २५ हज़ार रुपये का provision तो इस लिये रखा जा रहा है कि कभी कोई ऐसे हालात हों जब कि सोसाइटी को ज़्यादा सरमाए की ज़रूरत पड़ जाए तो वह ऐसा कर सके। मैं यह ग़लत ख्याल को दूर करना चाहता हूं जो इस बारे में फैला हुआ है। अभी मैं रोहतक गया और जालन्धर गया था तो वहां मैं ने देखा कि बहुत से लोगों के दिलों में यह ख्याल पाया जाता है कि जिस का ज़्यादा सरमाया होगा वह ज़्यादा मुनाफा खा जायेगा। इस बारे में मैं अरज़ करता हूं, एक सोसाइटी को ले लीजिये जिस के ५० मैम्बर हों, और उन में से ३५ ऐसे हैं जो सौ सौ रुपये के हिस्से वाले हैं और १५ ऐसे हैं जो एक एक हज़ार के हिस्से वाले हैं तो मैं पूछता हूं कि majority किन हिस्सेदारों की होगी जबकि इस बिल के मुताबिक हर हिस्सेदार का एक हिस्सा होगा चाहे वह एक हज़ार रुपये का हिस्सेदार हो, चाहे एक सौ का। इस बिल में वह खुल नहीं दी गई जो Joint Companies Act के अन्दर private companies को दी जाती है। इस के मुताबिक तो हर हिस्सेदार एक जैसा होगा चाहे वह एक सौ रुपये का हिस्सा रखता हो चाहे एक हज़ार का। चाहे वह बहुत बड़ा आदमी हो और चाहे एक गरीब आदमी हो। मैं अरज़ करता हूं कि मैं अमीरों की अपेक्षा ज्यादा गरीबों के हित को देखने वला हूं। मेरे भाई श्री चान्द राम को यह बात दिल से निकाल देनी चाहिये कि हरिजनों के हित की बात वह ही सोच सकते हैं क्योंकि वह हरिजन हैं। ज़बानी बातों से उन का भला नहीं हो सकता।

आप को शायद मालूम होगा कि हम dry powder की स्कीम पर विचार कर रहे हैं जिस के लिय तीन करोड़ रुपए का सरमाया चाहिए। तो वह Co-operative Basis पर कैसे चलाई जा सकेगी यदि यह provision बिल में न रखा जाए तो। एक एक या दो दो सौ के हिस्सों से तो इतनी बड़ी रकम इकट्ठी नहीं हो सकने की। इस लिय ऐसे फजूल एतराज़ करने का क्या फायदा।

(Interruptions by Maulvi Abdul Ghani.)

सिंचाई मंत्री : Sir, he should be asked not to interrupt me.

अध्यक्ष महोदय : (Addressing to Maulvi Abdul Ghani) आप इस में खाह मुखाह दखल दतें हैं। आप आराम से सुनें। यह आप के लिय अच्छा नहीं है।

सिंचाई मंत्री : तो मैं कह रहा था कि हम तीन करोड़ रुपए की स्कीम बना रह हैं। उस में हर हिस्सेदार को चाहे वह २५ हज़ार का होगा चाहे एक सौ का केवल एक ही राए देने का इख्तियार होगा।

श्री चान्द राम अहलावत : On a point of Order Sir. माननीय मिनिस्टर उस Joint Select Committee के Chairman थे जिस ने इस बिल पर ग़ौर किया था तो उस समय तो इन्हों ने यह amendment लाई नहीं थी। क्या वह अब इसे ला सकते हैं ?

अध्यक्ष महोदय : जी हां ! हाऊस में कोई amendment किसी वक्त आ सकती है ।

सिंचाई मंत्री : मैं माननीय मैम्बर को बता देना चाहता हूं कि उस वक्त यह मसला Joint Select Committee के सामने नहीं आया था दूसरा इस में कोई बार (bar) नहीं है कि यदि कोई मैम्बर Select Committee की report से differ करता है तो वह ऐसा न कर सके । यह तो फायदे की बात है । यह कोई ज़िद की बात नहीं है । अब रोहतक की Sugar मिल के एक करोड़ २८ लाख रुपये के हिस्से लोग खरीद रहे हैं । उन में अमीर भी हैं और गरीब भी हैं । सब को एक जैसा राय देने का हक होगा ।

अगर दस आदमी, जो बड़े रईस हों, मिल कर एक Co-operative Society कायम करना चाहें तो क्या हम इसी बिना पर उन की गर्दन दबा दें ?

श्री चान्द राम अहलावत : On a point of order, Sir. मैं पूछना चाहता हूं कि आया एक ऐसा मैम्बर जो बिल की Select Committee का Chairman हो, वह उस से बाहर बिल में कोई तरमीम ला सकता है ?

अध्यक्ष महोदय : हाऊस में कोई भी तरमीम आ सकती है ।

(Any amendment can be moved in the House)

मंत्री : यह जो एक करोड़ २८ लाख रुपये से हम Societies बना रहे हैं यह किसी अमीर आदमी के लिये नहीं बना रहे हैं । इस में अमीर, ग़रीब का सवाल नहीं है । जो कोई भी ऐसी सोसाइटी बनाना चाहे बना सकता है । यह बात समझ में नहीं आती कि चूंकि कोई आदमी अमीर है और वह अपने पैसे को किसी सोसाइटी के ज़रिये किसी काम में लगाना चाहता है, तो हम उसे ऐसा करने से रोक दें और कहें कि नहीं तुम ऐसा नहीं कर सकते यह हक गरीबों को ही हासिल है । और फिर जब सभी रुपया लगा सकते हैं तो किसी खास आदमी पर कोई रुकावट क्यों लगाई जाए जैसा कि मैं कह चुका हूं कोई १० आदमी, they may be rich persons, they may be poor persons, ऐसी सोसाइटी बना सकते हैं । अगर हमने अपने country को prosperous देखना है तो यह सब के लिए इजाजत होनी चाहिए कि वह ऐसी सोसाइटियां जब चाहें कायम कर सकें । यही Government of India का भी फैसला है । अगर कोई सरमायादार अपना सरमाया किसी कारखाने में लगाना चाहता है तो हमें उसे यह नहीं कहना चाहिए कि वह ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि यहां तो २५,००० का हिस्सा नहीं है और यह सोसाईटियां तो सिर्फ छोटे आदमियों के लिये ही हैं । Central Government ने भी कहा है कि हम सिर्फ उन को ही मदद देंगे जो लोग ऐसी सोसाइटियां बनायेंगे । हम बहुत सी चीजें जर्मनी, जापान वगैरा बाहर के मुल्कों से मंगाते हैं । अगर यह चीजें यहां पर ही बननी शुरू हो जायं तो क्या अय इच्छा न होगा तो क्या यह २५,००० रुपये का शेयर सरमायेदारी कहलाएगा ? अब म ज्यादा वक्त न लेता हुआ अदब से इतना कह कर बैठता हूं कि ऐसी सोसाइटियों में पैसा लगाने की सभी को इजाज़त होनी चाहिये खाह वह अमीर हो या ग़रीब । हां, अलबत्ता किसी को कोई Compulsion नहीं होनी चाहिये । अब जैसे जालन्धर और रोहतक में

[सिंचाई मंत्री]
Sugar Factories खुल रही हैं तो क्या हम कह दें कि १०० रुपये से ज्यादा हिस्से का रूल नहीं है। फर्ज कीजिये कि कहीं पर हिस्से नहीं बिकते हैं तो हम किसी जमींदार से कह कर उसे २५,००० का शेयर खरीद देते हैं तो इस में कोई रुकावट नहीं होनी चाहिये कोई अमीर हो गरीब हो या Capitalist हो किसी पर कोई रुकावट नहीं होनी चाहिये अगर कहीं कुछ शहरी इकट्ठे हो कर कोई काम चालू करना चाहें तो हम इन हिस्सों की शर्त लगा कर उन्हें क्यों रोकें। आखिर में मैं अदब से इतनी ही गुजारिश करना चाहता हूं कि हमें किसी पर कोई रोक नहीं लगानी चाहिये।

अध्यक्ष महोदय : पेशतर इस के कि मैं कोई amendment पढ़ूं, मैं उस point of order के मुतल्लिक कुछ कहना चाहता हूं जो श्री चांद राम जी ने raise किया है। यह मेरे लिये भी एक किस्म का मुइमा बन गया है। हमारे पास Rules में ऐसी कोई बात नहीं कि कोई Joint Select Committee का मैम्बर कोई amendments न ला सके और हम उसे रोक दें और फिर अगर Minister Incharge खुद यह amendments न भी पेश करे वह किसी और मैम्बर से move करवा सकता है। सो बात तो वहीं रहेगी। मैं आप को यकीन दिलाता हूं कि Minister Incharge से मशवरा कर के इस सवाल का हल तलाश करेंगे।

श्री चान्द राम अहलावत : तब तक के लिये इस amendment को defer कर दीजिये।

अध्यक्ष महोदय : आप के ख्याल के मुताबिक बात हो गई है लेकिन Rules में amendment लाने पर कोई रुकावट नहीं है।

Mr. Speaker : Before I put the amendment to the vote of the House, I would like to tell the hon. Member, Shri Chand Ram Ahlawat in connection with the point of order raised by him, that there is nothing in the Rules of Procedure to prevent a member of the Joint Select Committee from moving amendments to the clauses of the Bill on the floor of the House. It comes to the same thing if the Minister-in-charge does not move the amendments himself but gets them moved by some Member. I, however, assure the House that I will endeavour to find out a solution of this question in consultation with the Minister-in-charge.

Shri Chand Ram Ahlawat : Then I request that this amendment may be deferred till this point is settled.

Mr. Speaker : The hon. Member has achieved his object, but the Rules do not provide any bar to the moving of an amendment.

अध्यक्ष महोदय : वजीर साहिब, एक नोट, जो भाई जोध सिंह जी का है, काफी अहम है, क्या आप इस के मुताबिक Change कर लेंगे।

सिंचाई मंत्री : हां, बाद में कर लेंगे।

Mr. Speaker: Question is—

In lines 13-14, for "ten thousand rupees" *substitute* "twenty-five thousand rupees".

The motion was carried.

After ascertaining the votes of the House by voices, Mr. Speaker said, I think the Ayes have it. This opinion was challenged and division was claimed. Mr. Speaker after calling upon those Members who challenged the decision and supported the claim for a division to rise in their places declared that the division was unnecessarily claimed.

The motion was declared carried.

Mr. Speaker: Question is—

That clause 6, as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSES 7—37

Mr. Speaker: I have received no notice of amendment to clauses 7—37. If, however, any member wishes to speak on any of these clauses, he can do so.

(No member rose to speak.)

Mr. Speaker: Since no one wishes to speak, I will put these Clauses together to the vote. This will also save the time of the House.

Mr. Speaker: Question is—

That Clauses 7—37 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 38

Minister for Irrigation (Chaudhri Lahri Singh): Sir, I beg to move—

For lines 1—6 substitute—

"*Contribution to charitable purposes.* Any registered Society may, with the sanction of the Registrar, after mkiang provision for a reserved fund".

साहबे सदर ! इस amendment के बारे में मैं साफ अर्ज़ करना चाहता हूं कि आम पब्लिक में Co-operative Societies के खिलाफ यह शिकायत है कि वे अपना मुनाफा Reserve Fund में शामिल कर देते हैं जहां कि private companies वाले और Joint Stock Companies वाले जो profit होता है वे सारे का सारा अपने हिस्सेदारों को दे देते हैं। Old Bill में यही प्रबन्ध था कि मुनाफा Reserve Fund में जाए।

[Minister for Irrigation]

अब मान लो कि किसी कारखाने या फैक्टरी में ५० लाख रुपये का मुनाफा होता है या २० लाख रुपये का होता है तो क्या यह सारा मुनाफा Reserve Fund में चला जाए इस से लोग Co-operative Societies में शामिल नहीं होते । दूसरी तरफ अब भी Joint Stock Companies खुलती है और लोग इस में शामिल होते हैं यह इस लिये कि वहां पर कोई इस तरह की रुकावट नहीं । इस लिये यह तरमीम पेश की गई है कि कोई registered society Registrar की मन्जूरी लेकर Reserve Fund में contribution करने के बाद बाकी के मुनाफे में से 1/10 तक charitable purpose या किसी और public benefit के काम के लिये दे सकती है । Joint Select Committee की सिफारश यह थी कि किसी एक साल में कुल मुनाफे का 1/10 Reserve Fund में carry किया जाए । मैं समझता हूं कि 1/10 की provision भी ज्यादा है । अगर किसी society को ५० लाख, २० लाख या १० लाख का मुनाफा हो और उस का 1/10 Reserve Fund में चला जाये तो मेंबर साहिबान बुड़बुड़ाते हैं । इस लिये यह amendment पेश की गई है ।

तो जैसा कि मैं कह चुका हूं, अगर मुनाफा बजाए मेम्बरान में तकसीम करने के Reserve Fund में पड़ा रहे तो पब्लिक इस में शामिल नहीं होती । मेंबरान एतराज करते हैं कि जहां मुनाफा Co-operative Society के मेंबरान को नहीं जाता हालांकि Private Companies में सारे का सारा मुनाफा हिस्सेदारों को जाता है । स्पीकर साहिब ! मैं Labour Co-operative की मिसाल पेश करता हूं । उन को दस हजार का मुनाफा हुआ । जब हमने कहा कि इस का 1/10 वे हमें दे दें तो वे बुड़बुड़ाने लगे कि हमें तो इस से ज्यादा ठेकेदार से मिल सकता है हम ऐसी societies में क्यों शामिल हों । हमें इस बात का ख्याल आया कि जब बड़ी २ फरमें मुनाफा देती हैं तो हमें भी ऐसा ही provision करना चाहिए । इस लिये यह provision किया गया कि Registrar को request करके मुनाफा तकसीम किया जा सकता है । आप को पता ही है कि Societies की तरफ से और Labour Co-operative Societies की तरफ से representation आती है । इस लिये मैं दरखास्त करता हूं कि इस amendment की कोई मुखालिफत न करे ।

Mr. Speaker: Motion moved—

For lines 1-6 , substitute—

"*Contribution to charitable purposes.* Any registered society may, with the sanction of the Registrar, after making provision for a reserved fund".

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी (आदमपुर) : स्पीकर साहिब, चौधरी साहिब ने जो amendment पेश की है यह हिंदुस्तान की culture और civilization के खिलाफ है और social law के उलट है। आगे तो यह होता था कि Society पहले charitable और endowment के लिए funds निकाले। यही provision Government of India Act १८९० में है जिस से साफ जाहिर है कि charity के लिये पहले रकम रखी जाए। और फिर यह सब Fund, मैं कहूंगा General Public Welfare Fund ही तो है और इस तरह की maximum limit पहले ही इस बिल की क्लाज ६ में दर्ज है। इस लिये मैं समझता हूं कि 1/10 का या दसवन्द का तरीका ठीक है पहले charity के कामों के लिये रकम को इस फंड से निकाल कर के Reserve Fund में रखी जाए।

श्री रिजक राम (राय) : साहबे सदर! जहां तक इस तरमीम का तअल्लुक है जो मिनिस्टर साहिब ने पेश की है और इस को पेश करते समय तकरीर फरमाई है मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि इस से सारी बात साफ नहीं हुई। मंत्री महोदय ने यह फरमाया है कि इस तरमीम का यह मनशा है कि कोई Registered Society, Registrar की मनजूरी लेकर Reserve Fund में contribution करने के बाद बाकी के मुनाफे में से १/१० तक charitable purpose के लिये दे सकती है। इस से साफ जाहर है कि Society के लिये लाजमी तौर पर Reserve Fund की शर्त है और ऐसी शर्त के न होने से Society के मेम्बरान में यह हौसला नहीं होता कि वे Society को चलाएं। लेकिन जहां तक इस तरमीम का ताल्लुक है अगर उस से यह मुराद है कि Reserve Fund थोड़ा है या ज़्यादा है और इस को कम कर दिया जाए तो इस के और भी तरीके हैं। अगर Reserve Fund को ज़्यादा करना है तो Registrar मजबूर कर के इस फंड को कायम करा सकता है और अगर कम करना है तो भी Registrar १/१० की जगह १/२० हिस्सा मुकर्रर कर सकता है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि इस तरमीम के पेश करने से यह मुराद है कि Reserve Fund में १/१० की contribution लाज़मी नहीं लेकिन क्लाज ३७ में इस बारे में wordings यह हैं:—

> "The funds of registered society may be divided by way of bonus or dividend or otherwise..........provided that after at least one-tenth of the net profits in any year have been carried to a Reserve Fund."

इस से साफ जाहिर है कि Reserve Fund के लिये यह शर्त लाजमी तौर पर रखी गई है कि Reserve Fund में कम से कम १/१० ज़रूर रखा जाए। इस लिये इस बात की वज़ाहत ज़रूरी है।

क्लाज़ ३८ की amendment redundant हो जाती है क्योंकि Reserve Fund की limit clause ३७ में कायम हो चुकी है। और इस तरमीम का पहिलू खतरनाक हो सकता है और फिर पहले एक क्लाज़ को पास कर के उस में transgression नहीं की जा सकती। इस तरमीम से किसी तरह भी फायदा नहीं हो सकता।

श्री दौलत राम (कैथल) : श्रीमान् स्पीकर साहिब, मैं जो amendment चौधरी साहब ने पेश की है उस की ताईद के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं यह समझता हूं कि Reserve Fund का जो रुपया जमा होता है वह सही माहनों में इस्तेमाल नहीं किया जाता इस को गलत तौर पर खर्च किया जाता है........

मगरबी ममालिक में जिन को तरक्कीयाफता कहा जाता है, वहां पर इन तरीकों से ही रुपया खर्च किया जाता है......

सिंचाई मंत्री : स्पीकर साहिब, यह provision हम पहले ही क्लाज ३७ में पास कर चुके हैं इस लिये मैं अपनी amendment को वापस लेता हूं। या तो हम क्लाज ३७ को भी amend करते, पर अब वह क्लाज पास कर दी गई है इस लिये क्लाज ३८ पर इस amendment की जरूरत नहीं इस लिये मैं इस amendment को वापस लिये जाने की इजाजत हाऊस से चाहता हूं।

Mr. Speaker: Has hon. Minister the leave of the House to withdraw the amendment ?

The amendment was, by leave, withdrawn.

(At this stage Professor Sher Singh rose to speak).

Mr. Speaker: The hon. Member has not moved any amendment to this clause.

Professor Sher Singh (Jhajjar) : No, Sir, but I suggest that the words "not being a religious purpose" occurring in lines 13-14 of Clause 38 should be deleted.

अध्यक्ष महोदय, मैं वजीर साहिब को संशोधन वापस लेने पर मुबारकबाद देता हूं मगर संयुक्त समिति ने जो तरमीम की है उस पर मुझे एतराज है। कमेटी ने जो संशोधन किया है उस से मालूम होता है कि उन को धर्म का शब्द फ़िरकादाराना का अर्थ समझ में नहीं आया वे इस से मतलब को निकालते हैं। मैं अर्ज करता हूं कि बेशक हमारी Secular State है लेकिन secular का मतलब irreligious नहीं है। इस का मतलब यह है कि सरकार की तरफ से किसी खास सम्प्रदाय का प्रचार न हो और न ही किसी सम्प्रदाय की मुखालिफत की जाए। लेकिन धर्म जिसे हम कहते हैं उस से सम्प्रदाय विशेष का सम्बन्ध नहीं है। मानव समाज के नैतिक उत्थान का कार्य जो धार्मिक भावना से किया जाये और जिस में किसी सम्प्रदाय विशेष का विरोध या समर्थन न हो उस काम में सहायता सरकार की ओर से करना भी secularism के खिलाफ नहीं। बाज लोगों के दिल में यह गलत ख्याल बैठ गया है कि इस प्रकार के धार्मिक कामों पर पाबन्दी लगा कर ही Secular State बन सकती है। मैं अर्ज करता हूं कि इस प्रकार के charitable कामों पर रुपया खर्च हो सकना चाहिये।

मैं फिर इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि लोगों को यह भ्रम हो गया है कि धर्म का नाम लेना भी विधान के खिलाफ है। यह भ्रम बिलकुल ग़लत है। धर्म के बाज मोटे मोटे मौलिक सिद्धांत होते हैं और उन को नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता। न ही वह विधान के खिलाफ

हो सकते हैं । आप जानते हैं कि नैतिक उत्थान के लिये बड़े बड़े महात्माओं-संतों-ऋषियों और पैग़म्बरों की किताबों पर खर्च करना कितना ज़रूरी है । यह खर्च अगर सरकार खुद करे तो भी ठीक है लेकिन Sccieties पर यह खर्च न करने की पाबन्दी लगाना ग़लत बात है । मैं तो यह कहता हूं कि इस प्रकार के धार्मिक कृत्य जो मानव की पक्षपात-रहित भलाई के लिये किये जाते हैं उन के बारे में पाबन्दी लगाना विधान के भी खिलाफ है । अगर कोई काम धार्मिक भावना से किया जा रहा है और Society उस की इमदाद करना चाहती है तो यह ठीक बात है । नैतिक उत्थान के लिये charitable काम ज़रूरी होते हैं । महात्माओं की बहुत सी गाथाएं हैं । उन के सिलसिले में खर्च करने के मुतअल्लिक पाबन्दी लगाना मेरे ख्याल में ग़लत ही नहीं बल्कि हमारे मौलिक अधिकारों में हस्तक्षेप है । मैं अर्ज़ करता हूं कि हमारा विधान बहुत शानदार है और जो तरीका आप इख्तियार कर रहे हैं और जिसे आप बज़ाहिर विधान के हक में समझते हैं वह असल में विधान के खिलाफ है । यह तो बुनियादी हकूक पर छापा है । इस लिये मैं चाहता हूं कि यह "not being a religious purpose" के अलफ़ाज़ उड़ा दिये जाएं और मंत्री महोदय से दरख़ास्त करता हूं कि यह नुक्स दूर कर दें ।

सिंचाई मंत्री : आप यह तो बता दें कि religious और public purpose में क्या फर्क है ।

प्रोफैसर शेर सिंह : मैं तो यह कहता हूं कि आप बेशक यह न कहें कि इन कामों पर ज़रूर खर्च किया जाए । मगर इन पर खर्च न करने की बंदिश क्यों लगाते हैं ? अन्तर बहुत नहीं है परन्तु पाबन्दी लगा कर आप सेवा के क्षेत्र सीमित कर देते हैं ।

श्री मूलचन्द जैन (संभालका) : स्पीकर साहिब ! जो suggestion मेरे दोस्त प्रोफैसर शेर सिंह ने दिया है मैं उस की मुखालिफत के लिये खड़ा हुआ हूं । उन्होंने कहा है कि not being a religious purpose के लफ़्ज़ों को उड़ा दिया जाए । मैं समझता हूं कि जो तरमीम Select Committee ने तजवीज़ की है और इस clause के बारे में वज़ीर साहिब ने जो.......

अध्यक्ष महोदय : वह तरमीम तो पहले ही वापस ली जा चुकी है ।

श्री मूल चन्द जैन : तो फिर मुझे असल तरमीम के हक में बोलने की इजाज़त दी जाए जो Committee की तरफ से की गई है ।

अध्यक्ष महोदय : बहुत अच्छा ।

श्री मूल चन्द जैन: मैं कहता हूं कि इस तरमीम से Committee ने Co-operative सोसाइटियों की भारी खिदमत अन्जाम दी है। अगर हम religious purpose के लिये पैसा देने लगें तो आप सोचिये Society में सिख, जैनी, हिंदू सब आ सकते हैं । फिर इस का नतीजा क्या होगा । अगर Committee की यह तरमीम न रखी जाए और religious purposes के लिये पैसा देने की इजाज़त दे दी जाये तो मेम्बरों का आपस में झगड़ा हो जायेगा । कोई कहेगा गुरद्वारे के लिये दो । कुछ मंदिर के लिये मांगेंगे, कुछ मेंबर कहेंगे कि हमारी मसजिद को दो । पस Committee ने यह तरमीम करके एक बड़ी खिदमत की है और यह clause इसी सूरत में पास होनी चाहिये ।

श्री देव राज सेठी (रोहतक शहर) : श्रीमान् जी, मेरी अर्ज़ यह है कि श्री मूल चन्द जी ने जो खतरे ज़ाहिर किये हैं उन की कोई वजह नजर नहीं आती। मेरे विचार में यदि not being a religious purpose के शब्दों को हटा दिया जाये तो यह clause permissive हो जायगी। मेरे मित्र ने कहा है कि Co-operative Societies में हर मज़हब के आदमी होते हैं। कोई आर्य समाजी होगा कोई सिक्ख और कोई जैनी। उन के विचारानुसार वे आपस में लड़ते ही रहेंगे। मेरा ख्याल है कि उन का यह विचार बिलकुल ठीक नहीं। पहले जितनी भी Co-operative Societies in this State and in other States हैं उन के experience से हम भली प्रकार कह सकते हैं कि कभी कोई खतरा नज़र नहीं आया। आखिर Joint Stock Companies और Co-operative Societies में हर मज़हब के share-holders होते हैं। हां कहीं कहीं खतरा हो सकता है। लेकिन अगर भिन्न भिन्न मजहबों के share-holders होंगे तो सबों के लिये रुपया दिया जा सकता है। मैं समझता हूं कि religious purpose के लिये रुपया देने से किसी को रोकना न केवल Constitution के बल्कि बुन्यादी असूलों के विरुद्ध है। शायद इस बिना पर यह provision invalid हो जाये। किसी को out of the way जाकर इस काम से रोकना और clause को enabling न बनाना ठीक नहीं। Religious purposes नेक भी तो होते हैं। कई religious संस्थाएं धार्मिक और शिक्षा के काम करती हैं तो इस में क्या बुराई है। मैं मंत्री साहिब से प्रार्थना करता हूं कि इस clause में वह खुद संशोधन पेश कर दें या Speaker साहिब अपने वसीह अधिकारों का जो emergencies में इस्तेमाल किये जाते हैं, इस्तेमाल करते हुए इस समय इस संशोधन के लाने की इजाज़त दे दें।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी (आदमपुर) : मेरे ख्याल में अगर इस clause से not being a religious purpose के शब्द delete कर दिये जायें तो यह clause बहुत खूबसूरत बन जायेगी। Fundamental Rights की तशरीह पूरी तरह Constitution में कर दी गई है। इस के अनुसार किसी तरह भी किसी religion के खिलाफ कुछ न किया जाना चाहिये और न किसी की religious susceptibilities को ठेस लगानी चाहिये। मैं समझता हूं कि यह provision अगर इस में तरमीम न कर दी जाये तो *ultra vires* of the Constitution हो जायेगी।

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗਨੀ ਡਾਰ (ਨੂਹ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਿਹੜਾ ਮਸਲਾ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ ਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੀ ਨੇ ਉਠਾਇਆ ਹੈ ਮੇਰੇ ਵਿਚਾਰ ਵਿਚ ਆਪ ਜੀ ਦੀ ਤਵੱਜੁਹ ਤੇ ਆਪ ਜੀ ਦੇ ਦਵਾਰਾ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਤਵੱਜੁਹ ਦਾ ਮੁਸਤਹਿਕ ਹੈ। Religion ਨੂੰ ਇਹ ਸਮਝ ਲੈਣਾ ਕਿ ਇਹ ਝਗੜੇ ਦਾ ਸਾਮਾਨ ਪੈਦਾ ਕਰਦਾ ਹੈ ਮੇਰੇ ਖਿਆਲ ਵਿਚ ਗਲਤ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ Religion ਨ ਵੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਵੀ ਸਾਡੇ ਲੋਕਾਂ ਵਿਚ ਸੈਂਕੜੇ ideologies ਹਨ। ਕੋਈ socialist ਹੈ, ਕੋਈ communist ਹੈ

ਤੇ ਕੋਈ Gandhi-ite। Religion ਨੂੰ ਖਾਹ ਮੁਖਾਹ point out ਕਰਨਾ ਤੇ ਬਹਿਸ ਦਾ ਮੌਜ਼ੂ ਬਨਾਉਨਾ ਚੰਗਾ ਨਹੀਂ। ਮੇਰੇ ਵਿਚਾਰ ਵਿਚ ਤਾਂ ਇਹ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੀ ਵਡਿਆਈ ਸੀ ਕਿ ਇਸ ਨੇ ਹਮੇਸ਼ਾਂ religion ਦਾ ਪਰਚਾਰ ਕੀਤਾ ਤੇ ਹਮੇਸ਼ਾ religion ਨੂੰ ਸਹੀ ਮੈਨਿਆਂ ਵਿਚ ਸਾਰੇ ਸੰਸਾਰ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਿਆ। ਮੈਂ ਫੇਰ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ religion ਦੇ ਲਫ਼ਜ਼ ਨਾਲ ਇਨਸਾਫ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤੇ ਖਾਹ ਮੁਖਾਹ ਇਸ ਨੂੰ ਨਕੂ ਨਹੀਂ ਬਨਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਬੜਾ ਹੀ ਚੰਗਾ ਹੋਵੇਗਾ ਜੇ ਮੰਤ੍ਰੀ ਸਾਹਿਬ ਆਪ ਹੀ ਤਰਮੀਮ ਪੇਸ਼ ਕਰ ਦੇਣ ਜਾਂ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਆਪਣੇ ਵਸੀਹ ਇਖਤਿਆਰ ਵਰਤ ਕੇ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ ਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੀ ਨੂੰ ਐਸ ਵੇਲੇ ਤਰਮੀਮ ਪੇਸ਼ ਕਰਨ ਦੀ ਆਗਿਆ ਦੇ ਦੇਣ।

प्रोफैसर शेर सिंह : On a point of order, Sir. Is not the mention here in this clause of the words, 'not being a religious purpose' usurpation of the fundamental rights of citizens guaranteed to him under the Constitution ? I want your ruling on that. Is this provision not *ultra vires* of the Constitution.

अध्यक्ष महोदय : इस में point of order पैदा ही नहीं होता। आपकी amendment के लिये इस समय इजाज़त नहीं दी जा सकती। इस समय तो amendment तब लाई जा सकती है जब कोई खास ज़रूरी बात बिल में लानी हो या जब कोई बात बिल के objects में रह जाये। अगर आप यह कहते हैं कि यह provision spirit of the Constitution के खिलाफ है इस के लिये other remedies हैं।

This point of order does not arise. The amendment of the hon. Member cannot be admitted at this stage. It is admissible only if something is to be incorporated in the Bill, which is essential and has been left out but has been mentioned in the statement of objects and reasons of the Bill. If the hon. Member thinks that this goes counter to the spirit of the Constitution, then there are other remedies for it.

सिंचाई मंत्री (चौधरी लहरी सिंह) : साहबे सदर, मेरे ख्याल में 'not being a religious purpose' के शब्दों पर बहस करते हुए Constitution का हवाला देना ठीक नहीं। ऐसा मालूम होता है कि मेरे मित्रों ने Constitution पढ़ी तक नहीं। यदि वे कोई खास बात Constitution में से cite करके Government को

[सिंचाई मंत्री]
satisfy कर दें तो Government इस provision को वापिस ले लेगी। Government को इस बात की कोई ज़िद नहीं । लेकिन मेरे मित्रों ने कहा है कि religion ने क्या झगड़े पैदा किये हैं । मैं कहता हूं कि क्या पाकिस्तान religious झगड़ों के कारण नहीं बना। अगर यह झगड़े ऐसे ही रहने दिये जायें तो मुल्क के और टुकड़े होने का डर है ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : क्या Religion के कारण पाकिस्तान बना ?

सिंचाई मंत्री : Religion के basis पर बना ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : On a point of order, Sir. क्या House में इस बात पर बहस चल सकती है कि religion अच्छा है या बुरा है ।

अध्यक्ष महोदय : अगर मसला यह हो तो ऐसे हो सकता है ।

सिंचाई मंत्री : मैं religion के ऊपर कोई हमला नहीं कर रहा । मैं तो सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मस्जिद के सामने बाजा न बजाने को ही religion नहीं कहते । जिस को मेरे मित्र religion समझते हैं इस से बहुत झगड़े पैदा होते हैं । पाकिस्तान इन्हीं झगड़ों के कारण बना था। हमारे पंजाब में कितनी ही Co-operative Societies होंगी और सब हिंदु सिक्ख मुसलमान उन के मैम्बर होंगे। अगर एक मज़हब के लोग किसी society में majority में हों और अपने मज़हब के लिये रुपया देने का फैसला कर लें तो दूसरे बुरा मनायेंगे । यही वजह है कि हमने बिल में public benefit का लफ़ज दे दिया है। मैं अपने मित्रों से अर्ज करता हूं कि वह बिल में Charitable Endowments की definition को पढ़ें। जब हमने इस clause में "any purpose of general public benefit" के शब्द रख दिये हैं तो क्या religion public benefit से इलैहदा है । सिर्फ मसजिद के सामने बाजा न बजाना ही मज़हब नहीं। हमने charitable endowment की definition बहुत wide कर दी है । हम चाहते हैं कि हर मज़हब के लोग हमारी societies में शामिल हों और सूबे को economically ठीक बनायें । हम यह नहीं चाहते कि कोई कहे कि गुरद्वारे बनें और कोई कहे कि गीता भवन बनें और इस तरह से जूत-बाज़ारी जारी रहे। अगर registered सुसायटियां religious purposes के लिये रुपया देने लग जायें तो एक संस्था कहेगी कि आर्या समाज के लिये रुपया चाहिये, दूसरी कहेगी कि Gita Hall बनाने के लिये रुपया चाहिये तो क्या आप चाहते हैं कि गवर्नमेंट इस तरह का तमाशा देखती रहे । ऐसा रुपया public benefit के कामों पर खर्च किया जाना ज़रूरी है जैसा कि गांव में सड़कें बनाना और जोहड़ों को दूर करना जो बिमारी फैलाने का कारण बनते हैं । इन हालात को ख्याल में रखते हुए general public benefit के शब्दों की व्याख्या कर दी गई है ताकि कोई संस्था यह न कहे कि सनातन धर्म कालेज के लिये रुपया दीजिए या खालसा कालेज के लिये रुपया चाहिये । हमें असल में ऐसी छोटी छोटी बातों की तरफ ध्यान नहीं देना चाहिये । मैं तो कहूंगा कि religion के मायने narrow-mindedness है । (*Interruptions*)

मौलवी अब्दुल गनी डार : On a point of information, Sir। क्या religion के मायने तंग-दिली के होते हैं ?

Mr. Speaker : He is at liberty to take any meaning. मैं माननीय मैम्बरों से कहूंगा कि जब कोई मैम्बर बोल रहा हो तो बीच में मदाखलत न किया करें इस से हाऊस में बदमज़गी पैदा हो जाती है ।

Mr. Speaker: Question is—

That Clause 38 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 39

Minister for Irrigation (Chaudhri Lahri Singh) : Sir, I beg to move—

In part (a) of sub-clause (2), for the words " he shall...... and vouchers ", *substitute* " he shall at all times have, for purposes of examination, free access to the books, accounts ".

इन शब्दों से अगर Registrar को free excess दी जाय तो इस की wrong interpretation की जा सकती है । इसलिये मैं समझता हूं कि Registrar को for purposes of examination अख्तियारात दिये जाने चाहियें ।

Mr. Speaker: Motion moved—

In part (a) of sub-clause (2), for the words " he shall...... and vouchers ", *substitute* " he shall at all times have, for purposes of examination, free access to the books, accounts ".

Mr. Speaker: Question is—

In part (a) of sub-clause (2), for the words " he shall...... and vouchers ", *substitute* " he shall at all times have, for purposes of examination, free access to the books, accounts ".

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is—

That Clause 39, as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSES 40—42

Mr. Speaker: No notice of any amendment to Clauses 40—42 has been received. If any member wishes to speak on any of these clauses, he can do so.

(No member rose to speak).

Then I will put these Clauses to the vote of the House together as before.

Mr. Speaker: Question is—

That Clauses 40—42 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 43

Minister for Irrigation (Chaudhri Lahri Singh): Sir, I beg to move—

In sub-clause (1), lines 2—5, for the words "In societies........direct or indirect" *substitute* "In societies in which Government have a major financial interest".

In sub-clause (1), line 17, for the words "two years" *substitute* "six months".

In sub-clause (1), line 23, for the words "three years" *substitute* "one year".

यह बिल की धारा जो suspension of the committee से सम्बन्ध रखती है इस के मुतअल्लिक में कहूंगा कि आजकल गवर्नमेंट और Reserve Bank का काफी से ज्यादा रुपया societies के shares में लगा होता है। वहां managing committee mismanage कर सकती है और काम में खराबी पैदा हो सकती है। मैंने बिल में यह प्रबन्ध किया है कि Registrar ऐसी कमेटी को तोड़ कर सुसायटी का काम दो साल के लिये कुछ आदमियों को सौंप सकता है। Registrar इस मियाद को दो साल की बजाये तीन साल तक बढ़ा सकता है। इस के इलावा Reserve Bank चूंकि बहुत wide term है इस से Registrar का हाथ लम्बा हो जायेगा। इस लिये मैं समझता हूं कि यह सब के interest में है कि Reserve Bank के शब्द हटा दिये जायें। अगर किसी बड़ी सुसायटी में गवर्नमेंट के 15 या 20 लाख रुपये के shares हों उस हालत में Registrar को दो साल के लम्बे अर्से के लिये अख्तियारात देना ठीक नहीं। यह मियाद छः महीने होनी चाहिये और ज्यादा से ज्यादा एक साल से नहीं बढ़नी चाहिये। Registrar का इतने लम्बे अर्से तक management में दखल देना ठीक नहीं। इन इलफ़ाज़ के साथ में कहूंगा कि यह तरमीम मुनासिब और जरूरी है।

Mr. Speaker: Motions moved—

In sub-clause (1), lines 2—5, for the words "In societies......direct or indirect" *substitute* "In society in which Government have a major financial interest".

In sub-clause (1), line 17, for the words "two years" *substitute* "six months".

In sub-clause (1), line 23, for the words "three years" *substitute* "one year".

प्रोफ़ेसर मोता सिंह आनन्दपुरी (आदमपुर) : स्पीकर साहिब ! चौधरी साहिब ने जो तरमीम पेश की है उस का मकसद पहली क्लाज़ से बेहतर है। मैं नहीं चाहता कि लम्बे अरसे के लिये Registrar को अख्तियारात दिये जायें। अगर तीन साल के लिये Registrar के हाथ में काम रहा तो इस बिल की spirit जाया हो जायेगी और वह autocratic तरीके से काम करेगा। मैं समझता हूं कि इतने अख्तियारात भी Registrar के सुपुर्द नहीं किये जाने चाहियें कि वह कमेटी को dissolve कर सके और उस का इन्तज़ाम अपनी मर्ज़ी के आदमियों के हवाले कर दे। छः महीने के लिये भी Registrar को अख्तियारात देना autocracy की मदद करना है और democracy को खत्म करना है। मैं कहूंगा कि Registrar के अख्तियारात को बिल्कुल खत्म कर देना चाहिये और इस मामले में Registrar की final authority नहीं होनी चाहिये।

Mr. Speaker: Question is—

In sub-clause (1), lines 2—5, for the words "In societies....... direct or indirect", *substitute* "In society in which Government have a major financial interest".

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is—

In sub-clause (1), line 17, for the words "two years" *substitute* "six months".

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is—

In sub-clause (1), line 23, for the words "three years" *substitute* "one year.'

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is—

That Clause 43, as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSES 44—63

Mr. Speaker: Again I find that no notices of amendments to Clauses 44—63 have been given. Does any member wish to speak on any of these Clauses ?

(No member rose to speak).

Since no one wishes to speak on these Clauses, I shall put them to the vote of the House together.

Mr. Speaker: Question is—

That Clauses 44—63 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 1

Sub-clause (1)

Mr. Speaker: Question is—

That sub-clause (1) of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Speaker: Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Minister for Irrigation (Chaudhri Lahri Singh): Sir, I beg to move—

> That the Punjab Co-operative Societies Bill as reported on by the Joint Select Committee and amended be passed.

Mr. Speaker: Motion moved—

> That the Punjab Co-operative Societies Bill as reported on by the Joint Select Committee and amended be passed.

श्री मूल चन्द जैन (संभालका) : साहिबे सदर, इस बिल के तकरीबन पास हो जाने पर मैं वज़ीर साहब को मुबारकबाद देता हूं। जैसा कि इस बिल के introduce होने पर कुछ मैम्बर साहिबान ने कहा था, Co-operative Societies के ज़रिए हम जनता की, खास तौर पर गरीब लोगों की, बहुत सेवा कर सकते हैं। हमारे संविधान में भी देश को Co-operative Commonwealth बनाने का ध्येय सामने रखा गया है।

मैं एक बात की ओर वज़ीर साहब का ध्यान दिलाने के बाद बैठ जाता हूं। मुझे यह कहने में ज़रा भी संकोच नहीं कि Co-operative Societies को चलाने के लिये जो अहिलकार मुकर्रर किये गये हैं, उन में बहुत से ऐसे हैं जो उस spirit में काम नहीं कर रहे जिस spirit में Co-operative Societies Act बनाया गया था या जिस में उस पर अमल होना चाहिए। दूसरे शब्दों में वे सेवा के भाव में काम नहीं कर रहे हैं। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता मगर यह एक हकीकत है जिस से कोई इनकार नहीं कर सकता। उन में से बहुत की ज़हनियत वही पुरानी है। गरीब लोगों के साथ उन्हें कोई हमदर्दी नहीं। हमारे वज़ीर साहिब चाहते हैं कि चाहे यह Leather Co-operative Societies की तनज़ीम हो, चाहे और छोटे दस्तकारों की Co-operative Societies बनाई जाएं, उन्हें माली सहायता दी जाये। ऐसे ऐहकाम जब नीचे अफसरों तक पहुंचते हैं तो इन को ऐसा मालूम होता है गोया गरीब लोगों को इमदाद देना, उन की तनज़ीम करना या उन्हें ऊंचा उठाने की कोशिश करना कोई बुरी बात है। अब पुराने ऐक्ट को बदल कर नया ऐक्ट बनाया जा रहा है, तो यह भी आवश्यक है कि अहिलकारों की ज़हनियत को भी बदला जाए और इस बात का ख्याल रखा जाए कि आया उन में काम करने की लियाकत भी है या नहीं, वे लोगों की सेवा करने के योग्य भी हैं या नहीं।

प्रोफैसर शेर सिंह (झज्जर) : अध्यक्ष महोदय ! यह ठीक है कि इस विधेयक को पास कर के हम लोगों में सहकारिता भावना को जागृत करना चाहते हैं ताकि छोटे छोटे आदमी मिल कर बड़े २ काम कर सकें। इस विधेयक के उच्चय उद्देश्य को सामने रखते हुए मैं माननीय मंत्री जी को बधाई देता हूं। परन्तु साथ ही एक ज़रूरी चीज़ उन के नोटिस में लाना चाहता हूं। देखा गया है कि आम तौर पर Co-operative Societies ठीक ढंग पर काम नहीं कर रही हैं और बहुत सी fail हो गई हैं। Controls के ज़माने में तो उन्हें कुछ सामान आदि मिल जाने से कुछ आमदनी हो जाती थी और कुछ आदमियों को वेतन और इधर उधर आने जाने का मौका मिल जाता था। Controls lift हो जाने के बाद तो वे societies भी खत्म हो रही हैं जो पहले चल रही थीं।

जब तक सहयोग की भावना लोगों के हृदयों में समा नहीं जाती, मेरे ख्याल में Co-operative Societies तब तक सफल नहीं हो सकतीं। Joint family भी एक तरह की Co-operative Society होती थी, blood relations मिल कर काम करते थे। Joint Family System भी अब टूट रहा है। इधर उधर से आदमी जोड़ कर societies बनाई जा रही हैं, ईमानदारी घट रही है, इस लिये societies सफल नहीं होतीं। एक आदमी आगे बढ़ता है और पांच, दस आदमियों को पचास २, सौ २ रुपये के shares दे कर अपनी कमाई का साधन बना लेता है। बाकी हिस्सेदार कोई दिलचस्पी नहीं लेते। जिस spirit में societies बननी चाहियें वह मौजूद नहीं। मैं समझता हूं कि यह तहरीक बड़े २ लोगों तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिये बल्कि छोटे से छोटे आदमी तक पहुंचनी चाहिये। मैं मंत्री महोदय की सेवा में निवेदन करता हूं कि Co-operative Movement केवल इस विधेयक के पास होने से सफल नहीं हो सकती। इस के कामयाब करने के लिये उस spirit में जो इस के पीछे काम कर रही है एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की ज़रूरत है।

अध्यक्ष महोदय! मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि सरकार जितनी छूट लोगों को देती जाएगी लोग कमाने के ढंग निकालते जायेंगे। लोग देखते हैं कि सरकार सहायता दे रही है। वे १०,१५ आदमी मिल कर कमाई करने के लिये रास्ता निकाल लेते हैं और Society बना लेते हैं जिन को कोई और सहारा नहीं मिलता वे सहकारी समिति ही बना लेते हैं। उन लोगों को सरकारी मदद लेने का बहाना तो मिल जाता है लेकिन उन के अन्दर भावना वही चलती रहती है अर्थात् उचित अथवा अनुचित रीति से पैसा कमाना। वे लोग Joint Stock Companies की भांति महकमे के अफसरों से audit करवा लेते हैं चाहे उन के काम में कितनी ही त्रुटियां हों वे सहकारी समिति के अफसरों के ज़रिए उन को ठीक करवा लेते हैं। स्पीकर साहिब! मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि यदि इस विभाग के अफसरों का इतना ही काम रह जाना है कि इन्होंने Joint Stock Companies के auditors की भांति जा कर सहकारी समितियों की गलतियों को ठीक करवाना है तो लोगों में नई भावना का संचार नहीं हो सकता। इस का अर्थ तो यही होगा कि Joint Stock Companies का नाम बदल दिया गया है परन्तु आत्मा वही है। केवल रूप मात्र बदला गया है। उस हालत में इस motion से हमारी सहानुभूति नहीं हो सकती। मेरा सुझाव यह है कि जब कोई Co-operative Society बनती है तो मंत्री महोदय को इस बात की जांच करवानी चाहिये कि कितने आदमी हैं, कौन कौन मैम्बर बन रहा है और उन लोगों का वास्तव में मकसद क्या है। कितने कुन्बे के लोग हैं और वे किस २ ढंग के हैं। उन में co-operative spirit मौजूद है कि नहीं ? Society की constitution को और membership को देखकर registration के समय सख्ती से काम लिया जाना चाहिये। वरना लोग Joint Stock Companies बनाते चले जायेंगे और अपने मुनाफे की सूरत निकालते चले जायेंगे। नाम भी बदल कर अच्छा बन जायगा लेकिन भावना वही रहेगी, spirit वही रहेगी और यदि सरकार लोगों के अन्दर नई भावना का संचार करना चाहती है तो महकमे को सख्त होना पड़ेगा और इस बात की जांच करनी पड़ेगी कि कौन सी समिति किस भावना को लेकर आगे आ रही है ? और यदि महकमे

[प्रोफैसर शेर सिंह]

वालों का यही काम रह जाता है कि सब-इन्सपैक्टर बनाते हैं और सब-इन्सपैक्टरों ने यह सोचना है कि भाड़ में जाये Co-operative Society, सफल हो या असफल हो हम ने तो पैसे लेने हैं। यदि केवल इतना ही मकसद रह जाता है महकमे वालों का तो Society तो बन जायेगी लेकिन अभीष्ट अभिप्राय पूरा नहीं होगा। इस लिये आवश्यकता तो यह है कि लोगों में नई भावना का संचार किया जाए और Societies की spirit को बदला जाए न कि नाम को वरना वही बात रहेगी जैसे कि कहा जाता है कि लाखों गढ़े खाद के लिये बना दिये गये हैं। सूची में तो बात आ जाती है परन्तु वास्तविकता कुछ और होती है। इसी प्रकार समितियां तो आठ या दस हजार बन जायेंगी परन्तु असली मायनों में न होंगी न काम कर रही होंगी, उन को सफलता नहीं होगी। मैं कहना चाहता हूं कि समितियां चाहे 50 ही बनें लेकिन वे सही अर्थों में कामयाब हों, इस बात का ध्यान सरकार और महकमे वालों को होना चाहिये। यदि लोगों की भावना को न बदला गया तो यह movement आगे नहीं बढ़ सकेगी। जैसा कि मैं कह चुका हूं नाम तो बदल जायेगा लेकिन इन समितियों की आत्मा Joint Stock Companies वाली ही रहेगी। स्पीकर साहिब! इन शब्दों के साथ मैं पुन: वज़ीर साहिब की सेवा में निवेदन करना चाहता हूं कि Societies की registration के समय सख्ती से काम लें और लोगों में वास्तविक भावना को जाग्रित करने का प्रयत्न करें।

श्री रला राम (मुकेरियां) : अध्यक्ष महोदय! मैं मंत्री महोदय को इस बिल के लिये जो कि वे लाये हैं और जो अभी २ पास होने वाला है, बधाई देता हूं। आधुनिक युग सहकारिता अर्थात् Co-operation का युग है। पुराने ढांचे का जो कानून इस समय तक चल रहा था वह बजाए सहायक होने के रुकावट साबित हो रहा था और हमारी मौजूदा आवश्यकताओं को meet नहीं करता था। इस लिये मंत्री महोदय ने हमारी ज़रूरतों को देखते हुए यह निहायत अच्छा और प्रशंसनीय कदम उठाया है जिस के लिये मैं उन को पुन: बधाई देता हूं। अध्यक्ष महोदय! इस सम्बन्ध में मैं आप के द्वारा एक बात उन तक पहुंचाना चाहता हूं। यह युग सहयोग और सहकारिता का है। हम सारे देश में उद्योग धंधों, कृषि को और कुटीर उद्योग को आगे ले जाना चाहते हैं, हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं। और यह सब कुछ Co-operative Department के ज़रिए जिस रीति से हो सकता है और किसी अन्य ज़रिये से ऐसी अच्छी रीति से नहीं हो सकता। परन्तु मुझे यह देख कर शोक होता है कि इस विभाग के कर्मचारियों के अन्दर वह Missionary spirit अर्थात् प्रचारक की भावना नहीं है जो कि मैं समझता हूं कि आज से 20 या 25 वर्ष पहले किसी अंश में देखने में आती थी। उस भावना में अब शिथिलता आ गई है। गांवों में जो लोग कुटीर उद्योगों का काम करना चाहते हैं हम उन को Co-operative Societies बनाने के लिये तैयार करते हैं परन्तु उस में हमें सफलता नहीं मिलती। इस सिलसिले में एक उदाहरण आप के द्वारा मैं मंत्री महोदय तक पहुंचाना चाहता हूं। इस बजट में कुछ रुपया बांस की टोकरियों की Industry में लगे हुए लोगों के लिये रखा गया है। मैं ने यह प्रयत्न किया कि अपने हलके में जो लोग इस उद्योग में लगे हुए हैं उन भाइयों की एक Co-operative Society बना दी जाये और इस उद्देश्य के लिये मैं ने चाहा कि Co-operative Societies Department की ओर

से ऐसी व्यवस्था की जाये जिस के द्वारा उन को यह सूचना मिले कि यदि उन लोगों ने इस काम को उन्नत करने के लिये सरकार से सहायता लेनी है तो उन को सहकारी समितियां बनानी होंगी। परन्तु मुझे बड़े खेद से कहना पड़ता है कि इस प्रयत्न से सम्बन्धित विभाग की ओर से ऐसी सहायता या सहयोग नहीं मिल सका जो कि मिलना चाहिये था। नतीजा यह हुआ कि हम उस इलाके में अभी तक Co-operative Societies बनाने में सफल नहीं हुए। अध्यक्ष महोदय ! मैं आप के द्वारा यह बात मंत्री महोदय तक पहुंचाना चाहता हूं कि इस ऐक्ट की हमें अत्यन्त आवश्यकता थी और यह विधेयक ला कर उन्होंने बहुत अच्छा कदम उठाया है परन्तु इस में हमें उस समय तक सफलता नहीं मिलेगी जब तक कि इस विभाग के कर्मचारी यह न समझ लें कि यह काम Official काम नहीं है बल्कि उन्होंने इसे कामयाब बनाने के लिये Missionary के तौर पर काम करना है। और जब इस विभाग के कर्मचारी इस कानून के अधीन गांवों में Missionary spirit से काम करना आरम्भ कर देंगे तो हमें हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी चाहे वह क्षेत्र Cottage Industry अर्थात् कुटीर उद्योग का हो चाहे कोई अन्य हो। हमारी सरकार ने Labour Co-operative Societies बना कर लोगों की बेहतरी के लिये एक बड़ा कदम उठाया है इस के फलस्वरूप सड़कें बहुत तेज़ी से बननी शुरु हो गई हैं। परन्तु इस विभाग के कर्मचारी अभी तक Labour Co-operative Societies के महत्व को नहीं समझ सके। और मैं ने देखा है कि नतीजे के तौर पर जो रुपया सरकार दे रही है और जो विकास योजनाओं पर खर्च हो रहा है ताकि ज़्यादा से ज़्यादा ग़रीब लोगों को लाभ पहुंच सके हमें उस में उतनी सफलता नहीं हो रही जितनी कि होनी चाहिये थी। इस लिये, अध्यक्ष महोदय, अगर हमें इस कानून को कामयाब बनाना है तो मैं आप के द्वारा मंत्री महोदय से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि उन को इस Spirit में तबदीली लाने का प्रयत्न करना चाहिये जिस Spirit से कि अभी तक उन के कर्मचारी काम कर रहे हैं। उन की भावना को बदलना चाहिये। इस विभाग के कर्मचारियों को केवल Official ढंग से काम नहीं करना चाहिये। इस को सफल बनाने के लिये हमें उन के अन्दर Missionery spirit को दाखिल करना होगा। एक थोड़ी सी भ्रान्ति है जो अभी तक गांव के अन्दर जारी है। यही कारण है कि वे लोग Co-operative ढंग से काम करने के आन्दोलन का उतना लाभ नहीं उठा रहे जितना कि आज की बदली हुई परिस्थितियों में वे उठा सकते हैं। आखिर इस आन्दोलन को चलाने का उद्देश्य क्या था ? यही कि ज़रायत पेशा लोग और कृषक भी इस में उसी Zeal से काम करें। इस लिये मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि अब ज़माना और उस की स्पिरिट बदल चुकी है। अब तो, मैं समझता हूं कि यह तमीज़—ज़मींदार और ग़ैर ज़मींदार की—बिल्कुल हट जानी चाहिये। अभी तक कई लोग एसे हैं जिन्हें ग़ैर ज़रायत पेशा कहा जाता है मगर उन के पास कई कई खेत मौजूद हैं।

प्रधान जी, मैं आप की विसातत से वाजह करना चाहता हूं कि General Sales Tax Act में amendment की ज़रूरत क्यों पड़ी ताकि इस amendment पर बोलने वाले मेंबर साहिबान को तकरीर करते समय सहूलत रहे। East Punjab General Sales Tax Act, 1948 को 1952 में पहली बार amend किया गया और इस amendment की बदौलत सरकार को 50 लाख रुपये की आमदनी हुई। अब जो amendment लाई जा रही है यह कोई नई enactment नहीं है यह तो Sales Tax में evasion को रोकने के लिये provision किया जा रहा है।

इस amendment को पेश करने में सिर्फ गवर्नमेंट की ही खाहिश न थी बल्कि ईमानदार व्यापारियों की भी खाहिश थी। ईमानदार व्यापारियों की यह शिकायत थी कि बेईमान व्यापारी ट्रकों पर माल मंगवाते हैं और किसी को Sales Tax अदा नहीं करते न ही उस माल का कोई हिसाब किताब रखते हैं। जिस से कुदरती तौर पर वह अपना माल ईमानदार व्यापारियों से सस्ता बेचते हैं और ईमानदार व्यापारियों को इस से नुकसान पहुंचता है। अगर बेईमान लोगों को ऐसा करने से न रोका जाए तो ईमानदार लोग भी ऐसा करने पर मजबूर हो जायेंगे या व्यापार को छोड़ देंगे।

प्रधान जी, दूसरी बात यह है कि हम ने अपने प्रान्त में अगले चन्द सालों में रफाए आम की स्कीमें जारी करनी हैं जैसा कि सड़कें बनाना, स्कूल बनवाने और हस्पताल खोलने वगैरा अब ऐसी स्कीमों के लिये रुपये की ज़रूरत होगी। इस लिये हम कोशिश करते हैं कि Tax में evasion को रोका जाए ताकि सूबा की आमदन बढ़े। ऐसी amendment लाने में व्यापारियों की शिकायत को खास तौर पर मद्देनज़र रखा गया है।

इस amendment के ज़रिए यह इजाज़त मांगी गई है कि Excise Department वाले ट्रक को रोक सकें और पता कर सकें कि वह क्या माल लाए हैं और कहां ले जाना है। Tax के evasion को रोकने के लिए Check Posts या Barriers बनाए जायेंगे। और वहां पर Excise Inspectors या Excise Sub-Inspectors देख सकेंगे कि माल कहां से लाया गया है। यह स्कीम बनाई गई है कि जो माल दिल्ली से आए उस माल की invoice की तीन कापियां बनाई जाएं जिन में consignee, consignor और माल की तफसील दर्ज हो। इस invoice की एक कापी Check Barrier पर

[श्रम मंत्री]

दी जाएगी । दूसरी उस जगह जहां पर माल उतरेगा और तीसरी invoice की copy मालिक को दी जाएगी। इस तरह से Sales Tax की evasion को check किया जा सकता है ।

फिर एक और बात है कि चुंगी वालों को हक है कि वह माल देख सकें मगर Excise Department को यह हक नहीं कि वह माल को हाथ भी लगा सकें। इस लिये इस amendment से यह इख्तियार भी लेना है ताकि Excise वाले माल देख सकें ।

प्रधान जी, एक और बात है जो मैं सभा को बताना चाहता हूं । वह यह कि अफ़ीम के इस्तेमाल को दर्जा बदर्जा रोकने के लिये Central Government ने 1949 में हिदायतें जारी की थीं । उन हिदायतों के मुताबिक काम शुरु कर दिया गया था। इस से सूबे में एक करोड़ रुपये का नुकसान होना था। हम इस स्कीम को धीरे धीरे अमल में ला रहे हैं। 10 प्रतिशत कर के हर साल इस को खत्म कर रहे हैं । अब 70 लाख रह गया है। इस की खपत को भी April, 1958 में खतम कर दिया जाएगा। हमने इस एक करोड़ रूपये के खसारे को भी पूरा करना है । यह एक reasonable source of income है । कोई नया टैक्स नहीं इस लिए मैं समझता हूं कि यह एक अच्छा बिल है और इस की मुखालफत नहीं होनी चाहिये ।

Mr. Speaker : Motion moved—

That the East Punjab General Sales Tax (Amendment) Bill, as reported on by the Select Committee be taken into consideration.

श्री श्री चन्द (बहादुरगढ़): साहिबे सदर ! इस बिल के बारे में मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि किसी महकमे को बढ़ाना आसान है और अगर कोई महकमा शुरु हो जाए तो उस को खत्म करना मुश्किल हो जाता है ।

(At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair.)

इस तरह जब असेम्बली बनी तब से ही हम देखते चले आए हैं कि हरेक मिनिस्टर कोशिश करता है कि कोई ऐसा तरीका इख्तियार किया जाए जिस से उस के अपने 10,20 या 50 आदमी काम पर लगाए जा सकें । यहां भी हरेक मिनिस्टर साहिब का यही तरीका है। हमारे Labour Minister साहिब इस काम में पीछे रह गए थे। इस लिये उन्होंने यह बिल पेश कर दिया । इस बिल की रू से अपने आदमी रखे जायेंगे और वह किसी आते जाते ठेले को रोक कर उस की तलाशी लेंगे। इस से corruption बहुत बढ़ जाएगी।

अगर किसी को check करना हो तो यह अपने आदमी उन चुंगियों पर खड़े कर सकते हैं। नए Barrier बनाने की जरूरत नहीं। यह कोई बहादुरी नहीं कि ट्रक वालों को दिल्ली और बहादुरगढ़ के जंगल में खड़ा कर लिया जाये और साथ पुलिस भी खड़ी कर ली जाए। इस से तो साफ ज़ाहिर है कि Excise वाले चुंगी पर लोगों के सामने

रिश्वत नहीं ले सकते तो जंगल में ट्रक रोक कर अंधेरे में उन से रिश्वत आसानी से ले सकते हैं। (हंसी)। मैं सरकार से पूछता हूं कि सरकार के लिये कौन सी मुसीबत आ गई है कि वह ट्रक वालों को चुंगी पर न देख सके? सरकार आसानी से चुंगियों पर ट्रक की देख भाल कर सकती है।

इस बिल के लाने में यही ख्याल रखा गया है कि मिनिस्टर साहिब के पास कोई अर्ज़ी लेकर आए तो उन्होंने कहा कि आप को जगह दे दी जाएगी। और मिनिस्टर साहिब ने यह भी कह दिया कि जगह भी ऐसी देंगे जहां रिश्वत लेने की भी खुली छुट्टी हो जाए।

साहबे सदर, एक बात और यह है कि जब असेम्बली बैठती है तो कानून पेश हो जाते हैं। कानून पास हो गया हो तो amendments लाई जाती हैं। जिस तेजी से हम कानून पेश करते हैं उसी रफतार से कानून पर अमल करने वालों को भी समझ नहीं आएगी। हमें चाहिए कि इस काम में कम से कम रुकावट डालें। अगर आपने पुलिस वालों पर या और किसी पर मेहरबानी करनी है तो Excise का आदमी चुंगी पर खड़ा कर दिया जाए। और वहां पर ट्रक वालों को चैक किया जा सकता है।

आखिर में मैं अर्ज़ करता हूं कि यह amendment बेफायदा है। इस से रिशवत को एक और रास्ता मिल जाएगा। इस की कोई जरूरत नहीं और इस के पेश करने की इजाज़त नहीं दी जानी चाहिए।

पंडित श्री राम शर्मा (सोनीपत): डिप्टी स्पीकर साहिब, हमारे Labour Minister साहिब ने एक मसवदा कानून पेश किया है और बताया है कि चूंकि लोग Sales Tax नहीं देते और नाजाइज़ तरीकों से गवर्नमेंट को लूट रहे हैं इस लिये सरकार इस बात का इंतज़ाम करना चाहती है कि वे इस tax के बारे में गवर्नमेंट को न लूट सकें। यह बिल इसी मकसद के लिये पेश किया गया और एक Select Committee के सुपुर्द हुआ। उस Committee ने एक दो meetings के बाद फैसला किया कि इस पर लम्बा ग़ौर करने की ज़रूरत है इस लिये मज़ीद मोहलत मांगी जाए। वह मोहलत मिल गई और फिर लम्बा ग़ौर करने के बाद फैसला किया गया कि जिस तरह म्यूनिसिपल कमेटी चुंगी वगैरा की चोरी के बारे में इन्तज़ाम करती है उसी तरह गवर्नमेंट Sales Tax की चोरी का इन्तज़ाम करे। अगर्चे Check posts बनाए जाएंगे, barriers लगाए जायेंगे, इन्सपैक्टरज़ मुकर्रर किए जाएंगे। माल लाने वालों से कहा जाएगा कि तीन तीन कागज़ लाओ, किस का माल है किस को देना है, कहां से लाए, कहां बेचोगे, वगैरा वगैरा। यह कहते हैं कि इस से बहुत भारी फायदा होगा और उस से हम बहुत अच्छे २ काम करेंगे (हंसी)। डिप्टी स्पीकर साहिब! आप को मालूम है कि टैक्स के मामले में तो ऊपर की सरकार भी तौबा कर चुकी है। करोड़ों का हेर फेर हो गया। बहुत हाथ पैर मारे गए, मगर कुछ न बन सका। हमारी सरकार कहती है कि जो काम Centre नहीं कर सका वह हम कर लेंगे। मुझे नहीं मालूम कि कितने मुलाज़म रखेंगे, कितने barriers बनाएंगे और किस तरह कामयाबी हासिल करेंगे। मुझे तो डर है कि यह भी कहीं रोहतक की डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के Profession a

[पंडित श्री राम शर्मा]

Tax का मामला न बन जाए कि जितनी आमदनी रो पीट कर हुई करीबन उतना ही खर्च हो गया। चीख-पुकार अलग रही (हंसी) मेरी अर्ज़ है कि वह लोग आप के भी उस्ताद हैं आप तीन कागज़ मांगते हैं, वे छः ले आयेंगे और आप देखते रह जायेंगे (फिर हंसी)।

फिर जनाब यह barriers और चौकियां शहर के पास या चुंगीखानों के करीब तो न होंगी कि बना बनाया मकान है उस में जो लोग पहले बैठे हैं उन के साथ एक आदमी और बिठा देंगे या उन लोगों को ही 10 या 20 रुपया अलाउंस दे देंगे कि अपने काम के साथ साथ हमारे काम की भी देखभाल कर लिया करो। पस गालिबन यह barrier जंगलों में बनाये जायेंगे। वहां दो चार इन्सपैक्टर होंगे साथ ही शायद पुलिस भी रखनी पड़ेगी (हंसी)।

जनाब, वज़ीर साहिब शायद न जानते हों, मगर लोग जानते हैं कि पुलिस और चुंगी वालों के उन लोगों के साथ पैसे बन्धे हुए होते हैं और इस तरह सारा माल इधर-उधर होता रहता है। आप को यह भी मालूम है कि रात को ट्रक वगैरा चलते हैं, पुलिस मुकर्रर है, ढोल ढाल रास्ते में रखे जाते हैं मगर कोई बताए कि उन से कितना फायदा हुआ। जब वहां कुछ न हो सका तो इस काम के लिए शायद उन के पास खास आदमी कहीं से आ जायेंगे। मेरी अर्ज़ है कि इन के चलाए हुए प्राजैकटों में भाखड़ा डैम वगैरा में बेतहाशा लूट मची हुई है। वज़ीरों ने वहां enquiry board बठाए, बहुत दौड़-धूप की मगर कुछ न बना। पस, वह सब तो लूट-धसूट को ठीक न कर सके अब इन वज़ीर साहिब की बारी है। यह barriers बनायेंगे बहुत से लोगों को नौकर रखेंगे और इस तरह लाखों रुपया बचा कर development करेंगे (हंसी)। मुझे इन की नीयत पर शक नहीं मगर इन की अकल पर ज़रूर शक है। गवर्नमेंट कई किस्म के इख्तियारात लेती है कि डाके रोकेंगे, जराइम कम कर देंगे, मगर होता यह है कि एक आदमी की रोक के लिये दूसरा, दूसरे के लिये तीसरा और फिर चौथा मुकर्रर किया जाता है और चारों से मिल कर खा जाते हैं।

एक बात और अर्ज़ करता हूं। बेशक लोगों ने Sales Tax की चोरी करने पर कमर बांधी हुई है और मैं यह भी मान लेता हूं कि नए इन्तजाम करके यह लाखों रुपया बचा लेंगे। मगर क्या इस की कोई रिपोर्ट हमारे पास आएगी? क्या हमें यह भी बताया जाएगा कि इस की कारगुज़ारी क्या है?

श्रम मंत्री : हमने 50 लाख रुपया इकट्ठा किया है।

पंडित श्री राम शर्मा : आमदनी का तीन चौथाई खर्च कर के तो आप 50 करोड़ भी जमा कर सकते हैं। आपने पहले जो कारहाए नुमायां किए, आप जो जो measures लाए उन का क्या नतीजा हुआ?

अब सीधी सी बात यह है कि ये तो कहते हैं कि हम barriers बना कर tax की चोरी रोकेंगे। मगर मैं कहता हूं कि यह चोरी न कभी रुकी है और न कभी रुकेगी। इन के पास comfortable majority है। इस लिए यह बिल तो पास हो जाएगा बल्कि यह हर मुहल्ले और हर घर में barrier लगाना भी पास कर सकते हैं। (हंसी)। मगर मैं जानता हूं कि इस का नतीजा कुछ न होगा। पस, हम दिल से इस बिल के हामी नहीं। मगर यह पास हो जाएगा।

श्री बनारसी दास गुप्ता (थानेसर) : स्पीकर साहिब, मैं इस बिल के हक में बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं । मैं समझता हूं कि इस से व्यापारियों की 3/4 बेईमानी तो खत्म हो जाएगी । बात यह है कि जब हम व्यापारियों से बात चीत करते हैं तो वे कहते हैं कि ईमानदार व्यापारी तो ग्राहकों से Sales Tax मांगते हैं मगर ग्राहक कहता है कि मुझे दूसरी जगह से Sales Tax के बगैर ही माल मिलता है । आप जानते हैं कि 2 पैसे फी रुपया बड़ी बात है । अगर किसी को दो पैसे फी रुपया कम पर माल मिले तो वह वहां से खरीदना पसन्द करेगा । आजकल घी के Sales Tax में जियादातर चोरी होती है । जब कोई व्यापारी दिल्ली जाकर वहां से घी लाता है और बगैर Sales Tax के बेचता है तो उस की बिकरी ज़्यादा होती है और ईमानदार व्यापारी का माल नहीं बिकता । बिके भी कैसे जब लोगों को 5 1/4 रुपये की जगह 5 रुपया फी सेर घी मिले । इन हालात में मैं महसूस करता हूं कि इस बेईमानी को रोकना बहुत ज़रूरी है ।

पंडित श्री राम शर्मा जी और चौधरी सिरी चन्द जी ने एतराज़ किया है कि barriers की क्या ज़रूरत है । चुंगी वालों को ही कुछ allowance दे कर यह काम क्यों नहीं करवा दिया जाता । मैं अपने मित्रों से अर्ज़ करना चाहता हूं कि Select Committee में इस बात पर गौर हुआ था लेकिन ऐसा करने की ज़रूरत नहीं समझी गई । Barriers हर जगह पर नहीं बनते हैं । यह तो सिर्फ दो तीन जगह बनेंगे । जहां दूसरी जगहों से माल हमारे सूबे में दाखल होता है । एक दिल्ली के नज़दीक । एक गुड़गांवां में और एक शायद बहादुरगढ़ में । मेरे विचार में इन पर बहुत ज़्यादा खर्च नहीं आयेगा और इस खर्च से हमारी आमदनी खत्म नहीं हो जायेगी ।

श्रीमान् जी, यह ख्याल किया जा सकता था कि इस बिल के पास होने से लोगों को harassment होगी । लेकिन harassment वाली बात हमने पहले ही उड़ा दी है । बिल के अन्दर जो हरेक package को खोलने वाली बात थी हटा दी गई है । Barriers और check posts पर माल को मामूली तौर पर देखा जायेगा । अगर ज़रूरत हुई तो destination पर अच्छी तरह से देखना होगा । मैं महसूस करता हूं कि अगर यह बिल पास हो जाता है तो बहुत हद तक बेईमानी खत्म हो जाती है । इस के साथ व्यापारी भी cautious और खबरदार हो जायेंगे और उन की चोरियां कम हो जायेंगी । जो भी हो मेरा विचार है कि barriers पर हमें बहुत ज़्यादा काम करने की ज़रूरत न पड़ेगी । एक बात यह है कि माल जो दिल्ली से ट्रकों पर आता है वह सारे का सारा एक शहर का नहीं होता । कुछ एक शहर का होता है तो कुछ दूसरे शहरों का । इस लिये जो कमेटियों के barriers बने हुए हैं वहां पर ठीक देख भाल नहीं हो सकती । ठीक देख भाल तब हो सकती है जब माल एक ही जगह का हो ।

श्रीमान् जी मुझे विश्वास है कि इस बिल के पास होने से बेईमान व्यापारी ज़द में आयेंगे और वह सूबे के किसी हिस्से में बगैर sales tax के माल न भेजेंगे । जब ऐसा होगा तो हमारी आमदनी बढ़ेगी । मैं इस बिल को support करता हूं और हाउस से अपील करता हूं कि इस बिल को जलद अज़ जल्द पास किया जाये ।

श्री गोपी चंद (पुंडरी) : श्रीमान् जी, East Punjab General Sales Tax (Amendment) Bill पर Opposition की तरफ से मेरे दो फाज़िल दोस्तों ने तकरीरें की हैं। इन में से एक फ़ाज़िल दोस्त Civil Supplies के वज़ीर रह चुके हैं। जब यह मामला Central Government की तरफ से पेश हुआ कि Civil Supplies के अन्दर जो control और rationing है इस को ख़त्म किया जाये तो पंजाब गवर्नमेंट के Civil Supplies के वज़ीर के सिवाए दूसरी States के वज़ीरों ने इसे मान लिया था। लेकिन इन्होंने बहुत मुखालफ़त की थी। आज उन्होंने बड़े जोशोखरोश के साथ, बड़े अच्छे ढंग से इस बात को रखा है कि मौजूदा Congress Government जो कानून बनाती है या बना रही है वे महज़ इस किसम के होते हैं जिन से corruption बढ़ती है घटती नहीं। जब East Punjab में यह टैक्स लागू हुआ तो व्यापारियों में corruption पैदा हो गई। जो कुछ श्री बनारसी दास जी ने कहा है बिल्कुल ठीक है। हमारे हां कैथल की मशहूर मंडी है। वहां जो लोग दो दो सौ रुपया दुकानों का किराया देते हैं कुछ नहीं कमाते लेकिन उन के मुकाबले में वे लोग जो पटड़ियों पर बैठते हैं या godowns गली मुहल्ले में ले कर कारोबार करते हैं और वहां ही बैठ लेते हैं ज्यादा कामयाब रहते हैं। वे Inspector वगैरा से मिल कर corruption करते रहते हैं। मैं समझता हूं कि यह amendment जो आई है बहुत देर के बाद आई है। इसे पहले लाया जाना चाहिये था (श्री किदार नाथ सहगल आप इसे पहले ले आते) मैं अपने फाजिल दोस्त को बता दूं कि amendment तब लाई जाती है जब कानून में किसी किसम की कमी महसूस की जाती है। मेरे विचार में इस amendment के लागू होने से बहुत फायदा होगा। यह कहना ठीक नहीं कि इस से पुलिस का राज हो जायेगा या corruption ज्यादा बढ़ जायेगी। मुझे समझ नहीं आती कि यह कैसे होगा। यह सब काम राहदारी के तरीके पर किया जाना है। जब हम octroi posts पर जाते हैं और किसी शहर के पास से हम दूसरे शहर में जाते हैं तब राहदारी बनवा ली जाती है और शहर से बाहर निकलने पर राहदारी का परवाना दे दिया जाता है। और वहां कोई corruption नहीं होती तो इस बिल से कैसे हो जायेगी? यह बिल तो व्यापारियों के अन्दर बेईमानी को रोकने के लिये और व्यापारियों में ईमानदारी लाने के लिये पेश किया गया है। इन शब्दों के साथ मैं इस amendment की support करता हूं और Minister-in-Charge को मुबारकबाद पेश करता हूं।

पंडित श्री राम शर्मा : On a point of personal explanation, Sir, अभी जो मुअज़िज़ मैम्बर तकरीर कर रहे थे उन्होंने irrelevant तौर पर मेरा ज़िक्र किया है और कहा है कि जब मैं वज़ीर था तो मेरा control के मुतअल्लिक जो रवैय्या था वह हिन्दुस्तान के बाकी वज़ीरों से बिल्कुल मुख्तलिफ था। मैं उन्हें बता दूं कि जो गवर्नमेंट की पालिसी थी उस के मुताबिक काम होता रहा। मैं कैबिनट की बातें इस एवान में नहीं दोहरा सकता लेकिन यह कहूंगा कि अगर control के मामले में मेरा कहीं इख्तलाफ था तो मेरा view वही होता था जिन की company में मैं था जिस में पंडित जवाहर लाल नेहरू को भी शामिल किया जा सकता है।

श्री गोपी चंद : मैं इस का जवाब देना चाहता हूं ।

पंडित श्री राम शर्मा : On a point of order, Sir. क्या मेरे इस personal explanation के बाद कोई statement दिया जा सकता है ? अगर ऐसे statement देने की इजाजत दे दी जाये तो यह amending affair हो जायेगा ।

Mr. Deputy Speaker : No discussion can be allowed on this point.

श्री गोपी चंद : On a point of order, Sir. मैं हाऊस को बताना चाहता हूं कि मैं ने जो भी पंडित जी के बारे में कहा है उस से मेरा मकसद उन पर कोई ज़ाती attack करने का नहीं था ।

श्री मनी राम (फतेहाबाद) : माननीय स्पीकर साहिब ! यह जो Labour Minister ने हमारे सामने बिल पेश किया है उस पर Opposition की तरफ से और Treasury Branches की तरफ से मेरे साथियों ने अपने विचार सभा के सामने रखे हैं । जहां तक corruption रोकने का सवाल है मैं समझता हूं कि इस एवान के हर मेम्बर का फ़र्ज़ है कि corruption रोकने के हर कानून को पास करने में अपना सहयोग दे । मैं गवर्नमेंट को बता देना चाहता हूं कि corruption बगैर कोई effective measures लिये नहीं रोकी जा सकती सिर्फ Sales Tax के अन्दर ही चोरी नहीं होती । सब को मालूम है कि Sales Tax में चोरी Inspectors से मिल कर होती है । मैं अपने साथी से जिन्होंने अभी तकरीर की पूछता हूं कि क्या guarantee है कि Inspectors जो इस महकमे में काम कर रहे हैं वह दुकानदारों के साथ मिल कर Sales Tax की चोरी नहीं करेंगे ? मैं अपने तजरुबे की बिना पर कह सकता हूं कि इस regime में जो नया महकमा खोला जाता है वह इस लिये नहीं खोला जाता कि उस महकमे की ज़रूरत होती है बल्कि वह महकमा महज़ इस नियत से खोला जाता है कि अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को नौकरियां दी जायें। इस तरीके से corruption सरकारी महकमों में ज़्यादा बढ़ती है । मैं गवर्नमेंट से पूछता हूं कि क्या पुलिस का सारा स्टाफ नाकाबिल है जो Sales Tax की चोरी को नहीं रोक सकता ? माननीय मिनिस्टर साहिब को पता है बल्कि सारी गवर्नमेंट को पता है कि Sales tax में चोरी होती है । Civil Supplies का महकमा बना था तो उस में भी रिश्वत का बाज़ार गर्म था ।

Mr. Deputy Speaker : I may tell the hon. Member that the subject of corruption is not under discussion. He may now resume his seat.

श्री निरंजन दास धीमान (फिलौर) : स्पीकर साहिब ! यह जो General Sales Tax (Amendment) Bill हाऊस में पेश किया गया है इस की बड़ी मुद्दत से पंजाब के व्यापारी और खास तौर पर ईमानदार व्यापारी मांग कर रहे थे । मुझे अच्छी तरह से पता है कि वह लोग जो कम्पनियों के agents हैं और बड़ी बड़ी फर्मों के मालिक हैं जो अपना बाकायदा हिसाब किताब रखते हैं वह किस तरह नुकसान उठाते रहे हैं । उस का कारण यह था कि इस ऐक्ट में खामी थी और जो माल बाहिर की States से

[श्री नरिंजन दास धीमान]
आता था उसे किसी न किसी ढंग से छिपाया जा सकता था। यह amendment लाने का यह मतलब है कि किसी तरह से ऐसा माल जो बाहिर से आता है और इस State में आ कर बिकता है उसे छिपाया न जा सके और उस का Sales tax गवर्नमेंट को वसूल हो सके। गवर्नमेंट का मकसद इस बिल के लाने में सिर्फ यही नहीं कि Sales Tax वसूल करना है बल्कि यह भी है कि जो ईमानदार व्यापारी हैं उन्हें कोई नुकसान न पहुंचे और जो व्यापार में बुरी हरकतें की जा रही हैं उन्हें खत्म किया जाये। इस amendment से यह लाभ होगा कि barriers कायम किये जायेंगे और जो माल बाहिर से आयेगा उस की बिल्टी जब माल चलेगा तो काटी जायेगी और उस के तीन परत माल के बीचक के साथ लगे होंगे। इस में से एक परत इस barrier पर लिया जायेगा और एक परत truck के ड्राईवर को मिलेगा और तीसरा परत उस जगह चला जायेगा जिस जगह वह माल भेजा जाता है। अब तक यह होता रहा है कि माल की बिल्टी फगवाड़ा की करनी है तो माल Khanna रह जाता है और अगर बिल्टी अमृतसर की करनी है तो माल कपूरथला में चला जाता है। इस का पहले कोई प्रबन्ध नहीं था कि हम जान सकें कि जो माल अमृतसर जाना था वह कहां गया। इस amendment के बाद हम बखूबी जान सकेंगे कि जो माल proper destination पर नहीं पहुंचता वह कहां गया है। उस स्टेशन के व्यापारी से जहां माल जाना है दरियाफत किया जा सकता है कि माल पहुंचा है या नहीं। मैं समझता हूं कि इस amendment के पास हो जाने से जो पहल ऐक्ट में खामी थी वह अब दूर हो जायेगी। वह ईमानदार व्यापारियों का सारा तबका जिन के साथ मेरा ताल्लुक है वह इस amendment से बहुत खुश हैं। इस amendment से income tax भी गवर्नमेंट को वसूल हो जायेगा। जहां तक corruption का ताल्लुक है, मैं समझता हूं कि इस amendment के आ जाने से कोई ऐसी बात नहीं हुई जिस से corruption बढ़ने का इमकान हो। कोई खास अख्तियारात इन्सपैक्टरों या barriers के स्टाफ को नहीं दिये गये सिर्फ इतनी बात है कि उन्होंने माल को check करना है और check करने के बाद उन्होंने आगे जाने देना है। उन्हें उस माल को रोकने का कोई इख्तियार नहीं है जिस से corruption की कोई संभावना हो सके। माल को उतारने या छांटी करने की स्टाफ को इजाज़त दी जाती तो corruption का इमकान हो सकता था। मैं समझता हूं कि यह महज़ opposition करने के ख्याल से कहा गया है कि corruption बढ़ेगी। यह amendment व्यापारियों और गवर्नमेंट दोनों के लिये लाभदायक है। इसलिये मैं इस के लिये Labour Minister को बधाई देता हूं।

मौलवी अब्दुल गनी डार (नूह) : डिप्टी स्पीकर साहिब ! जहां तक कि इस तरमीम के लाने का सवाल है मैं भी दीवान साहिब के साथ शामिल हो कर मिनिस्टर साहिब को बधाई देता हूं लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि जिस ढंग से हमारे चीफ़ मिनिस्टर दिन रात मारे मारे फिरते हैं और दिन में 17 घंटे काम करते हैं और महीने में 20 दिन बाहिर दौरा करते हैं और सरकारी अफ़सर कहते हैं कि हम दिन रात मेहनत करते हैं तो फिर आये दिन यह शिकायत क्यों पैदा होती है कि Sales Tax में leakage होती है। मैं समझता हूं कि इस leakage

को रोकने के लिये ऐसे कोशिश की जाती है जैसे अगर दरिया में हड़ आ जाये तो उसे एक बच्चा अपनी हथेली से रोकने की कोशिश करे। तो आप, स्पीकर साहिब, खुद ख्याल फरमायें कि यह leakage कैसे रुक सकती है। व्यापारियों का नाम लिया जाता है कि इस amendment से व्यापारी तबका बहुत खुश होगा। मुल्क के सारे व्यापारी मुझे इस वक्त सारे मुल्क से कोई वास्ता नहीं बल्कि हमारे सूबे के व्यापारी हमेशा सरकार से यही मांग करते आये हैं कि वह Sales Tax इस ढंग से वसूल करे जिससे न सरकार को परेशानी हो और न उन्हें हो। Income Tax के महकमे को करोड़ों रुपये वसूल होते हैं, Revenue के महकमे को करोड़ों रुपये वसूल होते हैं। हमारे काबिल Finance Minister जिन पर मुझे ही नहीं बल्कि सारे पंजाब को फखर है। (वित्त मंत्री : शुक्रिया) उन्हों ने Goods Carriers पर टैक्स लगा दिया हलांकि वह कहते रहे कि एक दफ़ा उन के licence पर ही यह टैक्स उन से वसूल कर लिया जाये।

मेरी समझ में यह बात नहीं थी कि जब चारों तरफ से leakage की शिकायत की जा रही है तो क्यों नहीं व्यापारियों की इस छोटी सी मांग को मान लिया जाता कि हर व्यापारी से टैक्स वसूल करने की बजाए उन से समूचे तौर पर उतना ही रुपया ले लिया जाए जैसा कि goods Carriers से लिया जा रहा है। इस तरह न कोई झगड़ा रहेगा न शिकायत। न होगा बांस न बजेगी बंसरी।

Barriers लगाने की सलाह तो ऐसी ही मालूम होती है जैसी बिल्ली को पकड़ने के लिये चूहों ने की थी। चूहों ने बड़ी तफसील के साथ स्कीम बनाई थी मगर जब एक सियाने चूहे ने उन से पूछा कि बिल्ली की मियाओं को कौन पकड़ेगा तो कोई चूहा इस क जवाब न दे सका। इसी सिलसिले में मुझे एक और आदमी की मिसाल याद आ गई है। एक बड़े corrupt आदमी से तंग आकर राजा ने जो हमारे Labour Minister की तरह बड़े सियाने थे उसे समुद्र की लहरें गिनने पर लगा दिया ताकि वह corruption न कर सके मगर वह भी बड़ा बेईमान था। जब उस ने देखा कि एक ताजिर का जहाज आ रहा है तो उस ने शोर मचाना शुरु कर दिया 'ठहर जाओ, मैं लहरें गिन रहा हूं। गिनती में फर्क आ जाएगा।' उस ताजिर बेचारे ने हाथ भी जोड़े और रिश्वत दी, तब कहीं उसके जहाज को गुज़रने दिया गया। (हंसी)।

तो जनाब मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि क्यों ऐसे फाजिल Finance Minister साहिब की मौजूदगी में Cabinet Sales Tax की collection के मामले में बाकी प्रान्तों को lead नहीं देती, क्यों barriers की शक्ल में महकमे के बढ़ाने का ख्याल कर रही है? Barriers पर अगर किसी ने गलत नाम लिखवा दिया, कोई जाली पर्चा कर गया, तो फिर किसी ज्योतिषी से पूछते फिरेंगे किसी के माथे पर तो यह लिखा नहीं कि वह बेईमान है। मैं अपने फाज़िल Finance Minister साहिब से दरखास्त करता हूं कि finances का ख्याल रखते हुए, व्यापारियों के साथ उसी तरह का फैसला कर लें जैसा Goods Carriers के

[मौलवी अब्दुल गनी डार]

साथ किया गया है। इस से प्रान्त का भी भला होगा और व्यापारियों की इज्जत भी रह जाएगी क्योंकि ठीक कहा गया है कि व्यापार नाम ही है साख का। अगर व्यापारियों की साख ही न रहे, तो व्यापार कैसे चल सकता है। अगर बेईमानी को रोकना है, leakage को रोकना है, तो सरकार कोई ऐसा तरीका सोचे जिससे व्यापारियों को भी कोई दिक्कत न हो और आमदनी भी बढ़ जाए।

श्री बाबू दयाल (सोहना) : श्रीमान अध्यक्ष महोदय ! मैं Sales Tax (Amendment) Bill की मुखालिफत करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरा ख्याल है कि इसे पास करने से चोरी नहीं रुकेगी। जहां तक मैं समझता हूं इस के पास होने के बाद चोरी की मिकदार और बढ़ेगी। एक देहाती कहावत है कि जब किसी आदमी का ऊंट चोरी चला गया, तो वह इसे घड़े में ढूंढने लगा। देखना तो यह चाहिए कि चोरी क्यों होती है। इस की वजह यह है कि management करने वाले अफसरान ईमानदार और नेकनियत नहीं हैं। अफसरान तब ही ईमानदार हो सकते हैं जब पहले वज़ीर-साहिबान अपनी ईमानदारी और नेकनियती का सबूत दें। उनके ईमानदार हो जाने का असर अफसरान और Public पर अवश्य ही पड़ेगा। मैं तो हर जलसे में यह बात कहता हूं कि leadership का initiative वज़ीर साहिबान पर होता है। अगर वे ईमानदार हों तो कोई अफसर चोरी नहीं कर सकता।

चोरी क्या है ? हमारे ज़िले में इस की कई मिसालें देखने में आई हैं। हमारे ज़िले का एक Gazetted Officer देहली में रिश्वत लेता हुआ पकड़ा गया। यह बिल तो चोरी को बढ़ाने के लिये ही पास कराया जा रहा है। जैसा कि कुछ दोस्तों ने कहा है यह अपने रिश्तेदारों को नौकरियां provide करने के लिये लाया गया है। इस से दूसरे महकमों को भी तरगीब मिलेगी। जंगल में barriers लगाए जायेंगे ताकि दिल खोल कर रिश्वत ली जा सके और लेने वालों के खिलाफ कोई गवाह भी न मिल सके। Sales Tax की चोरियां, Income-tax की चोरियां, Civil Supplies के महकमे की चोरियां, भाकड़ा के scandals......

Mr. Deputy Speaker : Order, order.

श्री बाबू दयाल : जनाब, मैं Sales Tax की चोरियों का हवाला दे रहा हूं। मैं यह कहने लगा था कि अगर हमारी सरकार अफसरों को ईमानदार बना दे , तो चोरियां रुक सकती हैं। मुझे अपने ज़िले की कुछ ऐसी मिसालों का पता है जिन में पुलिस....

Mr. Deputy Speaker : Order, please. Confine yourself to the Sales Tax Bill.

श्री बाबू दयाल : अगर अफसर ईमानदार हों तो चोरियां रुक सकती हैं। मैं Sales Tax की चोरी पर बहस कर रहा हूं। अगर अफ़सर ईमानदार नहीं तो चोरियां कभी नहीं रुक सकतीं।

ਅਰਥ ਮੰਤ੍ਰੀ (ਸਰਦਾਰ ਉਜਲ ਸਿੰਘ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਬਿਲ ਦੀ ਮੁਖਾਲਫਤ ਕਰਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਸਾਡੇ ਦੋਸਤਾਂ ਨੇ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਕੁਝ ਭੁਲੇਖਾ ਪੈਦਾ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਇਹ ਗਲ ਭੁਲੇਖਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨ ਵਾਲੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਵਪਾਰੀਆਂ ਉਪਰ ਬੜੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਏ ਗਏ ਹਨ। Sales Tax ਵਪਾਰੀਆਂ ਉਪਰ ਨਹੀਂ ਲਗਦਾ। ਉਹਦਾ ਬੋਝ ਤਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਖਰੀਦਣ ਵਾਲੇ ਹਰ ਆਦਮੀ ਉਪਰ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਵਪਾਰੀ ਤਾਂ ਕੇਵਲ ਇਕ collecting agency ਦਾ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਉਹ ਤਾਂ ਸਿਰਫ ਟੈਕਸ ਦਾ ਰੁਪਿਆ ਇਕੱਠਾ ਹੀ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੰਮ ਤਾਂ 6 ਪਾਈ ਫੀ ਰੁਪਿਆ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਟੈਕਸ ਲਈ ਜਾਣਾ ਹੀ ਹੈ।

ਇਸ ਦੇ ਸਿਵਾ ਇਸ ਬਾਰੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਅਤੇ ਮੈਂ ਇਹ ਵੀ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦੇਵਾਂ ਕਿ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ (Sales Tax) ਸਿਰਫ ਪੰਜਾਬ ਪ੍ਰਾਂਤ ਵਿਚ ਹੀ ਨਹੀਂ ਹੈ ਬਲਕਿ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੇ ਸਾਰਿਆਂ ਸੂਬਿਆਂ ਵਿਚ ਲਗਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਦੁਨੀਆ ਵਿਚ ਕੋਈ ਦੇਸ਼ ਐਸਾ ਨਹੀਂ ਹੈ ਜਿਥੇ ਕਿ ਇਹ ਟੈਕਸ ਨਾ ਲੱਗਾ ਹੋਵੇ। ਇਸ ਤੋਂ ਅਗੇ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰਾਂ ਮਾਲੀਆ ਜਾਂ ਇਨਕਮ ਟੈਕਸ ਉਗਰਾਹਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ sales tax ਵੀ ਲਿਆ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਟੈਕਸ ਬਿਕਰੀ ਪੁਰ ਹੈ ਨਾ ਕਿ ਮੁਨਾਫੇ ਪੁਰ ਜਿਵੇਂ ਕਿ income tax ਹੈ। ਮਾਲੀਆ ਵੀ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੇ ਮਾਲਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਲੈ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਟੈਕਸ ਵਿਚ ਬਿਕਰੀ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਚੋਰੀ ਕਰਨ ਦਾ ਇਤਨਾ ਮੌਕਾ ਮਿਲ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਤਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰੋਕ ਨਾ ਲਗਾਈ ਜਾਵੇ ਇਸ ਟੈਕਸ ਦੀ ਵਸੂਲੀ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਖਜ਼ਾਨੇ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚ ਸਕਦੀ। ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਅਸੀਂ ਟੈਕਸ ਦੀ ਵਸੂਲੀ ਟ੍ਰਕਾਂ ਵਾਲਿਆਂ ਕੋਲੋਂ ਯਕਮੁਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਸਾਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗ ਸਕਦਾ ਕਿ ਹੁਣ ਤਜਾਰਤ ਵਧ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਨਹੀਂ ਜੇ ਕਰ ਤਜਾਰਤ ਵਧੇ ਤਾਂ ਕੁਦਰਤੀ ਤੌਰ ਉਪਰ sales tax ਦੀ ਆਮਦਨੀ ਵਧੇਗੀ। ਸੂਬੇ ਦੀ ਹਕੂਮਤ ਕੋਲ ਇਹੋ ਹੀ ਇਕ ਜ਼ਰੀਆ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਦੇ ਨਾਲ ਤਜਾਰਤ ਵਧਣ ਨਾਲ ਜਾਂ ਸੂਬਾ ਖੁਸ਼ਹਾਲ ਹੋਣ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਆਮਦਨੀ ਵਧ ਸਕਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹੋ ਰੁਪਿਆ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਬਿਹਤਰੀ ਵਾਸਤੇ ਖਰਚਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਵੀ ਅਰਜ ਕਰ ਦੇਵਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸ਼ਰਹ rate ਵੀ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੇ ਬਾਕੀ ਦੇ ਸਾਰਿਆਂ ਸੂਬਿਆਂ ਨਾਲੋਂ ਘਟ ਹੈ। ਕੇਂਦਰੀ ਸਰਕਾਰ ਵੀ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਬਾਕੀ ਦੇ ਸੂਬੇ ਵੀ ਟੈਕਸ ਦੀ ਸ਼ਰਾ ਨੂੰ ਨਾ ਵਧਾਉਣ। ਇਹ ਵੀ ਅਸਾਂ ਜੋ ਕੁਝ ਕੀਤਾ ਹੈ ਚੋਰੀ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਵਪਾਰੀਆਂ ਉਪਰ ਰੋਕ ਲਗਾਉਣ ਦੀ ਖਾਤਿਰ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਇਖਤਿਆਰ ਅਸਾਂ ਚੋਰੀ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਦੀ ਖਾਤਿਰ ਲਏ ਹਨ ਉਹ ਵੀ ਬਾਕੀ ਦੇ ਸੂਬਿਆਂ ਦੀਆਂ ਸਰਕਾਰਾਂ ਕੋਲੋਂ ਨਰਮ ਹਨ। ਅਸਾਂ ਸਿਰਫ ਅਪਣੇ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਮਾਲਖਾਨਿਆਂ ਵਿਚ ਅਤੇ ਗੁਦਾਮਾਂ ਵਿਚ ਦਾਖਿਲ ਹੋਣ ਦੇ ਇਖਤਿਆਰ ਲੈ ਕੇ ਦਿਤੇ ਸਨ ਜਿਥੇ ਕਿ ਵਪਾਰੀ ਲੋਗ ਮਾਲ ਨੂੰ ਛੁਪਾਕੇ ਰਖਦੇ ਸਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਇਖਤਿਆਰਾਂ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਨਿਕਲਿਆ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਆਮਦਨੀ 30-40 ਲਖ ਰੁਪੈ ਦੇ ਕਰੀਬ ਵਧ ਗਈ ਹੈ। ਹੁਣ ਅਸੀਂ ਨਵੇਂ ਇਖਤਿਆਰ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਲੈ ਰਹੇ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗਾ ਹੈ ਕਿ ਟ੍ਰੱਕਾਂ ਦੇ

[ਅਰਥ ਮੰਤ੍ਰੀ]

ਟ੍ਰੱਕ ਗੁਦਾਮਾਂ ਵਿਚ ਦਾਖਿਲ ਵੀ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੇ ਬਾਹਰੋਂ ਬਾਹਰ ਹੀ ਵਿਕ ਜਾਂਦੇ ਹਨ । ਸੌਦੇ ਬਾਹਰ ਹੀ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਤਾਬਾਂ ਵਿਚ ਦਰਜ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਇਖਤਿਆਰਾਤ ਦੇ ਜੋ ਅਸੀਂ ਹੁਣ ਲੈ ਰਹੇ ਹਾਂ ਬਿਨਾਂ ਅਸੀ ਚੈਕ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ । ਅਤੇ ਸਾਰੇ ਦਾ ਸਾਰਾ ਟੈਕਸ ਛਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਚੋਰੀ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਵਾਸਤੇ ਅਸਾਂ ਤਜਵੀਜ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇ ਕਿ ਫੁਲਾਣੇ ਆਦਮੀ ਨੇ ਫੁਲਾਣੀ ਜਗਾਹ ਤੋਂ ਮਾਲ ਖਰੀਦ ਕੇ ਲਿਆਂਦਾ ਹੈ ਇਤਨਾ ਮਾਲ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਇਸ ਆਦਮੀ ਕੋਲ ਪਹੁੰਚਿਆ ਹੈ ਤਾਂਕਿ ਅਸੀਂ ਟ੍ਰੇਸ (trace) ਕਰ ਸਕੀਏ ਕਿ ਮਾਲ ਕਿਸ ਗੋਦਾਮ ਵਿਚ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਅਸੀਂ ਉਸ ਨੂੰ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਚੈਕ ਕਰ ਸਕੀਏ । ਅਸੀਂ ਉਸ ਭਾਰੀ ਚੋਰੀ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਦੀ ਖਾਤਿਰ ਇਹ ਸਭ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ । ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਆਪਣੇ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਨੌਕਰ ਰਖਣ ਦੀ ਖਾਤਿਰ ਇਹ ਸਭ ਕੁਝ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ । ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਨੂੰ ਇਹ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਹੈ ਜਿਸ ਨੇ ਕਿ 50 ਰੁਪਏ ਤਕ ਦੀਆਂ ਨੌਕਰੀਆਂ ਵੀ Subordinate Services Selection Board ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕਰ ਦਿਤੀਆਂ ਹਨ । ਅਤੇ ਜੇਕਰ ਕੁਝ ਨਵੀਆਂ ਜਗਾਹ ਨਿਕਲਣਗੀਆਂ ਤਾਂ ਉਹ ਬੋਰਡ ਹੀ ਭਰੇਗਾ ਇਸ ਕਰ ਕੇ ਇਹ ਸਵਾਲ ਹੀ ਪੈਦਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ।

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗਨੀ ਡਾਰ : ਤਾਕਿ ਪਰਦੇ ਅੰਦਰ ਜੋ ਕੁਝ ਚਾਹੇ ਕਰਵਾ ਸਕੇ ।

ਅਰਥ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਨੂੰ ਕੋਈ ਗ਼ਾਇਬ ਦੀ ਇਤਲਾਹ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਸਾਰੇ ਬੋਰਡ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਰਖੇ ਜਾਣਗੇ । ਬਾਕੀ ਨਾ ਤੇ ਕੋਈ ਐਸੀ ਗਲ ਹੈ ਕਿ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਜ਼ਿਆਦਾ ਵਧਣਗੇ ਤਾਂ ਕੋਰਪਸ਼ਨ ਹੋਰ ਵਧੇਗੀ । ਜਿਤਨੇ ਆਦਮੀ ਚੈਕ ਕਰਨ ਲਈ ਰਖੋਗੇ ਉਤਨੀ ਹੀ ਕਰਪਸ਼ਨ ਵਧੇਗੀ ਜੇਕਰ ਇਹੋ ਗਲ ਅਖੀਰ ਤਕ ਲੈ ਜਾਉ ਤਾਂ ਕੋਈ ਵੀ ਸਰਕਾਰੀ ਆਦਮੀ ਕਿਸੇ ਕੰਮ ਦੀ ਪੜਤਾਲ ਵਾਸਤੇ ਨਹੀਂ ਰਖਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ । ਕਿਉਂਕਿ ਪੜਤਾਲ ਕਰਨ ਨਾਲ ਕੋਰੱਪਸ਼ਨ ਪੈਦਾ ਹੋਵੇਗੀ ।

ਲੇਕਿਨ ਜਿੱਥੋਂ ਤਕ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਸਾਂ ਇਹ ਇਖਤਿਆਰ ਇਸ ਕਾਰਨ ਲਏ ਸਨ ਤਾਂਕਿ ਸਾਡੇ ਅਫਸਰ ਮਾਲਖਾਨਿਆਂ ਅਤੇ ਗੋਦਾਮਾਂ ਵਿਚ ਜਾ ਸਕਣ ਅਤੇ inspection ਕਰ ਸਕਣ । ਉਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਨਿਕਲਿਆ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਆਮਦਨੀ ਤੀਹ ਚਾਲੀ ਲਖ ਰੁਪੈ ਵਧ ਗਈ ਹੈ । ਹੁਣ ਮੈਂ ਇਹ ਦਾਵੇ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਹ ਤਰਮੀਮ ਪਾਸ ਹੋ ਗਈ ਤਾਂ ਸਾਨੂੰ ਅੱਠ, ਦਸ ਲਖ ਦੀ ਹੋਰ ਆਮਦਨੀ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ । ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ check posts ਕਿਧਰੇ ਘਣੇ ਜੰਗਲਾਂ ਵਿਚ ਬਣਾਉਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ ਤਾਕਿ ਸਾਡੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਉਥੇ ਰੰਗਰਲੀਆਂ ਮਨਾਉਣ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਵੇਖ ਨਾ ਸਕੇ । ਮੈਨੂੰ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਕਿ ਐਸੇ ਜੰਗਲ ਵਿਚ ਕਿਓਂ ਚੈਕ ਪੋਸਟਾਂ ਬਣਾਉਣੀਆਂ ਹਨ ।

ਚੈਕ ਪੋਸਟਾਂ ਉਥੇ ਬਣਾਈਆ ਜਾਣਗੀਆਂ ਜਿੱਥੇ ਕਿ ਸੜਕਾਂ ਦਾ ਜੰਕਸ਼ਨ ਹੋਵੇਗਾ ਤਾਂ ਜੋ ਘਟ ਤੋਂ ਘਟ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਪਵੇ । ਮਸਲਨ ਪਿਪਲੀ ਇਕ ਐਸੀ ਥਾਂ ਹੈ ਜਿੱਥੇ ਕਿ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਥਾਵਾਂ ਤੋਂ ਸੜਕਾਂ ਮਿਲਦੀਆਂ ਹਨ । Municipal Committee ਦੀਆਂ

Octroi Posts ਨਾਲ ਵੀ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਚਲ ਸਕਦਾ ਕਿਉਂਕਿ ਗੁਦਾਮ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਦੂਦ ਤੋਂ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਬਾਹਰ ਬਣੇ ਹੋਏ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਪਤਾ ਵੀ ਨਹੀਂ ਲਗ ਸਕਦਾ। ਅਤੇ ਫਿਰ ਮਾਲ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ ਬਾਹਰੋਂ ਬਾਹਰ ਹੀ ਵਿੱਕ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਅਸੀਂ ਜੰਕਸ਼ਨਾਂ ਉਪਰ ਹੀ ਚੈਕ ਪੋਸਟਾਂ ਬਣਾਵਾਂਗੇ ਤਾਂ ਜੋ ਖਰਚ ਵੀ ਘਟ ਆਵੇ ਅਤੇ Sales Tax ਦੀ ਵੀ ਚੋਰੀ ਨਾ ਹੋ ਸਕੇ। ਸਾਡਾ ਹੋਰ ਕੋਈ ਮੁੱਦਾ ਨਹੀਂ ਹੈ।

ਇਸ ਦੇ ਅਗੇ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਜ਼ਿਲਾ ਰੋਹਤਕ ਵਿਚ Professional Tax ਉਪਰ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਖਰਚ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਤਲਬ ਹੈ ਕਿ ਖਰਚ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਟੈਕਸ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਆਮਦਨੀ ਘਟ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਉਸ ਜ਼ਿਲੇ ਦਾ ਠੀਕ ਤਾਂ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਦੂਸਰੇ ਕਈਆਂ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਦਾ ਪਤਾ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਇਹ ਹਾਲਤ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਰੋਹਤਕ ਦੇ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਦੀ ਮੈਨੂੰ ਚਿਠੀ ਆਈ ਹੈ ਚਾਰ ਦਿਨ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਦਸਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਟੈਕਸ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਕੁਲ ਆਮਦਨੀ ਡੇਢ ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਉਗਰਾਹਣ ਲਈ ਖਰਚ ਕੇਵਲ 33 ਹਜ਼ਾਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਗਲਤ ਹੈ ਕਿ ਖਰਚ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੋਵੇਗਾ ਅਤੇ ਆਮਦਨੀ ਘਟ ਹੋਵੇਗੀ। ਅਸੀਂ ਇਹ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਲਖਾਂ ਰੁਪਏ ਦੀ evasion ਰੋਕਣ ਵਾਸਤੇ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ ਲੇਕਿਨ ਸਾਡਾ ਖਰਚ ਕੇਵਲ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਰੁਪਏ ਹੀ ਆਵੇਗਾ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਆਮਦਨੀ ਵਧੇਗੀ ਅਤੇ ਅਸੀਂ ਉਸ ਨੂੰ ਜਨਤਾ ਦੀ ਭਲਾਈ ਉਪਰ ਖਰਚ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਾਂ। ਜਿਹੜੇ ਸਜਨ ਇਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਹਨ ਉਹ ਚੋਰਾਂ ਦੀ ਇਮਦਾਦ ਕਰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਅੱਛੀ ਗਲ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਤਰਮੀਮ ਜਲਦੀ ਪਾਸ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਤਾਂਕਿ ਸੂਬੇ ਦੀ ਅਤੇ ਜਨਤਾ ਦੀ ਭਲਾਈ ਹੋਵੇ।

श्रम मंत्री (चौधरी सुन्दर सिंह) : जिन भाइयों ने एतराज़ किया है, स्पीकर साहिब, आपकी विसातत से उनका जवाब उन को देना चाहता हूं। बहुत से points के जवाब तो मेरे माननीय मित्र फाइनैंस मिनिस्टर ने दे दिए हैं फिर भी मैं कोशिश करूंगा कि जो points रह गए हैं उन का जवाब दे दूं।

सब से पहले चौधरी सिरी चन्द जी ने यह कहा है कि यह अपने रिश्तेदारों को provide करने के लिए आए साल कोई न कोई ऐक्ट या बिल ले आते हैं। सर्व श्री मनी राम बागड़ी और बाबू दयाल जी ने भी अपनी तकरीरें करते हुए इस बात की और इशारा किया था। मैं बड़ा हैरान होता हूं उन की इस किस्म की बातें सुन कर और सोचता हूं कि मेरे यह भाई क्यों इस तरह सोचते हैं जब कि इन्हें यह मालूम है कि हम सारे के सारे मिनिस्टर appointments के मामला में कोई दखल नहीं दे सकते। आपकी इसी शिकायत को दूर करने के लिए ही तो हम ने छोटी तनखाहों वाले officials की recruitments के लिए भी एक बोर्ड बनाया था। 50 रुपए से ऊपर तमाम नौकरियों के लिए भरती Subordinate Services Selection Board करता है और जितनी भी gazetted आसामियां हैं उन के लिए भरती Public Service Commission करता है। इस लिए मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि उन का ऐसा ख्याल करना फजूल है जो पुरानी विचार-धारा पर मबनी है।

[श्रम मंत्री]

इस के बाद माननीय पंडित श्री रमा जी शर्मा ने यह फरमाया कि इस का हशर भी कहीं वही न हो जो कि रोहतक म्यूनिसिपल कमेटी में Professional Tax से इकट्ठी की हुई रकम का होता है। मैं अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि उन के इन remarks में कोई justification होती अगर वह एक item को न ले कर सारे के सारे महकमे पर अपने ख्यालात का इज़हार करते। जितनी आमदनी होती है उसी के हिसाब से किसी department में staff पर 10 फ़ीसदी तक खर्च कर सकते हैं। बल्कि हमारे इस डिपार्टमेंट में तो वह 10 फीसदी भी नहीं। वह कोई 6 या 7 फीसदी निकलता है। उन की इत्तलाह के लिए मैं यह भी कह दूं कि हम खुद इस से ज्यादा खर्च नहीं करना चाहते। इस लिए इस measure से भी आमदनी ही होगी, नुकसान नहीं।

इस के अलावा श्रीयुत पंडित श्री राम जी ने यह भी फरमाया है कि यह जो भी कानून लाते हैं उस से कभी फायदा नहीं होता। यह बात गलत है, हां हो सकती है कि जो तजवीज़ पंडित जी लाएं उस से कोई फायदा न हो पर गवर्नमेंट की तरफ से जो तजवीजें लाई जाती हैं वह लोगों के फायदे और आम भलाई को ही सामने रखते हुए लाई जाती हैं। जैसा कि मेरे फाज़िल दोस्त फाइनैंस मिन्सिटर साहिब ने बताया इस से आठ या दस लाख का फायदा होगा, मेरा ख्याल है कि कम से कम 15,00,000 रुपए की आमदनी अकेले इस ऐक्ट की बिना पर होगी बल्कि इस से भी ज्यादा। सन् 1952 में हम ने entry और search के जो इख्तियारात लिए थे उस से गवर्नमेंट को 30 नहीं बल्कि 50 लाख रुपए का फायदा हुआ था। अब अन्दाज़ा है check-posts के लगाने से कोई 15 लाख रुपए का और फायदा होगा और जो माल चोरी छिपे बिना टैक्स के आता जाता है उस पर नज़र रखी जाएगी। इस लिए पंडित जी को यह खदशा नहीं होना चाहिए। आखिर यह भी तो हम बड़ी सोच विचार के बाद ही लाये हैं।

इस के बाद उन्होंने फरमाया कि जो मौजूदा चौकियां हैं वहां पर अपना एक आदमी बैठा देना चाहिए। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि चौकियों को inspect करने के कोई इख्तियारात नहीं। यह इख्तियारात लेने के लिए ही तो हम यह बिल लाये हैं। मौजूदा कानून के मुताबिक तो चुंगी वालों ने यह देखना होता है कि बिना octroi दिए तो नहीं जा रहा। वह उस को रोक नहीं सकते। यह तो सिर्फ Sales Tax वालों को ही इख्तियार होगा कि उन को रोक सकें और देखें कि tax की evasion के लिये तो नहीं कुछ किया जा रहा। लेकिन अब भी जो इख्तियारात लिये जा रहे हैं उन के मुताबिक सिर्फ़ packings को देख ही सकते हैं—उन को खोल कर नहीं देख सकते।

इस के इलावा यह कहा गया है कि यह check-posts जंगलों में खड़ी कर देंगे ताकि जो आदमी वहां लगाए जाएं वे आसानी से रिश्वत खा सकें। यह तो एक बहुत खोखली सी दलील है। हम तो यह देखेंगे कि कहां कहां वे strategic points हैं जहां से

ट्रकों और माल के निकलने की उम्मीद हो सकती है। यह नहीं है कि सिर्फ पंजाब से बाहर जाने वाले माल पर ही नज़र रखनी है। बाहर से पंजाब में आने वाले माल को भी देखना है। Evasion of the tax तो दोनों हालतों में होती है।

मानयोग मौलवी अब्दुल गनी जी ने फरमाया है कि व्यापारी लोग इस legislation के हक में नहीं हैं। मैं उन की इतलाह के लिए बता देना चाहता हूं कि हम ने जितने भी व्यापारियों को consult किया है और जो ईमानदार हैं उन्होंने इसका स्वागत किया है कि check-posts लगाए जाएं क्योंकि evasion होने से उन के अपने व्यापर में मन्दा आ जाता है। बेईमान लोग सस्ते भावों पर भी बेच कर फायदे में रहते हैं लेकिन tax देने वाले ईमानदार होने पर भी नुकसान उठाते हैं। इस तरह से बेईमान व्यापारियों का इन पर बुरा असर पड़ता है।

इन इलफ़ाज़ के साथ मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह बिल अच्छी तरह से सलाह मशवरा कर के लाया गया है। इस से व्यापारी तबके और गवर्नमेंट दोनों को फायदा होगा। मैं हैरान होता हूं कि जब कोई ऐक्ट बनाते हैं तो ये भाई ऐतराज़ करते हैं और जब evasion को रोकने की कोशिश करते हैं तो भी यह भाई नुक्ता चीनी करते हैं। आखिर गवर्नमेंट को चलाने के लिए पैसे की ज़रूरत है। इस लिए मैं गुज़ारिश करता हूं कि इस बिल को जो सरकार के खज़ाने में पैसा लाएगा और व्यापारियों की तकलीफों को भी दूर करेगा, ज़रूर पास कर देना चाहिए।

Mr. Deputy Speaker : Question is :

That the East Punjab General Sales Tax (Amendment) Bill as reported on by the Select Committee be taken into consideration.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker : Now the House will proceed to consider the Bill clause by clause.

CLAUSE 2

Mr. Deputy Speaker : Question is

That Clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 3

Mr. Deputy Speaker : Question is :

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 1

Mr. Deputy Speaker : Question is :

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Deputy Speaker : Question is :

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Minister for Labour (Chaudhri Sundar Singh): Sir, I beg to move—

That the East Punjab General Sales Tax (Amendment) Bill as reported on by the Select Committee be passed.

Mr. Deputy Speaker : Motion moved :

That the East Punjab General Sales Tax (Amendment) Bill as reported on by the Select Committee be passed.

श्री चन्दन लाल जौड़ा (अमृतसर शहर, उत्तर) : माननीय स्पीकर साहिब ! मैं आपके द्वारा माननीय श्रम मंत्री को बधाई देना चाहता हूं जो यह Sales Tax Amendment Bill लाए हैं। मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि इस बिल को हर ईमानदार व्यापारी welcome करेगा। एक चीज़ मैं उन के नोटिस में लाना चाहता हूं जिस के बारे में Opposition के कुछ माननीय मैम्बरों ने हाऊस का ध्यान भी दिलाया है और मैं समझता हूं कि उन की इस दलील में कुछ वज़न भी है कि Sales Tax staff में ज़्यादा corruption पाई जाती है। उस के रोकने में हमारी सरकार को कुछ न कुछ ज़रूर करना चाहिए। इस बारे में मैं मिनिस्टर साहिब को अमृतसर की एक मिसाल देता हूं। हमारे अमृतसर में कटड़ा अहलोवालिया की कपड़े की मारकिट के साथ एक और मारकिट सुन्दर मारकिट के नाम से बन गई है और उस में जितना व्यापार रोज़ाना होता है वह बगैर Sales Tax के होता है। और यह District Head Quarters होने की वजह से और कपड़े की थोक मारकिट होने की वजह से यहां हज़ारों रुपए उस मारकिट के दुकानदार Sales Tax की शकल में रोज़ाना बचाते हैं। यह मैं नहीं कह सकता कि उस रुपए में से कितना रुपए Sales Tax Department के स्टाफ को जाता है और कितना उन दुकानदारों के पास रहता है। इस का असर कटड़ा आहलोवालिया के व्यापारियों पर बुरा पड़ रहा है। वह इस से बहुत तंग हो गए हैं। पहिले भी Partition की वजह से उन का business काफी हद तक dwindle हो चुका है। और इस के साथ ही इस leakage से गवर्नमेंट को नुकसान हो रहा है।

इस evasion को ज़रूर रोकना चाहिए । यह जो बिल हम अब पास कर रहे हैं यह तो उस माल से concern रखता है जो दूसरे प्रान्तों से यहां आता है लेकिन जिस चीज़ का ज़िक्र मैं कर रहा हूं वह local leakage of the Tax से ताल्लुक रखता है । इस के रोकने से एक तो गवर्नमेंट की आमदनी में इज़ाफा होगा दूसरा कटड़ा आहलोवालिया के व्यापारियों पर एहसान होगा ।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी (आदमपुर) : स्पीकर साहिब, मैं इस बिल के हक में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । मैं चाहता हूं कि मेरे साथी भी जो हर उस बिल की मुखालफ़त करते हैं जो सरकारी बैंचों से पेश होता है ऐसा न किया करें और जो ठीक चीज़ हो उसे मान लिया करें। इसी तरह मेरे सामने बैठे साथी भी इधर की कोई चीज़ मानने को तैयार नहीं होते यह भी उन का गलत ख्याल बना हुआ है । यह मेरी दयान्तदारी की राय है कि यह बिल बहुत Constructive Bill है और मेरा दिल Labour Minister साहिब की दलीलों को सुन कर और भी पुख़ता हो गया है । इस से public को फायदा होगा और State की भी बेहतरी होगी । इस किसम के बिलों को ज़रूर पास कर देना चाहिए । लेकिन मैं यह चाहता हूं कि जो पुलिस के अफसर Check barriers पर लगाए जाएं वे बड़े ईमानदार हों । इस बात का खास ख्याल रखा जाए क्योंकि पुलिस वाले अपनी ईमानदारी झट खो बैठते हैं पुलिस की मैशीनरी बड़ी बदनाम हो चुकी है । इस लिए जो Checking Officer हों वे बड़े honest हों । यदि यह कर दिया गया तो यह बिल सूबे के लिए बड़ा बेहतर बिल साबत होगा ।

मौलवी अब्दुल गनी डार (नूह) : जनाब स्पीकर साहिब ! मैं ने इस बिल पर discussion के दौरान में यह जो कहा था कि हमारी सरकार असल में जो बीमारी होती है उस के इलाज के लिए amendment लाते वक्त उस बीमारी को ध्यान में नहीं रखती । जवाब देते वक्त भी हमारे लेबर मिनिस्टर साहिब ने इस बात को नज़रअन्दाज कर दिया है और इधर उधर की बातों को कह कर जवाब देते रहे हैं । मैं ने कहा था कि जब सरकार ने Trucks वगैरा या Public Carriers पर tax के सिलसिले में उन की बढ़ती हुई demand को रोकने के लिए और tax की evasion को रोकने के लिये lump sum tax लगाना मन्ज़ूर कर लिया था तो वह उसी तरह व्यापारियों से भी lump sum tax वसूल करना क्यों मन्ज़ूर नहीं कर लेती ! जो उन की मांग है और सरकार ऐसा करने पर तैयार नहीं । मैंने तो यह कहा था लेकिन लेबर मिनिस्टर साहिब ने यह कहा है कि मौलवी साहिब को tax की evasion को रोकने का जो कदम सरकार उठा रही ठीक नहीं लगा । मैंने यह बिल्कुल नहीं कहा था । मैंने तो यह कहा था कि इस से बईमानी नहीं रुकेगीं बल्कि इससे **और** भी बेईमानी के बढ़नें का खदशा हो सकता है । Checking barriers पर जो staff लगाया जाएगा वह corrupt हो जाएगा । इस के साथ बईमान व्यापारी tax से बचने के लिए लारियों पर माल नहीं मंगायेंगे और वह गाड़ियों के ज़रिय छोटे स्टेशनो पर उतरवा लेंगे और इस तरह से tax देने से बच जायेंगे क्यों कि गवर्नमेंट के पास तो इतना भारी

[मौलवी अब्दुल गनी डार]

स्टाफ है नहीं जो हर जगह पर checking कर लेगा वह तो checking barriers पर ही लगा हुआ होगा। मैं तो गवर्नमेंट से यह दरखास्त करना चाहता हूं कि वह व्यापारियों से भी उसी तरह sales tax वसूल करना मान ले जैसे कि वह Land Revenue वसूल कर रही है। Land Revenue ही तो वह जमीन को देख कर मुकर्रर कर लेती है, इसी तरह वह हर दुकानदार की बिकरी देख कर उस पर sales tax मुकर्रर कर दे। इस तरह से एक तो tax की evasion रुक जायेगी दूसरे व्यापारियों की मांग पूरी हो जायेगी। मैं लेबर मिनिस्टर साहिब से दरखास्त करता हूं कि जिस तरह पंजाब ने खेती बाड़ी में पैदावार बढ़ा कर तरक्की की है इसी तरह वह पंजाब के व्यापारियों को व्यापार में तरक्की करने दें। वह देश की उसी तरह रहनुमाई करे जैसे कि देश में से खाने की चीजों पर से control को हटाने में श्री राज गोपालाचार्य ने की है। हमारी planning Commission ने देश की planning, control को सामने रख कर की थी और उस ने जरूरी समझा था कि control अभी जारी रहने चाहिए। इस बात के बावजूद मरहूम श्री Rafi Ahmed Kidwai ने सारे मुल्क की Planning के बावजूद देश को कन्ट्रोलों से आज़ाद करा दिया। हालांके हमारे लीडर पंडित जवाहरलाल नेहरू भी control के हक में थे। यह उन की ही हिम्मत थी और श्री राजगोपाल चार्य ने उन की रहनुमाई की थी। इस का नतीजा यह हुआ है कि आज हमारा देश खुशहाल हो रहा है अनाज के मामले में वह आत्मनिर्भर बन गया है। इस लिए मैं लेबर मिनिस्टर साहिब से दरखास्त करता हूं कि वह यह तरीका अपना लें और इस से वह गवर्नमेंट का मालिया भी बढ़ा लें और साथ ही व्यापारियों की साख भी बनी रहने दें। बेईमान व्यापारियों के खिलाफ पहले जो इकदाम सरकार ने किये थे मैं ने उन के लिए उसे बधाई दी थी। जहां उन की नीति अच्छी है वहां साथ ही साथ यह तरीका अपना कर tax की leakage को रोका जाए ताकि यह बिल्कुल खत्म हो जाए।

श्री मूल चन्द जैन (सम्भालका) : साहिबे सदर ! यह जो तरमीमी बिल अब पेश हुआ है यानी General Sales Tax (Amendment) Bill इस के पास होने से यह कहना गलत न होगा कि सूबा की सरकार को करोड़ों रुपए की बचत होगी। इस से पहले बिकरी Tax का काफी evasion हो रहा था और उस evasion को रोकने के लिए यह बिल लाया गया है। इस के बारे में जो भी एतराज मेरे दोस्त मौलवी अब्दुल गनी ने किए हैं—वैसे तो उन्होंने एतराज़ तो कोई नहीं किया उन्होंने जो तजवीज़ पेश की है कि इस बिल की बजाए व्यापारियों से यह tax lump sum में लिया जाए।

अगर व्यापारियों पर lump sum tax लगा दिया जाता तो यह ज्यादा अच्छा न होता। कहा जाता है कि इस से check post का काम खत्म हो जाता जिस से कि corruption का डर है। लेकिन जब बिक्री टैक्स अफसरान को यह इख्तियार दिया जाए कि वह जितना चाहें टैक्स लगा दें तो corruption कैसे बन्द हो जाती।

उल्टे इस से तो corruption आम हो जाती; इस का समुद्र ही खुल जाता। व्यापारियों की महकमा को return भेजनी होती है और अगर कोई न भेजे तो अफसर को इख्तियार है कि वह अपनी best judgement के मुताबिक टैक्स लगा दे। इस तरह अफसर को अपनी best judgement के मुताबिक टैक्स लगाने के इस अख्तियार में corruption की काफी गुन्जायश है। आप District Boards की तरफ से लगाए professional tax को ही लीजिए। हालांकि यहां taxable limit 200 रुपया ही है तो भी corruption है, तो अगर अफसरों को बिक्री टैक्स में भी ऐसा मौका मिल जाए तो corruption का हिसाब ही नहीं रहेगा इस लिए यह lump sum की तजवीज़ corruption को कम नहीं करती फिर यह काबिले अमल भी नहीं और इस पर बहस से कोई फायदा नहीं। अलबत्ता जो बिल आज House के सामने पेश है, और पास होगा, बहुत अच्छा है। बाकी कुछ ऐसे निकम्मे व्यापारी भी होंगे जो इस से भी बचने की तरकीबें निकाल लेंगे। हो सकता है कि वे ट्रकों की बजाए रेलों की तरफ रजूह करें मगर बड़ी बात तो टैक्स evasion को बन्द करने की है। अगर थोड़ी बहुत trade रेल की तरफ झुक जाए तो भी कोई बात नहीं, माल ट्रकों से आता रहेगा। इस लिए इस बिल के पेश करने पर मैं मिनिस्टर साहिब को बधाई देता हूं।

Mr. Deputy Speaker : Question is :

That the East Punjab General Sales Tax (Amendment) Bill as reported on by the Select Committee be passed.

The motion was carried.

The Assembly then adjourned till 2 p.m. on Wednesday, the 3rd November, 1954.

1446 PVS—284—17-8-56—CPand S., Punjab, Chandigarh

Punjab Vidhan Sabha Debates

3rd November 1954

VOL. III—No. 3

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Wednesday, 3rd November, 1954

CHANDIGARH

Printed by the Controller, Printing and Stationery, Punjab,

1954

Rs. 3/14/-

PUNJAB VIDHAN SABHA

Wednesday, 3rd November, 1954.

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 10, Chandigarh Capital at 2 p.m. of the clock. Mr. Speaker (Sardar Gurdial Singh Dhillon) in the chair.

STARRED QUESTIONS AND ANSWERS.

ANTI-CORRUPTION COMMITTEE IN THE STATE.

***3664. Shri Teg Ram** : Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) whether the Anti-Corruption Committee which was set up in the State is still functioning ;

(b) if the reply to part (a) above be in the affirmative, the names of the Districts which were visited by the said Committee during the period from 1st January 1954 to 15th August 1954 together with the total number of cases that were brought before it ;

(c) the total number of cases in which enquiries were held by the said Committee during the period mentioned in part (b) above ;

(d) the total number of cases where in punishments were awarded to Government Officials in accordance with the recommendations of the said Committee ;

(e) the total expenditure incurred on the said Committee during the period mentioned in part (b) above together with the manner in which it was incurred?

Shri Prabodh Chandra (Chief Parliamentary Secretary) : (a) Yes.

(b) Part I—The Anti-Corruption Committee do not undertake touring in connection with the eradication of corruption.

Part II—The reference is presumably to cases brought before the Anti-Corruption Committee while on tour. The question does not arise.

(c) The Anti-Corruption Committee itself makes no enquiries.

(d) The Anti-Corruption Committee does not make recommendations in regard to the punishment to be awarded to the officials whose conduct forms the subject of an enquiry as it is for the department concerned to take a de cision in the matter as a result of a departmental enquiry. The Committee however, ensures that investigation into complaints against officers takes place, satisfactorily and that where necessary, due punishment is meted out to the officers concerned.

[Chief Parliamentary Secretary]

(c) A sum of Rs 8,791-13-0. This amount represents expenditure incurred by way of pay and allowances and travelling allowance to the staff attached to the Anti-Corruption Committee and the contingent expenditure relating thereto.

GRANT OF PENSION TO POLITICAL SUFFERERS.

***3692. Pandit Shri Ram Sharma** : Will the Chief Minister be pleased to state :—

(a) the names and addresses of the Political Sufferers and Workers district-wise in the State along with a brief history of their services and sacrifices in the struggle for Independence or for the cause of the Country who have been granted pension by the Government ;

(b) the criterion and the conditions which entitled them to get the pension ?

Shri Prabodh Chandra (Chief Parliamentary Secretary) : (a) A list showing the names and addresses of political sufferers who have been granted financial assistance is given below. It is regretted that the information asked for in the latter part of the question is not readily available and the time and labour involved in collecting it will not be commensurate with any possible benefit to be derived from it.

(b) The principal criterion for determining eligibility for the grant of pensions was the nature of sufferings undergone by the political sufferers concerned. In the case of deceased political sufferers, their widows, minor sons and even grown-up sons who were unable to earn their livelihood were made eligible for relief. The pensions were sanctioned by the State National Workers' (Relief and Rehabilitation) Board.

Statement showing the names and addresses of political sufferers who have been granted financial assistance.

Serial No.	*Names and addresses of the Political sufferers who have applied for relief.*
	KANGRA DISTRICT
1.	Shri Om Parkash, son of L. Nagain Chand, resident of Chah Chowdharian, Nurpur.
2.	Mahasha Lachhman Dass, son of Th. Chaudhry Ram, Rajput, Village and Post Office Galere, Tehsil Hamirpur, District Kangra.
3.	Shri Jai Lal Nangal, son of Shri MohanLal Nangal, Village and Post Office Palampur (District Kangra).
4.	Shri Atam Ram, son of Shri Kanhaya Lal, Village and Post Office Parcur, Tehsil Palampur, District Kangra.
5.	Shri Ladhu Ram, son of Shri Raman, Village Dudhambha, Post Office Charri, Tehsil and District Kangra via Dharamsala.
6.	Shri Sahib Singh, son of Shri Kaharak Chand, Village Tikar, Post Office Pahra, Tehsil Palampur, District Kangra.
7.	Pt. Sudhama Ram, son of Pt. Jhanna Mall, Village and Post Office Hamirpur, Tehsil Hamirpur, District Kangra.
8.	Shrimati Champa Wati Devi, widow of Late Jamadar Dal Bahadur Thapa, President, The Punjab Gorkha Association, Dharamsala.

Serial No.	Names and addresses of the Political sufferers who have applied for relief.

KANGRA DISTRICT—CONTD

9. Krishna Ram, alias Bhaunka, son of Pt. Kharku Ram, Village Khangatta Tappa Pahloo, Post Office Jhiralri, Tahsil Hamirpur, District Kangra.
10. Shri Ram Lal Sangar, son of Shri Munshi Ram, Village Bachhun, Bhati Bihar Kothi, Chehni, Tehsil Seraj , District Kangra.
11. Shri Radha Krishan, son of Shri Kirpa Ram, Village and Post Office and Tehsil Hamirpur, District Kangra.
12. Shrimati Prabhi , mother of Shri Amar Nath (w/o Gokal Ram), Village Jahu Post Office Mundkhar, Tahsil Hamirpur, District Kangra.
13. Shri Ishar Dass , son of Shri Sri Pat, Village Daulatpur, Post Office, Tahsil and District Kangra.
14. Shri Hari Chand, son of Pt. Mohan Lal, Village Tibbi Tappa, Kathora, Post Office Kothara, Tahsil Hamirpur, District Kangra.
15. Shri Ram Singh, son of S. Khazan Singh, Sujanpur Tira, Tahsil Hamirpur District Kangra.
16. Shrimati Saraswati Devi, alias Sarla, widow of late Havildar Durga Mal, son of Nathu Chand Gorkha, Siam Nagar, Dharamsala.
17. Shri Faqir Chand, son of Pt. Madho Ram, Akhara Bazar, Kulu, District Kangra.
18. Shri Sunder Lal, Village Phaglot, Tahsil Hamirpur, District Kangra.
19. Shrimati Kamla Devi, Naraini, care of District C.C., Hamirpur.
20. Shri Amin Chand, son of Pt. Chandni Ram, Village Pabloh, Post Office Bharari, District Kangra.
21. Shri Kesar Mal, care of Seth Panna Lal, Pleader, Kulu, District Kangra.
22. Shri Nagar Dass Patil of Kangra District at present, care of Shri Chatar Lal-Hira Lal, Parmar, Palampur, District Banas, Kantha (Bombay).
23. Shri Pritam Singh, care of District Congress Committee, Kangra.
24. Shri Bashi Ram, son of L. Muni Ram, 7, Palampur, City, District Kangra.
25. Shri Narain , son of Shri Tara Chand, Village Garh Janula, Post Office Tikkar, Tehsil Palampur, District Kangra.

HOSHIARPUR DISTRICT

1. Shri Shankar Das, son of Pt. Bhola Nath, Ghantiwala, Gauran Gate, Hoshiarpur.
2. Shri Hazara Singh, son of S. Hira Singh, Village Katha, Post Office Sham Chaurasi, District Hoshiarpur.
3. Shri Jagdish Rai, son of Shri Nand Lal, Kandhala Jatta, Post Office Kandhala Jattan, via Sham Chaurasi.
4. Shri Zulfi Ram, son of Shri Behari Lal, Village Karot Bagro, Post Office Amb Via, Gagret, District Hoshiarpur.
5. Shri Bansi Lal, son of Pt. Gori Shankar, Village Thana, Post Office Jhaj, Tehsil Una, District Hoshiarpur.
6. Shri Kirpa Singh, son of S. Jawahar Singh, Village Mirpur , Post Office Nurpur Bedi, Tehsil Una, District Hoshiarpur.
7. Shri Suraj Ram, Batsayan, son of Pt. Gharkan Ram, Viilage and Post Office Bhadsali, Tehsil Una, District Hoshiarpur.
8. Shri Girdhari Lal, son of Pt. Bhagat Ram, Rajanwali Gali, Mukerian.
9. Shrimati Bhagwan Kaur, widow of late Shri Gokal Singh alias Ranjit Singh, son of S. Ram Singh Saini, Village Simbli, via Garhshankar, District Hoshiarpur.

[Chief Parliamentary Secretary.]

Serial No.	*Name and addresses of the political sufferers who have applied for relief*
	HOSHIARPUR DISTRICT—CONTD
इन ज़मीनों में से या और कोई ज़मीन देंगे । आज से नहीं बल्कि 30 साल से मतवातर यही propaganda होता रहा है और इस का नतीजा यह हुआ है कि आज पंजाब के देहात में दो मुख्तलिफ पार्टियां कायम कर दी गई हैं—एक हरिजन और एक ज़मींदार । हरिजनों को यह ख्याल बार बार दिलाया जा रहा है कि दर असल में ज़मीन ज़मींदार नहीं देना चाहते । यह ज़मीन गवर्नमैण्ट दे सकती है, कांग्रेस वाले दे सकते हैं लेकिन ज़मींदार ज़मीन नहीं देना चाहते । हम ने उन को बार बार कहा कि जो फालतू ज़मीन है वह आप को दी जा सकती है यह जो प्रचार किया जा रहा है कि ज़मींदार ज़मीन नहीं देना चाहते वह बिल्कुल गलत है लेकिन उन्हें यह यकीन नहीं आता । अब थोड़े अरसे से जब कोशिश की गई समझाया गया कि बात यह है कि अगर गवर्नमैण्ट देना चाहे तो उस के पास ज़मीन है । मैं अर्ज़ करता हूं कि फिर प्रचार हुआ कि जाने दो ! ज़मीन जाटों के पास है, अहीरों के पास है—ज़मीन को जाने दो ! हम तुम्हें मन्दिरों में दाखिल कर देंगे ! फिर यह बड़े तमतराक से कहते हैं कि हम ने हरिजनों को मन्दिरों में दाखिल कर दिया है, मूर्तियों पर चढ़ाया गया पानी पिलाया है, हम उन्हें कूओं पर जाने देते हैं । यही नहीं लम्बरदार बना दिया है मगर पंजोतरा नहीं दिया । उन्हें ज़मींदार करार देंगे मगर ज़मीन नहीं देंगे । इस तरह का प्रचार election के दिनों में हमेशा किया जाता है ।

साहिबे सदर, मैं तहेदिल से इस Resolution की ताईद करता हूं । कांग्रेसी भाई जानते हैं कि जिस रोज़ हरिजनों की यह मांग पूरी हो गई उन्हें ज़मींदारों से लड़ाने का उन के पास कोई बहाना नहीं रहेगा और फिर 14 फीसदी शहरी यहां बैठ कर हकूमत नहीं कर सकेंगे । गवर्नमैण्ट नहीं चाहती कि किसी तरीके से हरिजनों को ऊपर उठाया जाये, सिर्फ वायदे करना ही जानती है पर यह वायदे कब तक चलेंगे । आखिर हरिजनों को पता लग जायेगा कि यह भाई झूठ बोलते हैं मगर ब्राह्मणों का स्वर्ग का बहाना तो लाखों सालों से चल रहा है । किसी ने आजतक वापिस आ कर नहीं बताया कि स्वर्ग है भी सही या नहीं, अगर है तो वहां क्या मिलता है । लोगों के दिलों से स्वर्ग का ख्याल अभी तक नहीं निकला । ज़मीन तो सामने पड़ी है, हम कहते हैं कि इसे हरिजनों को दिलवायेंगे । हमारे दोस्त तो वायदे करने ही जानते हैं । पूछते हैं इस तरफ का खेत लोगे या उस तरफ का, यह ज़मीन लोगे या वह । मगर जो ज़मीन सरकार के पास पड़ी है किसी काम में नहीं लाई जा रही, जिस से कोई आमदनी नहीं हो रही, वह हरिजनों को देने के लिये तैयार नहीं होंगे । बहाना यह किया जायेगा और हरिजन मैम्बरों से कहलवाया जायेगा कि चूंकि यह Resolution कम्यूनिस्टों की तरफ से आया है, इस लिये मनज़ूर नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें विश्वास दिलाया जायेगा कि गवर्नमैण्ट की तरफ से ऐसा प्रस्ताव लाया जायेगा, party discipline के बहाने हरिजन मैम्बरों को इस के हक में बोलने से रोका जायेगा और वे भी कहेंगे कि हरिजनों को ज़मीन नहीं मिलनी चाहिये क्योंकि यह Communists का resolution है । मुनासिब और नेक बात को मानने में झिजक नहीं होनी चाहिये खाह उस के कहने वाला कैसा आदमी ही क्यों न हो । बेशक इस पर कांग्रेस वाले अपना नाम लिख लें मगर वे तो चाहते हैं कि गरीब ज़मींदार की ज़मीन छीन कर हरिजनों को दी जाये ताकि दो भूके आपस में लड़ें । एक दूसरे की लंगोटी को छीनने की कोशिश करें जो उस के पास नहीं है और दूसरा पहले की टोपी । (हंसी) ज़मींदार कौनसा अमीर है जो

उस की ज़मीन छीन ली जानी चाहिये । अमीर तो उधर बैठे हैं, जिन के मकानों के पास किसी को फटकने नहीं दिया जाता । यह बात नहीं कि हरिजनों को ज़मीन दे देने में कोई हर्ज है मगर वे सोचते हैं कि फिर हरिजनों और जमींदारों को आपस में लड़ाया कैसे जायेगा । हरिजनों के साथ रोज़ इकरार किये जाते हैं मगर कोई भी पूरा नहीं किया जाता ।

मैं हरिजन साथी मेम्बरों से कहता हूं "यह आप के लिये बहुत अच्छा मौका है । इस के हक में राये दो, फिर देखते हैं आप को ज़मीन मिलती है या नहीं।" (Cheers from the Opposition Benches) अगर अब वे न बोले, तो ज़मीन उन्हें कभी नहीं मिल सकेगी । जो आप के असली विचार हैं ज़ाहर करो, जो चाहते हो मांगो पंजाब का जमींदार अपने पड़ोसी के साथ किसी किसम का तफर्का नहीं चाहता, वह यह नहीं चाहता कि उस का पड़ोसी गरीब और कंगाल रहे, वह हरिजनों को ऊंचाई पर जाते देखना चाहता है । अगर उन्होंने यह सोचा कि यह resolution कम्युनिस्टों की तरफ से आया है, इस लिये खराब है तो वे एक अच्छा मौका खो बैठेंगे ।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी (आदमपुर) : स्पीकर साहिब, यह एक ऐसा resolution है जिस पर मेरे ख्याल में कांग्रेस पार्टी के किसी मैंबर को एतराज़ नहीं हो सकता । मैं उन के motives को जानता हूं कि वे इस तरह के कामों के लिये हमेशा कोशिश करते रहे हैं । गांधी जी ने तो यहां तक कहा था कि जब स्वराज मिलेगा तो हिंदुस्तान के तख्त पर एक हरिजन बैठेगा । कांग्रेस ने बड़ी खलूस दिली के साथ हरिजन सुधार की तहरीक को चलाया था । मैं कांग्रेस में रहा हूं और अब भी उस की ideology में यकीन रखता हूं और मानता हूं कि वह मुल्क को आगे ले जायेगी (cheers from Treasury Benches) अगर कांग्रेस अपनी ideology पर तेज़ी से काम करे तो बहुत शोहरत हासिल करे । कांग्रेसी भाइयों को यह ख्याल न करना चाहिये कि यह resolution कम्युनिस्टों की तरफ से आया है । अगर उन्हों ने इसे मान लिया तो नाम उन का ही होगा, अगर यह पास न हो सका तो इस का discredit उन को ज़रूर मिलेगा । इस पर अमल किये जाने से देश की आबादी के एक भाग को जो पसती की हालत में है ऊपर उठने और ज़िन्दगी की असली खुशी देखने का मौका मिलेगा और अगर वे अपने खाबों की ताबीर न देख सके, तो वह वक्त दूर नहीं जब कि इस देश में एक खतरनाक revolution होगा । कांग्रेस ने ही इस काम को शुरू किया था और उसे ही इसे पूरा करना चाहिये । इस को महज़ इसी लिये रद्द नहीं करना चाहिये क्योंकि यह, Opposition की तरफ से पेश हुआ है । इस पर बड़ी संजीदगी balance of mind, बगैर prejudice या bias के विचार होना चाहिये । इस पर public मुफाद के नुक्तानज़र से विचार होना चाहिये । अगर culturable waste land जो ऐसे ही पड़ी है ज़ेरे काश्त आ जाए तो इस से गवर्नमैण्ट को भी फायदा होगा, revenue बढ़ेगा और landless लोग भी रोटी कमा सकेंगे ।

स्पीकर साहिब ! इस वास्ते मैं अर्ज़ करता हूं कि उन को यह विचार नहीं करना चाहिये कि चूंकि यह resolution Opposition पार्टी की तरफ से आया है इस लिये इसे रद्द कर देना चाहिये । अगर्चे हम Opposition में बैठे हैं फिर भी हम देश की बेहतरी और पब्लिक

[प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी]

के मुफाद के लिये यहां बैठे हैं । हर एक मामले में हम बगैर bias और बगैर किसी prejudice के सोच समझ कर राए देते हैं । देश की बेहतरी के लिये हमारा इकट्ठा होना बहुत ज़रूरी है । और इस सिलसिले में मैं उन पर पूरा यकीन भी कर सकता हूं । स्पीकर साहिब, पंजाब प्रदेश में जो culturable waste land पड़ी हुई है अगर वह सारी ज़ेरे काश्त आ जाये तो उस से सरकार को भी कितना फायदा हो सकता है, कितना revenue बढ़ेगा ? देश की धन सम्पत्ति बढ़ेगी । लोगों का जीवन स्तर ऊंचा होगा । इस समय सब से ज़रूरी और सर्व प्रथम चीज़ यह है कि अब चूंकि स्वराज्य मिल चुका है हमें दिहाती लोगों की सामाजिक ज़िन्दगी की हालत को देखना चाहिये । वे लोग कैसी बुरी तरह पीसे जा चुके हैं ? हरिजन और landless लोगों को जमींदारों के सामने झुकना पड़ता है । उन के दिलों में inferiority complex अभी तक वैसे ही मौजूद है । उन के पास न तो ज़मीनों का possession है और न ही मकानों की मलकियत है । स्वराज्य मिल चुका है लेकिन वे लोग अभी तक बेघर और बेदर हैं क्या यह बात सरकार के लिये काबले विचार नहीं है ? यह गौर तलब बात है कि ऐसे देश में जहां की 90 per cent आबादी की गुज़र काश्तकारी पर है इतनी बड़ी गिनती में लोग बगैर ज़मीन के हैं । इन बेचारों को जिन की गिनती करीबन 10 लाख है कहीं 6 मास के बाद थोड़ा बहुत काम करने से कुछ गल्ला मिलता है । फिर देने वाला भी तो खुद गरीब है । हमारे सूबे में peasant proprietor है वह खुद भी गुज़ारा करता है और उन लोगों को भी देता है । अगर यह figure ठीक है कि यहां पर 8½ लाख एकड़ ज़मीन पड़ी हुई है तो मैं कहूंगा कि उस में काश्त करने से देश खुशहाल हो जायेगा । ज़मीन पड़ी पड़ी खराब हो चुकी है । उस में रेत भर चुकी है water logging हो चुका है । Budget Session में Leader of the House ने यकीन दलाया था कि गवर्नमैण्ट इस ओर ध्यान देगी. Finance Minister ने बहुत अच्छे शब्दों में कहा था कि ज़मीन इन लोगों में बांट दी जायेगी । Development Minister साहिब ने बार बार कई सवालों के जवाब देते हुए कहा कि culturable waste land उन लोगों की हालत को सुधारने के लिये उन में तकसीम कर दी जायेगी । मुझे यह भी पता है कि इस तरफ कदम उठाया भी गया है लेकिन इतना नहीं जितना कि चाहिये । इस में बहस की ज़रूरत नहीं । मुझे तो कोई ऐसा सदस्य नज़र नहीं आता जिस को इस resolution से इख्तलाफ़ हो, न Opposition में और न ही Treasury Benches में । यह गरीब लोग अभी तक अपने आप को out-cast समझते हैं और untouchable समझते हैं । उन की इस ज़हनीयत को बदलने के लिये गवर्नमैण्ट यत्न कर चुकी है और अब भी कर रही है । लेकिन अभी बहुत कुछ और करना है । जब तक उन की माली हालत नहीं सुधरेगी तब तक उन की आम हालत नहीं सुधर सकती । तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता । जब तक इन लोगों की ज़हनियत नहीं बदलती । उन के गंदे कपड़े टूटी फूटी झौंपड़ियां जैसी अंग्रेज़ों के वक्त में थीं वैसी ही अब भी हैं । उन में नुमायां तबदीली की ज़रूरत है । थोड़े से वज़ीफे दे कर उन के बच्चों की हालत नहीं सुधर सकती । उन की हालत को बहुत ऊंचा करने की आवश्यकता है । मुझे तो उस दिन बहुत खुशी होगी जिस दिन सरकार उन के लिये Model Town जैसे घर खुद बनाएगी । जब तक वे लोग socially और economically ऊंचे नहीं हो सके तब तक उन की political mentality ऊंची

नहीं हो सकती । उन के vote पार्टियां खरीद लेती हैं । वे लोग पैसे की किल्लत के कारण vote बेच देते हैं ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ : ਗਲਤ ਹੈ ।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : मैं मजमूई तौर पर बात कर रहा हूं । आप अपने तबके की बात न करें ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ : ਤੁਸੀਂ ਕਿਤਨੇ ਪੈਸੇ ਦਿਤੇ ਹਨ ?

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : मैं देने वाला नहीं हूं लेकिन मुझे पता है ।

Mr. Speaker : Order please.

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : आप इन बातों को मत लीजिये, मैं हकीकत बता रहा हूं । और अगर आप सबूत लेना चाहें तो मैं दे सकता हूं । और मैं challenge करता हूं कि दे सकता हूं ।

Mr. Speaker : There is no necessity of giving a proof of it.

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी अगर हकीकत को हकीकत समझ कर चलेंगे तो काम चलेगा बुराई हर जगह पर नहीं होती । Generalise करते वक्त यह नहीं कहा जाता कि बुराई कहां पर है और कहां पर नहीं । List में अकेले हरिजनों का ही जिक्र नहीं है बल्कि दूसरी landless classes का भी जिक्र है । जिन की इक्तसादी हालत खराब हो, वे इखलाकी तौर पर भी ऊंचे नहीं हो सकते । खराब economic conditions इखलाक को खराब कर देती हैं । यह सच्चाई है इस को कबूल कर लेना चाहिये । मुझे उम्मीद है कि Leader of the House मेरे साथ मुतफिक होंगे और Finance Minister साहिब भी अपने views को आज ही elaborate करेंगे कि इस resolution के बारे में उन्होंने आज तक क्या किया है और आगे क्या करने का उन का इरादा है । स्पीकर साहिब इन अलफाज़ के साथ मैं अपनी तकरीर को खत्म करता हूं ।

ਮਾਸਟਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ (ਰੋਪੜ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀ ਅਬਾਦੀ 90 ਫੀ ਸਦੀ ਕਾਸ਼ਤਕਾਰੀ ਉਪਰ ਆਪਣਾ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਉਹ ਲੋਕ ਆਪਣੀ ਰੋਟੀ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜ਼ਮੀਦਾਰਾਂ ਨਾਲ ਮਿਲਕੇ ਅਤੇ ਕੰਮ ਕਰਕੇ ਕਮਾਉਂਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਆਪ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਕਾਸ਼ਤਕਾਰੀ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ਉਹ ਕਿਧਰੇ ਛੋਟੀ ਮੋਟੀ ਨੌਕਰੀ ਕਰਕੇ ਆਪਣਾ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਬੜੀ ਮੁਸ਼ਕਲ ਨਾਲ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੇ ਬਗੈਰ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ ਤਾਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ ਫਾਲਤੂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਪਈਆਂ ਹਨ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੇ ਦੇਵੇ । ਅਜ ਕਲ ਕੁਛ ਸੱਜਣ ਛੋਟੇ ਛੋਟੇ ਕੰਮਾਂ ਉਪਰ ਮਸਲਨ ਘੜੀਆਂ ਦਾ ਕੰਮ ਅਤੇ ਜੁੱਤੀਆਂ ਬਣਾਉਣ ਦੇ ਕੰਮ ਉਪਰ ਲੱਗੇ ਹੋਏ ਹਨ । ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕੁਛ ਨਾ ਕੁਛ ਰੁਪਿਆ co-operative basis ਉਪਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਤਾਂ ਕਿ ਉਹ ਲੋਕ ਆਪਣੀ ਦਸਤਕਾਰੀ ਦੀ ਹਾਲਤ ਬਿਹਤਰ ਬਣਾ ਸਕਣ ਅਤੇ ਉੱਚੀ ਹਾਲਤ ਪੁਰ ਲੈ ਜਾ ਸਕਣ । ਮੈਂ ਕਿਸੇ ਇਕ ਜਗ੍ਹਾ ਦੀ ਗਲ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ ਮੈਂ ਕਾਫੀ ਹਲਕਿਆਂ

[ਮਾਸਟਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ]

ਵਿਚ ਘੁਸ ਕੇ ਵੇਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪੈਸਾ ਵੀ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ। ਉਹ ਰੁਪਿਆ ਵੀ ਜਿਹੜੇ ਵਡੇ ਵਡੇ ਅਮੀਰ ਹਨ, ਕਾਰਖਾਨੇਦਾਰ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੀ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਵਾਅਦੇ ਕਾਂਗਰਸ ਨੇ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਅੱਛੀ ਕਰਨ ਸੰਬੰਧੀ ਕੀਤੇ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਸ ਨੇ ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ । ਜਿਹੜੇ ਵਾਦੇ ਕਾਂਗਰਸ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਬਚਿਆਂ ਦੀ ਫੀਸ ਮੁਆਫ ਕਰਨ ਦੇ ਕੀਤੇ ਸਨ ਉਹ ਵੀ ਪੂਰੇ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਹੇ। ਵਜ਼ੀਫਿਆਂ ਦੀ ਗਿਣਤੀ ਵੀ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਘਟ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਹੁਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਫੀਸਾਂ ਵੀ ਲਗਦੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਵਜ਼ੀਫੇ ਵੀ ਨਹੀਂ ਦਿਤੇ ਜਾ ਰਹੇ। ਇਹ ਵਾਦੇ ਕਾਂਗ੍ਰਸ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਬੜੇ ਇਤਮੀਨਾਨ ਨਾਲ ਕੀਤੇ ਸਨ ਲੇਕਿਨ ਹੁਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਮੁਨਕਰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਇਸ Resolution ਨੂੰ ਮਨਜ਼ੂਰ ਕਰਕੇ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਸਾਰੀ ਫਾਲਤੂ ਜ਼ਮੀਨ ਸਰਕਾਰ ਗਰੀਬ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ landless ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦੇ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਨਿਰੀ ਪੁਰੀ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਹੀ ਮਦਦ ਨਹੀਂ ਹੈ ਬਲਕਿ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਆਪਣੀ ਮਦੱਦ ਵੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਜਿਹੜਾ ਮਾਲੀਆ ਲਿਆ ਜਾਵੇਗਾ ਉਹ ਚੰਗੇ ਕੰਮਾਂ ਤੇ ਖਰਚ ਕਰਕੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਹਾਲਤ ਨੂੰ ਬਿਹਤਰ ਬਣਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਲਾਭ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਇਸ Resolution ਨੂੰ ਮਨਜ਼ੂਰ ਕਰ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਉਹ ਸਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਵਿਚ ਵੰਡ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ।

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ (ਤਰਨ ਤਾਰਨ): ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਜਿਹੜਾ ਮਤਾ ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ ਵਲੋਂ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਮੈਂ ਉਸਦੀ ਪ੍ਰੋੜ੍ਹਤਾ ਕਰਨ ਲਈ ਖੜਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਇਹ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਮਤਾ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਰਹਿਣ ਵਾਲ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹਰੀਜਨ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਹੜੇ ਪਿਛੜੇ ਹੋਏ ਕਹੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ; ਸਹੀ ਨੁਮਾਂਇੰਦਗੀ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ! ਜੇ ਅਜ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਨੂੰ ਸਾਮ੍ਹਣੇ ਰਖਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਨਤੀਜੇ ਤੇ ਪਹੁੰਚਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਨ ਦੀ ਬਹੁਤ ਲੋੜ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਬੜੇ ਖੁਸ਼ ਹੁੰਦੇ ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣੇ ਵੱਲੋਂ ਹੀ ਇਹ ਮਤਾ ਲਿਆਉਂਦੀ। ਇਹ ਮਤਾ ਅਜ ਕੋਈ ਨਵਾਂ ਨਹੀਂ ਪੇਸ਼ ਹੋਇਆ। ਅਪ੍ਰੈਲ ਦੇ ਮਹੀਨੇ ਵਿਚ ਵੀ ਇਹੀ ਮਤਾ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਲਿਆਉਂਦਾ ਗਿਆ ਸੀ ਪਰ ਬਦ-ਕਿਸਮਤੀ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਸ ਨੂੰ ਪਰਵਾਨ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਅਸੀਂ ਵੀ ਇਹ ਦਸਿਆ ਸੀ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਬੇਕਾਰੀ ਇਕ ਬੜਾ ਭਿਆਨਕ ਰੂਪ ਧਾਰਨ ਕਰ ਚੁਕੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਨੂੰ ਘਟ ਕਰਨ ਲਈ ਬਾਕੀ ਤਰੀਕਿਆਂ ਤੋਂ ਅਲਾਵਾ ਇਹ ਵੀ ਇਕ ਤਰੀਕਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਪਰ ਉਸ ਵੇਲੇ ਸਾਡੇ ਹਰੀਜਨ ਭਰਾਵਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਕਹਿ ਕੇ ਟਾਲ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਮਤਾ ਕਮਿਊਨਿਸਟਾਂ ਵਲੋਂ ਪੇਸ਼ ਹੋਇਆ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਨ ਨਾਲ ਸਾਡੇ prestige ਵਿਚ ਫ਼ਰਕ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ credit ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਚਲਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਸ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਇਹ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਦਿਵਾਇਆ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਅਗਲੀ ਵਾਰੀ ਅਸੀਂ ਆਪਣੀ ਵੱਲੋਂ ਮਤਾ ਲਿਆਵਾਂਗੇ ਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਾਂਗੇ। ਪਰ ਅਜੇ ਤਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵੱਲੋਂ ਕੋਈ ਕਦਮ ਨਹੀਂ ਉਠਾਇਆ ਗਿਆ। ਅਜ ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਫ਼ਖਰ ਹੈ ਕਿ ਅਜ ਫਿਰ ਅਸੀਂ ਉਹ ਹੀ ਮਤਾ ਲਿਆਏ ਹਾਂ।

ਆਖਿਰ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਣ ਦੀ ਲੋੜ ਕਿਉਂ ਹੈ ? ਇਸ ਦੇ ਦੋ ਚਾਰ ਬੜੇ ਭਾਰੀ ਕਾਰਨ ਹਨ। ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਕਾਰਨ, ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ! ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਪਾਰਟੀਸ਼ਨ ਨੇ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੇ ਲਕ ਵਿਚ ਬੜੀ ਸਖ਼ਤ ਸੱਟ ਮਾਰੀ। ਇਸ ਦੇ ਫਲਸਰੂਪ ਜਿਹੜੇ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਆਏ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸੰਖਿਆ 70,000 ਸੀ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਅਲਾਟ ਕਰ ਦਿਤੀ ਗਈ ਪਰ ਬੜੇ ਅਫ਼ਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਬਾਦ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਉਹ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਖੋਹ ਲਈਆਂ ਗਈਆਂ। ਫਿਰ ਉਹ 70,000 ਮੁਜ਼ਾਰਾ ਟੱਬਰ ਕਿਧਰ ਗਿਆ ? ਉਹ ਬੇਕਾਰਾਂ ਦੀ ਫ਼ੌਜ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਿਲ ਹੋਏ।

ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ 30,000 ਮੁਜ਼ਾਰਾ ਟੱਬਰ ਮਮਦੋਟ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਮੁਸਲਮਾਨ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਤੇ ਪਾਰਟੀਸ਼ਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਕੰਮ ਕਰਦਾ ਸੀ। ਮੁਸਲਮਾਨਾਂ ਦੇ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਚਲੇ ਜਾਣ ਤੋਂ ਬਾਦ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਇਹ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਉਧਰੋਂ ਆਏ ਹੋਏ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਅਲਾਟ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਬੇਦਖ਼ਲ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਆਖਿਰ ਜਦੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ 30,000 ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਹੋਰ ਕੰਮ ਨਾਂ ਮਿਲਿਆ ਤਾਂ ਉਹ ਵੀ ਕਿਥੇ ਗਏ ? ਉਹ ਵਿਚਾਰੇ ਵੀ ਬੇਕਾਰਾਂ ਦੀ ਫ਼ੌਜ ਵਿਚ ਭਰਤੀ ਹੋ ਗਏ।

ਤੀਜਾ ਕਾਰਨ ਇਸ ਬੇਕਾਰੀ ਦੇ ਵਧਣ ਦਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਪਹਿਲਾਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਹੱਥ ਖੱਡੀਆਂ ਦਾ ਵਪਾਰ ਸੀ ਉਹ ਬਿਲਕੁਲ ਟੁੱਟ ਚੁਕਿਆ ਹੈ। ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਦੀ ਆਪਣੀ ਰਿਪੋਰਟ ਵਿਚ ਇਹ ਲਿਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ 55,000 ਹੱਥ-ਖੱਡੀਆਂ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੀਆਂ ਸਨ ਪਰ ਹੁਣ ਇਸ ਵੇਲੇ ਸਿਰਫ਼ 4,500 ਜਾਂ 5,000 ਹੱਥ-ਖੱਡੀਆਂ ਹੀ ਰਹਿ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਇਸ ਦਸਤਕਾਰੀ ਦੇ ਬੰਦ ਹੋ ਜਾਣ ਨਾਲ ਬੇਕਾਰ ਹੋ ਗਏ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਵੀ ਇਸ ਵੇਲੇ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਹੱਥ ਤੇ ਹੱਥ ਰਖ ਕੇ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਹਨ।

ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਇਕ ਹੋਰ ਕਾਰਨ ਜਿਹੜਾ ਬੇਕਾਰੀ ਨੂੰ ਵਧਾਉਣ ਵਾਲਾ ਹੈ ਉਹ ਹੈ ਟ੍ਰੈਕਟਰਾਂ ਦਾ ਆ ਜਾਣਾ। ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੇ ਵੀ ਜਾਗੀਰਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਟ੍ਰੈਕਟਰ ਦਿਤੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਵਲੋਂ ਵੀ ਕਾਫ਼ੀ ਟ੍ਰੈਕਟਰ ਲੈ ਕੇ ਵਾਹੀ ਕਰਨੀ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤੀ ਹੈ। ਇਸ ਦਾ ਅਸਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਤੇ ਪਿਆ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਬੇਦਖ਼ਲ ਕਰ ਦਿਤੇ ਗਏ ਹਨ।

ਫਿਰ, ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ! ਇਹੋ ਹਾਲ ਹੀ ਸ਼ਹਿਰੀ ਸਨਅਤਾਂ ਦਾ ਹੈ। ਉਥੇ ਵੀ ਸਨਅਤਾਂ ਵਿਚ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਨੌਕਰੀਆਂ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀਆਂ। ਉਹ ਲੋਕ ਵੀ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚੋਂ ਭਜ ਕੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਲ ਆ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਨਾਂ ਕਾਰਨਾਂ ਕਰਕੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਲੋਕ ਦਰ-ਬਦਰ ਫਿਰ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਬਹੁ-ਸੰਖਿਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਹਰੀਜਨ ਅਖਵਾਂਦੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਨਾਂ ਤੇ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਕੋਈ ਕੰਮ ਹੈ ਅਤੇ ਨਾਂ ਹੀ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ। ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਇਕ ਮਜ਼ਦੂਰ ਨੂੰ ਬੁਲਾਉ ਤਾਂ ਦਸ ਮਜ਼ਦੂਰ ਤੁਹਾਡੇ ਅਗੇ ਪਿੱਛੇ ਫਿਰਨ ਲਗ ਪੈਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਜ਼ਿਮੇਦਾਰੀ ਕਿਸ ਦੀ ਹੈ ? ਕਿਸ ਨੇ ਇਹ ਹਾਲਾਤ ਪੈਦਾ ਕੀਤੇ ? ਮੈਂ ਦਾਵੇ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਾਰੀ ਜ਼ਿਮੇਦਾਰੀ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਦੀ ਹੈ।

ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਇਹ ਹਾਲਤ ਹੈ ਤਾਂ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਇਹ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਹਰ ਵੇਲੇ ਇਹ ਇਲਾਨ ਕਰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਦਿਲ ਵਿਚ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਬਹੁਤ ਪਿਆਰ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਬੜੀ ਇਜ਼ਤ ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਇਹ ਕੀਤਾ, ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਉਹ

[ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ]

ਕੀਤਾ। ਇਹ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਦਾਵਾ ਕਰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜਦੋਂ ਦੀ ਗਵਰਨਮੇਂਟ ਦੀ ਬਾਗਡੋਰ ਆਪਣੇ ਹੱਥ ਵਿਚ ਲਈ ਹੈ ਅਸੀਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਉਚਾ ਚੁਕਿਆ ਹੈ। ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ! ਇਹ ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮੈਂ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਸਾਫ਼ ਜ਼ਾਹਿਰ ਕਰਦੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਉਚਾ ਨਹੀਂ ਚੁਕਿਆ ਸਗੋਂ ਹੋਰ ਨੀਵਾਂ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਦਿਨ-ਬਦਿਨ ਬਦ ਤੋਂ ਬਦਤਰ ਹੁੰਦੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਅਤੇ ਹੁਣ ਉਹ ਡਾਕੇ ਕਰਨ ਲਈ ਮਜਬੂਰ ਹਨ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਮੈਂ ਮਾਨਯੋਗ ਮੈਂਬਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਗਲ ਵਲ ਦਿਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਰੈਜ਼ੋਲੂਸ਼ਨ waste land ਸੰਬੰਧੀ ਹੈ, unemployment ਸੰਬੰਧੀ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਵਿਚ ਸਾਫ਼ ਲਿਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਪਈ ਹੋਈ waste land ਨੂੰ landless ਹਰੀਜਨਾਂ ਵਿਚ ਵੰਡਿਆ ਜਾਵੇ। ਤੁਸੀਂ ਜਿਹੜੇ facts and figures ਦਿਤੇ ਹਨ ਉਹ unemployment ਬਾਰੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੇ ਕੋਲੋਂ ਆਸ ਰਖਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸਾਂ ਆਪਣੇ ਭਾਸ਼ਨ ਨੂੰ ਰੈਜ਼ੋਲੂਸ਼ਨ ਤਕ ਹੀ ਮਹਿਦੂਦ ਰਖੋਗੇ। ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਇਸਤਰ੍ਹਾਂ ਤੇ ਤੁਹਾਡੀ ਤਕਰੀਰ ਬਹੁਤ ਲੰਮੀ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ। ਆਖਿਰ ਹੋਰਨਾਂ ਨੇ ਵੀ ਬੋਲਣਾ ਹੈ।

[I would like to draw the attention of the hon. Member to the fact that this resolution relates to the distribution of waste land and not to unemployment. It clearly indicates that the waste land available in the State be distributed amongst the landless Harijans. The facts and figures given by you relate to the unemployment. I, however, expect you to confine yourself to the resolution. Otherwise there will be no end to your speech. After all, others also have to speak.]

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ! ਮੇਰਾ ਇਹ ਸਭ ਕੁਝ ਦਸਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਸਿਰਫ਼ ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਇਸ resolution ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕਰਨ ਦਾ ਕਾਰਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਮੂਲ ਸਮਸਿਆਂ ਨੂੰ ਹਲ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਆਖਿਰ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਲਿਆਉਣ ਦੀ ਕਿਉਂ ਲੋੜ ਪਈ ਇਸ ਨੂੰ ਸਪਸ਼ਟ ਕਰਨ ਲਈ ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਸਾਰੇ facts and figures ਦੇਣੇ ਪਏ।

ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਘਰਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕਢਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਇਕ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਮਿਸਾਲਾਂ ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਮੌਜੂਦ ਹਨ। ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਜ਼ਿਲੇ ਦੀ ਹੀ ਮਸਾਲ ਮੈਂ ਆਪ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਦਾ ਹਾਂ। ਉਥੇ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਪ੍ਰਦੇਸ਼ ਕਾਂਗਰਸ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਨੇ ਕਿਨੀ ਜ਼ਮੀਨ ਅਲਾਟ ਕਰਾਈ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰਨਾਲ ਵਿਚ ਸਰਦਾਰ ਸਰੂਪ ਸਿੰਘ ਨੇ। ਕਿਹਾ ਤਾਂ ਇਹ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਸਾਨੂੰ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨਾਲ ਬੜਾ ਪਿਆਰ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਾਰਾ ਦਿਖਾਵਾ ਹੈ, ਫੋਕਾ ਪਿਆਰ ਹੈ, ਜਿਵੇਂ ਸਾਡੇ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਜੀ ਕਰਦੇ ਹਨ।

Mr. Speaker : How does the Development Minister come in the picture? No such aspersions please.

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ : ਮੇਰਾ ਕਹਿਣ ਦਾ ਇਹ ਮਤਲਬ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਗੱਲਾਂ ਵਿਚ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਬਹੁਤ ਪਿਆਰ ਹੈ ਪਰ ਅਸਲ ਵਿਚ ਇਹ ਪਿਆਰ ਉਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਹੈ ਜਿਵੇਂ ਮੈਨੂੰ ਇਕ ਮਿਸਾਲ ਯਾਦ ਆ ਗਈ ਹੈ। ਇਕ ਵਾਰੀ ਦੀ ਗਲ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਪੰਡਿਤ

ਕਿਸੇ ਸਰਦਾਰ ਨੂੰ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ ਸਰਦਾਰਾ ! ਤੂੰ ਮੈਨੂੰ ਕਦੋਂ ਨਿਓਤਾ ਦੇਵੇਂਗਾ ? ਸਰਦਾਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਖੈਰ, ਜੇ ਜ਼ਰੂਰ ਹੀ ਨਿਓਤਾ ਖਾਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮਾਘੀ ਵਾਲੇ ਦਿਨ ਆ ਜਾਈਂ, ਪੰਡਿਤ ਬੜਾ ਖੁਸ਼ ਹੋਇਆ। ਦਿਲ ਵਿਚ ਸੋਚਣ ਲਗਾ ਕਿ ਨਾਲੇ ਤਾਂ ਪਰਸ਼ਾਦੇ ਛਕਾਂਗੇ ਤੇ ਨਾਲੇ ਦਖਣਾ ਮਿਲੇਗੀ। ਉਧਰ ਸਰਦਾਰ ਨੇ ਕੀ ਕੀਤਾ ?

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਕੀ ਇਹ ਮਿਸਾਲ ਹੈ ਜਾਂ ਕਹਾਣੀ ?

(Is it an example or a story ?)

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ਮੈਂ ਇਹ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਪਿਆਰ ਹੈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਨਾਲ। ਸੋ ਉਸ ਸਰਦਾਰ ਨੇ ਕੀ ਕੀਤਾ ? ਉਸ ਨੇ ਗੰਨੇ ਦੀ ਰੌਹ ਦੀ ਤਾਂ ਬਣਾ ਲਈ ਖੀਰ। ਤਾਂ ਇਕ ਕੋਰਾ ਘੜਾ ਲੈਕੇ ਰਾਤੀਂ ਉਸ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਭਰ ਦਿਤਾ। ਸਵੇਰੇ ਚੌਂਕ ਵਿਚ ਚੰਗੀ ਤਰਾਂ ਲਪਾਈ ਕਰ ਦਿਤੀ। ਸਵੇਰੇ ਜਦੋਂ ਪੰਡਿਤ ਆਇਆ ਤੇ ਉਹਨੂੰ ਉਸ ਪਾਣੀ ਨਾਲ ਇਸ਼ਨਾਨ ਕਰਵਾਇਆ। ਫਿਰ ਚੌਕੇ ਵਿਚ ਬਿਠਾ ਕੇ ਉਹ ਖੀਰ ਉਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖ ਦਿਤੀ। ਤੇ ਪੁਛਣ ਲਗਾ, ਕਿਉਂ ਪੰਡਿਤ ਜੀ, 'ਸਵਾਦ ਆਇਆ ਕਿ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਬੜੇ ਪਿਆਰ ਨਾਲ ਤੁਹਾਡੀ ਸੇਵਾ ਕੀਤੀ ਹੈ।' ਪੰਡਿਤ ਨੇ ਜਵਾਬ ਦਿਤਾ 'ਭਾਈ ! ਤੇਰੇ ਪਿਆਰ ਦੇ ਤੇ ਸਦਕੇ ਪਰ ਮੈਂ ਇਹ ਦੇਖ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰੇ ਪਰਾਣ ਕਦੋਂ ਨਿਕਲਦੇ ਹਨ।"

ਸੋ, ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ! ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਦਾ ਪਿਆਰ ਵੀ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨਾਲ ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਜਿਹੜਾ ਮਤਾ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਪਾਸ ਕਰਨ ਦੀ ਬਹੁਤ ਸਖਤ ਲੋੜ ਹੈ। ਮੇਰਾ ਇਹ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਦੀ ਮੁਖਾਲਿਫਤ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗੀ। ਖਾਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਹਰੀਜਨ ਭਰਾਵਾਂ ਤੇ ਇਹ ਜ਼ੋਰ ਪਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਤੇ ਇਸ ਗਲ ਲਈ ਜ਼ੋਰ ਪਾਉ। ਜੇ ਇਹ ਮਤਾ ਅਜ ਪਾਸ ਨਾ ਹੋ ਸਕਿਆ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਚ ਸਾਰੀ ਜਿਮੇਵਾਰੀ ਤੁਹਾਡੀ ਆਪਣੀ ਹੋਵੇਗੀ। ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਜ਼ੋਰ ਪਾਉ ਤਾਂ ਕੋਈ ਵਜਾਹ ਨਹੀਂ ਕਿ ਕਿਉਂ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਨੂੰ ਨਾਮਨਜ਼ੂਰ ਕਰਨ ਦੀ ਜੁਰਤ ਕਰੇ।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਮਾਰਚ ਦੇ ਮਹੀਨੇ ਵਿਚ ਜਦੋਂ ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਇਕ ਮਤਾ ਇਥੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਤਾਂ ਸਾਡੇ ਮੁਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਨੇ ਉਠ ਕੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਕੀ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰੀ waste lands ਹਰੀਜਨ ਭਰਾਵਾਂ ਨੂੰ ਦੇ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਹੋਰ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਣ ਦੀ ਕੀ ਲੋੜ ਹੈ ਉਹ ਤਾਂ ਪਹਿਲਾ ਹੀ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਬਹੁਤ ਕੁਝ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਅਗਾਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਕਰਨਗੇ। ਇਹ ਕਹਿ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਮਤੇ ਨੂੰ ਪਾਸ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੋਣ ਦਿਤਾ। ਹਾਲਾਂ ਕਿ ਓਹ ਇਹ ਗਲ ਮੰਨ ਗਏ ਸਨ ਕਿ ਇਹ ਬੰਜਰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਦੇ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ। ਪਰ ਹੁਣ ਤਕ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਬਾਰੇ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਹੁਣੇ ਆਂਧਰਾ ਦੀ ਅਸੈਂਬਲੀ ਨੇ ਇਸੇ ਵਿਸ਼ੇ ਦਾ ਇਕ ਮਤਾ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਆਂਧਰਾ ਦੀ ਅਸੈਂਬਲੀ ਇਸ ਵਿਸ਼ੇ ਦਾ ਮਤਾ ਪਾਸ ਕਰ ਸਕਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਅਸੈਂਬਲੀ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਕਰਦੀ ?

[ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ]

ਫੇਰ ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਇਹ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹੁਣੇ ਜਿਹੇ ਦਿਹਾਤ ਮਜ਼ਦੂਰ ਸਭਾ ਨੇ ਇਕ ਮਤਾ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਮਤੇ ਦੀ ਨਕਲ ਨਾਲੋ 16 ਹਜ਼ਾਰ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਦੀਆਂ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਦੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਸਖਤ ਤੇ ਅੰਗੂਠੇ ਲਗੇ ਹੋਏ ਹਨ ਸਰਕਾਰ ਅਗੇ ਪੇਸ਼ ਕਰਨ ਲਈ ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਭੇਜੀਆਂ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਇਹ ਮੰਗ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਬੰਜਰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਬਗ਼ੈਰ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਵਿਚ ਵੰਡ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਮੈਂ ਇਹ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਹਾਊਸ ਦੇ record ਲਈ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

अध्यक्ष महोदय : इन्हें हाऊस के Table पर lay करने की कोई ज़रूरत नहीं।

(These documents need not be laid on the Table of the House.)

पंडित श्री राम शर्मा : मैं आप की ruling इस बात पर चाहता हूं कि अगर कोई मैम्बर अपनी तकरीर में किसी document को पढ़े तो क्या वह Assembly का record नहीं बन जाता है ?

अध्यक्ष महोदय : माननीय मैम्बर को पता होना चाहिये कि जो भी document यहां पर पढ़ा जायेगा तो उसे on the Table lay करना पड़ेगा और उसे छपाना भी पड़ेगा। क्या आप यह चाहते हैं कि इस के छपाने पर गवर्नमैण्ट का इतना ज्यादा रुपया ज़ाया क्या जाये ? जब यह मान लिया जाये की उन लोगों की बंजर ज़मीनों के बारे में जो demand हैं उस के साथ माननीय मेम्बर की पूरी हमदर्दी है तो फिर इन दरखास्तों को यहां पढ़ने की क्या ज़रूरत है।

(The hon. Member should know that each document which is quoted here will have to be laid on the Table of the House and ultimately got to be printed in the debate. It becomes unnecessary to read out such applications on the floor of the House, when it is taken for granted that the hon. Member speaking has full sympathy with the demand made by the applicants about the waste lands.)

पंडित श्री राम शर्मा : इस के छपाने की क्या जरूरत है ? पढ़ने दिया जाए बेशक छपाया न जाए।

Mr. Speaker : Any document which is read out here becomes part of the debate. Therefore it must be printed.

ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾਂ : On a point of order, Sir. ਆਪ ਮਾਨਯੋਗ ਮੈਂਬਰ ਨੂੰ ਇਕ ਦਰਖਾਸਤ ਪੜ੍ਹਨ ਦਿਉ ਅਤੇ ਕੁਝ ਨਾਮ ਪੇਸ਼ ਕਰਨ ਦਿਉ ਸਾਰੀਆਂ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਨੂੰ ਬੇਸ਼ਕ ਨ ਪੜ੍ਹਨ ਦਿਉ।

अध्यक्ष महोदय : अच्छा माननीय मैम्बर एक दरखास्त पढ़ लें और चन्द एक नाम दे दें।

(Well, the hon. Member can read out one of the applications along with the names of some of the signatories.)

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ : ਪਧਾਨ ਜੀ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਤੋਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਦੇ ਦਸਖਤ ਹੋਏ ਹੋਏ ਹਨ ਇਹ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਲੋਕ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੰਗ ਕਰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਬੰਜਰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਮਿਲਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਅਗੇ ਇਕ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਸੁਣਾਦਾ ਹਾਂ।

ਸੂਬਾ ਦਿਹਾਤ ਮਜ਼ਦੂਰ ਸਭਾ ਦੀ ਹਦਾਇਤ ਇਸ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਸਾਥੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ, ਐਮ. ਐਲ. ਏ. ਨੇ ਇਸ ਭਾਵ ਦੇ..

अध्यक्ष महोदय: मैंने यह समझ लिया है कि यह दरखास्त सरदार दर्शन सिंह ऐम. एल. ए. के नाम पर है और उन को दी गई है। इस लिए यह irrelevant है।

[I quite follow that this application is addressed to Sardar Darshan Singh, M.L.A. Therefore it is irrelevant.]

पंडित श्री राम शर्मा : On a point of order, Sir. मैं यह गुज़ारिश करना चाहता हूं कि कोई भी document जो किसी मैम्बर के नाम पर ऐसा हो या तहरीक के नाम पर ऐसा हो तो क्या वह इस काबल हो जाता है कि Assembly की proceedings में न लाया जाए ?

अध्यक्ष महोदय : जब यह fact मान लिया गया है तो इसे पढ़ने की कैसे इजाज़त दी जा सकती है ?

(When the object underlying the document has been admitted, then how can it be allowed to be read out in the House ?)

पंडित श्री राम शर्मा : जो भी चीज कोई मैम्बर......

Mr. Speaker : I do not allow it to be read out here.

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : On a point of order, Sir. ਇਹ ਦਰਖਾਸਤ ਤਾਂ ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ, ਐਮ. ਐਲ. ਏ. ਦੀ ਤਰਫੋਂ ਨਹੀਂ ਹੈ ਇਹ ਤਾਂ......

Mr. Speaker : The hon. Member has in the course of his speech said that 16 thousand labourers have signed these applications. This statement of the hon. Member has not been challenged by anybody. It can, therefore, be treated as correct. In view of this fact, I do not think that there is any necessity of placing these applications on the Table of the House.

राओ गजराज सिंह : On a point of order, Sir. यह जरूरी नहीं कि जिस किताब का reference दिया गया हो वह सारे की सारी किताब ही छपाई जाए किसी printed matter का वही portion House की property हो जाता है जो portion पढ़ा गया हो। मेरे दोस्त के पास अगर दो हजार दरखास्तें हैं तो....

Mr. Speaker . It is not a point of Order.

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ : ਜਿਥੇ ਮੈਂ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਉਥੇ ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਹਰੀਜਨ ਮੈਂਬਰ ਅਗੇ ਬੇਨਤੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਨ ਵਿਚ ਮਦਦ ਦੇਣ ਤਾਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਮੰਗ ਪੂਰੀ ਹੋਵੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਕਿ ਇਨਸਾਨਾਂ ਵਾਲਾ ਸਲੂਕ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਅੰਤ ਵਿਚ ਮੈਂ ਇਹ ਗਲ ਫੇਰ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਸਾਡੀ ਇਹ ਗਲ ਨ ਮੰਨੀ ਤਾਂ ਸਾਨੂੰ ਮਜਬੂਰ ਹੋ ਕੇ ਕੋਈ ਨ ਕੋਈ ਜਦੋਜਹਿਦ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਨੀ ਪਵੇਗੀ ਤੇ ਉਸ ਦੀ ਸਾਰੀ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰੀ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਹੋਵੇਗੀ।

Shri Dev Raj Anand : Sir, I move :

That the question be now put.

पंडित श्री राम शर्मा : स्पीकर साहिब क्या मैं इस सिलसिले में दरखास्त कर सकता हूं ? मेरी आप से दरखास्त यह है कि यह majority party के इख्तियार में नहीं होना चाहिये कि जिस वक्त वह चाहे "the question be now put" की motion move कर दें। यह तो स्पीकर साहिब, आप ने देखना है कि हाऊस का कौन सा हिस्सा नहीं बोल पाया। वह हिस्सा ऐसे चुप बैठा है जैसे के किसी की ज़बान ही न हो। आप यह देखिये कि इस motion के move होने से पहले इस पर काफी बहस हो जानी चाहिये।

Mr. Speaker : This Resolution was discussed at great length on the floor of the House during the last Budget Session. Today also, several Members who have participated in the discussion on this Resolution, have expressed their views. Anyway, I shall allow a few more Members to speak.

मौलवी अब्दुल गनी डार (नूह) : प्रधान जी, मैं इस तहरीक के mover को मुबारकबाद देता हूं। यह मसला आज सिर्फ हमारे सूबे का ही नहीं बल्कि सारे हिंदोस्तान का भी है। पंडित नेहरू आज सारी दुनिया को अमन का पैगाम दे रहे हैं। जितने बड़े २ लोग हैं, यह सब तसलीम करते हैं कि अमन दुनिया में तभी कायम रह सकता है और तरक्की तभी हो सकती है अगर हर किसान को ज़मीन मिले। हमारे मुख्य मंत्री बड़े ही रोशन दिमाग और समझदार आदमी हैं, इस लिये उन की सरकार यकीनन इस मसले को खूब समझती है। इस लिये पंजाब जितनी तरक्की कर रहा है इस से भी दस गुना करेगा। बहरहाल सरदार चनन सिंह जी ने जो प्रस्ताव पेश किया है मैं उसे खुश आमदेद कहता हूं और इसे मान लेना चाहिये। आखिर हरिजन भी तो हमारे ही भाई हैं जो हमारी तरह प्रान्त के पूरे हकदार हैं। उन को ज़मीन से महरूम क्यों रखा जाये। अगर सरकार के पास waste land है जो यह समझती है कि काम में लाई जा सकती है तो उन लोगों को दे दी जाये जिन के पास ज़मीन नहीं है। यह भाई दुखी हैं और इन के दुखों का इलाज किया जाना चाहिये और यह ज़मीन यकीनन उन के काम आ सकती है। इस लिये मैं यकीन करता हूं कि सरकार इस प्रस्ताव का इस्तकबाल करेगी। दूसरे इलफ़ाज़ में मैं कह दूं कि यह तो आप तसलीम करते ही हैं कि इन की हालत खराब है और इस हालत को

बेहतर बनाना है। साथ ही देश के नेता महात्मा गांधी के lieutenants का यह धर्म हो जाता है कि इस काम में पूरा सहयोग दें। आचार्य विनोबा भावे भूदान तहरीक चला रहे हैं और अगर हमारे मुख्य मंत्री और उन के साथी इस में सहयोग दे रहे हैं। लोग अपनी मर्ज़ी से ज़मीनें दे रहे हैं मगर फिर भी वह ज़मीन काफी नहीं हैं। इस के लिये तो Chief Minister साहिब अभी हां कह दें तो उन की हां से लाखों उजड़े हुए लोगों का भला होने वाला है। मुझे यकीन है कि मुख्य मंत्री इन बातों को खूब समझते हैं और अगर खूब नहीं समझते तो मुझे डर है कि वह सारे वादे जो इन्हों ने कर रखे हैं सच्चे साबित नहीं होंगे। और फिर एक खतरा भी है। जिस तरह गाड़ी तभी अच्छी तरह से चल सकती है अगर उस के दोनों पहिये बराबर ताकतवर हों वरना कमज़ोर पहिया सारी गाड़ी को ही ले डूबता है। हरिजन भाई हमारे देश की गाड़ी का एक पहिया हैं। इस बात में कोई शक नहीं कि इस शानदार सरकार के बनाने में हरीजनों का शानदार हिस्सा है।

पंडित श्री राम शर्मा : शानदार सरकार !

मौलवी अब्दुल गनी डार : हां शानदार इस लिये कहता हूं क्योंकि इस ने सूबे की इतनी तरक्की की है। एक deficit सूबा surplus हो गया है और हम अब अनाज बाहर भेजने लगे हैं। और इसे शानदार में इस लिये भी कहता हूं कि इस में शानदार बुराईयां भी हैं। इन की खूबियां और बुराईयां दोनों शानदार हैं। मुझे डर है कि अगर इस प्रस्ताव को टालने की कोशिश की गई तो फिर तो वही बात हो जायेगी। कहते हैं कि दो साथी थे उन में से एक ने कहा कि कहीं हमारा आपस में झगड़ा न हो जाये आओ इस लिये एक समझौता कर लें। एक गाए खरीदें आगे का हिस्सा तुम्हारा पिछला हिस्सा मेरा। इसी तरह खिलाने के लिये तो हरीजन वोटों से Ministry बनाते और कायम रखते हैं—मगर कोई फायदा होना हो तो उन्हें टाला जाता है कि पिछला हिस्सा—फायदे का—तुम्हारा नहीं है। प्रधान जी आप शानदार हैं, यह हाऊस भी शानदार है।

अध्यक्ष महोदय : आज तो शानदार के कुछ खास माने नज़र आ रहे हैं।

(To-day the hon. Member is seeing something special in the meaning of the word 'grand')

मौलवी अब्दुल गनी डार . जी हां, यहां पर शानदार प्रधान, शानदार मुख्य मंत्री, शानदार सरकार और शानदार ही प्रस्ताव है। मैं खुश हूं कि ऐसी अच्छी बात आप की निगरानी, और रहनुमाई में हो। अगर मुख्य मंत्री यह सोचते हों कि यह तो Opposition की तरफ से आया है, इसे कैसे मान लिया जाये, तो मैं अर्ज़ करूंगा कि आप ही ऐसा प्रस्ताव ले आयें। इस से सारे मुल्क को फायदा होगा। मुझे पता है कि यह इस के जवाब में क्या कहने वाले हैं......

अध्यक्ष महोदय : आप को क्या पता है कि यह क्या कहने वाले हैं ?

[How do you know what he is going to say ?]

मौलवी अब्दुल गनी डार : मुझे पता चलना ही चाहिये। मैं तो इन की खूबियां मानता हूं और बुराईयां भी कहता हूं। इन के काम शानदार हैं मगर हरिजनों को यह मुद्दतों से टालते और उन का दिल बहलाते रहे हैं। अगर उन्हें ज़मीनें मिल जायें तो वह मकानात बना सकें अपने जानवरों वगैरा को रखने का इन्तज़ाम कर सकें और उन बेचारों का भी गुज़ारा चले।

[मौलवी अब्दुल ग़नी डार]

सभी जानते हैं कि इन बेचारों ने हमें कितना सहयोग दिया महात्मा गांधी के पीछे चल कर और मुझे पूरी उम्मीद है कि आप भी पूरी सिदक दिली से इन की मदद करेंगे।

पंडित श्री राम शर्मा (सोनीपत) : स्पीकर साहिब, मैं हाऊस का ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता और न ही यह मामला ऐसा है कि इस पर किसी तवील बहस की ज़रूरत हो।

आप यह जानते हैं कि पंडित जवाहर लाल नेहरू कहते हैं कि एशिया का मामला ज़मीन का मामला है और अगर यह अच्छी तरह हल हो जाये तो दुनिया अच्छी तरह से बसी रह सकती है और अगर ऐसा न हुआ तो झगड़े भी हो सकते हैं। आप जानते हैं कि पंजाब में 25,30 लाख हरिजन भाई हैं और अगर गवर्नमैण्ट के पास पड़ी ज़मीन इन्हें मिल जाये तो इन का गुज़ारा हो सकता है। लेकिन इस सम्बन्ध में दो बड़ी बातें हैं।

एक तो यह कि उन की बेकारी दूर हो और उन की भूख का इलाज हो। दूसरा यह कि उन्हें ज़मीन मिलने से उन का दर्जा सोसाइटी और अपने लोगों में बन जाये। यह एक ऐसी जमात है जो कभी ज़मीन की मालिक नहीं रही और हमेशा खेती पर गुज़ारा करती आई है। हमने इन्हें बड़े ज़ोर से यकीन दिलाया हुआ है कि अपना राज होते ही इन को हर तरह की तरक्की के मौके मुयस्सर होंगे। कारोबार बढ़ेगा और दर्जा ऊंचा होगा। इस लिये किसी तरह से भी चाहे बड़े २ ज़मींदारों से उन की ज़मीनों का कुछ हिस्सा छीन कर या किसी और तरीके से इन्हें ज़मीन मिलनी चाहिये। गवर्नमैण्ट के पास ज़मीन है, अगर्चे बहुत ज्यादा नहीं तो भी काफी है और यह waste land ऐसी है कि अगर इस पर मेहनत की जाए तो अनाज पैदा किया जा सकता है। इस लिये अगर यह हरिजनों को मिल जाये तो इस से बड़ा फायदा हो सकता है। और फिर यह बात कांग्रेस प्रोग्राम और उस propaganda के मुताबिक होगी जो गवर्नमैंट और अक्सर वज़ीर साहिबान करते रहते हैं। वे कहते हैं कि हम हरिजनों के बड़े हामी हैं और उन की मदद करना चाहते हैं। मगर यह हाऊस के अन्दर तकरीरें करने से, न इस side से और न उस side से ही, हो सकती है। यह तो ज्यादा से ज्यादा हाऊस के बाहिर होगी....

हमारे एक वज़ीर साहिब हैं जिन्होंने हाल ही में एक गांव में तकरीर की कि हम मोरी का पानी जब देंगे जब किसी हरिजन की सिफारिश हो। हो सकता है कि ऐसी बात सुनने से हरिजनों को खुशी हुई हो और उन्होंने सोचा हो कि अब हमारी ताकत बढ़ रही है और हमें ऊंचा किया जा रहा है लेकिन मैं कहूंगा कि इस तरह तकरीरों से काम नहीं चलता। यहां कहने की बात नहीं, करने की बात है। और यह रैजोल्यूशन तो एक छोटी सी तहरीक है। इस में यह है कि जो culturable waste land गवर्नमेंट के पास पड़ी है उसे सरकार काम में ला सकती है। इस को काम में लाने के लिये सरकार को चाहिये कि वह इसे हरिजनों में तकसीम कर दें। गरीब हरिजनों को जो यह काम करना चाहें उन्हें मामूली सी कीमत पर या lease पर दे दिया जाए। इस से सूबे से बेकारी और भूख कम हो जायेगी।

फिर अगर यह कहें कि क्योंकि यह resolution Opposition की तरफ से पेश किया गया है और बाहर इन की political मुख़ालिफत होती है कि क्यों Opposition की बात मान ली, तो यह तो गवर्नमैण्ट का वहम है। अगर ऐसा ही करना है तो एक resolution कांग्रेस पार्टी के तमाम मेंबर साहिबान दे सकते हैं और पास करवा सकते हैं। हर कोई तजवीज

पेश कर सकता है इस को पास करना न करना तो सरकार के इख्तियार में है। क्या हर बात जो सरकार के सामने Opposition की तरफ से पेश की जाती है, मान ली जाती है? मुझे अफसोस है कि इस मसला पर किसी भी वज़ीर साहिब ने कुछ नहीं कहा। कहें भी क्यों? इस का जवाब तो हमारे मुख्य मंत्री साहिब ही दे सकते हैं। वह खड़े हो कर इलान कर सकते हैं कि हम इस काम को फलां तारीख तक कर सकते हैं। अगर वह कोई time limit मुकर्रर कर दें तब तो हम मानते हैं नहीं तो vague जवाबों से काम नहीं चलेगा कि हम गौर कर रहे हैं और जल्दी ही इस के बारे में कोई फैसला करेंगे। ऐसे जवाबों से साफ ज़ाहिर है कि गवर्नमैण्ट की ख़ाहिश नहीं। मुख्य मंत्री साहिब तो जानते ही हैं, और इस के बारे में यह फरमा सकते हैं कि भई आदमी तो तुम निकम्मे हो लेकिन बात काम की कही है और हम इस काम को फुलां तारीख तक कर देंगे।

आज जो गवर्नमेंट हम देखते हैं वह हरिजनों की वोटों पर कायम है और उन्हें पता होना चाहिये कि इस resolution को पास करके वह हरिजनों पर मेहरबानी नहीं कर रही। इस सरकार का वजूद ही इन हरिजनों की वोटों पर है। मैं इन को बता दूं कि अगर गवर्नमेंण्ट इसी तरह टाल मटोल करती रही तो इन की गवर्नमैण्ट का वही हाल होगा जो जनूब में हुआ। अगर हरिजनों ने शमाल में वज़ारत बना दी है तो जनूब में धक्का भी दे दिया है। हरिजन माना कि पढ़े लिखे कम हैं गरीब हैं और वह आप की लच्छेदार तकरीरों में फंस सकते हैं लेकिन हमेशा के लिये नहीं। वह बेदार हो रहे हैं और अगर गवर्नमैण्ट ने वक्त के मुताबिक अमल न किया तो हरिजन गवर्नमैण्ट के खिलाफ हो जाएंगे। इस लिये मेरी दरखास्त है कि इस रैजोल्यूशन को पास कर दिया जाए।

श्रीमती सीता देवी (जालन्धर, दक्षिण पूर्वी): माननीय स्पीकर साहिब! मेरा यह विचार था कि माननीय लीडर साहिब ही स्पीच करें और facts and figures के साथ सभा को बताएं कि इस रैज़ोल्यूशन की आवश्यकता नहीं। परन्तु सरदार दर्शन सिंह की स्पीच ने मुझे बोलने पर मजबूर कर दिया है (interruptions) मुझे सरदार दर्शन सिंह साहिब की स्पीच सुन कर एक कहानी याद आ गई है। (interruptions from the Opposition) मुझे आप interrupt न करें। मैं इन interruptions से डरने वाली नहीं और जब तक पूरी बात न कह लूंगी मैं बैठने वाली नहीं (हंसी)।

मुझे पंचतन्त्र की एक कहानी याद आ गई है। बिल्कुल छोटी सी कहानी है। एक तालाब में एक बगला और मछलियें रहा करती थीं। एक दिन बगला उदास हो गया तो मच्छलियों ने पूछा मामू जी, आप उदास क्यों हैं? बगले ने जवाब दिया कि अकाल पड़ने वाला है और तालाब सूखने वाला है इस लिये मैं उदास हूं कि आप का क्या बनेगा? इतना सुन कर सारे तालाब की मछलियां बगले के गिरद जमा हो गईं और कहने लगीं मामूजी हमें बचाओ। बगले ने कहा कि मैं ने आप के लिये एक और तालाब तलाश किया है। तुम मेरे साथ आओ मैं तुम्हें बारी बारी कन्धे पर उठा कर ले जाऊंगा। बगले ने मछलियों को एक एक कर के ले जाना शुरू किया और एक सूखे तालाब में ले जा कर खाना शुरू किया। मछलियों ने सोचा कि जो मछलियां गई हैं उन का कोई संदेशा नहीं आता। वह सब मामू के पेट में चली गई हैं। इस तरह मैं हैरान हूं कि सरदार दर्शन सिंह ने किस लहजे में कांग्रेस सरकार के ऊपर इस किस्म की बातें कही हैं।

[श्रीमती सीता देवी]
क्या उन्हें हरिजनों के साथ सच्ची हमदर्दी है ? सब जानते हैं कि हरिजनों के साथ इन की कितनी हमदर्दी है । हरिजनों की हमदर्दी का दावा करने वाले भाइयों ने जिस में नीली पगड़ी वाले एक खास पार्टी के मैम्बर भी शामिल हैं, पिछली मरदम शुमारी में हरिजनों का खाना पीना और जीना मुश्किल बना दिया था और इस काम के लिये हज़ारों रुपये खर्च किये थे । मैं यह कहना चाहती.. ..

मौलवी अब्दुल गनी डार : On a point of order, Sir. क्या इस हाऊस में किसी पार्टी पर या उस की पगड़ी पर बहस की जा सकती है । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जिस तरह बहन जी ने एक खास पार्टी पर बहस की है यह तरीका ठीक नहीं ।

अध्यक्ष महोदय : आपने खुद ही जवाब भी दे दिया है । (You have given the reply yourself.)

ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : Point of order Sir, ਬੀਬੀ ਜੀ ਨੇ ਨੀਲੀ ਪਗੜੀ ਤੇ attack ਕੀਤਾ ਹੈ । ਕੀ ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ?

ਸਰਦਾਰ ਅਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ : ਨੀਲੀ ਪਗੜੀ ਅਕਾਲੀ ਪਾਰਟੀ ਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਕਿਸੇ ਪਾਰਟੀ ਤੇ ਕੀ ਬਹਿਸ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ? ਇਹ ਲਫਜ਼ ਬੀਬੀ ਜੀ ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲੈਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ।

श्री श्री चन्द : On a point of order, Sir, इस असैम्बली के एक इजलास में इस से पहले भी एक मरतबा ऐसा झगड़ा हो चुका है टोपी और साफे का । आज फिर दूसरी बार यह झगड़ा उठाया गया है । मैं पूछता हूं कि क्या गांधी टोपी और नीली पगड़ी को बहस में लाया जा सकता है ? 'नीली पगड़ी' लफ़्ज़ को वापस लिया जाये ।

अध्यक्ष महोदय : आपने अगर नीली पगड़ी कहा है तो आप इसे वापिस लें ।

[The Lady Member should withdraw the word "Nilee Pagri" if she has said so.]

ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਇਕਬਾਲ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਨੀਲੀ ਪਗੜੀ ਵਾਲਿਆਂ ਦਾ representative ਬੈਠਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ । ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦੇਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ।

ਜਥੇਦਾਰ ਮੋਹਨ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਸਭਾ ਵਿਚ ਨੀਲੀ ਕਾਲੀ ਪਗੜੀ ਦਾ ਝਗੜਾ ਨਹੀਂ ਛੇੜਨਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਨੀਲੀ ਪਗੜੀ ਸ਼ਬਦ ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਜੇਕਰ ਇਹ ਸ਼ਬਦ ਵਾਪਸ ਨਾ ਲਏ ਗਏ ਤਾਂ ਅਜ ਇਹਨਾਂ ਨੀਲੀ ਪਗੜੀ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਤਾਂ ਕਲ ਕੋਈ ਨੀਲੇ ਪੈਰਾਂ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਛੇੜ ਦੇਵੇਗਾ ।

श्रीमती सीता देवी : मैं यह शब्द वापिस लेती हूं ।

बाकी मैं एक बात और कहना चाहती हूं कि Opposition के कुछ भाइयों ने हरिजनों के जज़्बात को उभारने की कोशिश की है । मेरे पास समय नहीं है इस लिये मैं सिर्फ यह कहना चाहती हूं कि Congress सरकार ने जो कुछ हरिजनों के लिये किया है वह किसी से पोशीदा

नहीं। अब जो ordinance निकला है उस से जिन लोगों को फायदा होगा उन में हरिजन भी शामिल हैं। यह सरकार सब की दशा अच्छी करना चाहती है बस यह जो resolution लाया गया है वह सिर्फ credit लेने के लिये है। इस लिये इसे पास नहीं करना चाहिये।

ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਇਕਬਾਲ ਸਿੰਘ (ਜਗਰਾਉਂ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਜਦੋਂ ਆਦਮੀ ਪਾਸ ਕਿਸੇ provision ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿਚ defend ਕਰਨ ਦੀ ਦਲੀਲ ਨਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਹੋਛੇ ਹਥਿਆਰਾਂ ਤੇ ਉਤਰ ਆਉਂਦਾ ਹੈ । ਅਜ ਭੈਣ ਜੀ ਨੇ ਵੀ ਉਹੀ ਗਲ ਕੀਤੀ ਹੈ ਪਰ ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੈਸਾ ਹੀ ਜਵਾਬ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ।

ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲੂਸ਼ਨ ਦੇ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ ਕਿਸੇ ਗਲ ਵਿਚ ਕਾਂਗਰਸ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਖਿਆਲਾਂ ਦੀ ਤਰਜਮਾਨੀ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾ ਨੂੰ ਖੁਸ਼ੀ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ ਜੀ ਨੂੰ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲੂਸ਼ਨ ਨਾਲ ਉਹ Opposition ਤੇ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਕ ਖਿਆਲ ਤੇ ਇਕਠਾ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ! ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਆਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਨੰਬਰਦਾਰੀਆਂ ਦੇ ਦੇਵਾਂਗੇ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਨੰਬਰਦਾਰੀ ਜੋਗੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਅਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਜ਼ਮੀਨ ਹੋ ਜਾਵੇ । ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਆਪਣੀ ਗਲ ਦੇ ਸਚੇ ਹੋ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲੂਸ਼ਨ ਨੂੰ welcome ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਨਹੀਂ ਵੇਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਕਿ ਰੈਜ਼ੋਲੂਸ਼ਨ Opposition ਵਲੋਂ ਆਇਆ ਹੈ । ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਪਹਾੜਾਂ ਤੋਂ ਪਾਣੀ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਵੇਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਕਿ ਇਸ ਦਾ source ਕੀ ਹੈ । ਜੇਕਰ ਪਾਣੀ ਸਾਫ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਸਨੂੰ ਮੈਦਾਨਾਂ ਵਿਚ ਜ਼ਰੂਰ ਵਰਤ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਵਰਤਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਜੇਕਰ ਇਹ ਰੈਜ਼ੋਲੂਸ਼ਨ ਤੁਹਾਡੇ ਅਸੂਲਾਂ ਅਤੇ ਖਾਹਸ਼ਾਂ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਹੈ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ honestly ਅਤੇ sincerely ਕੰਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਵੇਲੇ ਤੁਹਾਡਾ ਇਮਤਿਹਾਨ ਹੈ ਅਤੇ ਤੁਹਾਨੂੰ ਆਪਣੀ sincerity ਦਾ ਸਬੂਤ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਜਿੰਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨੀਲੀ ਪਗੜੀ ਵਾਲੇ ਆਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਇਹ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਹਮੇਸ਼ਾ ਛਾਤੀ ਨਾਲ ਲਾਉਂਦੇ ਰਹੇ ਹਨ । ਹਰੀਜਨ ਅਸਾਡੀ naticn ਦਾ hardy part ਹਨ । ਇਹ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਤੋਂ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਕੰਮ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ । ਮੈਂ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ waste land ਦੇ ਕੇ ਆਪਣੀ honesty ਤੇ sincerity ਦਾ ਸਬੂਤ ਦੇਵੋ ਅਤੇ ਆਪਣੀਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਗਲਾਂ ਨੂੰ ਸਚੀਆਂ ਕਰ ਦਸੋ ਜਿਨਾਂ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਕੇ ਆਪਣੀ ਤਹਰੀਕ ਚਲਾਂਦੇ ਰਹੇ ਹੋ ।

ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਰੈਜ਼ੋਲੂਸ਼ਨ ਭਾਵੇਂ ਕਿਸੇ ਪਾਸਿਓਂ ਵੀ ਆਇਆ ਹੋਵੇ ਸਾਨੂੰ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਅਤੇ ਖਾਸ ਕਰ ਕਾਂਗਰਸ ਪਾਰਟੀ ਨੂੰ welcome ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਇਕ ਵੇਰ ਫੇਰ ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਇਸਦੇ ਪੇਸ਼ ਕਰਨ ਤੇ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ।

श्री रिज़क राम (राय) : स्पीकर साहिब, resolution का मतलब यह है कि देहात के पिछड़े हुए लोगों, खासकर हरिजनों की आर्थिक हालत खराब है इस लिये इन को ज़मीन दे दी जाये। सरकारी ज़मीन इन लोगों को देने के बारे में दो रायें नहीं हो सकतीं लेकिन आज

[श्री रिज़क राम]

जिन लोगों ने यह resolution पेश किया है मैं उन से यह कहना चाहता हूं कि जब से election के बाद कांग्रेस सरकार ने हकूमत की बागडोर अपने हाथ में ली है उस वक्त से इस की पालिसी यही है कि सरकारी ज़मीन हरिजनों और landless लोगों को दी जाए।

यह कोई ऐसी बात नहीं जो सरकार के दिल में न थी। मेरे ख्याल में Opposition के हरेक साथी को मालूम है कि सरकार शुरू से ही इस बात के बारे काफी जोर के साथ programme बना कर चल रही है और हर ज़िला में जहां भी सरकारी ज़मीन है दे देने का हुक्म जारी कर चुकी है ।

पंडित श्री राम शर्मा : हुक्म भी जारी हो चुका है।

श्री रिज़क राम : मैं जानता हूं पंडित जी को इस बारे में कोई शुबा नहीं। वे जानबूझ कर दड़ मारे बैठे हैं। वे सोये हुए नहीं; जागते हैं। इस लिये उन को जगाने की कोशिश फजूल है। क्या उन्हें मालूम नहीं कि सांघी गांव में जो सरकारी ज़मीन पड़ी थी वह हरिजनों को पट्टे पर दे दी गई है ? इस बात के बारे सरकार पहले ही फैसला कर चुकी है और policy के तौर पर हरिजनों को जमीन दी जा रही है। मेरे मित्र यह resolution लाकर और दूसरी बातों से हरिजनों के हमदर्द बनना चाहते हैं। वे जानते हैं कि जहां तक सरकारी या दूसरी ज़मीन का भी ताल्लुक है बहुत सा रकबा हरिजनों के बसाने और उन की काश्त के लिये ही नहीं बल्कि दूसरे आदमियों के लिये भी दिया जा चुका है और दिया जा रहा है। क्या मेरे Opposition के भाइयों को मालूम नहीं कि तहसील रोहतक और दूसरी जगहों में जहां इस्तेमाल अराज़ी हो रहा है हज़ारों बीघा ज़मीन हरिजनों को बसाने के लिये दे दी गई है। दो हज़ार बीघे ज़मीन तहसील रोहतक में बग़ैर किसी मुआवज़े के और पांच हज़ार बीघे जमीन एक और जगह पर हरिजनों के बसाने के लिये दे दी गई है। मेरे कुछ मित्र जो अकाली पार्टी में हैं और कुछ दूसरे भाई जो हरिजनों के मददगार बने हुए हैं ज़मींदारा गवर्नमैण्ट के दिनों में तो ऐसी बातें न करते थे। अब वह बहुत बातें बनाते हैं। हमारी सरकार ने तो अब शामलात की हज़ारों एकड़ ज़मीन में जहां हरिजन कदम तक न रख सकते थे ज्यादा से ज्यादा सहूलतें दी हैं। उन को बसाने के लिये, उन के मवेशियों के चराने के लिये और उन की काश्त के लिये ज़मीनें दे दी हैं। पंचायतों को भी कह दिया गया है कि वे अपनी ज़मीने हरिजनों को काश्त के लिये दें। हमारी सरकार एक programme के मुताबिक चल रही है। मुझे समझ नहीं आता कि इस resolution का मुद्दा ही क्या है। मेरे मित्र तो उस सियाने आदमी की तरह कर रहे हैं जिस को किसी मुकद्दमे के फैसले का पता होता है और अदालत के एक दर्वाजे से जा कर दूसरे से निकल आता है और बाहिर आकर कह देता है कि उस ने जज से सिफारिश कर दी है। इस तरह वे credit ले लेता है। मैं दोबारा कहता हूं कि जो कुछ करना है सरकार पहले ही कर रही है और इसे किसी के कहने की या इशारे की भी जरूरत नहीं।

श्री बालूराम (फतेहाबाद) : श्रीमान जी, कहा गया है कि हरिजनों को बहुत कुछ दे दिया गया है। मैं भी House को बताना चाहता हूं कि हरिजनों को क्या कुछ मिला है। सात साल के अरसा से हिन्दुस्तान आज़ाद है। इन सात सालों में जो कुछ हरिजनों को मिला है

इस House के मैम्बरों और सब दूसरे लोगों को मालूम है। श्रीमती सीता देवी जी ने कहा है कि अब हरिजनों को कूओं पर चढ़ने की और मन्दिरों में जाने की इजाज़त हो गई है। मैं पूछता हूं कि क्या हरिजनों के कूओं पर चढ़ने से और मन्दिरों में जाने से उन की रोटी का मसला हल हो जायेगा ? मैं तो कहूंगा कि जब तक उन्हें रोटी नही मिलती उन का कुछ भी नहीं हुआ।

श्रीमान जी, मेरे विचार में हरिजनों को ज़मीन देने के दो फायदे हैं। पहला तो यह कि वे बंजर ज़मीन को काबलेकाश्त बना देंगे और देश के लिये अनाज पैदा करेंगे। दूसरा फायदा यह है कि हरिजनों का मसला हल हो जायेगा और सरकार को उन्हें हर रोज़ रियायतें न देनी पड़ेगी।

इन शब्दों के साथ मैं इस resolution की ताईद करता हूं।

श्री मनी राम (फतेहाबाद) : तोबा करूंगा बाद में पूरे खलूस से।
पहले गुनाह पूछलूं परवरदिगार से।

माननीय स्पीकर साहिब ! मैं इस resolution की ताईद के लिये खड़ा हुआ हूं जो पिछड़े हुए बगैर ज़मीन के किसानों अर्थात् हरिजनों में waste land के बांटने के बारे में है। मेरे कांग्रेसी दोस्तों ने कहा है कि यह काम तो सरकार पहले से ही कर रही है। मैं कहता हूं कि अगर ऐसा ही है तो उन्हें नाराज़ न होना चाहिये बल्कि खुश होना चाहिये कि अब Opposition भी उन का साथ दे रही है।

स्पीकर साहिब ! फिर कहा गया है कि सरकार ने हरिजनों के लिये बहुत कुछ किया है। उन्हें पट्टे पर ज़मीनें दे दी हैं। उन्हें मन्दिरों में और कूओं पर जाने की इजाज़त दे दी गई है, वगैरा वगैरा। लेकिन बात यह है कि अगर यह बातें की गई हैं तो हरिजनों पर कोई एहसान नहीं किया गया। किसी भिखारी को खैरात नहीं दी गई। अगर कोई resolution पास किया जाता है या कोई कानून बनाया जाता है जिस से हरिजनों को कोई फायदा पहुंचता है तो वह उन को खैरात नहीं समझी जानी चाहिये। जो उन का हक होता है वही उन को दिया जाता है। हमारे प्रान्त के अन्दर ज़्यादातर ज़रीयामुआश खेती है। तो मैं कहता हूं कि क्या जो हरिजन यहां रहते हैं उन का पैदाइशी हक नहीं कि उन को खेती बाड़ी के लिये ज़मीन मिले ? उन को ज़मीन मिलने से सिर्फ उन्हीं का फायदा नहीं होगा। हमारे प्रान्त की economy तरक्की करेगी और प्रान्त आगे जायेगा। हमें यह कभी न भूलना चाहिये कि हमारा प्रान्त ज़रायती प्रान्त है और इस पर जनसंख्या का बहुत बोझ है। अगर ज़मीन का ठीक इस्तेमाल न हुआ तो हाहाकार मच जायेगा।

मैं समझता हूं कि पंजाब के लोगों का मसला सिर्फ किसानों से हल नहीं हो सकेगा। यहां पर सनअत इतनी तरक्की पर नहीं कि बेकार लोगों को रोजगार मिल सके। बेकारी अब पहले की निसबत ज़्यादा फैली हुई है। किसानों को उन की ज़मीनों से बेदखल किया जा रहा है और अगर इन्हें सरकार ज़मीनें न देगी तो यह कहां जायेंगे ? मैं आप को एक मिसाल देता हूं कि रिवाड़ी के गांव में कांग्रेसी M.L.C. के हरिजन मुज़ारे को एक जाट ने मार पीट कर निकाल दिया। इन बेचारों को गांव में भेड़ बकरी चराने की भी इजाज़त नहीं और उन्हें कहा जाता है

[श्री मनी राम]

कि तुम्हारा ज़मीन पर हक नहीं। मेरे एक साथी ने कहा है कि अलैकशनों के दिनों में हरिजनों की वोटें खरीदी जाती हैं। सिर्फ वोटें ही नहीं बल्कि यह कहते हुए मेरा सिर शर्म के मारे झुक जाता है कि उन की लड़कियां चांदी के चन्द टुकड़ों के लिये बेच दी जाती हैं।

भगत गुरां दास : On a point of order, Sir. मेरे दोस्त ने फरमाया है कि हरिजनों की लड़कियां चांदी के टुकड़ों पर बेच दी जाती हैं यह बिल्कुल गलत बात है। उन को यह अलफाज़ वापस लेने चाहियें।

Mr. Speaker ; The hon. Member should withdraw these words.

श्री चांद राम अहलावत : जो अलफाज़ माननीय मैम्बर ने कहे हैं व उन्हें वापस लने चाहियें। हरिजनों की बाबत यह कहा जाये तो यह हमारी बेइज़्ज़ती है।

श्री मनी राम : मैं यह अलफाज़ वापस लेता हूं। मैं ने कहा था हमारी लड़कियां—गरीबों की लड़कियां चांदी के टुकड़ों पर बिकती हैं। इस लिये मैं, प्रधान जी, आप की मार्फत गरीब लोगों के नुमाइंदों से अपील करता हूं कि वह उन दुःखी हरिजनों और भूमि-हीन किसानों की तरफ अपनी तवज्जो दें जिन की आंखें इन की तरफ लगी हुई हैं और वह बड़ी बेताबी से देख रहे हैं कि उन के नुमायंदे 7 लाख एकड़ culturable waste land की तकसीम के बारे में क्या फैसला देते हैं। उन को चाहिये कि वह उन की सही नुमाइंदगी करते हुए उन के हक में फैसला दें और अपने फर्ज़ को पूरा करें जिस के लिये उन्होंने उन को यहां भेजा है। उन्हें चाहिए कि इस रेज़ोल्यूशन के बुनियादी असूल को सामने रखते हुए इसे politics का सवाल न बनायें और इस की पुरज़ोर हिमायत करें कत:नज़र इस बात के कि इस का credit किस पार्टी को जाता है।

Mr. Speaker: The hon. member should not indulge in repetition.

श्री मनी राम : प्रधान जी ! पंजाब के हरिजनों की जो बुरी हालत है मैं ने उस का नकशा आप के सामने रखा है और गवर्नमैण्ट की हरिजनों से हमदर्दी का सबूत इस बात से मिल जायेगा कि वह इस रेज़ोल्यूशन पर आज क्या फैसला करती है।

श्री चांद राम अहलावत (झज्जर) : स्पीकर साहिब ! आपोज़ीशन की तरफ से इस रैज़ोल्यूशन पर काफी तकरीरें हुई हैं और हरिजनों की हमदर्दी में बड़े आंसू बहाये गये हैं। यह प्रस्ताव इस सैशन में ही पेश नहीं हुआ है बल्कि पिछले सैशन में भी यह प्रस्ताव हाऊस के सामने पेश हुआ था। उस वक्त भी सरकारी बैंचों की तरफ से और सरकार की तरफ से एलान किया गया था कि जो भी सरकार की ज़मीन है वह लाज़मी तौर पर बगैर झिझक के हरिजनों को दी जायेगी। यही नहीं बल्कि जब वह प्रस्ताव पेश हुआ था उस से पहले भी सरकार ने कई ज़िलों में सरकारी ज़मीनें हरिजनों में तकसीम कर दी थीं। इस से साफ जाहिर होता है कि न तो इस मामला में गवर्नमैण्ट को याद दिलाने की ज़रूरत है और न ही कोई political exploitation करने की ज़रूरत है। ऐसा करना कांग्रेस सरकार की नीति है और खास तौर पर मेरे दोस्त पंडित श्री राम शर्मा और चौधरी श्री चन्द जी को जो मेरे ज़िले के हैं पता है कि किस तरह सरकार ने जिला रोहतक में खास तौर पर तहसील झज्जर में तमाम की तमाम ज़मीनें हरिजनों को दे दीं (*Cheers from the Treasury Benches*)। मेरे

दोस्त ने यह रैज़ोल्यूशन पेश किया है कि यह ज़मीनें Harijan agricultural labourers और landless peasants को दी जायें । इस रैज़ोल्यूशन में भारी defect है । मैं समझता हूं कि जिन्होंने यह रैजोल्यूशन पेश किया है उन की नीयत नहीं कि हरिजनों की मदद की जाये । अगर उन की ऐसी नियत होती तो साफ तौर पर यह रैज़ोल्यूशन लाते कि जितनी सरकार के पास ज़मीन है वह हरिजनों के अलावा किसी को न दी जाये । यह चाहते हैं कि हरिजनों का नाम लिया जाये और ज़मीन दी जाये । landless peasants को और उन caste Hindus को इस बहाने से फायदा पहुंचाया जावे । मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि रोहतक ज़िले में छः हज़ार एकड़ ज़मीन जिस को मैं तकसीम करने वाला था सब हरिजनों को दी गई और मैं अपने दोस्तों खास तौर पर चौधरी श्री चन्द, पंडित श्री राम शर्मा और कम्यूनिस्ट दोस्तों को दावत देता हूं कि वह उस इलाके में जा कर देखें कि उन्होंने उस ज़मीन पर किस तरह मेहनत की है और थोड़े दिनों में खुशी से उस का फल खायेंगे । इस हकीकत से उन्हें आंखें नहीं मीचनीं चाहिये । मेरे माननीय मित्र पंडित श्री राम शर्मा जिस वक्त वज़ारत में थे तो जब मैं हरिजनों के छोटे छोटे मामले प्रोफैशनल टैक्स ताज़ीरी, आदि के सम्बन्ध में उन्हें मिलता था तो वह कहते थे कि हरिजन गरीब नहीं उन पर से टैक्स नहीं हटेगा और अब वज़ारत खत्म होने के बाद उन के गम में आंसू बहा रहे हैं । मगर इन के वज़ारत से हटने के बाद इसी कांग्रेस सरकार ने हरिजनों को उसे टैक्स से निजात दिलाई । इसी हकूमत ने गरीब लोगों को डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के पंजे से आज़ाद करवाया । जो उन पर 17 साल से तसल्लत जमाये बैठे थे । मैं अपने हरिजन भाईयों से कहूंगा कि वह इन बातों में न आयें क्योंकि वह इन्हें बहकाने की कोशिश कर रहे हैं । हमारे स्वर्गीय नेता महात्मा गांधी की आत्मा इस बात पर कितनी खुश होती होगी कि आज इस हाऊस का कोई तबका भी इस बात के खिलाफ नहीं है कि हरिजनों को ऊपर उठाया जाये । इस मुल्क में स्वर्ण हिंदूओं के दिलों में यही हरिजन प्रेम पैदा करना चाहते थे । हरिजनों का सुधार करने में दो रायें नहीं हो सकती लेकिन इस में कोई शक नहीं कि ज़मीनें देने से ही हरिजनों का उद्धार हो सकता है । मैं Opposition के मैम्बरों को मुबारकबाद देता हूं और खास तौर पर चौधरी श्री चन्द को कि उन के दिमाग में आखिर यह ख्याल आया है कि हरिजनों का सुधार किया जाये और उन्होंने उन की कदर पहचान कर अपनी ज़बान से उन के लिये हमदर्दी के अलफ़ाज़ निकालने शुरु किये हैं । यह एक अच्छी निशानी है । यह उन को मताधिकार दिये जाने के कारण से है ।

हम अभी नहीं भूले कि शामिलात की तकसीम किस तरीके से कराई गई थी, कैसे झगड़े कराये गये थे । जालंधर के ज़िले में हमारी सात बहिनों को जिन का एक सवाल के जवाब में ब्योरा दिया गया, को किन लोगों ने अगवा करवाया यह भी हम जानते हैं । यह भूमिदार लोग ही हैं । भूमिदान का ज़िक्र यहां किया गया है मैं इस Opposition के किस मैम्बर ने जमीन दी है ? उस में भी कांग्रेसी वर्करों और एम. एल. ए. साहबान ने ही ज़मीन दी है । जब कि विरोधी दलों में बड़े २ लैण्ड लार्ड ज़मीनें दबाये बैठे हैं वह भाई हरिजनों को waste land ही क्यों दिलवाना चाहते हैं, मुल्क की और अपनी best land, जरखेज़ ज़मीन, भी उन को क्यों न दी जाए ताकि उन का सही उद्धार हो । हरिजन जानते हैं कौन सी पार्टी उन का उद्धार कर

[श्री चांद राम अहलावत]

सकती है। हरिजन कांग्रेसी मैम्बरों के अन्दर इतनी ताकत तो जरूर है कि वह अपनी पार्टी की राये को mould कर सकें। भारत सरकार और Planning Commission ने वाज़ेह हिदायतें जारी की हुई हैं कि तमाम की तमाम waste land जल्द से जल्द हरिजनों को दी जायें—नीलामी के ज़रिये नहीं बल्कि पांच दस साल के leases पर यहां तक कि उन को मालिक भी उन ज़मीनों का बनाया जावे। General elections से पहले तहसील रोहतक में हरिजनों को बसाने के लिये बहुत थोड़ी जमीन बसने के वास्ते दी गई थी मगर इस गवर्नमैण्ट के बनने के बाद सोनीपत और रोहतक की तहसीलों में पांच विसवे फी कुन्बा के हिसाब से ज़मीन दी गई है।

पंजाब की सरकार यानी कांग्रेस इस बात से डरने वाली नहीं। आखिर यह उसी पार्टी की गवर्नमेंट है जिस ने इन देहातियों का confidence हासिल किया। तो फिर वह इस किस्म की धमकियों से कैसे घबराने वाली है। कौन नहीं जानता कि मेहना के अन्दर चुनाव हुए तो Opposition ने किस तरह उन भोले भाले लोगों को भड़काने की कोशिशें कीं। कौन नहीं जानता कि उन लोगों ने इस सरकार को इस इलाके की elections लड़ने के लिये challenge किया था। कौन नहीं जानता कि उन्होंने उस पर दबाव डालने के लिये हर मुमकिन तरीके इस्तेमाल किये। लेकिन इन सारी चीज़ों के बावजूद कौन नहीं जानता कि उन लोगों ने सरकार के हक में ही अपना फतवा दिया।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਜਨਾਬ, ਮੈਂ ਸਿਰਫ ਇਕ ਹੀ ਮਿਸਾਲ ਦਿਤੀ ਸੀ ਤੇ ਤੁਸਾਂ ਮੈਨੂੰ ਰੋਕ ਦਿਤਾ ਸੀ। ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਹੁਣ ਇਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਬਾਰੇ ਹੀ ਕਹਿਣਾ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਇਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਵਿਚ ਕੋਈ ਪਾਰਟੀ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਇਲੈਕਸ਼ਨ ਤਾਂ ਕਾਂਗਰਸ ਨੇ ਲੜੀ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਆਪ ਦੀ ਰੂਲਿੰਗ ਮੰਗਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਆਇਆ ਸਰਕਾਰ ਵੀ ਕੋਈ ਇਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਵਿਚ ਪਾਰਟੀ ਹੈ ?

Mr. Speaker : This is no point of Order.

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਪਰ ਆਪ ਦੀ ਤਵੱਜੁਹ ਤਾਂ ਇਸ ਗਲ ਵਲ ਲਿਆਈ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ।

अध्यक्ष महोदय : जब आप स्पीचें पढ़ेंगे तो आप को मालूम हो जायेगा कि असल में माननीय मैम्बर क्या कह रहे हैं।

(You will come to know what the hon. Member is actually saying when you go through the speeches.)

श्री राम किशन : जनाब, मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि कांग्रेस पार्टी जो कि इन Treasury Benches पर बैठी हुई है इन के दबाव या challenges से घबराने वाली नहीं।

मेरे एक दोस्त ने कहा था कि स्यासी मकासद के लिये ही इन डिस्ट्रिक्ट बोर्डों को supersede किया गया है। आखिर स्यासी मकसद क्या और कैसे हो सकता है ? जब ये District Boards नये सिरे से constitute होंगे तो उन के लिये 55,000 के करीब पंचायतों के वोटर होंगे ? इन की elections तो पंचायतों के ज़रिये ही होंगी। हालांकि पंचायतों की elections में कांग्रेस ने हिस्सा नहीं लिया। लेकिन जब इन District Boards के लिये नए elections होंगे तो मैं अपने मुखालिफ़ भाइयों को साफ तौर पर कह देना चाहता हूं कि कांग्रेस इन से घबराने वाली नहीं। वह उन से अपील करेगी और आप को दिखा देगी कि उस का भी अपने सिद्धांतों के आधार पर वोटरों पर कितना hold है। तब यह लोग यानी अपोज़ीशन देखेगी कि डिस्ट्रिक्ट बोर्डों की नीति पर, भारत सरकार की नीति पर, किस उत्साह के साथ उन्होंने अपना विश्वास प्रकट किया है।

आखिर अब सवाल क्या है ? सवाल सिर्फ़ यही है कि अब हमें इस बात पर फैसला करना है कि आया ये District Boards इस मौजूदा शकल में ही जारी रहें या

[श्री राम किशन]

कि आइन्दा के लिये इन का कोई और यानी दूसरा रूप हो । हिंदुस्तान में आज काया पलट हो रही है । आज हिन्दुस्तान में जो जम्हूरी हुकूमत कायम है, जिस प्रजातन्त्र के सिद्धांत को इस मुल्क में अपनाया गया है उस ने जो इख्तियारात दिये हैं उन के मुताबिक हमें यह फैसला करना है कि हमें इन District Boards को पुराने तरीके पर ही जारी रखना है, professional taxes को उसी तरह रखना या कोई नया ढंग adopt करना है । हमें यह सोचना है कि बदले हुए ज़माने में इन institutions को चलाना कैसे है, उन के सुपुर्द क्या powers रखनी हैं । हमें इस बात का फैसला करना है कि पढ़ाई का ढंग कैसा हो, हस्पताल कहां बनें, कैसे बनें, sanitation कैसी होनी चहिये, वग़ैरा वग़ैरा । जहां तक स्कूलों का ताल्लुक है प्राइमरी स्कूलों का इन्तज़ाम पहले डिस्ट्रिक्ट बोर्डों के ज़िम्मे हुआ करता था । अब भारत सरकार की नीति के मुताबिक स्कूलों का सारा सिलसिला पंजाब गवर्नमैण्ट ने अपने हाथों में ले रखा है और single—teacher schools जारी कर दिये हैं..........

अध्यक्ष महोदय : ये सब कुछ कैसे relevant है ? मेहरबानी करके बिल तक ही अपने remarks महदूद रखें । (How is all this relevant ? Please confine your remarks to the Bill.)

श्री राम किशन : बहुत अच्छा जनाब, अब मैं दूसरे पहलू पर आता हूं । यह कहा गया है कि सरकार डिस्ट्रिक्ट बोर्डों के मैम्बरों से डरती है । इसी लिये उन को suspend किया जा रहा है यह बिल्कुल ग़लत बात है । कौन नहीं जानता कि पंजाब लैजिस्लेटिव कौंसिल के डिस्ट्रिक्ट बोर्डों के ज़रिये चुने गये चार मैम्बरों में से तीन मैम्बर कांग्रेस के हैं ? इस से साफ जाहिर है कि अब डिस्ट्रिक्ट बोर्डों की नई elections होंगी तो लोग कांग्रेस का ही ज़्यादा साथ देंगे ।

इस के इलावा कहा गया है कि nominations किये जायेंगे । मुझे मजबूर हो कर कहना पड़ता है कि इस चीज़ को भी Opposition के भाई ग़लत interpret कर रहे हैं । हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने और मिनिस्टर इंचार्ज ने जब यह एलान कर दिया हुआ है कि जल्दी से जल्दी पालिसी बना कर एक नया बिल सामने लाया जाएगा तो मैं समझता हूं कि nomination करने का सवाल ही पैदा नहीं होता । नई इलैक्शन होने से पहले इस transitory period के लिये जो सरकारी अफ़सर इन District Boards की administration को चलाएंगे वे तो ex-officio Members होंगे । आखिर इस का मतलब यह थोड़े ही है कि इस institution को बिल्कुल उड़ा दिया जायेगा । यह तो साफ तौर पर सब को मालूम ही है कि मौजूदा निज़ाम में पंचायतों को जो कि हमारी administration की एक बहुत मज़बूत और अहम इकाई होंगी, ज़्यादा से ज़्यादा इख्तियारात देने की हमारी गवर्नमैण्ट की पालिसी है । तब, जैसा कि मैं पहले भी कह चुका हूं, गवर्नमैण्ट और पंचायतों के बीच co-ordination के लिये किसी body की ज़रूरत है । फिर वह body चाहे District Panchayat Councils हो चाहे District Boards उसे लोगों की राए से ही चुना जायेगा ।

स्पीकर साहिब, मेरे दोस्तों ने यह फरमाया है कि development की स्कीमों में उन की राए या सलाह नहीं ली जाती। मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि इस बारे में भारत सरकार की यह नीति है कि ज़्यादा से ज़्यादा लोगों की सलाह और सहयोग हासल किया जाए। चुनांचि इसी मकसद के लिये हरेक ज़िला में Five Year Plan पर सोचने और सफारिशें करने के लिये District Development Councils बनाई हुई हैं। उस की मीटिंगें होती हैं जिन में डिस्ट्रिक्ट बोर्डों के मैम्बरों और पंचायतों के सरपंचों को invite किया जाता है। इस लिये जहां तक development के प्रोग्राम का ताल्लुक है सारे के सारे rural areas का सहयोग हासिल किया जाता है। हां, अगर हमारे ये साथी उन meetings को attend ही न करें तो फिर कसूर कुदरती तौर पर उन का अपना है। लिहाज़ा उन का यह इलज़ाम कि Five Year Plan के सिलसिले में और national development के सिलसिले में आम लोगों का सहयोग हासिल नहीं किया जाता, निराधार और बेमानी है।

इस के अलावा यह कहा गया है कि Deputy Commissioners को Chairmen बना दिया गया है। इस लिये अब वे लोग अपनी मनमानी करेंगे और लोगों की आम ज़रूरियात और सहूलतों की परवाह नहीं की जाएगी। मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि उन का ऐसा अन्दाज़ा लगाना गलत है। वह ज़माना गया जब कि ज़िला के अफसर उस bureaucratic regime को represent किया करते थे। वह ज़माना गया जब कि Deputy Commissioner गवर्नर के सामने जवाबदेह और गवर्नर जवाबदेह हुआ करता था Viceroy के सामने जो कि Crown का representative होता था। आज ये Deputy Commissioners पंचायतों की representative लोक सरकार के सामने जवाबदेह हैं— democratic regime को जवाबदेह हैं।

इस लिये मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह बहुत बड़ी बात है जो कि पंजाब की देहाती जनता को आगे ले जाने वाली साबत होगी। मैं यह दावे से कह सकता हूं कि यह देहातियों को दबाने वाला नहीं बल्कि जो नए डिस्ट्रिक्ट बोर्ड बनेंगे वे 3 या 4 प्रतिशत की बजाए 60 या 70 प्रतिशत देहातियों के representatives होंगे। चूंकि इस कानून के ज़रिये British imperialism की इस निशानी को भी खत्म किया जा रहा है और उस के स्थान पर समाज को एक नये ढांचे पर खड़ा करने का प्रबन्ध किया जा रहा है इसलिये मैं इस की support करता हूं और अपने मुखालिफ भाइयों से अपील करता हूं कि वह भी इस काम में हकूमत को अपना सहयोग दें।

Chief Parliamentary Secretary : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

अध्यक्ष महोदय : Question put करने से पहले मैं चाहूंगा कि जो साहिबान debate में हिस्सा लेना चाहें उन के लिये कोई टाइम allot कर दूं क्योंकि अभी बहुत से सदस्य बोलना चाहते हैं। अगर राए हो तो time fix किया जाए वरना दो तीन साहिबान के और बोल लेने के बाद question put किया जाएगा।

[अध्यक्ष महोदय]

[Before having the question put I would like to fix some time limit for the hon. Members who wish to take part in the debate, because so many hon. Members wish to speak. If it be the desire of the House the time limit can be fixed. Otherwise the question will be put after two or three more hon. members have spoken .]

पंडित श्री राम शर्मा : 15 मिनट फी मैम्बर.....

चीफ् पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी : 5 मिनट ।

Mr. Speaker : Well, carry on.

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी (आदमपुर) : स्पीकर साहिब, इस में कोई शक नहीं है कि इस motion पर काफ़ी बहस हो चुकी है । लेकिन बहस के दौरान में कुछ ऐसे सवाल उठाए गए हैं जिन का जवाब देना Opposition के लिये निहायत ज़रूरी हो जाता है । एक बात खास है जिस की तरफ मैं हाऊस का ध्यान दिलाना चाहता हूं । इस वक्त सवाल पुराने मैम्बरान का नहीं है । उन की stagnation का नहीं है, बल्कि सवाल है उस तरीके का जिस से District Boards को dissolve किया जा रहा है । अगर Constitution के मुताबिक District Boards को dissolve करके नए elections कराए जाते तो यह सवाल पैदा न होता जिस तरह Constitution के under दूसरे bodies के लिये तरीका रखा गया है। लेकिन यहां तो एक ordinance जारी किया गया था और वह Constitution के Article 213 के खिलाफ जाता है । इस में जो nominations की provision रखी जा रही है वह बड़ी ज़बर्दस्त agitation की बात है । 1883 के बाद 1894 में मिस्टर पोलज़ ने British Parliament में इसे पेश किया था और District Boards की elections का हक लोगों को बड़ी कोशिश के बाद मिला था । जो चीज़ 1883 में थी वही अब की जा रही है । अब फिर District Boards Deputy Commissioners के सुपुर्द किए जा रहे हैं और कहा जा रहा है कि यह for some time किया जा रहा है क्योंकि इस बिल की Statement of Objects and Reasons में दिया है "This will take some time in considering the fundamental issues involved." इस के लिये कोई वक्त मुकर्रर नहीं किया गया । अगर कोई वक्त दिया भी होता तो उस वक्त के लिये जिस में यह नया pattern तैयार नहीं हो जाता इन District Boards को dissolve कर दिया जाता और Assembly की elections की तरह इन की दोबारा elections करा ली जातीं । असल में इस का cause और है जिस के लिये हम को शिकायत है । जो democracy का असूल है उस को तोड़ कर यह किया जा रहा है । अगर 20 साल पुराने मैम्बरों को निकालना है तो कौन कहता है कि उन्हें न निकाला जाए लेकिन नए elections कराए जाएं । असल में स्पीकर साहिब इस का cause और है । एक दो District Boards के Presidents non-congressmen हो गये थे और गवर्नमेंट इन के ज़रिये लोगों पर जो टैक्स लगाना चाहती थी वह उन्होंने लगाने नहीं दिया था । असल में यह

स्कीम थी। अगर इन्होंने नई स्कीम बनानी थी और District Boards का नया pattern तैयार करना था तो जब तक वह तैयार न हो जाता तब तक के लिये नए electoral rolls तैयार करा कर इन के नये elections करा लिये जाते। यह सारा procedure जो गवर्नमेंट अपना रही है गलत है। हम उन की नीयत पर शक नहीं करते। लेकिन जब हम इन चीज़ों को analyse करते हैं तो यह साफ हो जाता है कि किस नीयत से इन्होंने यह Ordinance जारी किया था और किस नीयत से इन्होंने यह बिल पेश किया है हम इन को challenge करते हैं और अगर यह हमारा challenge मन्ज़ूर। कर लें तो हम मानने को तैयार हैं कि हम ग़लती पर थे। क्योंकि यह हमारे challenge को मानने को तैयार नहीं इस लिये हमें यह शक पड़ता है और यह शक बढ़ता जा रहा है कि थोड़े समय के लिये Upper House के लिये जो वह clause है जिस के मातहत इस के मैम्बरों को District Boards और Municipal Committees के मेम्बर चुन कर भेजते थे वह अब Deputy Commissioner नामज़द कर के भेजा करेंगे। इस का मतलब यह हुआ कि अब Upper House जो इस हाऊस से ऊपर का हाऊस है उस को Deputy Commissioners बनाया करेंगे जो कि पहले District Boards और Municipalities के elected मैम्बर बनाया करते हैं। मैं इन से पूछता हूं कि ऐसा करने से इस हाऊस की dignity ही क्या रह जाती है ?

अध्यक्ष महोदय : जब third reading की motion under discussion हो तो जो बातें first reading में या second reading में कही जा चुकी होती हैं उन्हें avoid किया जाना चाहिये। जब मैं third reading के वक्त कहता हूं कि आप repeat कर रहे हैं तो मेरा यह मतलब नहीं होता कि आप उसी reading में जो बातें कह चुके हैं वही दौहरा रहे हैं बल्कि जो चीजें आप पहिली दो readings में भी कह चुके होते हैं आप उन को repeat कर रहे होते हैं। इस लिये मैं मैम्बर साहिबान से अर्ज़ करता हूं कि वह third reading के मौके पर method of implementation of the Bill पर अपने विचार हाऊस के सामने रखा करें।

(Ordinarily repetition of arguments advanced during the first or second reading of a Bill should be avoided while speaking on its third reading. So when I point out that the hon. Member is making a repetition I don't mean that he is doing so during his speech on the third reading but he is repeating arguments which he put forward earlier during discussion on the first and second readings of the same Bill. I would, therefore, request the hon. Members that they should discuss briefly the manner and method in which they would like the Government to enforce the Bill when enacted into law.)

Professor Moti Singh Anandpuri : I agree with you, Sir, that there should be no repetition of arguments. But I would like to submit, Sir, that it usually happens that certain points raised or charges levelled by one party are not dealt with by the other party at the time of the first or second reading of the Bill. It, therefore, becomes indispensable for the party concerned to clarify its position in respect of those points or to give appropriate reply to the charges so levelled at the time of the third reading of the Bill.

[Professor Mota Singh Anandpuri]

Then some drafting mistakes are pointed out or constitutional points are raised at the time of the first or second reading of the Bill but the Minister concerned does not make any mention of them in his speech. It becomes necessary to bring those things again to the notice of the Minister at the time of the third reading of the Bill.

अध्यक्ष महोदय : आप तो वही तकरीर कर रहे हैं जो आपने इस बिल की पहली पढ़त के अवसर पर की थी पर जो बातें अब आप Treasury Benches के मुताल्लिक कह रहे हैं उन के कहने का यह मौका नहीं है । (You are saying the same things which you had said during the discussion on the first reading of this Bill. This is not the occasion to say these things.)

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : Anyhow, I want to be brief. Treasury Benches की तरफ से एक दो बातें ऐसी कही गई हैं जिन के बारे में कुछ कहना ज़रूरी है । एक बात तो यह है कि Upper House को जो चुनने वाले मैम्बर होंगे वह कौन होंगे । मैं मानता हूं कि इसमें repetition हो रहा है लेकिन अभी तक इस का कोई satisfactory reply नहीं आया । इस लिये मैं कहता हूं कि यह Democracy का खून किया गया है ।

श्री बनारसी दास गुप्ता (थानेसर) : स्पीकर साहिब, जिस वक्त यह ordinance जारी हुआ उस वक्त मुझे रंज भी हुआ और खुशी भी । रंज इस बात का, कि मैं खुद भी एक District Board का मैम्बर था और खुशी इस लिये कि सूबे के लोगों की यह पुरानी आवाज़ थी कि District Boards को इसी तरह से खत्म किया जाना चाहिये या फिर नए सिरे से elections कराए जाएं । रंज के वास्ते मेरे से हमदर्दी किसी ने ज़ाहिर न की मगर खुशी के मारे मुबारकबाद बहुतों ने दी । हर आदमी यह समझता था कि हर ज़िला में 16, 16 और 18, 18 साल के वह पुराने मैम्बर थे जिन्हें Unionist Party ने लगवाया था और जो उन दिनों Government के स्तून गिने जाते थे और देहात में बहुत बदनाम हुआ करते थे यानी जैलदार, नम्बरदार, वग़ैरा । यह लोग ग़रीबों को तंग किया करते थे और उन से ज़बरदस्ती राए लेकर मैम्बर बन जाया करते थे । (चौधरी श्रीचन्द : आप भी इसी तरह करते रहे होंगे ।) स्पीकर साहिब, आप को पता है कि मुसलमानों के चले जाने के बाद कुछ और ऐसे ही लोग District Boards में दाखिल हो गए थे । मुझे भी इस बात का तजरुबा है कि District Boards के अन्दर ही अन्दर एक बड़ी भारी कशमकश चली रहती थी । ज़्यादा तादाद पुराने मैम्बरान की थी जो Unionist Government के बल बोते District Boards में आए थे । इस लिये यह लोग उन चंद progressive ख्यालात के लोगों की, जो nomination या और किसी भी तरीके से District Boards पर आ जाते थे, दाल नहीं गलने देते थे । उन दिनों District Boards कुछ ऐसे लोगों के अड्डे बन गये थे कि Chairman समझता था कि हुकूमत अगर है तो मेरी ही है । वह आम तौर पर न तो Government की ही, बात मानता था और न ही किसी ऐसे मैम्बर

या दूसरे आदमी की बात मानता था जो progressive ख्यालात का हो। मैंने देखा कि यह लोग बड़ी २ अच्छी बातों को खामखाह रद्द कर दिया करते थे। कमेटियों पर नामुनासिब आदमियों को लगाया जाता था। एक तालीमी Sub-Committee बनी उस पर कुछ अनपढ़ मैम्बर लगाए गए जब कि जो पढ़े लिखे थे उन्हें नामजद न किया गया। आप को शायद पता होगा कि District Boards के Chairman सारी powers अपने हाथ में ले लेते थे और मैम्बरान के दखल की कोई गुंजायश नहीं रह जाती थी। चुनांचे हम ने देखा कि जब Marketing Committee के मैम्बरों की नामज़दगी की बात आई तो उन्होंने सारी powers अपने हाथों में ले लीं क्योंकि वह जानते थे कि अगर ऐसा न किया जाए तो उन की सारी बातें तश्त अज़ बाम हो जायेंगी और फिर उन की ऐसी मनमानियां चल न सकेंगी। Deputy Commissioner और दूसरे अफसरों को भी वह इन बातों के लिये राज़ी कर लिया करते थे। मुझे पता है कि पुन्डरी की एक छोटी सी सड़क थी। District Board के Chairman को बताया गया कि इस से लोगों को बड़ी तकलीफ है तो मुझे पता है कि कई सालों तक इस बात की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। जब Commissioner और Deputy Commissioner साहिबान से कहा गया तो भी उन्होंने बनवा कर नहीं दी यहां तक कि Commissioner साहिब को order देना पड़ा कि यह सड़क बनवा दी जाये और खर्च District Board से लिया जाए। स्पीकर साहिब, जितना District Board का मेरा तजरुबा है उस से मैं जानता हूं कि District Boards का ढांचा इतना बोदा और कमज़ोर हो गया था कि उस को या तो नई elections के ज़रिये replace किया जाता या इस किस्म के बिल द्वारा बदला जाता। और फिर जब Leader of the House ने वादा कर लिया है कि बहुत जल्दी ही सारे हिन्दुस्तान के सूबों के District Boards का ढांचा देख कर, जो कुछ मुनासिब होगा House के सामने लाया जायेगा तो मैं नहीं समझता कि दो चार महीनों में क्या नुकसान हो जाएगा। फिर Deputy Commissioner और दूसरे मैम्बर जो आज हैं, काफी dependable हैं और technical advice दे सकते हैं। और फिर जब सारी बातें महकमा House के सामने रखेगा तो मैं नहीं समझता कि इस में क्या बुराई है। सरकार का यह बिल्कुल इरादा नहीं कि नामज़दगी द्वारा interim period में अपने favourites को District Boards में लाया जाए। मुझे समझ नहीं आती कि अगर Minister साहिब इस अच्छे बिल को House में लाए हैं तो क्यों इस बिल के पास करने में Opposition के मैम्बरान ताखीर करते हैं। मैं तो Minister साहिब को मुबारकबाद देता हूं कि वह लोगों की आवाज़ को इस बिल के रूप में यहां लाये हैं। मैं समझता हूं कि यह आवाज़ अब बहुत मज़बूत हो गई थी और इस House में भी यह कहा गया था कि District Boards का ढांचा बदला जाए या replace किया जाए। मुझे उम्मीद है कि District Boards अब पहले से भी ज्यादा लोगों की खिदमत करेंगे। फिर टैक्सों की बात कही जाती है। मुझे पता है कि पहले District Boards ने इतने ज़्यादा टैक्स लगाये जितने वह लगा सकते थे। कहा जाता था कि District

[श्री बनारसी दास गुप्ता]

Boards ज़मींदारों की नुमायंदगी करते थे। लेकिन मुझे पता है कि इन्होंने ज़मींदारों से कोई अच्छा सलूक नहीं किया। ग़रीबों पर कई तरह के टैक्स लगाये गये। Professional Tax बिना हिसाबकिताब देखे वसूल किया करते थे। इस तरह कई तरीकों से ग़रीबों को सताया करते थे और कोई शुनवाई नहीं थी। आज कम से कम Deputy Commissioner इस House के सामने जवाबदेह तो है। मुझे यकीन है कि सारी चीज़ इस तरीके से होगी कि इस interim थोड़े से periord में Boards के खिलाफ कोई शिकायत नहीं आएगी। इन शब्दों के साथ मैं इस बिल को support करता हूं।

Chief Parliamentary Secretary (Shri Prabodh Chandra) : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Speaker : Question is—

That the question be now put.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab District Boards (Temporary Constitution) Bill be passed.

The Assembly then divided.

Ayes : 56.
Noes. : 16.

The motion was declared carried.

AYES

S. No.	Names
1	Abhai Singh, Shri
2	Benarsi Dass Gupta, Shri
3	Bhim Sen Sachar, Shri
4	Bishna Ram, Shri
5	Chandan Lal Jaura, Shri
6	Chandi Ram Verma, Shri
7	Chuni Lal, Shri
8	Daulat Ram, Shri
9	Daulat Ram Sharma, Shri
10	Dev Raj Anand, Shri
11	Dev Raj Sethi, Shri
12	Dharam Vir Vasisht, Shri
13	Gopi Chand, Shri
14	Guran Dass Hans, Bhagat
15	Gurbanta Singh, Sardar
16	Gurbachan Singh Bajwa, Sardar
17	Gurdial Singh, Sardar
18	Gurmej Singh, Sardar
19	Harbhajan Singh, Principal
20	Jagdish Chander, Shri
21	Jagdish Chandra, Dewan
22	Kanhaya Lal Butail, Shri

S. No.	Names
23	Kartar Singh, Sardar
24	Kasturi Lal Goel, Shri
25	Kesho Das, Shri
26	Khem Singh, Sardar
27	Khushi Ram Gupta, Shri
28	Lahri Singh, Chaudhri
29	Lajpat Rai, Shri
30	Lal Chand Prarthi,Shri
31	Mam Raj, Shri
32	Mansa Ram Kuthiala, Shri
33	Mehar Singh, Shri
34	Mehar Singh, Thakur
35	Mohan Singh Jathedar, Sardar
36	Nand Lal, Shri
37	Nanhu Ram, Shri
38	Naranjan Dass Dhiman, Shri
39	Parkash Kaur, Shrimati
40	Partap Singh, Bakhshi
41	Partap Singh Rai, Sardar
42	Prabodh Chandra, Shri
43	Raghuvir Singh, Rai
44	Rala Ram, Shri
45	Ram Chandra Comrade, Shri
46	Ram Kishan, Shri
47	Ram Kumar Bidhat, Shri
48	Ram Parkash, Shri
49	Samar Singh, Shri
50	Sant Ram, Shri
51	Sarup Singh, Shri
52	Shanno Devi, Shrimati
53	Sohan Singh, Sardar
54	Teg Ram, Shri
55	Uttam Singh, Sardar
56	Waryam Singh, Sardar

NOES

1 Abdul Ghani Dar, Maulvi
2 Achhar Singh Chhina, Sardar
3 Babu Dayal, Shri
4 Balwant Singh, Thakore
5 Bhag Singh, Sardar
6 Chanan Singh Dhut, Sardar
7 Gopal Singh, Sardar
8 Harkishan Singh Surjit, Sardar
9 Kedar Nath Saigal,Shri
10 Mam Chand, Shri
11 Maru Singh Malik, Shri
12 Mota Singh Anandpuri, Professor
13 Sarup Singh, Sardar
14 Shri Ram Sharma, Pandit
15 Sri Chand, Shri
16 Wadhawa Ram, Shri

THE EAST PUNJAB HOLDINGS (CONSOLIDATION AND PREVENTION OF FRAGMENTATION) (SECOND AMENDMENT) BILL, 1954.

Minister for Irrigation and Power (Chaudhri Lahri Singh) : Sir, I introduce the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Second Amendment) Bill.

Minister For Irrigation And Power : Sir, I beg to move—

> That the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Second Amendment) Bill be taken into consideration at once.

साहिबे सदर, इस तरमीम की ज़रूरत इस लिये पड़ी है कि जब कहीं एक्ट की दफा 36 या 42 के मातहत order होने पर repartition को set aside कर दिया जाता है तो बाज़ लोग पुरानी ज़मीनों पर जबर्दस्ती जा कर कब्ज़ा कर लेते हैं। इसी तरह बाज़ partition के वक्त मिली हुई ज़मीन में ही बैठे रहते हैं। इस तरह गड़बड़ पैदा होती है और फसलों का भी बहुत नुकसान होता है। मुश्किल यह है कि कोई मामूली सी चीज़ भी set aside हो तो बाज़ लोग जबर्दस्ती सारी पुरानी ज़मीन पर कब्ज़ा कर लेते हैं। कानून के मुताबिक तो ऐसा नहीं हो सकता मगर ऐसे हालात में Consolidation staff को कोई अख्तियार हासिल न था। अब एक तो यह तरमीम पेश की गई है कि अगर कोई fresh scheme लानी हो तो और बात है वरना दूसरी repartition तक वह लोग वहीं रहें और पुरानी ज़मीनों पर कब्जा न करें।

दूसरी तरमीम में Consolidation Officers को इस बारे में ज़रूरी अख्तियारात दिये गये हैं। आप देखते हैं कि मौजूदा हालात में कितना नुकसान और disorder हो रहा है और फसलें खामखाह बरबाद होती हैं। पस यह बिल smooth sailing की गर्ज़ से पेश किया गया है और मुझे उम्मीद है कि किसी को भी इस पर कोई एतराज़ न होगा।

Mr. Speaker : Motion moved—

> That the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Second Amendment) Bill be taken into consideration at once.

ਸਰਦਾਰ ਬਚਨ ਸਿੰਘ (ਬਾਘਾ ਪੁਰਾਣਾ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਇਹ ਬਿਲ ਮੁਰੱਬੇਬੰਦੀ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਹੈ। ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਬਾਰੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਮਲ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕਿਤਨੀ ਤਕਲੀਫ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। ਬਾਜ਼ੀ ਜਗ੍ਹਾ ਇਕ ਦੋ ਬਾਰ ਕਾਰਵਾਈ ਹੋ ਚੁੱਕੀ ਹੈ ਪਰ ਅਜੇ ਤੀਕਰ copy ਨਹੀਂ ਮਿਲੀ ਅਤੇ ਬਹੁਤ ਵਧੀਕੀਆਂ ਹੋ ਰਹੀਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਲੋਕ ਤਬਾਹ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ। ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਗਏ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਸਿਆ ਕਿ 150 ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕਾਪੀਆਂ ਨਹੀਂ ਮਿਲੀਆਂ. . . .

अध्यक्ष महोदय : इस बिल का मज़मून कुछ और है और आप कुछ और कह रहे हैं। (The Bill under discussion relates to quite a different matter from what the hon. Member is talking about.)

ਸਰਦਾਰ ਬਚਨ ਸਿੰਘ: ਮੈਂ ਦਸ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਰੀ ਕਾਰਵਾਈ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਮੁਕੰਮਲ ਰਹਿੰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ. . . .

अध्यक्ष महोदय : यह एक खास मकसद का बिल है उसी के बारे में बोलिये ।

(The Bill relates to a specific matter and the hon. Member should confine his remarks to that alone.)

ਸਰਦਾਰ ਬਚਨ ਸਿੰਘ: ਸਕੂਲਾਂ, ਹਸਪਤਾਲਾਂ ਵਾਸਤੇ ਅਤੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਵਾਸਤੇ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਛਡ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਪਰ........

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਮੈਂ ਆਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਬਿਲ ਇਕ ਖਾਸ ਚੀਜ਼ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਹੈ। ਤੁਸਾਂ ਕੀ ਇਸ ਨੂੰ ਪੜ੍ਹਿਆਂ ਵੀ ਹੈ? ਉਸੇ ਚੀਜ਼ ਉੱਤੇ ਬੋਲੋ ਲਾਂਭੇ ਨਾ ਜਾਓ । (I have said that the Bill relates to a specific matter. Has the hon. Member read it at all ? He should confine his remarks to that matter and refrain from digression.)

ਸਰਦਾਰ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਇਹ ਦਸ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਮਲ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਿਹਾ । ਰਸਤੇ ਸਿੱਧੇ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੇ......

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ: ਇਹ ਬਿਲ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੇ ਕਬਜ਼ਿਆਂ ਬਾਰੇ ਹੈ । ਕੁਝ ਲੋਕ ਪਿਛਲੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਤੇ ਕਬਜ਼ਾ ਜਾ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਤੇ ਜਦੋਂ ਦੁਬਾਰਾ ਤਕਸੀਮ ਦੀ ਨਜ਼ਰਸਾਨੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਜਾਂ ਇਹ ਮਨਸੂਖ਼ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਹੁਤ ਨੁਕਸਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਇਹ ਬਿਲ ਉਸ ਨੁਕਸ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਲਿਆਂਦਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਤੁਸੀਂ ਉਸ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਬੋਲੋ ।

(This Bill relates to possession of the lands. Certain people go back and take possession of their previous lands when a re-partition is revised or cancelled and this results in a great loss. This Bill is designed to remove this trouble. The hon. Member should speak on this particular matter.)

ਸਰਦਾਰ ਬਚਨ ਸਿੰਘ: ਕਬਜ਼ੇ ਦਾ ਪਤਾ ਉਸੇ ਸੂਰਤ ਵਿਚ ਲਗ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜਦੋਂ copy ਮਿਲੇ । ਉਥੇ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੀ ਉਸ ਵੇਲੇ ਲਗਦਾ ਹੈ ਜਦੋਂ ਸੱਭੇ ਮਿਆਦਾਂ ਲੰਘ ਚੁਕੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। ਕਬਜ਼ਾ ਤੇ ਬਹਾਲ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਪਰ ਬਹਾਲ ਉਸ ਵੇਲੇ ਹੀ ਕਰੋਗੇ ਜਦੋਂ ਪਤਾ ਲੱਗੇ । ਉਥੇ ਤਾਂ ਪਤਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਲਗਦਾ । ਜ਼ਮੀਨ ਕਿਤੇ ਦੱਸੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਕਬਜ਼ਾ ਕਿਤੇ ਦਸਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ।

ਦੂਜੀ ਗਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜ ਪੰਜ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਛਡ ਦੇਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਹ ਕਿਸੇ ਅਰਥ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ। (Bell rings) ਇਹ ਤਾਂ ਚੋਰਾਂ ਦੇ ਕਪੜੇ ਤੇ ਲਾਠੀਆਂ ਦੇ ਗਜ਼......

Mr. Speaker: Order, order.

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ (ਟਾਂਡਾ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਗਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਐਕਟ ਦੀ ਸੋਧਨਾ ਵਾਸਤੇ ਅੱਗੇ ਵੀ ਇਕ ਤਰਮੀਮੀ ਬਿਲ ਆਇਆ ਸੀ ਅਤੇ ਹੁਣ ਇਹ ਦੂਜਾ ਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਫੇਰ ਅਗਲੇ ਸੈਸ਼ਨ ਤੀਕਰ ਸ਼ਾਇਦ ਤੀਜਾ ਵੀ ਆ ਜਾਵੇ (ਹਾਸਾ) । ਇਹ ਮੁਰੱਬਾ ਬੰਦੀ ਦਾ ਮਸਲਾ ਬੜਾ important ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਸਿਲਸਲੇ

[ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ]

ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਝਗੜੇ ਤੇ ਲੜਾਈਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਸਾਰੀਆਂ ਕਮਜ਼ੋਰੀਆਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਇਕ ਮੁਕੰਮਲ ਬਿਲ ਲਿਆਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ। ਇਸ ਬਿਲ ਨਾਲ ਤਾਂ ਸਿਰਫ ਇਕ ਪਹਿਲੂ ਹੀ ਠੀਕ ਹੋਵੇਗਾ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਕਬਜ਼ੇ ਤੋਂ ਬਾਦ ਕੱਚੀ ਪੱਕੀ ਦਾ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਪਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਮਜ਼ੋਰ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਉਠਾਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ।

अध्यक्ष महोदय : आप elections का ज़िक्र करेंगे तो दूसरी तरफ वाले इसका जवाब देंगे और इस पर आप एतराज़ करेंगे। (If you make a mention of elections the other side will reply and then you will object to that.)

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ: ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਸਾਨੂੰ ਨ ਰੋਕੋ ਤਾਂ ਬੇਸ਼ਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਨਾ ਰੋਕਣਾ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੇਰੇ ਕਹਿਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਬਿਲ ਨਾਲ ਕੱਚੀ ਪੱਕੀ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ। ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਮਿਸਾਲਾਂ ਹਨ ਕਿ ਕਬਜ਼ੇ ਤੋਂ ਬਾਦ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਵਿਚ ਖੂਹ ਲਗ ਗਏ ਹਨ ਪਰ ਫੇਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਚੀਆਂ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਜਿੱਥੋਂ ਤਕ consolidation of holdings ਦੇ ਕਾਨੂੰਨ ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ ਇਹ ਬੜਾ ਹੀ ਚੰਗਾ ਹੈ ਪਰ ਅਫਸਰਾਂ ਦੇ ਤਰੀਕੇਕਾਰ ਵਿਚ ਨੁਕਸ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਤਕਲੀਫ਼ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਹ ਕਬਜ਼ੇ ਵਾਲਾ ਨੁਕਸ ਇਕ ਬੁਨਿਆਦੀ ਨੁਕਸ ਹੈ। ਜਦ ਲੋਕ ਕਬਜ਼ਾ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਦੇ orders ਦੀਆਂ ਕਾਪੀਆਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਨੰਬਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤਕਸੀਮ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ। ਸਾਰਾ ਨੁਕਸ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ। ਪਰ ਇਸ ਖਰਾਬੀ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਈ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ। ਇਸ ਤਰਮੀਮ ਨਾਲ ਇਹ ਖਰਾਬੀ ਦੂਰ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੀ। ਹਾਲਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ Assistant Consolidation Officer ਇਕ ਫੈਸਲਾ ਦਿੰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਇਕੋ ਪਿੰਡ ਵਿਚ Consolidation Officer ਹੋਰ ਫੈਸਲਾ ਦਿੰਦਾ ਹੈ। ਜਦ ਕਾਪੀ ਆਉਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਵਿਚ ਦੋਵੇਂ ਨੰਬਰ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੇ। ਜੇ ਮੁਤਅਲਕਾ Minister ਸਾਹਿਬ ਐਸ ਵੇਲੇ ਇਥੇ ਹੁੰਦੇ ਤਾਂ ਸ਼ਾਇਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਾਰੀ ਗਲ ਦੀ ਸਮਝ ਆ ਜਾਂਦੀ। ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਲਾਂ ਦਾ ਪਤਾ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਤਰਮੀਮ ਨਾਲ ਸਾਡਾ ਮਸਲਾ ਬਿਲਕੁਲ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਜਿਥੇ ਕੰਮ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਤਿੰਨਾਂ stages ਉਤੇ ਨੰਬਰ ਬਦਲ ਜਾਂਦੇ ਹਨ।

ਫੇਰ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਦ C.O. ਫੈਸਲਾ ਕਰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮਾਲਕਾਂ ਨੂੰ ਬੁਲਾਇਆ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਿਸ਼ਵਤ ਚਲਣੀ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਜਿਹੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਛਡੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਇਕ ਥਾਂ ਤੇ ਨਹੀਂ ਛਡੀ ਜਾਂਦੀ। ਲੋਕ ਪਟਵਾਰੀਆਂ ਤੇ ਗਿਰਦਾਵਰਾਂ ਨਾਲ ਮਿਲ ਕੇ ਤੇ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦੇ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨੂੰ ਅਪਣੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨਾਲ ਲਵਾ ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਮੇਰੇ ਖਿਆਲ ਵਿਚ 50 ਜਾਂ 60 ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਜਿਹੜੀ ਛੋੜਨੀ ਹੋਵੇ ਇਕੋ ਥਾਂ ਤੇ ਛੋੜਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਕਿ 5 ਵਿਘੇ ਇਕ ਥਾਂ ਛੋੜ ਦਿਤੀ ਤੇ 10 ਵਿਘੇ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਥਾਂ। ਇਸ ਤਰਮੀਮੀ ਬਿਲ ਵਿਚ ਇਸ ਬੁਨਿਆਦੀ ਖਰਾਬੀ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਦੀ ਕੋਈ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ। ਵੈਸੇ ਇਹ ਬਿਲ ਬਹੁਤ ਚੰਗਾ ਹੈ ਤੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਨੇਕ ਨੀਅਤੀ ਦਾ ਸਬੂਤ ਦੇਂਦਾ ਹੈ ਪਰ ਜਿਸ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਇਹ ਲਿਆਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਉਸ ਨਾਲ ਮਕਸਦ ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਵਡੀ ਗਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਕਚੀ ਪੱਕੀ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਹਿ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤੇ ਖਰਾਬੀ ਪਹਿਲੇ ਦੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੌਜੂਦ ਰਹਿੰਦੀ ਹੈ। ਉਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਫਰਕ ਨਹੀਂ

ਪੈਂਦਾ। ਇਸ ਲਈ ਮੇਰੀ ਬੇਨਤੀ ਹੈ ਕਿ ਹੁਣੇ ਇਕ ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਬਿਲ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਪੰਜਾਂ ਜਾਂ ਛੇ ਮਹੀਨਿਆਂ ਨੂੰ ਫੇਰ ਤਰਮੀਮੀ ਬਿਲ ਲਿਆਉਣ ਦੀ ਲੋੜ ਨ ਰਹੇ। ਬਿਲਾਂ ਦੀ ਗਿਣਤੀ ਵਧਾਣ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ। ਹੁਣ ਐਸ ਵੇਲੇ ਕਿੰਨੇ ਹੀ ਬਿਲ ਸਾਡੇ ਸਾਮ੍ਹਣੇ ਰਖ ਦਿਤੇ ਗਏ ਹਨ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਿਲ ਪਾਸ ਕਰਨ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਵੇਗਾ ਫ਼ਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਿਲ ਪਾਸ ਕਰਨ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਮੁਕਦਮਾ ਬਾਜ਼ੀ ਵਧ ਰਹੀ ਹੈ ਤੇ ਅਪੀਲਾਂ ਹੋ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਤਰਮੀਮੀ ਬਿਲ ਵਿਚ ਹੋਰ ਤਰਮੀਮ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਸਾਰਾ ਮਕਸਦ ਪੂਰਾ ਹੋ ਜਾਏ।

श्री श्री चन्द (बहादुरगढ़) : साहिबे सदर, मुझे बहुत खुशी है कि भाई साहिब ने यह बिल पेश किया है क्योंकि उन्हें कम से कम हमारे ज़िला रोहतक की Consolidation का बहुत तजरुबा है। उन को मैं याद दिलाता हूं कि सिर्फ रोहतक के ज़िला में possession की वजह से कि कौन सी ज़मीन किस के पास हो और किस के पास न हो दो murder हो चुके हैं। कई एक और मुकद्दमे छोटे मोटे 30 के करीब हो चुके हैं। हमारे ज़िले में महज़ इस खराबी पर कि कौन सी जमीन किस को लगी है या नहीं झगड़े हुए हैं। यह इस लिये नहीं हुए कि Act में बहुत बड़ा नुक्स है। बल्कि यह इस लिये हुए हैं कि जो वहां इन्तज़ाम करने वाले हैं, जो इस जमीन के इस्तेमाल के ज़िम्मेवार हैं, खुद नहीं चाहते कि मालिकों को यह पता लगे कि उन की जमीन कहां है।

इस सारी स्कीम का ईश्वर पटवारी है। साहिबे सदर, इस ऐक्ट को पढ़ कर देख तो इसे जिस तरह मेरे लायक दोस्त बदलना चाहते हैं वैसे बदला नहीं जा सकता। इस की वजह यह है कि वह एक तरह का सारे गांव का नक्शा तैयार हो जाता है। सब आदमियों को लगा दिया जाता है और एक आदमी की ज़मीन को बदलने के लिये कई एक आदमियों को disturb करना होता है। एक आदमी की ज़मीन अगर गलत लगा दी है तो उस को अगर Settlement Officer ठीक करना चाहे तो एक की नहीं बल्कि कइयों की disturb करनी होती हैं। मुझे याद है और अपने तजरुबे की बिना पर कह सकता हूं कि Settlement Officer कई दफ़ा महसूस करता है कि पटवारी ने गलती की है लेकिन इस के बावजूद वह कहता है कि मैं दोबारा नहीं करता। बेशक मिनिस्टर साहिब ने तारीख मुकर्रर की हो कि फलां तारीख तक काम पूरा करना है मगर सारा काम उलट पुलट होता है और बावजूद गलती के पटवारी change नहीं करते। इस लिये मैं चौधरी साहिब से दरखास्त करूंगा कि वह देखें कि जिस तरह से इस्तेमाल हो रहा है वह लोगों के लिये नियामत नहीं बल्कि लानत के तौर पर साबित हो रहा है और इस से उन्हें बेहद तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। जो पुराने रास्ते हैं, जो पुराने minors हैं, वह किसी ज़मीन में लगा दिये हैं और किसी को कह दिया कि यह minor भी तुम्हारा है।

इस के इलावा, साहिबे सदर, मैं निहायत अदब से अर्ज़ करना चाहता हूं कि एक महकमा दूसरे से co-operate नहीं करना चाहता बल्कि एक दूसरे से non-cooperate करता है। आज एक Anti-Corruption Enquiry Police वालों का स्टाफ मौजूद है और उसे

[श्री श्री चन्द]

गवर्नमैण्ट की तरफ से तनखाह दी जा रही है। मैं ने सुना है कि चौधरी साहिब ने भी अपने महकमे के लिये अलहदा कमेटी अफसरों की बनाई है कि वह उन के महकमे में corruption को दूर करें।

सिंचाई मन्त्री : माननीय मैम्बर relevant बात नहीं कर रहे।

श्री श्री चन्द : साहिबे सदर ! मैं बताने लगा था कि इस महकमे में क्या क्या होता है। इस महकमे में एक flying squad है जिसे तूफानी दस्ता कहते हैं। यह flying squad हमारे सारे ज़िले के लिये एक महान मुसीबत बना हुआ है।

अध्यक्ष महोदय : अगर माननीय मैम्बर अपनी तकरीर motion पर महदूद रखें तो हाऊस का काफी वक्त बच जायेगा। (If the hon. Member confines himself to the motion under consideration, then much of the time of the House will be saved.)

श्री श्री चन्द : साहिबे सदर ! मैं खुद चाहता हूं कि ज़्यादा लम्बी तकरीर न करूं। मैं कहूंगा कि आज तक पंजाब के ज़मींदारों को जिन की ज़मीन तबदील हो रही है पता नहीं कि flying squad के क्या क्या इख्तियारात हैं और वह ज़मीनों का possession दिलवा सकते हैं या नहीं। यह तूफानी दस्ता जहां जाता है ज़मीनों को इधर उधर करके तूफान ले आता है। लेकिन हमें यह मालूम नहीं कि इस को क्या क्या इख्तियार हासिल हैं और कौन से कानून के तहत यह बनाया गया है।

सिंचाई मंत्री : यह 1942 में बनाया गया था।

अध्यक्ष महोदय : तूफानी दस्ते का ज़िक्र यहां पर relevant नहीं। (Mention of a flying squad is not relevant here.)

श्री श्री चन्द : जैसे मेरे लायक दोस्त कहते हैं कि कब्ज़ा ठीक करने के लिये अफसर माल को अख्तियारात दिये जा रहे हैं। लेकिन तूफानी दस्ते को इतने वसीह अख्तियारात हैं कि अगर वह चाहे तो किसी को कब्ज़ा रात को दिलवा दे।

अध्यक्ष महोदय : तूफानी दस्ते का इस बहस से कोई ताल्लुक नहीं। (It is irrelevant to bring flying squads in the discussion.)

श्री श्री चन्द : मैं कतई ज़िद नहीं करता। मेरे कहने का मतलब यह है कि जैसे मेरे लायक दोस्त चाहते हैं कि कब्ज़े न बदले जायें जब तक दोबारा partition न हो मैं बता रहा हूं कि किसी कानून के मुताबिक जो तूफानी दस्ता है उस के अख्तियारात में कोई फर्क पड़ने वाला नहीं। मैं कहना चाहता हूं कि वह किसी कानून के मुताबिक नहीं बनाया गया और न उस का provision इस बजट में है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या यह तूफानी दस्ता Director के ऊपर है और मिनिस्टर से नीचे है या मिनिस्टर से भी ऊपर है ? मैं समझता हूं कि गांव में consolidation के मुताल्लिक जो कुछ तूफानी दस्ता कर सकता है वह मिनिस्टर भी नहीं कर सकते। जहां जहां वह जाता है वहां हुक्म हो जाता है कि गांव को दोबारा उलट पुलट कर दिया जाये। मुझे समझ नहीं आती कि वह क्या चाहते हैं। एक तरफ तो Settlement Officer को इख्तियारात देते हैं और उस के साथ ही तूफानी दस्ते को इतने इख्तियार दे रखे हैं। मैं चौधरी साहिब को बताना चाहता हूं कि ज़िला रोहतक में resettlement और repartition की वजह से तीन आदमी suicide कर

गये हैं । लोगों की कोई सुनवाई नहीं होती । वह पटवारी के पास जाते हैं तो वह कहता है कि इस बारे में पहले फैसला कर चुके हैं । गिरदावर के पास जाते हैं तो वहां से भी ऐसा ही जवाब मिलता है । जब असेम्बली की बैठक होती है तो सैंकड़ों आदमी यहां फिरते दिखाई देते हैं । अगर उन से पूछा जाये कि क्या करने आये हो तो जवाब मिलता है कि अर्ज़ी लाये हैं और सरदार प्रताप सिंह को मिलना है । उन को यह पता नहीं कि consolidation के बारे में क्या कानून है । इस लिये मैं अपने लायक दोस्त मिनिस्टर साहिब से पूछता हूं कि वह यह तो बता दें कि किस अफसर को कौन कौन से इख्तियारात हैं । कई लोग जो ज़मीनों का कब्ज़ा ले चुके हैं उन की ज़मीनों में रास्ते और minors हैं । कई आदमी ऐसे हैं जिन की ज़मीनों में पानी भी नहीं पहुंचता । इस लिये मैं मिनिस्टर साहिब से कहूंगा कि वह गांव के लोगों की तकलीफें दूर करने के लिये मुनासिब कारवाई करें ।

पण्डित श्री राम शर्मा (सोनीपत) : स्पीकर साहिब ! हमारे पंजाब में कोई भी कानून मुकम्मल नहीं होता और उस के पास होने के बाद जल्दी ही उस में तरमीम करने की ज़रूरत महसूस होती है । ऐसी हुशियारी और तेज़रफ्तारी से कानूनों को पास करने के लिये हमारी गवर्नमैंट मुबारकबाद की मुस्तहिक है और मुझे ज़रा भी शक नहीं कि उधर के बैंचों से जो साहिब उठेंगे तो वह ज़रूर गवर्नमेंट को इस बिल और इस तरमीम पर मुबारकबाद देंगे । मामला यह है कि कानून consolidation का बन गया और अब गवर्नमेंट को पता लगा और पता लगने के बाद एक तरमीमी बिल लाया गया । जब एक दफा consolidation कर के दोबारा किसी एतराज़ पर re-partition हो और वह cancel हो जाये और कुछ करना पड़े तो यह मुश्किल आ जाती है कि उस अरसे में जो consolidation cancel हुई है जिस के मुताल्लिक अपील reject हुई है या मन्ज़ूर तो लोग अपना कब्ज़ा ले लेते हैं या छोड़ देते हैं और यह दिक्कत खड़ी हो जाती है कि कई आदमी तो अपने पिछले कब्ज़े पर चले जाते हैं जो cancel होने से पहले था और कुछ आदमी नहीं जाते ।

(*At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair.*)

इस बिल के अगराज़ो मकासद बताते हुए कहा गया है कि कुछ आदमी ऐसे रह जाते हैं जिन को न पिछली ज़मीन मिल सकती है न अगली ।

सिंचाई मंत्री : अकेला यही reason नहीं है । यह तो है possession के बारे में ।

पण्डित श्री राम शर्मा : मैं पढ़ के सुनाता हूं :—

> Some of the landowners are thus deprived of their entire lands and are left with none. A chaos is created. Under the existing provisions of the law, the members of the consolidation staff are quite helpless in the matter because they have no powers to enforce any order of repartition.

यह तो खुद यहां पर मान रहे हैं । कानून पहले पास किया जा चुका है मगर अब chaos create हो गया है । अब ज़रूरत पड़ी है इस chaos को दूर करने की । अब पता लगा है कि गलत कब्ज़े को ठीक करने के लिये Settlement Officers के पास कोई अधिकार नहीं । मैं पूछता हूं कि पिछले साल, डेढ़ साल में पंजाब में कोई ऐसा

[पंडित श्री राम शर्मा]

कानून था जिस की रू से हमारी सरकार के अफसर किसी गलत लिये गये या दिये गये कब्जे को ठीक करवा सकते थे ? अगर कोई ऐसा कानून या तरीका नहीं था तो मैं इसे सरकार के लिये मुबारकबाद की बात समझता हूं। यह कोई मामूली बात नहीं है कि इतना अरसा गुज़र जाए अफ़रातफ़री जारी रहे और सरकार के पास इस का कोई इलाज ही न हो ! मालूम होता है, कुछ न कुछ करते तो होंगे ताकि Consolidation Officers, Revenue Officers के अधिकारों को इस्तेमाल कर सकें। किसी तरह से तो ऐसा किया जाता होगा। गलत कब्ज़ा छुड़ाया जाना और हकदारों को दिलाया जाना अच्छी बात है। नाजायज़ तौर पर बैठे हुए लोगों को बेदखल करने का अधिकार गवर्नमैण्ट के पास होना ही चाहिए। मैं पूछता हूं कि अबूरी अरसा में नाजायज़ कब्ज़ों को तोड़ने के लिये सरकार के पास किसी कानून की रू से कोई अधिकार है या नहीं ? साफ ज़ाहिर है कि Consolidation Act में यह चीज़ नहीं है। Settlement Officers को Revenue Officers के अधिकार हासिल नहीं थे। इस लिये कब्ज़ों के मामले में दिक्कत पेश आई।

सब से बड़ी बात यह है जिसे सब जानते हैं कि इस महकमा के काम में दखलों के लेने देने में— इतनी रिश्वत ली जा रही है और बददियानती और ज़बरदस्त खराबियां हो रही हैं कि लोग आर्ज़ी तौर पर पुराने बदनाम महकमों को भी भूल गये हैं। Settlement Officers को बेशक अधिकार हो कि वे जब तक revision और appeal का फैसला न हो, गलत तौर पर किये गये कब्ज़े को पहले की तरह चलने दें मगर इस से लोगों की असल दिक्कत दूर होने वाली नहीं। जैसा कि मुझ से पहले बोलने वाले दोस्त ने कहा है और जैसा कि सवालों द्वारा पूछ ताछ में भी ज़ाहिर हो चुका है, flying squad की कार्यवाहियों की वजह से लोगों को बहुत मुश्किलें पेश आ रही हैं। मैं वज़ीरे मुतल्लिका से मालूम करना चाहता हूं कि इस के क्या अख्तियारात हैं, किस अफसर के यह नीचे हैं और किस के ऊपर ? मालूम तो ऐसा होता है कि इस के अख्तियारात unlimited हैं। Consolidation के मामले में जो अख्तियार पटवारी, गिरदावर, A.S.O., S.O. और Director को मिले हुए हैं, उन के बारे में तो लोग वकीलों से पूछ कर पता लगा लेते हैं मगर इस Flying Squad के अख्तयारों का किसी को पता नहीं। Sub-Divisional Officers तो इस के नाम से कांपते हैं। वज़ीर तरक्कियात ने खुद बताया था कि वे जिस stage पर चाहें उन को consolidation के काम के बारे में रिपोर्ट भेज सकते हैं जैसे उन के पास खुदाई अख्तियारात हैं।

इस तरमीमी बिल से भला ऐसी खराबियों को कैसे रोका जा सकता है। दरम्यानी अरसे के अन्दर कब्ज़े को कायम रखने के अधिकार लेने के साथ २ इन खराबियों को दूर करने के लिये भी कुछ किया जाए जिन की वजह से लोग बेहद परेशान हो रहे हैं। यह ठीक है कि Settlement Officers को Revenue Officers के अख्तियारात मिलने चाहियें ताकि नाजायज़ कब्ज़े ठीक किये जा सकें मगर गहरी निगाह के साथ लोगों की दिक्कतों को भी देखा जाए और उन का इलाज किया जाए। इस सिलसिले में जो amendments ज़रूरी समझी जायें, वे भी पेश की जायें ताकि कानून ऐसा

complete हो कि काम अच्छी तरह चले और लोगों को परेशानी न उठानी पड़े । आजकल पचासों आदमी M.L.As' के quarters की तरफ अर्जियां लिये दौड़े फिरते हैं और पूछते फिरते हैं कि Development Minister साहिब कहां मिलेंगे । हालात इतने बिगड़े हुए हैं कि छोटी छोटी चीज़ों से कुछ नहीं बनेगा ।

ਸਰਦਾਰ ਸਰੂਪ ਸਿੰਘ (ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਸ਼ਹਿਰ ਪੂਰਬੀ ਹਲਕਾ): ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਬਿਲ ਨੂੰ ਹੁਣ ਲਿਆਣ ਦਾ ਤਾਂ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸੁਬਹਾ ਦਾ ਭੁਲਿਆ ਸ਼ਾਮ ਨੂੰ ਘਰ ਆਇਆ ਹੈ। ਦੋ ਸਾਲ ਦੀ ਹਫੜਾਤਫੜੀ ਤੇ ਊਧਮ ਤੋਂ ਪਿਛੋਂ ਹੁਣ Government ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗਾ ਹੈ ਕਿ ਹਾਲਤ ਨਾਗੁਫਤਾਬਿਹ ਹੈ, ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਸਬਰ ਦਾ ਪੈਮਾਨਾ ਲਬਰੇਜ਼ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ। ਸਾਡੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ consolidation ਦੇ ਝਗੜਿਆਂ ਤੋਂ ਪੈਦਾ ਹੋਏ 10 ਕਤਲ ਦੇ ਕੇਸ, ਅਤੇ ਦਰਜਨਾਂ ਕੇਸ 107 ਤੇ 107—151 ਦਫਾ ਹੇਠ ਕਚੈਹਰੀਆਂ ਵਿਚ ਆਏ ਹਨ । ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਪਰਸਪਰ ਤਾਲੁਕਾਤ ਬਹੁਤ ਖਰਾਬ ਹੋ ਗਏ ਹਨ, ਚਲਣਾ ਫਿਰਨਾ ਔਖਾ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਹ ਗਲ ਠੀਕ ਹੈ ਇਹ ਤਰਮੀਮ ਕੁਝ ਨਾਂ ਕੁਝ ਫਰਕ ਪਾਏਗੀ ਪਰ ਜਿਹੜੀ ਮੁਢਲੀ ਗਲ ਹੈ ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਬਣਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ revoke ਜਾਂ revise ਕਰਨ ਬਾਰੇ favouritism ਜਾਂ corruption ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਨਾਲ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ।

ਇਨ੍ਹਾਂ ਹਾਲਾਤ ਵਿਚ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੀ corruption ਅਤੇ ਚਲ ਰਹੀ favouritism ਬੰਦ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ । Possession ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੀ ਤਬਦੀਲੀ ਕਾਨੂੰਨ ਵਿਚ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਕੋਈ ਫਰਕ ਨਹੀਂ ਪੈਣ ਲਗਾ ਜਦੋਂ ਤਕ ਨਵੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਨੂੰ ਬਣਾ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਅਮਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ । ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਇਸ ਕਾਨੂੰਨ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ । ਇਸ ਦਾ ਉਲਟਾ ਅਸਰ ਹੋਵੇਗਾ । ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਉਪਰ ਕਬਜ਼ਾ ਤਾਂ ਸਾਲਾਂ ਤਕ ਬਹਾਲ ਰਹੇਗਾ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਬਿਲ ਇਸ ਦਾ ਕੋਈ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਖੱਚ ਖੱਚ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਾਰੀ ਰਹੇਗੀ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਇਖਤਿਆਰਾਂ ਦਾ ਇਸਤੇਮਾਲ ਉਲਟੇ ਪਾਸੇ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਦਰਅਸਲ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਵਿਚ Flying Squad ਦਾ ਹੋਣਾ ਇਕ ਲਾਨਤ ਹੈ । ਉਹ ਲੋਕ ਆਪਣੀ ਮਨ ਮਰਜ਼ੀ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਆਪਣੇ ਦੋਸਤਾਂ ਅਤੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰਾਂ ਦੀ ਰਵਾਦਾਰੀ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਇਹ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Flying Squad ਕਿਸ ਨੇ appoint ਕੀਤਾ ਹੈ ? Public Service Commission ਨੇ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਨਖਾਹ 50 ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ ਤਾਂ Subordinate Services Selection Board ਨੇ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਕੀ qualifications ਹਨ ਅਤੇ ਕੀ powers ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਿਤੀਆਂ ਹਨ। ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਇਸ squad ਦੇ ਇਲਾਵਾ ਇਕ ਹੋਰ squad ਵੀ ਬਾਹਰ ਦਿਆਂ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚ ਕੰਮ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਕਾਂਗਰਸ ਦੇ M.L.As ਦਾ squad ਹੈ। ਮੈਂ ਜਾਣਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਕਿਸ Public Service Commission ਨੇ appoint ਕੀਤਾ ਹੈ? ਉਹ Director ਦੇ ਨੀਚੇ ਹਨ ਜਾਂ S.O. ਦੇ ਨੀਚੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੀ functions ਹਨ ? ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੀ ਇਖਤਿਆਰਾਤ ਹਨ ਤਾਂ ਜੋ ਆਮ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਲੋਕ ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ adjust ਕਰ

(ਸਰਦਾਰ ਸਰੂਪ ਸਿੰਘ)

ਲੈਣ। ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ; ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਇਸ ਬਿਲ ਦੀ ਮੁਖਾਲਫਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

श्री राम स्वरूप (बुटाना) : स्पीकर साहिब, हमारी हकूमत ने यह बिल लाकर बुराई को रोकने के लिये एक कदम आग बढ़ाया है इस लिये मैं उस को बधाई देता हूं। इश्तमाल अराज़ी देहात वालों के लिये एक नेमत है। मैं ने बहुत यत्न किया था कि मेरी तहसील में इश्तमाल का काम जल्दी सम्पूर्ण हो। हमारे इलाके में पहला Settlement Officer भी बहुत ईमानदार था और दूसरा भी। आजकल वहां पर Consolidation Officer भी निहायत ईमानदार आदमी है। वे लोग किसी से रिश्वत नहीं लेते और अपना काम तनदेही से करते हैं। फिर भी जनता को पूरा लाभ पहुंचाने के लिये इस ऐक्ट में सुधार की आवश्यकता है। मेरे माननीय मित्र ने M.L.As को भी Flying Squad से तशबीह दी है। मैं उन से अर्ज़ करना चाहता हूं कि M.L.As जब अपनी constituency में कोई अनुचित काम होता देखें या कोई जुल्म होता देखें तो उन का फ़र्ज़ हो जाता है कि वे तत्काल ही मैदान में निकलें और जुल्म करने वाले के खिलाफ आवाज़ बुलन्द करें। अगर M. L. As ऐसे मौकों पर दखल देते हैं तो यह उन के credit में जाता है। स्पीकर साहिब, इस एक्ट के दफात 21-A और 21-B के मातहत अगर कोई किसान निश्चित समय के अन्दर अपील नहीं करता तो उस का अपील करने का हक जाता रहता है। मेरी अर्ज़ है कि यह पाबन्दी उठा ली जानी चाहिये क्योंकि गरीब आदमी इन कायदों से वाकिफ ही नहीं होते। इस ऐक्ट में यह भी provision होनी चाहिये कि हर एक किसान को Naib Tehsildar या दूसरे अफसरों के आने की खबर ठीक समय पर दी जाए जिस से कि वह उस समय गांव में हाजिर रह कर अपनी ज़मीन की consolidation करवा सकें। जब तक ज़मीन की तकसीम नहीं होती कोई किसान शिकायत नहीं कर सकता और जब तकसीम हो जाती है तो वैसे किसी की हिम्मत नहीं पड़ती क्योंकि शिकायत करने का नतीजा उन के हक में नहीं जाता बल्कि उल्टा पड़ता है। मेरे इलाके में श्री वधावा राम ने शिकायत की तो उसे उस का फल भुगतना पड़ा। पहले उस की ज़मीन गांव के बिल्कुल पास थी, सब एक जगह थी और वह अपनी छत पर बैठ कर अपनी ज़मीन को देख सकता था परन्तु अब उस की ज़मीन को 210 कर्म चौड़ी और 3 मील लम्बी शक्ल दे दी गई है। माननीय मित्र श्रीचन्द ने कहा है कि उन के ज़िला में लोग consolidation के काम से दुखी हो कर मर गये हैं। मैं उन से बिल्कुल सहमत हूं। मेरे ज़िला के लोग तो बहुत सारे पागल हो गये हैं। इस की वजह केवल इस ऐक्ट के defects हैं जिन को दूर करने की अत्यन्त आवश्यकता है। इस में कोई न कोई तरमीम ऐसी होनी चाहिये जिस के ज़रिये मातहत अमले की ठीक ठीक जांच पड़ताल हो सके और इस काम का जनता को वास्तव में लाभ पहुंच सके। मज़दूर और गरीब लोग सुखी हो सकें। स्पीकर साहिब, मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार मेरे बताए हुए नुक्सों को दूर करने की पूरी कोशिश करेगी। मैं आप के ज़रिये अपनी सरकार से नम्रतापूर्वक प्रार्थना कर रहा हूं। इस का यह मतलब न लिया जाए कि मैं अपनी सरकार की मुखालिफत कर रहा हूं बल्कि नम्रता से suggest करता हूं कि इन नुक्सों का दूर करना अत्यन्त आवश्यक है।

Chief Parliamentary Secretary (Shri Prabodh Chandra) : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Deputy Speaker : Question is—

That the question be now put.

The Assembly then divided :

Ayes 57

Noes 16

The motion was declared carried.

AYES

Serial No. *Name.*

1. Abhai Singh, Shri
2. Badlu Ram, Shri
3. Balwant Rai Tayal, Shri
4. Benarsi Dass Gupta, Shri
5. Bhim Sen Sachar, Shri
6. Bishna Ram, Shri
7. Chand Ram Ahlawat, Shri
8. Chandi Ram Varma, Shri
9. Chuni Lal, Shri
10. Daulat Ram, Shri
11. Daulat Ram Sharma, Shri
12. Dev Raj Anand, Shri
13. Guran Das Hans, Bhagat
14. Gurbachan Singh Bajwa, Sardar
15. Gurbanta Singh, Sardar
16. Gurmej Singh, Sardar
17. Jagdish Chander, Shri
18. Jagdish Chandra, Dewan
19. Kartar Singh, Sardar
20. Kasturi Lal Goel, Shri
21. Kesho Das, Shri
22. Khem Singh, Sardar
23. Khushi Ram Gupta, Shri
24. Lahri Singh, Chaudhri
25. Lajpat Rai, Shri
26. Lal Chand Prarthi, Shri
27. Mam Raj, Shri
28. Mansa Ram Kuthiala, Shri
29. Mehar Singh, Shri
30. Mehar Singh, Thakur
31. Mohan Singh Jathedar, Sardar
32. Mool Chand Jain, Shri
33. Nand Lal, Shri
34. Nanhu Ram, Shri
35. Naranjan Dass Dhiman, Shri
36. Parkash Kaur, Shrimati
37. Partap Singh, Bakhshi
38. Partap Singh Rai, Sardar
39. Partap Singh, Sardar (Ratta Khera)
40. Phaggu Ram, Shri
41. Prabodh Chandra, Shri
42. Raghuvir Singh, Rai

Serial No. *Name*

43. Rala Ram, Shri
44. Ram Chandra Comrade, Shri
45. Ram Dayal Vaid, Shri
46. Ram Kishan, Shri
47. Ram Kumar Bidhat, Shri
48. Ram Parkash, Shri
49. Ram Sarup, Shri
50. Ranjit Singh, Captain
51. Rizaq Ram, Shri
52. Samar Singh, Shri
53. Sant Ram, Shri
54. Shanno Devi, Shrimati
55. Sita Devi, Shrimati
56. Teg Ram, Shri
57. Uttam Singh, Sardar

NOES

Serial No. *Name*

1. Abdul Ghani Dar, Maulvi
2. Achhar Singh Chhina, Sardar
3. Babu Dayal, Shri
4. Bachan Singh, Sardar
5. Balwant Singh, Thakore
6. Chanan Singh Dhut, Sardar
7. Gopal Singh, Sardar
8. Harkishan Singh Surjit, Sardar
9. Kedar Nath Saigal, Shri
10. Maru Singh Malik, Shri
11. Mota Singh Anandpuri, Professor
12. Puran Singh, Sardar
13. Sarup Singh, Sardar
14. Shri Ram Sharma, Pandit
15. Sri Chand, Shri
16. Wadhawa Ram, Shri

सिचाई मंत्री (चौधरी लहरी सिंह) : साहिबे सदर ! मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि बग़ैर ऐक्ट को पढ़े, बग़ैर उस के provisions देखे यह उज़र कर देना कि साहिब ! समझ नहीं आती कि कभी A.C.O. order कर देता है, कभी Consolidation Officer और कभी" S.O मेरे इन भाइयों को ज़ेब नहीं देता । मैं इन साहिबान की जानकारी के लिये बताना चाहता हूं कि एक एक provision यहां पर provide है । The Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) Act की Section 21 में खास तौर से यह provide किया गया है कि कितने दिनों के बाद किस के पास अपील होगी । इस के अलावा और भी हर उज़र को meet करने के लिये वहां पर provisions embodied हैं । यह भी दिया हुआ है कि गवर्नमैण्ट खुद इस में interfere कर सकती है, उस को revise कर सकती है और cancel कर सकती है । पिछली बार भी इस में Amendment करवाई गई थी जिस में रिश्वतखोरी

और दूसरी खराबियों को दूर करने के लिये Government ने powers acquire की थीं। यह भी अख्तियारात हासिल किये गए थे कि अगर कोई खराबियां की गई हों तो गवर्नमैंट बगैर पार्टी के बुलाए उस partition को cancel कर सकेगी ।

यह ऐतराज किया गया है कि समझ नहीं आती कि कहां का यह pattern इस्तेमाल किया गया है consolidation के लिये। मैं अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि सारे हिन्दुस्तान में, पंजाब में जिस ढंग से consolidation की जा रही है, उस की सराहना की जा रही है। यहां तक कि दूसरे सूबों से अफसर लोग यहां आकर training लेते हैं। इन हालात में जब यह कहते हैं कि फलां बात ऐसी की गई जिस के लिये ऐक्ट में कोई provision नहीं, फलां बात ऐसी की गई जो बिना कायदे के थी तो मुझे शर्म आती है यह कहते हुए कि वह इन चीजों के लिये ला-इल्मी का इज़हार कर रहे हैं। टाइम तो ज़रूर थोड़ा ज़्यादा लगेगा, मगर अगर आप मुनासिब समझें तो मैं पढ़ कर सुनाता हूं ....

"The Consolidation Officer shall after obtaining the advice of the landowners of the estate or estates concerned, carry out repartition in accordance with the scheme of consolidation of holdings confirmed under section 20 and the boundaries of the holdings as demarcated shall be shown on the shajra which shall be published in the prescribed manner in the estate or estates concerned.

(2) Any person aggrieved by the repartition may file a written objection within fifteen days of the publication before the Consolidation Officer who shall after hearing the objector pass such orders as he considers proper confirming or modifying the repartition.

(3) Any person aggrieved by the order of the Consolidation Officer under sub-section (2) may within one month of that order file an appeal before the Settlement Officer (Consolidation) who shall after hearing the appellant pass such order as he considers proper.

(4) Any person aggrieved by the order of the Settlement Officer (Consolidation) under subsection (3) may within sixty days of that order appeal to the Provincial Government."........

अब यह कह दें कि यह ठीक है।

ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : ਹੁਣ ਮਾਨਯੋਗ ਮੰਤਰੀ ਇਸ ਦਾ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿਚ ਤਰਜੁਮਾ ਕਰ ਕੇ ਦਸ ਦੇਣ ।

सिंचाई मंत्री : इस का मतलब पटवारियों को नहीं समझ आ सकता बाकी सब को आ गया है। अब मैं Section 42 की तरफ हाऊस की attention draw करूंगा।

ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : ਪਹਿਲੇ ਇਸ ਦਾ ਮਤਲਬ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਜਾਵੇ ।

सिंचाई मंत्री: Opposition को सबर करना चाहिये मैं इस का सारा मतलब समझा दूंगा ।

पंडित श्री राम शर्मा : On a point of Order, Sir. जब Chair की यह ruling यहां हो चुकी है कि जब कोई चीज़ यहां अंग्रेज़ी में कही जाए और अगर कोई मैम्बर उस का तरजुमा मांगे तो उस का तरजुमा किया जाये लेकिन अब यह तरजुमा करके क्यों नहीं बता रहे।

सिंचाई मन्त्री : मैं अभी बताता हूं मुझे पहले section 42 पढ़ कर सुना लेने दीजिये।

"The Provincial Government may at any time for the purpose of satisfying itself as to the legality or propriety of any order passed by any officer under this Act call for and examine the record of any case pending before or disposed of by such officer and may pass such order in reference thereto as it thinks fit.

[सिंचाई मंत्री]

Provided that no order shall be varied or reversed without giving the parties interested notice to appear and opportunity to be heard except in cases where the State Government is satisfied that the proceedings have been vitiated by unlawful considerations."

इस में parties को appeal का हक दिया है और वह गवर्नमेंट तक जा सकती हैं। अगर वह न भी जाएं तो भी गवर्नमेंट खुद उन्हें तब्दील कर सकती है जब कि उसे पता चल जाये या उस के पास कोई शिकायत public की तरफ से आ जाए कि वहां रिश्वत ले ली गई है या किसी की favour की गई है और देखने पर वह शिकायत सच्ची निकले तो। मैं यह मानता हूं कि यह जो department है रिश्वत के लिये बहुत ज्यादा बदनाम हो चुका है अफसरों को रिश्वत लेने से और दूसरी खराबियां करने से रोकने के लिये यह जरूरी भी है कि वहां फौरन गवर्नमेंट की कोई न कोई agency पहुंच जाए। यह agency आप के सामने Flying Squads की शक्ल में बनी हुई है। Section 42 में खास तौर पर लिखा है—

"Except in cases where the State Government is satisfied that the proceedings have been vitiated by unlawful considerations."

ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : On a point of Order, Sir. ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਜ਼ਬਾਨੀ ਜ਼ਬਾਨੀ ਕਹੀ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਕਿ ਉਹ ਤਰਜੁਮਾ ਕਰਕੇ ਦਸਣਗੇ ਪਰ ਉਹ ਦਸ ਨਹੀਂ ਰਹੇ।

Mr. Deputy Speaker : It is no point of order.

सिंचाई मंत्री : तो मैं बता रहा था कि unlawful consolidation के बारे में दरियाफत करने के लिये कि किसी पटवारी ने, या किसी Consolidation Officer ने या Settlement Officer ने कोई हेरा फेरी तो नहीं कर ली है मिनिस्टर साहिब ने उन चंद आदमियों का एक flying squad बनाया हुआ है जिन पर वह rely कर सकते हैं। वह जहां जहां consolidation का काम हो रहा है वहां वहां जा कर दरियाफत करते हैं और हर मुमकिन तरीके से यह ascertain करने की कोशिश करते हैं कि consolidation ठीक की गई है या नहीं। Flying Squad की provision Section 42 में की गई है।

Section 23 के नीचे अगर parties agree करती हैं तो वह possession ले सकती हैं और उसी हालत में Consolidation Officer उन्हें कब्जा दिला सकता है। यह कहा गया है कि पहले जब यह Act complete नहीं था तो उसे लागू करने का क्या फायदा था। मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि यह Act बिल्कुल complete है। इस Act को अभी मैं ने यहां पढ़ कर सुनाया है। जो amendment इस में लाई जा रही है उस का असर सिरफ़ इतना ही होगा कि जब consolidation के बाद जमीनों की re-partition की जाती है और re-partition की हुई जमीन पर अगर किसी को शिकायत है या वह satisfied नहीं है तो वह अपनी पहली जमीन को नहीं छोड़ता और दूसरी party जिस को उस की पहली जमीन मिली है वह अपनी छोड़ देता है तो

ਸਰਦਾਰ ਹਰਕਿਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਸੁਰਜੀਤ (ਨਕੋਦਰ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਸ ਬਿਲ ਦੀ ਹਿਮਾਇਤ ਲਈ ਖੜ੍ਹਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ । ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ ਇਸ ਬਿਲ ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ ਕੋਈ ਵੀ ਆਦਮੀ ਅਜਿਹਾ ਨਹੀਂ ਜੋ ਇਸ ਨਾਲ ਸਹਿਮਤ ਨਾ ਹੋਵੇ ਕਿਉਂ ਜੋ ਫ਼ੌਜ ਨੇ ਅਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਵਿਚ ਪਾ ਕੇ ਖਤਰਾ ਮੁਲ ਲੈਣਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਫ਼ੌਜ ਦਾ ਉਤਸ਼ਾਹ ਜ਼ਰੂਰ ਵਧਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਕਿ ਵੱਧ ਤੋਂ ਵੱਧ ਸਹੂਲਤਾਂ ਤੇ ਰਿਆਇਤਾਂ ਸਿਪਾਹੀਆਂ ਤਕ ਪਹੁੰਚਾਈਆਂ ਜਾਣ । ਇਸ ਬਾਰੇ ਦੋ ਰਾਵਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੀਆਂ । ਇਹ ਬੜੀ ਚੰਗੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਪਹਿਲੇ ਜਿਹੜੀ ਕਾਨੂੰਨ ਵਿਚ ਊਣਤਾਈ ਸੀ ਉਸ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਅਸੀਂ ਇਸ ਦੀ ਤਾਈਦ ਕਰਦੇ ਹਾਂ । ਪਰ ਨਾਲ ਬੇਨਤੀ ਹੈ ਕਿ political discrimination ਨਹੀਂ ਵਰਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਕਿ ਇਸ ਬਿਨਾ ਉਤੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਇਨਾਮ ਨਾ ਮਿਲੇ, । ਫ਼ੌਜ ਵਿਚ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਜੇ ਇਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਊਣਤਾਈ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਧਿਆਨ ਵਿਚ ਲਿਆਈ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਦੂਰ ਕੀਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਫ਼ੌਜ ਸਾਰਿਆਂ ਦੀ ਸਾਂਝੀ ਹੈ । ਇਹ ਬਿਲ ਇਸ ਲਈ ਲਿਆਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਫ਼ੌਜ ਅਪਣੇ ਫ਼ਰਾਇਜ਼ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਦਾ ਕਰ ਸਕੇ । ਫ਼ੌਜ ਦੇ ਮਾਮਲੇ ਵਿਚ political ਗਲਾਂ ਘਸੇੜਨੀਆਂ ਠੀਕ ਨਹੀਂ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਇਸ ਬਿਲ ਨੂੰ support ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

Mr. Speaker : Question is—

That the East Punjab War Awards (Amendment) Bill be passed.

The motion was carried.

AMENDMENTS MADE BY THE PUNJAB LEGISLATIVE COUNCIL IN THE PUNJAB CO-OPERATIVE SOCIETIES BILL, 1954

Minister for Irrigation and Power (Chaudhri Lahri Singh) : Sir, I beg to move—

That the amendments made by the Punjab Legislative Council in the Punjab Co-operative Societies Bill which was passed by the Assembly on the 1st November, 1954, be taken into consideration.

साहिबे सदर, हमें तीन बड़ी amendments करनी हैं । जिन clauses में amendments होनी हैं वह हैं 20, 37 और 38 । Clause 20 की amendments के बारे में यह है कि असल बिल में Auditors, Registrar के control में थे । Select Committee ने उन्हें independent कर दिया था । लेकिन कुछ consequential चीजें रह गई थीं । वह अब point out की गई हैं । Clause 37 की amendment यह है कि "The funds may be divided" की जगह 'No funds may be divided" करना है । 'No' की बजाए 'the' गलती से छप गया है ।

तीसरी बात यह है कि clause 38 में जहां profits को तकसीम किया जाना है इन शब्दों की 'or any purpose of general public benefit not being a religious purpose,' की ज़रूरत नहीं । "Charitable purpose" Charitable Endowments Act में define हुआ है और इस बारे explanation देने की ज़रूरत नहीं ।

यह amendments consequential हैं । क्लाज़ 37 में "The" का शब्द लिखा हुआ था उसकी बजाए " No" का शब्द substitute कर दिया गया है । इसके अलावा क्लाज़ 38 में "or any purpose of general public benefit, not being a religious purpose" के शब्द उस में से हटा दिये गये हैं । क्लाज़ 37 में—

"The Funds of a registered society may be divided by way of bonus or dividend or otherwise among its members :

Provided that after at least one tenth of the net profits in any year have been carried to a reserve fund :

इन शब्दों की बजाये नीचे लिखे हुये शब्द substitute किये गए हैं —

"No part of the Funds of a registered Society shall be divided by way of bonus or dividend or otherwise among its members.

Provided that after at least one-tenth of the net profits in any year have been carried to a reserve fund, payments from the remainder of such profits and from any profits of past years available for such distribution may be made among the members to such extent and under such conditions as may be prescribed by the rules or by laws."

यह कोई controversial point नहीं हैं । इस के मुतअल्लिक हम काफी बहस कर चुके हैं कि Auditor, Registrar से बिल्कुल independent होगा और उस को गवर्नमेंट appoint करेगी । पहले Auditor, Registrar के मातहत होता था और वह मुनासिब बात नहीं थी क्योंकि administration की भी उस की जिम्मेदारी थी और Audit की

[सिचाई मंत्री]

भी । इन amendments में कोई ऐसी बात नहीं जिस पर कि कोई difference of opinion हो।

Mr. Speaker : Motion moved—

That the amendments made by the Punjab Legislative Council in the Punjab Co-operative Societies Bill which was passed by the Assembly on the 1st November, 1954, be taken into consideration.

मोलवी अब्दुल गनी डार (नूह) : स्पीकर साहिब, मैं वैसे तो अपने मिनिस्टर साहिब को बधाई देने के लिये खड़ा हुआ हूं। उस रोज़ काफी उन से अर्ज़ किया गया कि खामखाह religion को क्यों इस में घसीटते हैं और इस के खिलाफ क्यों चर्चा करते हैं तो उन्होंने जोश में आ कर फरमाया कि religion ने मुल्क को तबाह किया, religion ने ही मुल्क के दो हिस्से किये, religion ने यह किया, religion ने वह किया। मैं उन्हें अब बधाई देता हूं क्योंकि अगर सुबह का भूला हुआ शाम को घर वापस आ जाये तो वह भूला हुआ नहीं कहलाता; religion के खिलाफ असैम्बली में चर्चा करना इतना ही बुरा है जैसे मुझे कहा जाये कि मैं religion के हक में बात कह रहा हूं। यह amendments हमें मन्जूर हैं, हम झगड़ा नहीं करते लेकिन मैं गवर्नमैण्ट से दरखास्त करूंगा कि वह पहले सोच समझ कर बिल पास किया करे ताकि बाद में कान पकड़ कर तोबा न करनी पड़े। Council ने suggest कर दिया कि इस बिल में यह amendments की जायें तो अपने दिल को तसल्ली देने के लिये न माना कि हम से गलती हो गई थी। इस लिये मैं कहूंगा कि गवर्नमैण्ट पहले ही बिल को अच्छी तरह से देख भाल करके उसे पास किया करे। मैं आप के द्वारा मिनिस्टर साहिब को मुबारकबाद देता हूं।

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ (ਸਮਰਾਲਾ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਜਦੋਂ ਵੀ ਮਿਨਿਸਟਰ-ਇੰਚਾਰਜ ਬੋਲਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਬੜੀ authority ਨਾਲ ਬੋਲਦੇ ਹਨ। ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਸ ਵੇਲੇ oppose ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਤਾਂ ਉਹ ਸਾਨੂੰ jeer ਕਰਦੇ ਹਨ ਤੇ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ opposition ਵਾਲੇ ਅਜੀਬ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਤਰਮੀਮਾਂ suggest ਕਰਦੇ ਹਨ। ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੇ ਆਪਣਾ ਇਹ ਅਸੂਲ ਬਣਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਨਹੀਂ ਮੰਨਣੀ ਤੇ ਜਦੋਂ ਬਿਲ Council ਤੋਂ ਵਾਪਸ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਫਿਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਗਲਤੀ ਰਹਿ ਗਈ ਸੀ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਬਿਲ ਤੇ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸੋਚ ਵਿਚਾਰ ਕਰ ਲਿਆ ਕਰੇ।

Mr. Speaker : Question is—

That the amendments made by the Punjab Legislative Council in the Punjab Co-operative Societies Bill which was passed by the Assembly on the 1st November, 1954, be taken into consideration.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now I will put the amendments made by the Punjab Legislative Council to the vote of the House.

CLAUSE 7

Mr. Speaker : Question is—

That in sub-clause (1), line 2, the words "to register" be omitted.

The motion was carried.

CLAUSE 13

Mr. Speaker : Question is—

That in sub-clause (4), part (ii) , line 3, for the signs "(ii)" the signs "(iii)" be substituted.

The motion was carried.

CLAUSE 14

Mr. Speaker : Question is—

That in sub-clause (1), line 6, for the word "subsection" the word "section" be sub stituted.

The motion was carried.

CLAUSE 20

Mr. Speaker : Question is—

That in sub-clause (3), part (a), lines 1-2, for the words "The Registrar.........by him", the words "The authority or agency appointed under section 20(1)" be substituted.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That in sub-clause (3), part (b), line 2 the words "the Registrar or other" be omitted.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That in sub-clause (3), part (b), line 5, the words "the Registrar or" be omitted.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That in sub-clause (4), lines 1-2, for the words "The Registrar and every other person appointed by him", the words "The authority or agency prescribed under sub-section (1)" be substituted.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That in sub-clause (5), lines 2-3, for the words "the Registrar or with his approval, the person authorised" the words "authority or agency prescribed under sub-section (1)" be substituted.

The motion was carried.

CLAUSE 37

Mr. Speaker : Question is—

That for the words—

"The funds of a registered society may be divided by way of bonus or dividend or otherwise among its members ;

Provided that after at least one-tenth of the net profits in any year have been carried to a reserve fund ;"

[Mr. Speaker]
the words—
"No part of the funds of a registered society shall be divided by way of bonus or dividend or otherwise among its members ;
Provided that after at least one-tenth of the net profits in any year have been carried to a reserve fund, payments from the remainder of such profits and from any profits of past years available for distribution may be made among the members to such extent and under such conditions as may be prescribed by the rules or by-laws"
be substituted.

The motion was carried.

CLAUSE 38

Mr. Speaker : Question is—

That in lines 7-8 , the words "or any purpose........a religious purpose" be deleted.

The motion was carried.

CLAUSE 50

Mr. Speaker : Question is—

That in sub-clause (1), line 23, after the word "arbitrator" the words "within one month of the service of the due notice" be added.

The motion was carried.

Minister for Irrigation and Power (Chaudhri Lahri Singh) : Sir, I beg to move—

That the Punjab Co-operative Societies Bill, as amended by the Council, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Co-operative Societies Bill, as amended by the Council, be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Co-operative Societies Bill, as amended by the Council, be passed.

The motion was carried.

THE PUNJAB LAND REVENUE (SURCHARGE) BILL, 1954

Minister for Irrigation and Power (Chaudhri Lahri Singh) : Sir, I introduce the Punjab Land Revenue (Surcharge) Bill.

Minister for Irrigation and Power : Sir, I beg to move—

That the Punjab Land Revenue (Surcharge) Bill be taken into consideration at once.

स्पीकर साहिब, यह बहुत simple Bill है और मैं समझता हूं कि जमींदार के मायने समझा दूं कि कौन ज़मींदार है । Land Revenue Act के मुताबिक partition से पहले और उसके बाद बहुत दिनों तक settlement नहीं हुई । Partition के बाद चूंकि rehabilitation problem थी इस लिये settlement न हो सका । उस के बाद Consolidation of Holdings का काम शुरु हो गया और revenue का staff इस काम के लिये लगाया गया ।

इस वजह से नए settlements करवाने के लिये staff available नहीं था । Consolidation of holdings हो जाने के साथ २ सारा land record बदलना पड़ता है । जब तक consolidation operations complete न हो जाएं, settlements दुरुस्त तरीके पर मुकम्मल नहीं हो सकते । Government का खर्च बढ़ता जा रहा

है, hospitals और roads और schools पर खर्च करने के लिये रुपये की बहुत ज़रूरत है। रुपया कोई ऊपर से तो नहीं बरसना है। पंजाब के revenues का major portion, Land Revenue से नहीं बल्कि और sources से आता है। Land Revenue की contribution उतनी नहीं है जितनी कि होनी चाहिये। Value of the land बहुत बढ़ गई है। जब तक नए settlements नहीं हो सकते, Land Revenue को for the time being बढ़ाना ज़रूरी समझा गया है क्योंकि development schemes के लिये रुपये की ज़रूरत है। गवर्नमैण्ट Opposition के साथ इस बात पर मुतफिक है कि छोटे जमींदारों को मालगुज़ारी से मुआफ कर दिया जाये। हम भी चाहते हैं कि मालिया Income Tax के असूलों पर लगना चाहिए। यह मामला under consideration है। Surcharge भी जैसा कि Opposition वाले चाहते हैं sliding scale पर लगना है। Ordinance में exemption 5 एकड़ तक रखी गई थी। अब इस provision को हमने amend कर लिया है क्योंकि हमने महसूस किया कि पहाड़ी इलाके की या झज्जर तहसील के रेगस्तानी इलाके की 5 एकड़ ज़मीन और ऐसे इलाके की 5 एकड़ ज़मीन में जहां chillies और sugarcane पैदा होते हैं बड़ा फर्क होता है। अब यह फैसला किया गया है कि जो ज़मींदार 10 रुपये तक मालिया देता है, उस को surcharge नहीं देना पड़ेगा, जो 30 रुपये तक देता है उसे मालिये का 1/4 हिस्सा surcharge के तौर पर देना पड़ेगा and so on, पस surcharge sliding scale पर लगाया जायेगा।

Five Year Plan के लिये जिस पर इतना ज़ोर दिया जाता है सारा रुपया ऊपर से नहीं आना है। नए settlements हो नहीं सकते। State बड़ी prosperous है, value of the land बढ़ गई है। हर एक जानता है कि पिछले settlements के वक्त के मुकाबले में पैदावार की कीमत बहुत बढ़ गई है। गवर्नमेंट को Five-Year Plan और दूसरी स्कीमों को चलाने के लिये रुपये की बहुत ज़रूरत है। छोटे ज़मींदार जो 90 फीसदी के करीब हैं exempt कर दिये गये हैं। जैसा कि Communist भाई चाहते हैं हमने छोटे जमींदारों को exempt कर के बड़ों पर यह surcharge लगाना है ताकि उस रुपये को गरीबों की भलाई के लिये इस्तेमाल किया जा सके। ऊपर से direction आई है Five Year Plan को चलाने के लिये रुपये की ज़रूरत है। इस लिये यह बिल लाया गया है। इस पर किसी को एतराज़ नहीं होना चाहिये।

Sardar Ajmer Singh : On a point of Order, Sir. I have to bring one fact to your kind notice and that is this. The matter which the House is going to discuss now is *sub judice.*

When both the Houses of the Legislature were not in session, the Governor exercised their powers under Article 213 (1) of the Constitution and promulgated the Punjab Land Revenue (Surcharge) Ordinance, 1954. The validity of this Ordinance has been recently challenged in the High Court. The legal point which has been raised in the High Court is this. Can the Government assess the land revenue or charge surcharge on land revenue in the manner detailed in the Ordinance from the zamindars without "Assessment" ?

[Sardar Ajmer Singh]

I think that the fact that the validity of this Ordinance has been challenged in the High Court must have come to the notice of the Punjab Government by this time.

Mr. Speaker : I will just read out the relevant portion from May's Parliamentary Practice. I think, the hon. Member would be satisfied.

> *Matters pending judicial decisions.*—A matter, whilst under adjudication by a court of law, should not be brought before the House by a motion or otherwise. This rule does not apply to bills.

Motion moved—

That the Punjab Land Revenue (Surcharge) Bill be taken into consideration at once.

श्री श्री चन्द (बहादुरगढ़) : साहिबे सदर, हमारी गवर्नमेंट का तरीके कार कुछ इस तरह का हो गया है कि इन्होंने उन कायदों के इस्तेमाल को जो खास मौकों पर emergencies के लिए होते हैं, और जिन का इस्तेमाल exception के तौर पर होता है, मामूल बना लिया है। मई के सैशन के बाद हमारी मेहरबान गवर्नमेंट ने 8 Ordinances गवर्नर साहिब से जारी करवाए । Ordinances जारी कराने का मतलब सिर्फ यह होता है कि मैम्बर साहिबान पर रोअब डाला जाए कि इन्हें Acts बनाने ही पड़ेंगे। Ordinances आम तौर पर उस वक्त जारी किए जाते हैं जब कोई खास मौका हो, कोई खास जरूरत पड़ जाए, Houses of Legislature सैशन में न हों, काम न चलता हो। जैसा कि जनाब को पता है इस हाऊस में शायद ही कोई ऐसा बिल आया हो जिसे पहले Ordinance की शक्ल में जारी न करवाया जा चुका हो।

इसी तरह से यह जो non-stop sitting का तरीका है यह खास 2 मौकों के लिए होता है। British Parliament की एक हज़ार साल की history में कुल 8 बार non-stop sitting हुई है। कल जब सारे हिन्दुस्तान में लोग अखबारों में इस non-stop sitting के बारे में पढ़ेंगे तो हैरान होंगे कि पंजाब में क्या हो रहा है, कौन सी मुसीबत आ गई है। सुबह से बग़ैर खाना खाए services के आदमी और पुलिस वाले भी duty पर खड़े हैं। क्या मुसीबत आ जाती, अगर कल को sitting कर लेते या सोमवार को बाकी काम कर लिया जाता ?

साहिबे सदर, जो इन्होंने rules बनाए हैं इन को मामूल के तौर पर इस्तेमाल किया जाए। जहां तक non-stop sitting पर जोर देने का ताल्लुक है उन का ख्याल था कि Opposition के मैम्बरों को बाहर जाना है वे उठ कर चले जाएंगे और हम बैठ कर इस agenda को पास कर छोड़ेंगे । सब से पहले मैं अपने लायक दोस्त से यह पूछना चाहता हूं कि यह surcharge के नाम में land revenue बढ़ाया गया है या property पर टैक्स लगाया गया है। इस बिल से साफ मालूम नहीं होता कि land revenue बढ़ाया गया है या कि property पर टैक्स लगाया गया है। अगर यह property पर टैक्स है या income tax है

तो Constitution के मातहत यह सूबे का subject नहीं है। हमारी असैम्बली इस को पास नहीं कर सकती। यह Centre का subject है और वहां जाना चाहिए। अगर मेरे लायक दोस्त यह कहें कि हम ने land revenue बढ़ाया है तो में अर्ज करूंगा कि land revenue के बारे में law की बिल्कुल clear position यह है कि जब तक सरकार नया बन्दोबस्त नहीं करवाती उस वक्त तक land revenue नहीं बढ़ा सकती, तो उन्होंने land revenue को बढ़ा कर उस का नाम surcharge रख दिया है। साहिबे सदर, मुझे समझ नहीं आती कि surcharge के लफ्ज़ का क्या मतलब है। उन की मुश्किल यह है कि Constitution के मातहत Property Tax मेरे दोस्त नहीं लगा सकते, यह Centre का subject है। दूसरी बात यह है कि उन्होंने ज़िला गुड़गांवां, अमृतसर और कुल्लु की sub-division को इस से मुसतसना रखा। कोई भी टैक्स हमारी Constitution के मातहत किसी कायदे के मुताबिक भी discriminately नहीं लगाया जा सकता। यह भी एक difficulty है। कहते यह हैं कि "साहिब गुड़गांवां और अमृतसर में पहले बन्दोबस्त हुआ था इस लिए उन ज़िलों को छोड़ दिया गया है।" लेकिन यह कोई माकूल वजह नहीं है। असल वजह यह है कि एक ज़िला हमारे एक ऐसे वज़ीर साहिब का है जिन का आज की गवर्नमेंट में बोल बाला है। वे जानते थे कि हमें आखिरकार अपनी constituency के सामने जाना है, उन के सामने जवाब देही करनी पड़ेगी इस लिए उन्होंने बेहतर यही समझा कि surcharge वहां न लगाया जाए। अगर वे उसी रेशो (ratio) से हर जगह पर लगाना चाहते हैं तो Opposition की तरफ से हम लोग कहने के लिये तैयार हैं कि जिस ratio से गुड़गांवां का बढ़ाया है उसी रेशो से रोहतक और हिसार का भी बढ़ा दें। साहिबे सदर, आप को ताज्जुब होगा यह सुन कर कि गुड़गांवां के बन्दोबस्त में land revenue जितना पहले था उस से आधा हो गया है। उसी बिना पर आज मेरे दोस्त दूसरे ज़िलों का land revenue बढ़ा रहे हैं, मगर गुड़गांवां को मुआफ कर रहे हैं क्योंकि वहां पहले बन्दोबस्त हुआ था। अगर गुड़गांवां का land revenue आधा हो गया है तो कोई वजह नहीं है कि रोहतक और हिसार का बढ़ाया जाए। मुझे तमाम figures तो नहीं मिली हैं लेकिन मेरा ख्याल है कि अमृतसर में भी land revenue बन्दोबस्त की वजह से नहीं बढ़ाया। 4 लाख एकड़ के करीब ज़मीन में पानी चढ़ गया है और water logging हो गई है। मेरे दोस्त ने उसे मुआफ करना होगा, और भी बहुत सारी ज़मीनें ऐसी होंगी जो मेरे दोस्त ने मुआफ करनी होंगी। कहते हैं कि अनाज की कीमतें बढ़ी हैं इस लिए बढ़ाया है। मेरे लायक दोस्त नहीं जानते कि अब तो अनाज की कीमतें नीचे गिर रही हैं। मेरे लायक दोस्त ने और कई वजूहात दी हैं कि हस्पताल खोलने हैं, नई सड़कें बनानी हैं और development के और बहुत सारे काम करने हैं। यह सब गलत बातें हैं। साहिबे-सदर, भाखड़े में 35 करोड़ रुपये का गबन है और यह बात कहने के लिये PEPSU का एक वजीर जिम्मेदार है। इस corruption के लिये उन के ठेकेदार और अफसर जिम्मेदार हैं... .....

Minister for Irrigation : On a point of Order, Sir. Is it relevant ? (*Interruption from the Opposition.*)

Mr. Speaker : The hon. Minister can contradict it afterwards in his own speech.

श्री श्री चन्द : मेरे लायक दोस्त ने खुद माना है कि यह बात ठीक है। मैं उन से पूछना चाहता हूं कि भाखड़े की corruption को trace out करने के लिये उन्होंने क्या कदम उठाया है? सब लोग अखबारों में पढ़ते हैं कि करोड़ों रुपये का गबन है, एक लाख का नहीं, दो लाख का नहीं, करोड़ों रुपये का है और अगर करोड़ों रुपये के ग़बन को गवर्नमेंट नहीं ढूंड सकती तो क्या गरीब लोगों पर यह surcharge लगा कर उस घाटे को पूरा करना चाहती है? यह घाटा तो सारी पंजाब स्टेट को बेच कर भी नहीं पूरा किया जा सकता। उन को चाहिये कि इस रुपये को corruption से बचाएं और development के कामों पर लगाएं। मैं उन से पूछता हूं कि उन्होंने कौन से हस्पतालों का प्रोग्राम बनाया हुआ है? गरीब किसानों से ले कर यह रुपया उन्होंने कौन से development के कामों पर लगाना है। वे लोग भूल जाते हैं कि इन गरीब किसानों पर जो टैक्स लगाया गया है वह बड़े बड़े करोड़ पति भी नहीं दे सकते। उन्होंने आब्याना डेढ़ गुना बढ़ा कर करोड़ों रुपये इन गरीबों से ज़्यादा लिये हैं। Land Betterment Charges के रूप में 78 करोड़ रुपया इन गरीब किसानों से वसूल किया है। 480 लाख रुपया इस्तेमाल अराज़ी का लिया है। साहिबे सदर, सरकार ने local rate दुगने कर दिये हैं, करोड़ों रुपये चौकीदारे के बढ़ा दिये हैं और पंचायतों के ज़रिए चूल्हा टैक्स और न जाने कितने कितने टैक्स वसूल कर रहे हैं। मैं पूछता हूं कि क्या उन गरीबों के पास कोई कारूं का खज़ाना है जो वे उन से इतने टैक्स वसूल करते जाएंगे? कहां से देंगे वे गरीब लोग इतने टैक्स? गरीब दिहातियों पर तो आए दिन नए टैक्स लगाये जाते हैं लेकिन अमीर शहरियों पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया जाता। और अगर कभी ज़रा सा टैक्स उन पर बढ़ाया जाता है तो चारों तरफ से शोर मच जाता है और हमारे Minister for Finance भागे जाते हैं लुधियाने व्यापार-मण्डल से समझौता करने के लिये। मुझे अफसोस इस बात का है कि गवर्नमेंट गरीब किसानों की हालत को सुधारने का कोई ख्याल नहीं करती। उन गरीबों के पास टैक्स देने के लिये इतना रुपया कहां से आए? साहिबे सदर! मैं अपने माननीय वज़ीर साहिब की, जो कि यह बिल लाए हैं, 1950 की एक स्पीच पढ़ कर सुनाना चाहता हूं। उन्होंने यह तकरीर 1950 के बजट सैशन में की थी।

"I was saying, Sir, that whereas the contribution of the ruralites to the Government coffers is 75 per cent, the share they get out of it in the form of services is very meagre. I think it to be Government's paramount duty to reflect in a cool and dispassionate manner as to what it proposes to do for the benefit of the rural population, for their uplift and advancement. I ask the Hon. Finance Minister if he wants to keep the rural population alive or not? I remember very well how the present Finance Minister, when he was the Leader of Opposition in the united Punjab, used to hold out golden hopes and promises to the rural people, one of which was the exemption of small peasants from the payment of land revenue, since at that time he was of the view that these poor people could hardly eke out a living income from their land.

It now appears that the real motive of those who held such promises was not the thought of the good of the zamindars but just a desire to disturb Sir Sikandar Hyat Khan and Chaudhri Chhotu Ram in the execution of their programme of reforms and to mislead the zamindars into thinking that Congress was their greater well-wisher and sympathiser. Now that their sympathisers have come into power, the cat is out of the bag."

" Sir, I did not mean Congress but the Congress Government whose attitude towards rural classes is not only unhelpful but destructive."

" All this state of affairs shows that the Government is little interested in the welfare of rural class and whatever funds it has, these are being spent for providing facilities to the people living in cities. I would, therefore, warn the Government that if we fail by the rural class, India will go the way of China."

" Things have come to such a pass that people have started calling us Jats of Lala brand. When we do not allow the poor and backward sections even ordinary opportunities and amenities of civilized existence, why should we complain that they are misled by the lure of communism ? What have we done for them that they should remain aloof ? If they demand anything, they are put behind the prison bars. I must warn the Government that it will not be possible to befool them for all times to come. They were misled and hoodwinked in Russia and China for some time but ultimately they overthrew the Governments responsible for denying them their rights."

" The present level of top-heavy administration leaves little scope for all round achievement in the province. In the past people had pinned great hopes on the Congress Government but they have now realised that this Government has proved to be a Lala (Bania) Government. I call it a Lala Government as it has given no relief to the lower middle class."

साहिबे सदर, ये हैं ख्यालात मेरे लायक दोस्त के जो कि उन की speeches मे मिलते हैं ।

सिचाई मन्त्री : ये ख्यालात उस गवर्नमेंट के खिलाफ जाहिर किए गए थे जो कि बाद में बदलनी पड़ी ।

श्री श्री चन्द : जो कुछ भी हो, ये आप के ही ख्यालात हैं जो बदल नहीं सकते, झुठलाए नहीं जा सकते । यह बात अलग है कि बदकिस्मती से या खुशकिस्मती से आप आज मेरी जगह पर नहीं बल्कि सामने treasury benches पर बैठे हैं ।

साहिबे सदर, इन की speeches को भी जाने दीजिए । खुद कांग्रेस पार्टी ने हुकूमत की बागडोर अपने हाथों में लेने से पहले और आज़ादी की जद्दोजहद के वक्त कई वायदे गरीब काश्तकारों के साथ किए थे । इतना ही नहीं, पिछले दिनों इलैक्शन होने से पहले कांग्रेस के वायदों और इकरारों का प्रचार होता रहा । मैं ने खुद इन के उन इलफाज़ को सुना था जोकि मुझे अभी तक याद हैं । खुले लफज़ों में यह एलान किया जाता रहा था कि जब हमारा राज होगा, जब कांग्रेस का राज होगा तो ज़मींदारों को जो इतना ज़्यादा लगान का बोझ बरदाश्त करना पड़ता है, वह नहीं रहेगा । यह सब उन को मुआफ़ कर दिया जाएगा । दानों के हिसाब से लगान लिया जाएगा । इस को

[श्री श्री चन्द]

justify करने के लिए वे लोग खुद यह argument दिया करते थे कि जब वज़ीरों की तनख्वाह पांच सौ रुपया से ज़्यादा न होगी, जब आम सरकारी मुलाज़मों को तीस रुपए माहवार से ज़्यादा नहीं देना पड़ेगा तो इतने टैक्स और लगान लगाने की क्या ज़रूरत होगी ? ये हैं आप के पुराने इकरार । खैर, इन को भी जाने दीजिए क्योंकि शायद आप इन इलफाज़ को भी भूल चुके होंगे । पर मैं पूछता हूं कि क्या यह इन्साफ है कि उन गरीब लोगों पर जिन की कमर पहले ही कई किस्म के टैक्सों से झुकी पड़ी है, और टैक्स लगा कर बिल्कुल तोड़ दी जाए ?

जनाबे सदर ! यह फरमाते हैं कि गवर्नमेंट नए settlement न कर सकी क्योंकि बीच बीच ऐसे दूसरे काम आते रहे; यानी पहले लड़ाई रही उस के बाद पार्टीशन हो गया । इसी लिए पार्टीशन के बाद इश्तेमाल का काम शुरू किया जा रुका । मैं पूछता हूं कि क्या कभी लोगों ने आप के पास आकर कहा कि आप बन्दोबस्त करो या क्या कभी उन्होंने आप से दरखास्त की कि आप इश्तेमाल का काम शुरू न करें ? ज़ाहिर है कि जब अभी तक आप यह काम भी पूरा न कर सके तो आप की यह गवर्नमेंट नाअहल है और यह कि यह बड़े स्याने आदमियों की नहीं । जब बात ऐसी है तो इस के लिए लोगों को क्यों सज़ा देते हो ? दरअसल बात यह है कि आप जानते हैं कि बन्दोबस्त होने से लगान की आमदन बढ़ने की बजाए कम होगी । इसीलिए आप बन्दोबस्त नहीं करते । आखिर करें भी क्यों ? गवर्नमेंट है जो "बनिया ब्रांड" । लाला गवर्नमेंट जो हुई । इसलिए बग़ैर हिसाब के चले यह कैसे हो सकता है ? फिर चौधरी साहिब फ़रमाते हैं कि इन्होंने गरीब लोगों पर बड़ी मेहरबानी की है, बड़ी फ़य्याज़ी की है लेकिन असल बात यह है कि यह उन से मीठी मीठी बातें कर के उन का खून - भी चूस लेना चाहते हैं । इन का तो यह हिसाब है कि चार आदमियों को बुलाया । उन में से तीन को तो खूब जूत लगाए और चौथे को कह दिया कि देखो हम ने तुम्हें कुछ नहीं कहा, तुम्हें नहीं मारा यह थोड़ी मेहरबानी है कि तुम्हें छोड़ दिया ! ठीक इसी तरह ही इस बिल के मुताल्लिक कहा गया है । इन्होंने कहा है कि हम ने लगान की शरह नहीं बढ़ाई यह थोड़ी मेहरबानी है ! इन को तो चाहिए कि गवर्नमेंट के मशकूर हों । मेरे लायक दोस्त यह क्यों भूल जाते हैं कि हिन्दुस्तान में अमीर और तजारतपेशा लोगों को 4,200 रुपया तक कोई टैक्स नहीं लगता ? जब उन बड़े २ लोगों को 4,200 रुपया पर कोई टैक्स नहीं, उस से कम पर टैक्स मुआफ़ है तो 10 रुपए मालगुज़ारी क्यों माफ नहीं की जा सकती ? क्या गवर्नमेंट यह समझती है कि जो 10 रुपए मालगुज़ारी देते हैं वह खूब भरपेट खाते हैं ? क्या आप यह ख्याल करते हो कि उन के पास खाने पीने को बहुत है और ऐशोआराम की ज़िन्दगी बसर करते हैं ? आप कहते हैं कि हम इतनी अच्छी २ बातें करते हैं पर आप हमारी बड़ाई नहीं करते । मैं तो कहता हूं कि हम तय्यार हैं आप की बड़ाई करने के लिए बशर्तेकि आप लगाएं उन बड़े बड़े अमीरों पर कोई टैक्स । हम आप की बड़ाई ज़रूर करते अगर आप ने इन गरीबों को कुछ मुआफ किया होता । फ़सलों

में कुछ पैदा हो या न हो, टिड्डी उन को खा जाए, पाला मार जाए, बीज पड़ा पड़ा सड़ जाये मगर आप ने यह surcharge वसूल करना ही है। जब आप एक पैसा मुआफ करने के लिये तैयार नहीं तो हम आप की बड़ाई कैसे करें ? मैं इस वक्त offer करता हूं आप को कि आइये कर लीजिये सौदा कि 10 रुपये तक मुआफ किया, फिर हम आप के साथ हैं। लेकिन मुआफ तो आप करते नहीं और यह कहते हैं कि यह थोड़ी बात है हम ने उन को जूते नहीं मारे।

मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह जो surcharge है इस की imposition कानूनन ही गलत है, Constitution के *ultra vires* है क्योंकि यह आमदनी पर टैक्स है। जब कि 4,200 रुपए पर टैक्स मुआफ है तो थोड़ी २ produce की कीमत पर क्यों टैक्स लगे ? यह बड़ी भारी discrimination है। आप को यह कोई हक नहीं कि कुछ आदमियों पर टैक्स लगाएं और कुछ पर न लगायें।

स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ करूंगा कि पंजाब के काश्तकार के पास, पंजाब के ज़मींदार के पास खाने को अन्न नहीं है; उस के पास पैसा नहीं है; उस को ज़्यादा न दबाया जाए वरना चौधरी लहरी सिंह के कहने के मुताबिक यहां भी चाइना बन जायगा। यह उन का ख्याल है और दुरुस्त ख्याल है। उन के साथ व्यवहार में discrimination नहीं करनी चाहिये। उन की तादाद थोड़ी नहीं है। पंजाब की कुल आबादी का 80 या 85 फीसदी हिस्सा है। यह उन्हें तंग करते चले जायेंगे तो वह किस तरह बरदाश्त करते जायेंगे ? आखिर बरदाश्त की भी कुछ हद होती है। पंजाबी बड़े बहादुर हैं। स्पीकर साहिब, मैं इन्हें बतला देना चाहता हूं कि अगर वे उमड़ पड़े तो काबू में नहीं आयेंगे। इन को चाहिये कि अमीर आदमियों पर tax लगायें। लेकिन इन के सलाहकार जो सरमायेदार हैं उन्हें काश्तकार से कैसे हमदर्दी हो सकती है ? वह इन से ही टैक्स वसूल करेंगे। मुझे पता है कि इस का जवाब वह यह देंगे कि पहले गंदम पांच रुपए मन बिकती थी, चना सस्ता था अब इन की कीमतें बहुत ज़्यादा हैं लेकिन इन्हें पता हो कि बैलों की कीमतें उस से भी ज़्यादा बढ़ी हैं, लोहे की कीमत उन के मुकाबिले में कितनी ज़्यादा बढ़ गई है और कपड़े की कीमत कितनी ज़्यादा बढ़ गई हैं। हत्ताकि जिन चीज़ों की ज़रूरत काश्तकार को है उन की कीमतें कितनी ज़्यादा बढ़ गई हैं। मैं इन से अर्ज़ करता हूं कि वह इस के लिए यहां बैठ जाएं और अन्दाज़ा लगा लें कि कितना फायदा एक काश्तकार को हुआ है। गुड़गावां के बन्दोबस्त को ही देख लिया जाए और अगर वहां मालगुज़ारी बढ़ी है तो यहां भी बढ़ा दी जाए और अगर वहां कम हुई है तो कम की जाए। यह सब चीज़ें देख ली जायें। लोगों से सलाह कर ली जाए। मैं इन्हें बता देना चाहता हूं कि काश्तकार के पास अब और कुछ नहीं रहा। अगर उसे और तंग करने की कोशिश की गई तो यहां भी China बन जायेगा।

POINT OF ORDER REGARDING RESOLUTION DISAPPROVING THE PUNJAB LAND REVENUE (SURCHARGE) ORDINANCE, 1954

Sardar Ajmer Singh : On a point of Order, Sir. Article 213 (2) lays down that an Ordinance issued by the Governor under Article 213 (1) shall cease to operate at the expiration of six weeks from the reassembly of the Legislature, or if before the expiration of that period a resolution disapproving

[Sardar Ajmer Singh]

it is passed by the Legislative Assembly and agreed to by the Legislative Council, if any, upon the passing of the resolution or, as the case may be, on the resolution being agreed to by the Council.

Sir, I gave notice under Article 213 (2) of a resolution to be moved during this Session disapproving the Punjab Land Revenue (Surcharge) Ordinance, 1954 promulgated by the Governor under Article 213 (1) and it has been admitted by you. According to the motion moved by the hon. Finance Minister and passed by the House earlier today, the Assembly will at this day's rising stand adjourned *sine die*. In other words, there will be no sitting of the Assembly after today's sitting. My resolution does not appear in the List of Business for today. May I know, Sir, what is the fate of my resolution ?

The Bill which is under discussion at present seeks to replace the Ordinance It will not be proper to discuss the resolution after the Bill has been passed. Any discussion on the resolution after the passage of the Bill will not be useful. I, therefore, request that my resolution should be allowed to be discussed and passed or rejected by the House before it discusses and passes the Bill. In other words, Sir, I want that the House should either disapprove or approve the Ordinance before it discusses and passes the Bill.

Mr. Speaker : Which Article has the hon. Member referred to ?

Sardar Ajmer Singh : Sir, I have referred to Article 213 (2). It reads like this—

> "(2) An Ordinance promulgated under this Article shall have the same force and effect as an Act of the Legislature of the State assented to by the Governor but every such Ordinance—
>
> (1) shall be laid before the Legislative Assembly of the State, or where there is a Legislative Council in the State, before both the Houses, and shall cease to operate at the expiration of six weeks from the reassembly of the Legislature, or if before expiration of that period a resolution disapproving it is passed by the Legislative Assembly and agreed to by the Legislative Council, if any upon the passing of the resolution or, as the case may be, on the resolution, being agreed to by the Council ; and
>
> (b) may be withdrawn at any time by the Governor."

It is quite clear, Sir, that any Member of the Legislature can give notice of a resolution under Article 213 (2) for disapproving an Ordinance issued by the Governor under Article 213 (1).

I have given notice of a Resolution to be moved during this Session disapproving the Punjab Land Revenue (Surcharge) Ordinance, 1954 and it has been admitted by you.

The Bill now under discussion seeks to replace this Ordinance. What I now want is this. My resolution should be allowed to be discussed at this stage so that the House can express its opinion on it. The Bill can be discussed and passed thereafter. It is my constitutional right.

Mr. Speaker : No body denies that. I admitted the Resolution given notice of by the hon. Member and his colleagues.

चीफ पार्लियामैण्टरी सेक्रेटरी (श्री प्रबोध चन्द्र) : जनाब स्पीकर साहिब अगर आप इजाज़त दें तो मैं इस सिलसिले में कुछ submission करना चाहता हूं । इस motion के बारे में इरादा यह था कि हाऊस की राए ज़ाहिर हो और यहां मोशन resolution की बजाये बिल की शक्ल में हाऊस के सामने आ रही है तो इस resolution को लाने की ज़रूरत

नहीं समझी गई थी। यह बिल जो इस वक्त हाऊस के सामने पेश है उस resolution को over throw कर देता है if it is approved by the House। इस लिये गवर्नमेंट ने यह मुनासिब नहीं समझा कि इस resolution को भी हाऊस के सामने लाया जाए क्योंकि यह बिल आ रहा था और उसी मकसद के लिए था। उस Ordinance पर discussion का मौका दिया जा रहा है। अब उस resolution को लाने की कोई गुंजाइश ही नहीं रह जाती। इसी लिये गवर्नमेंट ने इस Ordinance को इस बिल की शक्ल में हाऊस के सामने रखा है जो उस resolution को automatically throw out कर देता है।

अध्यक्ष महोदय : Position तो ठीक है। (The position is correct.)

Sardar Ajmer Singh. Sir, my resolution is not before the House at present. The Ordinance is separate from the Bill. What I want, Sir, is that the resolution, which seeks to disapprove the Ordinance, should be allowed to be moved and discussed. The opinion of the House as to whether it approves or disapproves the Ordinance should be taken.

Mr. Speaker. Well, I will permit the Members to refer to the resolution of the hon. Member when discussing the Bill.

Sardar Ajmer Singh. Sir, it is my statutory right. It is not for the Government to decide when this resolution should be brought forward and discussed in the House.

Mr. Speaker. What the hon. Member wants is that the Ordinance should be thrown out. The House can in effect do this either by passing the Bill or by throwing it out.

श्री श्री चन्द : जनाब यह Constitution की दफ़ा 213 में provide किया हुआ है और बिल्कुल clear है कि जब कोई Ordinance जारी किया जाए और अगर कोई मैम्बर उस को मन्सूख करने के लिये resolution का नोटिस देता है तो................

Mr. Speaker : The Bill is before the House. It is for the House to pass the Bill or to throw it out.

श्री श्री चन्द : जनाब, this is a statutory right. There is no question of discretion। अगर कोई मैम्बर यहां resolution लाता है कि जो Ordinance जारी किया गया है वह मन्सूख किया जाए तो हाऊस को हक हासिल है कि वह उसे approve करे या न करे।

Mr. Speaker : That resolution has nothing to do with this Bill.

श्री श्री चन्द : जैसा कि अभी मैंने आप से अर्ज़ किया था कि हमारी गवर्नमेंट को Ordinance जारी करने की आदत सी हो गई है। असल में Ordinance लाने के लिये कोई खास emergency होनी चाहिये। हमें तो आम तौर पर यह देख कर हंसी आने लगती है कि किस तरह हर बात के लिए Ordinance जारी किये जाते हैं। फिर यह हर एक मैम्बर को हक हासिल है कि वह इस पर राए दे सकता है कि जो Ordinance

[श्री श्री चन्द]

गवर्नर साहिब ने जारी किया था, वह ठीक है या गलत। He has got a statutory right to give notice of a resolution disapproving the Ordinance of the Governor under Article 213.

Mr. Speaker : The Speaker has got no discretionary powers in this connection. The contents of the Ordinance and Bill are identical. I can accommodate the hon. Members to this extent. I will not raise any objection if they discuss the Ordinance along with the Bill. They can speak against the Ordinance as well.

श्री श्री चन्द : अब तो last minutes हैं। 11 बज कर 10 मिनट हो चुके हैं और हम चाहते हैं कि इस बिल का फैसला होने से पहले इस resolution पर हाऊस की राए ली जाए। यह बिल्कुल clear है कि अगर कोई मैम्बर हाऊस की राए लेना चाहता है कि जो Ordinance Governor साहिब ने जारी किया है वह उस के हक में है या नहीं तो वह ऐसा कर सकता है। This resolution should have been put before the Assembly adjourns.

अध्यक्ष महोदय : यह इस बिल की introduction stage पर एतराज करना चाहिये था। (This objection should have been raised at the introduction stage of this Bill.)

So far as the Bill is concerned this will continue to be discussed. The hon. Members can move the court to declare it *ultra vires*.

श्री श्री चन्द : अर्ज़ यह है कि इस resolution पर भी तो बहस होनी चाहिये।

Mr. Speaker : The debate on the Bill will continue. You can move the court to get it declared *ultra vires*.

श्री श्री चन्द : मैं अर्ज़ कर रहा था कि अगर और कोई objection न हो तो यह होना चाहिए। Before the Assembly adjourns it must discuss and pass or reject the resolution.

Mr. Speaker : The contents of the Ordinance and the Bill are identical.

श्री श्री चन्द : आप यह तो मानते हैं कि यह एक Member का राईट है कि वह House की opinion इस बात पर ले कि आया जो गवर्नर साहिब ने Ordinance जारी किया है वह ठीक है या नहीं, उन्हें जारी करना चाहिये था या नहीं। इस के मुताबिक एक Member का resolution जनाब के पास पहुंच गया है। अब आप यह बतलाएं कि आया यह Member का statutory right है कि नहीं कि उस का resolution House के सामने रखा जाए। आप जानते हैं कि आज इजलास का आखरी दिन है। हमें तो कभी इस बात का पता नहीं लगता कि आज non-stop sitting होगी। जहां हम समझते रहते हैं कि House में आ ही जाएगा वहां Government खड़ी हो कर कहती है कि यह दुरुस्त नहीं। तो चूंकि

आज इजलास खत्म हो जाना है आप से request की गई है कि इस resolution को House के सामने रखा जाए। बाकी Government की तो यह आदत बन गई है कि आए दिन, गलत या सही तौर पर, Ordinances लाती चली जाती है। हमें भी पता चलना चाहिए कि आया यह गलत है या सही। अब Chief Minister साहिब आ गए हैं उन से यह पूछा जाये कि आया यह हमारा right है या नहीं। बाकी हम मजबूर हैं; हमारे पास और कोई तरीका नहीं।

अध्यक्ष महोदय : Assembly आज की बैठक के खत्म होने पर sine die adjourn हो रही है।

(The Assembly at its rising this day will stand adjourned sine die.)

Sardar Ajmer Singh. But it has not adjourned now. I, therefore request that my resolution should be allowed to be discussed at this stage.

अध्यक्ष महोदय : (श्री श्री चन्द को सम्बोधन कर के) जहां तक इस बिल का सम्बन्ध है, आप अगर चाहें तो इसे Ordinance से अलहदा समझें। अगर आप समझते हैं कि बिल और Ordinance एक जैसे हैं तो फिर इस दलील में कोई जोर नहीं रह जाता कि Ordinance को approve किया जाए या रद कर दिया जाए क्योंकि इस सम्बन्ध में बिल पर जो फ़ैसला होगा वह हाउस का verdict होगा।

(So far as this Bill is concerned, you may, if you so wish, take it as something separate from the Ordinance. If you consider the Bill and the Ordinance as being identical, then there is no force in the agrument that the Ordinance should be approved or disapproved as the decision on the Bill will give the verdict of the House in this connection.)

श्री श्री चन्द : सवाल यह नहीं है। सवाल है कि जो Ordinances लाए जाते हैं उन पर House की राय लेना हमारा हक है या नहीं। आया जो गवर्नर साहिब ने Ordinances जारी किए वह मुनासिब थे या नहीं, इन्हें यह जारी करने चाहिये थे या नहीं। यह जो रोज़ २ Ordinances जारी किये जा रहे हैं उन की रोक थाम का right Constitution ने Members को दिया है या नहीं ? गवर्नर साहिब ने जो Ordinance जारी किया है वह in order था या नहीं, वह इसे जारी कर सकते थे या नहीं.........

अध्यक्ष महोदय : जारी कर सकते थे लेकिन आप जो बातें Ordinance के खिलाफ कहना चाहें इसी बहस में कह दें।

अगर आप Ordinance और इस को एक समझते हैं तो discussion हो सकती है। अगर आप Ordinance को अलहदा समझें तो भी जो आप ने एक के बारे में कहना है वही दूसरे के बारे में कह सकते हैं।

(An Ordinance can be promulgated. Whatever the hon. Member wishes to say against the Ordinance, he can say it during the discussion on

[अध्यक्ष महोदय]

the Bill. In case you take the Ordinance and the Bill as being identical then these can be discussed. If you consider the Ordinance as a separate thing even then whatever you may say in regard to one thing that can apply to to the other.)

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ resolution move ਕਰਨਾ ਮੇਰਾ ਹਕ ਹੈ । ਤੇ ਜੇਕਰ ਹਕ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਦੂਜੀ ਗਲ ਹੈ । Session end ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਮੇਰਾ ਹਕ ਹੈ । ਬਿਲ ਦਾ ਇਸ resolution ਨਾਲ ਤੱਅਲੁਕ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਨੂੰ joint ਨ ਰਖੋ ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਇਸ ਨੂੰ as it is ਲੈ ਰਹੇ ਹਾਂ । Resolution ਨੂੰ Bill ਨਾਲ joint ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰਾਰ ਦੇ ਸਕਦੇ ਹਾਂ ?

(We are taking the resolution as it is and not combining it with the Bill. How can these be combined ?)

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਆਪ ਨੇ resolution admit ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸੈਕਟਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ circulate ਭੀ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਸੰਬੰਧਤ Section ਪੜ੍ਹ ਲਵੋ ।

Mr. Speaker: The hon. Member can speak on the Bill. I have placed before the House facts of the case. I have requested the hon. Members to bring to my notice the rule or article of the Constitution, if any, which can stop us from proceeding further with the Bill. A lengthy discussion has taken place on this point and no hon. Member has brought to my notice any such rule.

I, therefore, hold that neither the Constitution nor the Rules preclude the consideration of the Bill in the presence of the notice, nor is the Bill vitiated by an absence of discussion on the Resolution.

I will now request the hon. Member to speak on the Bill.

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਵੇਖਣਾ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ ਕਿ Ordinance throw out ਕਰਨਾ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ । ਜੇਕਰ ਆਪ ਨੇ move ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਤਾਂ discussion ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ ਅਤੇ Bill ਹੀ House ਸਾਹਮਣੇ ਹੈ, resolution ਨਹੀਂ ।

Mr. Speaker : If there is any rule which prevents us from proceeding further with the Bill in the presence of the notice, then it should be brought to my notice. Otherwise, the House will proceed to consider the Bill. When the resolution comes, I will allow it to be moved.

मुख्य मंत्री (श्री भीम सेन सच्चर) : मैं अर्ज़ कर दूं कि Article 213 (2) यह लिखा है :—

"(2) An Ordinance promulgated under this Article shall have the same force and effect as an Act of the Legislature of the State assented to by the Governor but every such Ordinance—

(a) shall be laid before the Legislative Assembly of the State, or where there is a Legislative Council in the State, before both the Houses and shall cease to operate at the expiration of six weeks from the reassembly of the Legislature, or if before the expiration of that period a resolution disapproving it is passed by the Legislative Assembly and agreed to by the Legislative Council, if any upon the passing of the resolution or, as the case may be, on the resolution being agreed to by the Council :

(ii) may be withdrawn at any time by the Governor."

अब आप देखें कि यह सीधी सादी बात है । (**पंडित श्री राम शर्मा** : आप के सब काम सीधे सादे होते हैं) हां ठीक है जिस दृष्टिकोण से आदमी किसी चीज को देखता है वह उस के लिये वैसी ही बन जाती है । इस में बतलाया गया है कि Ordinance की life असैम्बली शुरू होने के बाद 6 हफ्ते होती है । अगर उस के पहले असम्बली उसे approve न करे तो वह खुद बखुद खत्म हो जाती है । सवाल यह रह जाता है कि अगर कोई मैम्बर resolution पेश करे कि यह नहीं होना चाहिए तो ऐसा resolution पेश करने का क्या तरीका है ? आखिर एक resolution चीज क्या है ? Resolution की definition Rules of Procedure में मिलती है । उस में resolution admit करने का procedure lay down किया गया है । कोई भी motion, House में resolution की शक्ल में ही हो सकती है और किसी शक्ल में नहीं ।

इस लिये मेरी गुजारिश यह है कि यह ठीक है कि आप ने स्पीकर साहिब को इस resolution के बारे में communicate किया लेकिन आपने इस को इस तरह से word किया कि इस का admit हो जाना जरूरी था, मगर resolution लाने का आप का ढंग ठीक न था । With due respect to the Chair मैं यह कहना चाहता हूं कि Chair भी इस resolution को नहीं लाने दे सकती थी और नोटिस की मियाद में कमी नहीं होनी चाहिये थी ।

सरदार अजमेर सिंह : हमने rules के मुताबिक तीन clear days का नोटिस दिया था और यह मैम्बरों को circulate भी हो चुका है ।

मुख्य मन्त्री : मैंने rules को देखा है मेरा जो contention था कि resolution को ballot में आना चाहिए और इस के लिये 15 दिन का नोटिस होना चाहिये, वह contention गलत था ।

(आवाजें : बात तो सीधी सादी थी ।)

मगर फिर भी मेरी contention यह है कि यह जो procedure ऐसे resolution का है इसे उस वक्त काम में लाना चाहिए जब गवर्नमैण्ट Ordinance को enact करना चाहती हो और गवर्नमेंट हाऊस को opportunity नहीं देती और ऐसी legislation को discuss करने के right को deny कर देती है उस वक्त मैंबरान को right होता है कि वह तीन दिन का नोटिस देकर Ordinance को disapprove करने का resolution ला सकते हैं । और यह भी हो सकता है कि अगर गवर्नमैण्ट Ordinance की age को cut नहीं करना चाहती तो आप कम कर सकते हैं मगर अब Ordinance को replace करने के लिये बिल आता है तो उस वक्त गवर्नमैण्ट opportunity afford कर देती है । हम इस बिल पर debate को anticipate करते थे और हमने इस के लिये opportunity afford कर दी है इस लिये resolution का नौटिस infructuous हो जाता है । Resolution तब लाया जाता है जब गवर्नमेंट हाऊस को opportunity नहीं देती । अब क्योंकि opportunity दी गई है इस लिये इस बिल पर बहस की जा सकती है ।

पंडित श्री राम शर्मा : स्पीकर साहिब, मैं भी उन मेंबरों में से एक हूं जिन्होंने Ordinance को disapprove करने के लिये resolution लाने का नोटिस दिया था ।

अध्यक्ष महोदय : आप मुझे यह बतलायें कि ऐसा कोई rule है कि अगर resolution का नोटिस दे दिया जाये तो क्या यह बिल पेश नहीं हो सकता।

(Please let me know if there is any Rule under which the Bill cannot be proceeded with in case notice of a Resolution has been received.)

पंडित श्री राम शर्मा : स्पीकर साहिब, नोटिस की वजह से हमें ख्याल आया कि तीन clear days का नोटिस दिया जाये। इस लिये हम मेंबरों ने नोटिस दिया कि हम Ordinance को disapprove करने के लिये resolution move करना चाहते हैं। यह बात आईन में भी है।

जहां तक हमारा ताल्लुक है जैसा कि जनाब ने देखा यह चीज़ Constitution में मौजूद है। Constitution मेंबरों को हक देता है कि वह किसी Ordinance के मुतअल्लिक disapproval का resolution पेश कर सकते हैं। हमने एक ऐसे resolution का नोटिस दिया। अब हम नहीं जानते यह गवर्नमेंट की सुस्ती है या किस की ग़लती है कि वह House के सामने नहीं आया। हम तो यही मालूम करना चाहते हैं कि हिंदुस्तान के Constitution ने हमें resolution पेश करने का जो हक दिया है और जिस के बारे में हम ने बाकाइदा नोटिस दे दिया अब वह कौन सी authority है जिस ने यह हक सलब कर लिया और अब यह interpretation दिया जा रहा है कि चूंकि बिल आ रहा है इस लिये resolution ग़ैर ज़रूरी हो गया है। मैं अर्ज करता हूं कि असल position यह है कि कोई Ordinance या तो 6 महीने तक जारी रह सकता है या Legislature का इजलास शुरु होने से 1 1/2 महीना बाद खुदबखुद खत्म हो जाता है और अगर इजलास में disapproval का resolution पेश हो कर मंज़ूर हो जाये तो वह Ordinance उसी दिन खत्म हो जाता है। गवर्नमेंट कहती है कि आज हम को यह बिल House में लाना था मगर हम कहते हैं कि आप हमें तीन दिन पहले मौका दे देते और अगर House इसे disapprove कर देता तो मामला वहीं खत्म हो जाता। हमारे resolution का नोटिस ले कर बैठे रहना कि हम बिल ला रहे हैं Constitution के मुताबिक ठीक नहीं है। इस तरह तो गवर्नमेंट बैठे बिठाए Constitution के दिये हुए तमाम हकूक खत्म कर सकती है।

अध्यक्ष महोदय : position यह है कि क्या आप यह बात कह सकते हैं कि अगर resolution का नोटिस दिया हुआ हो तो यह बिल House के सामने नहीं आ सकता या पास होने पर vitiate हो जायेगा ? क्या वह इस किस्म की कोई provision विधान में से बतला सकते हैं।

(The position is this. Is the hon. Member in a position to say that in the presence of the notice of his resolution this Bill cannot be brought before the House or that it will be vitiated even if it is passed ? Can he point out any such provision in the Constitution ?)

पंडित श्री राम शर्मा : मैं कहता हूं कि resolution को House में लाए जाने या न लाये जाने से बिल का कोई ताल्लुक नहीं है.......

अध्यक्ष महोदय : आप शिकायत कर रहे हैं कि आप को resolution move करने के हक से महरूम किया जा रहा है। मैं आप से निवेदन करूंगा कि आप उन दो बातों पर जो मैं ने कहीं हैं, प्रकाश डालें। इस से सारा मामला तय हो जाएगा।

(But the hon. Member is complaining that he is being deprived of his right to move the resolution. I request him to throw light on the two points mentioned by me and that will settle the whole question.)

पंडित श्री राम शर्मा : इस के मुतअल्लिक अर्ज़ यह है कि हमारा......

Mr. Speaker : I shall be grateful if the hon. Member throws light on this point. Is there any rule which lays down that the House cannot proceed to consider the Bill in the presence of the notice of a resolution ?

पंडित श्री राम शर्मा : सरदार अजमेर सिंह अभी आप को पढ़ कर सुना चुके हैं कि हमें इस बात का हक है कि......

Mr. Speaker : The Constitution and our Rules of Procedure are quite clear on this point. If there is any article of the Constitution or Rule known to the Member which lays down that the Legislative Assembly cannot proceed to consider the Bill in the presence of the notice of the resolution, he should bring it to my notice.

पंडित श्री राम शर्मा : यह मामला बड़ा जरूरी है और इस का फैसला ....

अध्यक्ष महोदय : मगर क्या कोई चीज़ इस बिल को पास होने से रोकती है ?

(But does anything stand in the way of the passing of this Bill ?)

पंडित श्री राम शर्मा : मैं कह रहा था कि अब चूंकि इस बिल पर बहस होने लगी है इस लिये हम यह बात आप के नोटिस में लाए हैं कि इस से पहले resolution पर बहस ज़रूर हो जानी चाहिये थी।

Mr. Speaker : At present, the Bill is before the House. When that resolution comes, I will allow it to be moved and discussed in the House. There is no question of its being disallowed.

पंडित श्री राम शर्मा : मगर ....

अध्यक्ष महोदय : मैं फिर आप से यही कहूंगा कि इस बिल को चलने दें या फिर यह एतराज़ साबित करें कि resolution के होते हुए इस बिल पर बहस नहीं हो सकती।

(I would again point out to the hon. Member that he should either let the discussion on the Bill proceed or cite something in support of his contention that this Bill cannot be proceeded with in the presence of the resolution)

मुख्य मंत्री On a point of Order, Sir. मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि कोई debate किसी चीज़ पर हो हो सकती है। अब रहा इस resolution का House में न रखा जाना तो उस के मुतअल्लिक position यह है.... (*Interruption*)

पंडित श्री राम शर्मा : मगर हमें तो आज ही पता चला कि इजलास आज ही खत्म हो रहा है और इस के साथ ही हमारा resolution भी खत्म हो जाएगा।

Mr. Speaker : My Secretariat is willing to place the Resolution on the Agenda.

वित्त मंत्री : और अगर उस के बाद भी resolution की ज़रूरत रह गई तो देखा जाएगा ।

Mr. Speaker : Let us proceed with the Bill. As I have said more than once the hon. Member can bring to my notice any rule or article of the Constitution which lays down that the Assembly cannot proceed to consider the Bill in the presence of the notice of Resolution. If there is no such rule then the Resolution can be brought forward in the House later and I will give my ruling.

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਜੀ ਮੇਰੀ ਗੁਜ਼ਾਰਿਸ਼ ਹੈ ਕਿ..

अध्यक्ष महोदय : Order please. इस वक्त House के सामने यह बिल है । क्या कोई ऐसा rule या provision है जिस के कारण इस की consideration stop कर देनी चाहिये या जिस के कारण यह बिल पास हो कर भी vitiate हो जाता है । अगर नहीं है तो इस बिल को चलने देना चाहिये ।

(Order please. Now this Bill is before the House . Is there a rule or a provision which requires the consideration of this Bill to be stopped or which would vitiate it even when it is passed? In case there isn't any we should proceed with this Bill.)

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਤੁਸੀਂ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ resolution ਦੀ discussion Bill ਦੀ discussion ਦੇ ਨਾਲ ਹੋਵੇਗੀ ।

अध्यक्ष महोदय : मैं ने तो via media बताया था । (I had only suggested a via media.)

Sardar Ajmer Singh: It is a question of constitutional right. ਮੇਰਾ ਹਕ ਹੈ ਤੁਹਾਨੂੰ ਇਲਤਜਾ ਕਰਨ ਦਾ ਕਿ ਇਸ resolution ਨੂੰ ਇਸੇ Session ਵਿਚ ਲਿਆਂਦਾ ਜਾਏ । ਹੁਣ ਇਹ ਇਸ Session ਵਿਚ ਆ ਨਹੀਂ ਸਕੇਗਾ । ਦੂਜੇ Session ਵਿਚ ਆਵੇਗਾ ।

Mr. Speaker: But you should not interrupt the consideration of this Bill.

ਸਰਦਾਰ ਸਰੂਪ ਸਿੰਘ (ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਸ਼ਹਿਰ ਪੂਰਬ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਬਿਲ ਦੇ ਤੇ objects ਮੁਖਤਲਿਫ ਹਨ ।

Mr. Speaker : How ?

श्री राम किशन (जालन्धर शहर, उत्तर पश्चिमी) : स्पीकर साहिब, चौधरी लैहरी सिंह जी ने जो बिल पेश किया है मैं उसकी हिमायत के लिये खड़ा हुआ हूं। मैं ने बड़े ग़ौर से चौधरी श्री चन्द साहिब, सरदार हरकिशन सिंह सुरजीत और सरदार अजमेर सिंह जी के ख्यालात को सुना है। उन्होंने अपनी दलीलें देने से पेशतर कुछ taxation का सवाल उठाया, कुछ पंजाब के देहात का नकशा खींचा और कुछ देहातियों की माली मुश्किलात बयान कीं। मैं मुनासिब समझता हूं कि पंजाब के किसानों और जमींदारों के बारे, जिन पर यह surcharge लगने वाला है, कुछ आदादोशुमार House के सामने रखूं। सुरजीत साहिब ने कहा है कि taxation के बारे पंजाब सरकार की कोई policy नहीं क्योंकि उनके विचारानुसार इन्हें इस बात का पता नहीं कि कहां tax लगना चाहिये और कहां न लगना चाहिये। स्पीकर साहिब, मैं चाहता हूं कि पेशतर इस के कि मैं इस बात की तरफ आऊं मैं land-owners की जो land revenue देते हैं तादाद House के सामने रखना चाहता हूं। सरदार हरकिशन सिंह जी सुरजीत ने बताया है कि land owners की कुल तादाद पंजाब के अंदर 25,73,300 है। लेकिन जो land owners land revenue payers हैं उनकी तादाद 20,46,887 है। इन में अमृतसर और गुड़गांव के land owners जहां बंदोबस्त हो चुका है, शामिल नहीं। अब मैं साबित करूंगा कि पंजाब सरकार की taxation policy और नीति जो देहात के बारे है हिंदुस्तान की Constitution क मुताबिक है।

स्पीकर साहिब, बिल के मुताबिक 5 एकड़ के मालिक पर कोई surcharge न लगना था। अब चौधरी साहिब ने एलान किया है कि 10 रुपया land revenue देने वाले मालिक पर कोई surcharge न होगा। जैसे मैं ने पहले बताया है land revenue देने वाले land owners की कुल तादाद 20,46,887 है। जो 10 रुपये या इस से कम land revenue देते हैं उन की तादाद 16,72,182 है। जो लोग 10 रुपया से ज्यादा land revenue देते हैं उन की तादाद 3,74,705 है। यह लोग हैं जिन

पर surcharge लगना है और यह हैं वे लोग जो 30 एकड़ से ज़्यादा ज़मीन के मालिक हैं। इस से अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि 82 फी सदी land owners पर यह surcharge नहीं लगना है। इस की ज़द में सिर्फ बड़े आदमी आयेंगे। यह है पंजाब सरकार की taxation policy जो ऐन हिंदुस्तान की Constitution के मुताबिक है और छोटे से छोटे किसान, middle man और poor man से poor man को ऊंचा उठाती है। फिर भी कहा जा रहा है कि ग़रीब किसान को दबाया जा रहा है। मालूम नहीं कि Opposition और Communist दोस्तों की dictionery में जो हमेशा किसान की हमदर्दी का दम भरते हैं बड़े आदमियों की definition ही क्या है।

स्पीकर साहिब, मेरे कुछ दोस्तों ने कहा कि पंजाब के किसान पर नये नये टैक्स लगा कर गवर्नमैण्ट उसे बरबाद कर रही है। अगर वह Finance Commission की रिपोर्ट को पढ़ कर देखें और इस के मुताल्लिक आदादो शुमार देखें तो उन्हें पता चलेगा कि पंजाब सरकार ने एक किसान से 6 आने एक साल में land revenue के तौर पर वसूल किये और इन छः आनों के बदले किसान के ऊपर सरकार दो या 2-4-0 ख़र्च करती है। मैं दावे से कहता हूं कि अगर सारे हिंदुस्तान की taxation policy की तरफ देखा जाय तो पता चलेगा कि पंजाब सरकार ने अपनी taxation policy में कभी किसी के साथ discrimination नहीं किया। Urbanites को टैक्सों के मामले में छोड़ा नहीं गया और न ही ruralites पर टैक्सों का ज़्यादा बोझ डालने का ख्याल किया है। यह कोई छुपी हुई बात नहीं कि पहले 1914 की लड़ाई में और फिर 1939-40 की लड़ाई में किसान की पैदावार की कीमतों में अज़ाफा हो जाने की वजह से उन्हें बहुत फायदा हुआ। 1937-38 के ज़माने में जहां तक गंदम का ताल्लुक है यह 2-0-0 या 2-8-0 या 3-0-0 मन बिक करती थी। कौन नहीं जानता कि लड़ाई के बाद और partition के बाद भी गंदम के निर्ख़ों में 8/10 गुणा अज़ाफा हुआ है। (आपोज़ीशन बैंचों की तरफ से आवाजें : ग़लत, बिल्कुल ग़लत) मेरे दोस्तों ने बार बार कहा कि किसान मर गया है, ज़मींदार की हालत बहुत बुरी है और उन्होंने देहात के लोगों के बड़े बड़े नक्शे खींचे। मैं निहायत अदब से उन्हें पूछना चाहता हूं कि अगर किसान की हालत बहुत खराब है तो हमारी deficit State अनाज में कैसे surplus हो गई ? जहां तक sugarcane का सम्बन्ध है हमारा प्रान्त सारे हिंदुस्तान में गन्ने की पैदावार के लिहाज़ से दूसरे दर्जे का प्रान्त कैसे बन गया। जहां तक पंजाब में कपास पैदा करने का ताल्लुक है पंजाब कैसे हिंदुस्तान भर में कपास की पैदावार के लिहाज़ से तीसरे चौथे दर्जे पर हो गया ? मेरे दोस्तों ने कई ज़िलों में stages लगाईं और कहा कि गवर्नमैण्ट ज़मींदारों का खून चूसने वाली है। आखिर में मैंने अपनी constituency के किसानों को बताया कि पंजाब सरकार पांच एकड़ से कम ज़मीन वालों पर किसी किस्म का surcharge नहीं लगा रही तो पंजाब सरकार की land revenue surcharge लगाने की नीति के ख़िलाफ फतवा देने वालों को शिकस्त हुई। मेरे दोस्तों ने चौधरी लहरी सिंह की तकरीरों का हवाला दिया जो उन्होंने 1950 में की थीं। हम मानते हैं कि उन्होंने तकरीरें कीं। मैं उन से कहूंगा कि वह 1950 के हालात का जायेज़ा लें और हमारी पंजाब सरकार की पिछले दो तीन साल की कारगुज़ारी का भी मुलाहिज़ा करें तो उन्हें मालूम हो जायेगा कि

[श्री राम किशन]

1950 और 1954 के हालात में बहुत भारी फर्क आ गया है। मैं अपने दोस्तों से पूछना चाहता हूं कि भला land revenue खर्च कहां किया जा रहा है ? आखिर Community Projects और National Extension Schemes कहां खोली जा रही हैं ? पंजाब के 3,200 देहातों के अंदर 65,00,000 रुपया खर्च किया जा रहा है। यह एकदम ज़मींदारों को फायदा पहुंचाने वाली बातें नहीं तो और क्या हैं? स्पीकर साहिब, देहात में सड़कें बन जाने से, स्कूल, maternity hospitals और reading rooms खुल जाने से गांव की जिन्दगी में सचमुच इनकिलाब आ गया है। मेरे एक भाई ने बड़े तमतराक से कहा है कि पैप्सू के वज़ीर ने कहा था कि 35 करोड़ रुपया भाखड़ा डैम के कामों पर खर्च किया गया है। अगर आप पिछले चार पांच सालों के अदादो शुमार इकट्ठे करें तो आप को पता लगेगा कि इस में नंगल का power house भी शामिल है और भाखड़ा डैम भी शामिल है।

इस के इलावा मेरे माननीय मित्र सरदार हरकिशन सिंह सुरजीत ने कहा कि हिसार में कहत पड़ रहा है और पता नहीं कि भाखड़ा डैम का पानी वहां पहुंचेगा या नहीं। भाखड़ा का पानी आया है या नहीं इस का पता इस बात से चल सकता है कि भाखड़ा की नहरें बेशक किसी और ज़िले को सैराब करें या न करें लेकिन हिसार को इस से सब से ज़्यादा फायदा पहुंचेगा। इस से पहले हिसार ज़िले में monsoons fail हो जाती थीं और लोगों की नज़रें आसमान की तरफ बादल के इन्तज़ार में लगी रहती थीं और आये साल लोग कहतसाली का शिकार बन जाते थे। आज हिसार का इलाका पंजाब का नहीं बल्कि हिंदुस्तान का Ukraine बनने वाला है। अहमदाबाद, बम्बई की textile mills की कपास की ज़रूरतें हिसार का ज़िला पूरा किया करेगा। मैं आप की विसातत से सरदार हरकिशन सिंह को बताना चाहता हूं, जिन्होंने कहा था कि सरकार यूंही propaganda कर रही है, भाखड़ा का पानी नहीं आयेगा और नहरें सूख जायेंगी, कि दुनिया ने देखा, पंजाब ने देखा, भारत ने देखा कि ज़िला जालन्धर में Ferry Scheme के मुताबिक जहां 10,000 एकड़ ज़मीन को पानी दिया जाना था वहां 10,000 एकड़ की बजाये 50,000 एकड़ ज़मीन को पानी मिला। 50,000 एकड़ ज़मीन को पानी देना क्या किसानों को फायदा पहुंचाना है या उन्हें बरबाद करना ? मैं कहूंगा कि अगर मेरे दोस्त facts and figures को देखें तो उन्हें पता चलेगा कि पंजाब का किसान दिन दूनी और रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। मैं Opposition के भाइयों से कहना चाहता हूं कि हाल ही में थोड़े दिन हुए एक रिपोर्ट शाया हुई थी। पंजाब गवर्नमेंट के Mechanical Adviser ने पंजाब के अन्दर 20/21 फार्मों की माली हालत का पता करने के लिये enquiry बैठाई थी। मैं कहना चाहता हूं कि इस रिपोर्ट को पढ़ें तो पता चलेगा कि जिस किसान की ज़मीन 10 एकड़ है उसे पानी मिलता है। उस पर 40/45 रुपये मालिया लगता है और उस के मुकाबिले में 2,500 रुपये आमदन होती है। मैं उन्हें बता दूं कि किसान की आमदन के मुताबिक उस पर मालिये का बोझ पड़ता है। आखिर सरकार यह मालिया और कहां से ले, या तो सरकार देश के लोगों पर टैक्स लगाये या दूसरी सूरत यह हो सकती है कि भारत सरकार नासिक की Printing Press में करोड़ों की तादाद में नोट छपवाए और market में फैंक दे। मैं कहना चाहता हूं कि नोट छाप कर market में फैंक देने से हिंदुस्तान की वही हालत होगी जो हालत First World War के बाद Germany

की हुई थी । इस से inflation बहुत बढ़ जायेगी और चीज़ों की कीमतों में बहुत इज़ाफा हो जायेगा जिस का नतीजा अच्छा नहीं निकलेगा । इस के खिलाफ अगर गवर्नमैंण्ट कोई टैक्स लगाती है तो देखना यह होता है कि वह रुपया किस ढंग से खर्च किया जाता है । मैं कह सकता हूं कि पंजाब सरकार ऐसे मामलों में हमेशा हक बजानब रही है । जो रुपया वह पब्लिक से वसूल करती है उसे जायज़ तौर पर इस्तेमाल करती है ।

मैं इन दोस्तों से कहना चाहता हूं कि वे इस बात को जांचें और तोलें कि पंजाब में जो इतनी development हो रही है उस के लिये रुपया कहां से और किस शक्ल में आना है । कौन नहीं जानता कि land revenue surcharge की proposal किस ने बनाई थी ? यह proposal उस सरकार ने बनाई थी जिस के अन्दर अकाली पार्टी के मेंबर और लीडर और ज़मींदारा पार्टी के लीडर काफी तादाद में शामिल थे । मेरे माननीय दोस्त चौधरी श्री चन्द और सरदार अजमेर सिंह ज़रा गौर से सुन लें । Finance Commission को पंजाब और पैप्सू की उस वक्त की सरकारों ने 1948 में जो memoranda पेश किये थे उन में यह proposal मौजूद थी । उस गवर्नमैंण्ट में अकाली भाई और ज़मींदारा लीग के मैम्बर भी शामिल थे । उन्होंने उस वक्त इस proposal की पूरी हिमायत की थी । West Punjab और दूसरी States की Governments के हवाले दिये गये थे और कहा गया था कि पंजाब अलहदा नहीं रह सकता । हमारे दोस्तों को इन तमाम बातों का ध्यान रखना चाहिये । Transitional period के लिये taxation के बारे में जांच पड़ताल करने के लिये जो कमिशन बना था, उस ने land revenue surcharge के लगाये जाने की सिफारिश की थी । उस कमिशन ने देखा था कि सारे हिंदुस्तान के अन्दर, सब states के अन्दर taxation structure को transitional period के लिये कैसे बदलना है, कैसे गरीबों की आमदनी बढ़ानी है और बड़ों पर surcharge लगाना है, यह policy तो उन्होंने बनाई थी ।

फिर कौन नहीं जानता कि इस पंजाब सरकार ने 24 मेम्बरों की एक कमेटी बिठाई है जिसमें Opposition के मेंबर, अकाली और Communist मेंबर भी शामिल हैं। Council के मेंबर भी उस कमेटी में शामिल हैं । कांग्रेस की policy अब भी वही है जिस का एलान कराची सैशन में किया गया था यानी जब देश की माली हालत ठीक हो जाएगी तो मालिया उन्हीं असूलों पर लगाया जाएगा जिन पर Income-tax लगता है । मुमकिन है कि हम पंजाब के अन्दर वक्त आने पर पांच एकड़ तक ज़मीन का सारा मालिया मुआफ कर दें और बड़े ज़मींदारों पर ज़्यादा से ज़्यादा बोझ डालें । कौन कह सकता है कि यह बात मुमकिन नहीं है ? भारत सरकार या इस सरकार की capitalist system को कायम रखने की बिल्कुल कोई नियत नहीं है । कौन नहीं जानता कि भारत सरकार socialist pattern की society कायम करना चाहती है ? फिर कहा जाता है कि factory owners और बड़े बड़े सरमायादारों पर कोई टैक्स नहीं लग रहा है । मैं अपने दोस्तों से पूछना चाहता हूं कि Estate Duty किस पर लगाई जा रही है ? कौन नहीं जानता कि बिरलों और टाटाओं के मरने के बाद उन की जायदाद केवल उन के तीन लड़कों में ही तकसीम होने वाली नहीं है, भारत सरकार उन का चौथा लड़का बनने वाली है ? हमारा taxation system rural

[श्री राम किशन]
population को बरबाद करने वाला नहीं बल्कि उन्हें ऊंचा उठाने और बड़ों २ पर बोझ डालने वाला है ।

हमारे दोस्तों ने जब अखबारों में पढ़ा कि यह Ordinance जारी किया गया है तो वे किसानों के अन्दर चीफ़मिनिस्टर साहिब और Development Minister साहिब के खिलाफ नफरत फैलाने लगे और propaganda करने लगे कि वे जहां जायेंगे उन का काली झंडियों के साथ इस्तकबाल किया जायेगा । वे मुझे एक जगह भी बतायें जहां से किसानों को इस मकसद के लिये इकट्ठा कर सके हों, और वहां पर वज़ीर साहिबान का पुरज़ोर--हज़ारों की तादाद में--इस्तकबाल न किया गया हो (तालियां) ।

आज मैं इस बात को दावे से कहता हूं कि 1961 तक वाघा से ले कर गुड़गांव तक इस पंजाब के अन्दर कोई ऐसा गांव नहीं रहेगा जहां Community Projects या National Extension Service Scheme न पहुंचे । आखिर यह development schemes किस तरह से चलनी हैं । हालात के मुताबिक सब को कुछ न कुछ बोझ बर्दाश्त करना ही पड़ेगा । और देशों के लोगों को भी जब वे undeveloped थे ऐसे बोझ बर्दाश्त करने पड़े थे ।

फिर यह कहा जाता है कि बड़े २ अफसरों की तनखवाहें घटा दी जायें । मैं पूछता हूं कितनी बड़ी २ तनखाहें यहां पर दी जा रही हैं ? Prices के level को देखते हुए आजकल किसी की तनखाह 500 रुपये से ज़्यादा नहीं बनती । इस वक्त poverty की तकसीम करने का सवाल नहीं है । हम तो पंजाब की wealth को बढ़ा कर इसे तकसीम करना चाहते हैं । इसी असूल के मुताबिक सारी स्कीमें लाई गई हैं । जब भी पंजाब के अन्दर कोई बन्दोबस्त हुआ है ज़मींदार पर कभी बोझ नहीं डाला गया है । Consolidation की स्कीम पंजाब के ज़मींदारों को ऊंचा ले जाने वाली है या नीचे ? इन की ज़हनियत का पता इसी बात से चलता है कि वे कहते हैं कि पंचायती राज इस लिये कायम किया गया है ताकि पंचायतों के ज़रिये टैक्स वसूल किया जाये । सब जानते हैं कि पंचायतों के ज़रिये decentralization की गई है, लोगों को उन के हकूक दिये गये हैं, उन के हाथों में power transfer की गई है, मगर हमारे दोस्त आदत से मजबूर हो कर हर चीज़ पर नुक्ताचीनी करते हैं ।

ਸਰਦਾਰ ਹਰਕਿਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਸੁਰਜੀਤ : On a point of order, Sir. ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਸੌਂ ਰਹੇ ਹਨ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜਗਾਇਆ ਜਾਏ।

श्री राम किशन : स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करने लगा था कि हमने democratic तरीके पर यानी जिस तरीके पर सब चीज़ इस मुल्क में की जाती है, facts and figures सब के सामने रख कर, land revenue पर surcharge लगाने की इजाज़त मांगी है । हमने कोई ऐसी बात नहीं की जैसी हमारे दोस्तों के fatherland में revolution आने के बाद की गई थीं । कौन नहीं जानता कि वहां पर revolution होने के पांच साल बाद हज़ारों की तादाद में औरतों और मर्दों को दो चार घंटे राशन मिलता था और उस में से 60 फीसदी कट कर taxes में चला जाता था । हमें वह pattern पसन्द नहीं, हम न

हर चीज़ का फैसला लोक राज के असूलों के मुताबिक करना है । एक २ पैसा जो वसूल किया जाएगा—किसानों के गाढे पसीने की कमाई में से या गरीब दुकानदारों की कमाई में से—वह लोगों की बेहतरी और बहबूदी के लिये ही खर्च किया जायेगा ।

स्पीकर साहिब ! हमारा उद्देश्य पंजाब के अन्दर एक Welfare State कायम करने का है और उस के लिये अगर हमें थोड़े बहुत taxes लगाने भी पड़ें तो हम घबराने वाले नहीं हैं । (*Interruption*) मैं ने जो वाकियात पिछले 25, 30 वर्ष के बयान किये हैं उन के पेशेनज़र और जिन हालात से हमारे देश को गुज़रना पड़ा है उस transitional period से साफ जाहिर होता है कि हमारी सरकार छोटे २ किसानों को बड़े बड़े किसानों के स्तर पर लाने का यत्न कर रही है । मैं आशा करता हूं कि इन सब बातों को मद्देनज़र रखते हुए हाऊस unanimously इस बिल को जल्दी ही मन्ज़ूर करेगा । इन शब्दों के साथ मैं surcharge वाले बिल की पुरज़ोर ताईद करता हूं ।

श्री बाबू दयाल (सोहना) : अध्यक्ष महोदय, मुझे सरकारी बैंचों के मैम्बरों की स्पीचें सुन कर एक बात याद आ गई है । एक शाइर का माकूला है (*Interruption*) । उस का मतलब मैं बयान करता हूं कि जिस के ज़बान है अर्थात् जो बयान करता है उस के आंखें नहीं हैं और जिस के आखें हैं अर्थात् जो देख सकता है वह बयान नहीं कर सकता । अब यह बिल उन लोगों के सम्बन्ध में है जिन की ज़बान वे exploit करने वाले लोग हैं जिन को उन्होंने नुमाइंदे बना कर भेजा है । जो नुमाइंदे हैं उन की लम्बी चौड़ी ज़बानें हैं । उन को मालूम होना चाहिये कि यह बिल उन दरिद्र लोगों की कमर तोड़ने वाला है जो बेचारे अपने कठोर परिश्रम से कमा कर रोटी खाते हैं । मैं पूछना चाहता हूं कि इतने लोगों में से, जो उन की तरफ से नुमाइंदे होने का दावा करते हैं, कितने आदमी ऐसे हैं, कि अगर उन को अपने रहम पर छोड़ दिया जाये, तो वे उन ग़रीब किसानों की तरह खेती कियारी करके अपनी रोटी कमा सकते हैं ? वे कहते हैं कि इस बिल के पास होने से उन ग़रीब किसानों की हालत बहुत बेहतर हो जायेगी । मैं जानना चाहता हूं कि यह हालत बेहतर बनाने वाला कानून किस कायदे कानून के मातहत लाया गया है ? Land Revenue Act में साफ लिखा है कि जब तक नया बन्दोबस्त न हो जाए तब तक मालगुज़ारी बढ़ाई नहीं जा सकती । ये लोग 40 प्रतिशत और 25 प्रतिशत ज़्यादती कर रहे हैं बग़ैर नए बन्दोबस्त के और दलील यह देते हैं कि उन जिलों का नया बन्दोबस्त नहीं हो सका । अंग्रेज़ों की हकूमत के वक्त यह कानून पंजाब की असैम्बली में पास हुआ था मालगुज़ारी के तरीके से लिया जाता है । उस तरीके से 25 प्रतिशत ज्यादा किया जाए । कुछ मैम्बरों की राय भी थी कि 40 फीसदी कम किया जाए । मेरे ज़िला गुड़गांव में बन्दोबस्त हुआ था जैसे मेरे लायक दोस्त श्री श्री चन्द ने बताया है कि वहां की मालगुजारी 40 फीसदी कम हो गई है । यह दलील देना कि बन्दोबस्त नहीं हो सका इस लिये हम मालगुज़ारी बढ़ा रहे हैं ठीक नहीं मालूम होता । मैं पूछना चाहता हूं कि बन्दोबस्त क्यों नहीं करवाया गया ? उन को बन्दोबस्त करवाना चाहिये था । अगर यही दलील है तो जहां और जिलों में मालगुज़ारी कम हुई है वहां दूसरों में भी कम की जाये । Surcharge लगाने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता । कहते हैं कि टैक्स लगाना ज़रूरी है इस लिये लगाया जा रहा है ।

[श्री बाबू दयाल]

मैं कहता हूं कि यह surcharge लगाना किसानों पर बड़ा जुल्म करना है, और अत्याचार करना है। और इस की मिसाल पेश कर के उन्होंने दुनिया की history को मात कर दिया है। अगर उन्होंने यह surcharge लगाना ही था तो उस वक्त लगाते जब कि किसानों की जिनसों के भाव 30,35 और 40 रुपये मन थे। उस वक्त उन्हें यह कमर तोड़ बोझ शायद मालूम न होता, अब तो उन की production की कीमतें घट रही हैं। (*Interruption*) मेरी अर्ज़ है कि जब टैक्स लगाने का समय था उस वक्त तो ये लोग सोये रहे और अब इन को टैक्स लगाना सूझा है जब कि भाव 50 प्रतिशत गिर चुके हैं। स्पीकर साहिब! हैरानी इस बात की है कि कहते यह हैं कि हम ने किसानों की हालत को सुधारना है। उन को गरीब किसानों की हालत का क्या पता है? एक एक घर के अन्दर 9,9 परिवार रहते हैं; एक एक परिवार के पास एक एक लिहाफ है और फिर उस में कई कई चीथड़े लगे हुए हैं। मेरे दोस्तों को यह मालूम नहीं है कि उन बेचारों को किस किस मुसीबत का सामना करना पड़ता है। उन की तकालीफ को यहां पर कौन बयान करे। उन का हमदर्द कौन यहां बैठा है? अगर मेरे जैसा कोई आदमी उन की हमदर्दी की बात करता है तो उसे पागल बनाने की कोशिश की जाती है। (*Laughter*) (*Interruption*) स्पीकर साहिब, मैं मानता हूं कि मेरे दोस्तों ने एक काम किया है Bhakra Dam तैयार करवाया है। लेकिन अगर इतना ही रुपया किसी तरीके से खर्च किया जाता तो बहुत ज्यादा काम हो सकता था। कहते हैं कि इस डैम के बनाते समय 35 करोड़ रुपये का गबन हो गया है लेकिन मेरे दोस्त उस इत्तलाह को झुटलाने की कोशिश कर रहे हैं, आंखों में मिरचें डालने की कोशिश कर रहे हैं।

स्पीकर साहिब, आजकल Community Projects का बड़ा ढोंग रचा जा रहा है। इस के बारे में भी सुन लीजिये। मेरे ज़िला में 7 लाख रुपया Community Projects पर 5 वर्ष में खर्च करने के लिये रखा गया है। मेरा विचार है कि उस रकम में से 2,3 लाख रुपया तो मुलाज़मों की तनखाह पर ही खर्च हो जाएगा। चार लाख रुपया कर्ज़ लिया हुआ है जिस पर 6 प्रतिशत सूद होगा। यह है इन के पास किसानों की हालत सुधारने का नुसखा। फिर वज़ीर साहिबान टोकरी लेकर पहुंच जाते हैं सड़कें बनाने के लिये। दो तीन टोकरियां मिट्टी की खुद डालते हैं और बाकी मिट्टी बेचारे किसान डालते हैं। मिट्टी उन के घर की होती है। इस का नतीजा यह होता है कि हालत सुधरने की बजाए बिगड़ती है। जब बारिश का मौसम आता है तो मिट्टी बह कर नीचे चली जाती है। चारों तरफ कीचड़ ही कीचड़ हो जाता है। यह काम हैं इन लोगों के जो कि यह देहातों में जाकर करते हैं (*Interruption*)।

Mr. Speaker: I would ask the hon. Member to please confine himself to the motion under discussion.

श्री बाबू दयाल: मैं तो surcharge को ही बयान कर रहा हूं, जनाब। एक दोस्त ने कितनी बातें कहीं। आखिर उन का जवाब भी तो देना हुआ कि इन्होंने क्या क्या काम किए हैं जिन के यह राग अलापते हैं। तो, स्पीकर साहिब, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह surcharge इन्होंने ऐसे आदमियों पर लगाया है जिन के पास न खाने के लिये रोटी है, न पहनने के लिये कपड़ा, जिन के पास न रहने के लिये घर है और न बच्चों की पढ़ाई का प्रबन्ध करने के लिये चार पैसे।

मैं पूछता हूं इन से कि उन गरीब लोगों को, जिन से वोट मांग कर आप यहां बैठे हैं, क्या दिया है ? मैं पूछता हूं इन से कि हमें बताएं कि उन किसानों के, जिन से आप मालिया लेते हैं और आबयाना लेते हैं, दूसरे taxes लेते हैं और फिर surcharge, उन के कितने बच्चों को आप अपने चलाए हुए मदरिसों में तालीम दे रहे हैं ? बताइये तो ज़रा उन के figures ? पिछले दिनों किसानों की एक कान्फ्रैंन्स हुई जिस में उन्होंने मुतालबा किया कि चूंकि फसलें खराब हो जाने के कारण हमारे पास पैसा नहीं, इस लिये हमारे लड़कों की फीस मुआफ कर दी जाए । उन्होंने पुकार पुकार कर दुहाई दी कि चूंकि टिड्डीदल फसलों को खा गया है, चूंकि अगली फसल होने की भी कोई उम्मीद नहीं और चूंकि कहत से हम बेहाल हैं, इस लिये यह आबयाना और फीस मुआफ कर दी जाए । लेकिन मैं पूछना चाहता हूं इस गवर्नमैण्ट से कि क्या किया उस इलाके में जाकर आपने ? रब्बी की फसल तो पहले ही छीन ली और अब खरीफ़ भी छीन लेना चाहते हो--और यह भी उस वक्त जब अभी वह उग ही नहीं पाई । यानी उन पर surcharge लगाया जा रहा है । यह surcharge उन लोगों पर लगाया जा रहा है जिन की पहले ही नागुफ़तावेह हालत है ।

अब, स्पीकर साहिब, मैं यह बताना चाहता हूं कि इस surcharge का क्या मतलब होगा ? इस का मतलब यह होगा कि उन गरीब लोगों को एड़ी से ले कर सर तक charge कर लिया जायेगा । यानी जो कुछ वे लोग अपना खून पसीना कर के बीजेंगे और काटेंगे, वह सारे का सारा गवर्नमैण्ट ले लेगी और वे बेचारे मुंह ताकते रह जायेंगे । इस लिये मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि क्यों फिर इस बिल का गलत नाम रख कर लोगों को भुलावे में डाला जा रहा है ? जब आप इन लोगों के सिर के बाल तक भी उखाड़ लेना चाहते हो तो क्यों नहीं इस बिल का नाम "sircharge (सिरचार्ज)" रखा जाता ? जब इन लोगों के जिस्म को खरीद कर लिया, बिना कुछ दिए--तो अब इन का सिर ही तो तोड़ना बाकी रह गया था । सो वह रहीसही कसर अब पूरी की जा रही है । इस लिए इस बिल का नाम ही बदल देना चाहिए क्योंकि जब मैं बिल की spirit को सामने रखता हूं तो मुझे यह नाम समझ में नहीं आता ।.....

श्री मूल चंद जैन : आ भी नहीं सकता । कसूर समझ का है, आप का नहीं ।

श्री बाबू दयाल : आप की समझ में भी आ जायेगा । फिर, स्पीकर साहिब, मेरे एक काबिल दोस्त ने फरमाया--कहने लगे कि जिस के ऊपर 10 रुपए तक मालगुज़ारी है, उस पर यह टैक्स नहीं लगेगा । क्या आप ने कभी अन्दाजा लगाया कि जो 10 रुपए या इस से ज्यादा भी मालगुज़ारी देता है उस की आमदन कितनी है ? क्या आप ने कभी देखा कि वह किस हालत में अपने दिन काट रहा है ? एक काबिल दोस्त ने फरमाया कि जिस आदमी के पास 10 एकड़ ज़मीन है वह साल में 2,500 रुपए कमाता है । मैं उन से पूछता हूं कि क्या आप ने कभी उन की मज़दूरी का भी हिसाब लगाया जो वह सारे का सारा कुन्बा किसी और जगह काम कर के हासिल करता है उस खेत पर सारे का सारा परिवार दिन रात मेहनत कर के काम करता है तब भी जाकर 2,500 रुपए की आमदन नहीं होती । इन्होंने तो बड़े आराम से कह दिया कि यह इतनी आमदन करता है । जब उन बेचारों की यह हालत है तो उन पर टैक्स पर टैक्स लगाने वाली यह गवर्नमैण्ट "कफन खोस" नहीं तो और क्या कहला सकती है ? एक तरफ तो उन का खून चूसा

[श्री बाबू दयाल]

जा रहा है और दूसरी तरफ यहां असैम्बली में बैठ कर कहते हैं कि हम उन का उद्धार करना चाहते हैं, उन को ऊपर उठाना चाहते हैं !

अध्यक्ष महोदय : आप ने क्या कहा ? 'कफन खोर' ?
(What did you say? '*Kaphan Khore*' ?)

श्री बाबू दयाल : नहीं, जनाब मैंने कहा है "कफन खोस" यानी कफन को भी छीन लेने वाली। इतनी करतूतों के बावजूद भी यह डींगें मारते हैं कि हम तो दलितों का, गरीबों का, किसानों का और पसमान्दा लोगों का उद्धार करेंगे। उन की हालत को बेहतर बनायेंगे और उन को कुबेर के मुकाबिला पर ला कर बिठायेंगे। इन हालात में, जनाबे-वाला, यह तसलीम करना ही पड़ेगा कि ज़बान तो इन की मुंह के मुकाबिला में बड़ी लम्बी है। अगर आप चाहें तो दो चार आदमियों को उन के पास भेजें। फिर देखें कि उन का क्या हुलिया बनता है।

जनाबे वाला, मैं इन से गुज़ारिश करना चाहता हूं कि ज़रा एक बार जाकर देखें तो सही कि बाहर देहातियों की क्या हालत है। और ज़िलों की बाबत तो मैं कुछ नहीं कहना चाहता, मेरे अपने ज़िला की यह हालत है कि बेचारे किसान भूखों मर रहे हैं। एक आदमी ने non-official तौर पर enquiries की हैं। पता यह लगा है कि बीस रुपया माहवार तक भी एक आदमी को labour नसीब नहीं होती। जब ऐसी हालत हो तो क्या उन पर surcharge लगाना सरासर अन्याय और अत्याचार नहीं ? जनाबे वाला ! यह ज़ुल्म नहीं तो फिर और क्या है ? इस लिये मैं कहता हूं कि यह सरचार्ज नहीं बल्कि "सिरचार्ज" है और अगर इस गवर्नमैण्ट ने इस...

अध्यक्ष महोदय : आप "सिर चार्ज" वाले argument को तीसरी बार repeat कर रहे हैं। कृपा कर के motion तक ही महदूद रहें। मैं repetition की इजाज़त नहीं दूंगा। (You have thrice repeated your argument about 'sircharge', please confine yourself to the motion. I would not allow any repetition.)

श्री बाबू दयाल : बहुत अच्छा जनाब। आप का हुक्म सिर आंखों पर। मैं repetition नहीं करूंगा।

अगली बात जो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं वह यह है कि आज जिस पार्टी की गवर्नमैण्ट की तरफ से यह surcharge लगाया जा रहा है वही पार्टी इस असैम्बली में बैठ कर पता नहीं क्या क्या वायदे किया करती थी। क्या भूल गये वे सारे वायदे ? आप लोग इस असैम्बली में बैठ कर यह दावा किया करते थे कि यह अंग्रेज़ों और ज़मींदारों की गवर्नमैण्ट बहुत निकम्मी है–बहुत ज़ुल्म करती है कूवां बनाना हो तो भी तकावी कर्जे देती है, आबयाना लेती है, यह टैक्स लगाती है और वह टैक्स लगाती है। मैं कहता हूं कहां गये वह वायदे जिनमें आप कहा करते थे कि जब हमारा राज आयेगा तब यह सभी टैक्स माफ़ कर दिये जायेंगे, कोई नया टैक्स नहीं लगाया जाएगा और हर तरफ खुशहाली ही खुशहाली नज़र आयेगी ? और तो और टैक्सों पर टैक्स लगाने के बाद अब यह नया नाम देकर "सिर चार्ज" लगाया जा रहा है। तो फिर आप ही बतलाइए, जनाब ! यह गवर्नमैण्ट "कफनखोर" नहीं तो और क्या है ?

अध्यक्ष महोदय : बार बार repeat करना ठीक नहीं होगा ।

(It is not proper to make repetition over and over again).

श्री बाबू दयाल : अब repeat नहीं करूंगा--कतई repeat नहीं करूंगा। अब इस गवर्नमैण्ट के लिये कोई और नाम चुनना पड़ेगा। (*Laughter*) ।

देहातों में जब दौरे पर जाते हैं तो मिनिस्टर साहिबान न जाने क्या क्या वायदे कर के उन लोगों को खुश कर आते हैं, कहते हैं कि तुम्हें पानी देंगे, नहर देंगे। इसी तरह हमारे वज़ीर साहिब ज़िला गुड़गांव के दौरे पर गये। 23 मई के दिन एक बड़ा लम्बा चौड़ा दरबार लगाया जहां बड़े बड़े इन्जीनियर बैठे थे। कहने लगे तुम्हारे लिये इतने tube-wells रखे हैं, बताओ कहां लगाना चाहते हो। इस पर वहां पर इकट्ठे हुए M.L.As आपस में लड़ मरे। एक कहने लगा "मेरी constituency में खोदो"। दूसरा कहने लगा "मेरी constituency में खोदो"। मैं ने कहा इन की constituency में ही खोदो। (हंसी) ।

जनाब आली ! मैं इस सम्बन्ध में गवर्नमैण्ट के कान खोल देना चाहता हूं कि कई सालों के बाद अभी पिछले महीने जो एक कांफ्रेंस हुई उस में कई expert Engineers मौजूद थे।

Mr. Speaker : How is it relevant to the motion ?

श्री बाबू दयाल : मैं यह बताना चाहता हूं कि किन लोगों पर यह surcharge लगेगा और उस का उन पर क्या असर होगा। मेरे दोस्त इसे बहुत जाइज़ करार देते हैं और बोलते हैं जैसे कोई फ़ोनोग्राम बोल रहा हो (हंसी) ......

अध्यक्ष महोदय : आर्डर, आर्डर। कृपा कर के यह लफ़ज़ वापस लें और आइन्दा कोई भी ऐसा लफ़ज कहने से परहेज करें।

(Order, order. Please withdraw this word and refrain from using such words in future).

श्री बाबू दयाल : जनाब मैंने किसी का नाम नहीं लिया। लेकिन जनाब फरमाते हैं तो मैं इस "फोनोग्राम" के लफ़ज़ को वापस लेता हूं।

ਇਕ ਆਨਰੇਬਲ ਮੈਂਬਰ : ਅਜਿਹਾ ਚੰਗਾ ਲਫਜ਼ ਵਾਪਸ ਲੈਣ ਦੀ ਕੀ ਲੋੜ ਹੈ ।

श्री बाबू दयाल : मैं अर्ज़ कर रहा था कि surcharge को यह खूब justify करते हैं। इधर उधर की बातें करते हैं। मैं आप की मारफत यह बताना चाहता हूं कि यह गवर्नमेंट किन हालात में बनी।

अध्यक्ष महोदय : आप ने बहुत कुछ कह दिया है। कृपा कर के अब आप बैठ जाइए।

(The hon. Member has spoken a good deal. He should now resume his seat.)

श्री बाबू दयाल : जनाब, आप हुकम करेंगे तो बैठ जाऊंगा; लेकिन बातें बहुत रह जायेंगी।

अब, स्पीकर साहिब, मैं उन हलकों की तालीम के बारे में कुछ कहूंगा जहां Community Project Schemes चालू हैं। वहां जो खर्च तालीम पर हो रहा है......

अध्यक्ष महोदय : Order, order. इस का surcharge के साथ क्या ताल्लुक है ?

(Order, order. What connection has it got with the surcharge ?)

श्री बाबू दयाल : जनाब स्पीकर साहिब, इस surcharge का ताल्लुक तालीम के साथ इस तरह है कि यह जो रुपया वसूल किया जायेगा वही तो तालीम पर खर्च किया जाना है। मैं दो सालों से देख रहा हूं कि वहां अंग्रेज़ी पढ़ाई जाती है और अंग्रेज़ी स्कूलों वाली फीस ली जा रही है। फिर, स्पीकर साहिब, इस surcharge का रुपया हस्पतालों पर भी तो खर्च होता है। हमारी तरफ अस्पतालों की कितनी बुरी दशा है। मेरे हल्के के गंधर्व पुरवास और धारवेहड़े गांवों में जो हस्पताल हैं वे बगैर डाक्टरों के चल रहे हैं।

Minister for Irrigation : Sir, there should be some time limit.

Chief Parliamentary Secretary (Shri Prabodh Chandar) : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Speaker : Question is—

That the question be now put.

The motion was carried.

सिंचाई मंत्री (चौधरी लहरी सिंह) : साहिबे सदर ! आज पंजाब के ज़मींदार या किसान slogans से बहकने वाले नहीं। उन के सामने तो दो तस्वीरें हैं। एक तस्वीर तो उन की ऐसी थी कि न उन के लिये मदरसे थे, न नहरें थीं, न अस्पताल थे और न बिजली का नामो निशान था। वह अंग्रेज़ गवर्नमैण्ट के सामने सलामें करते थे और recruits देते थे और उस वक्त की जो ज़मींदारा गवर्नमैण्ट थी वह लोगों को गुमराह करती थी और गुमराह कर के उन से अंग्रेज़ों के लिये recruits ले कर देती थी। मैं उस ज़मींदारा गवर्नमैण्ट के ज़माने की बात बता रहा हूं जब कि गरीब ज़मींदारों के पास पानी न था.........

श्री श्री चन्द : On a point of Order, Sir. जब श्री बाबू दयाल बोल रहे थे तो आपने फरमाया था कि वह relevant नहीं हैं तो क्या अब मिनिस्टर साहिब relevant हैं ?

Mr. Speaker : Order, order.

सिंचाई मंत्री : तो मैं बता रहा था उस ज़माने में जमींदारों के पास न पानी था, न बिजली थी और न मदरसे थे और उस वक्त की गवर्नमैण्ट ने ज़िला हिसार से recruits दिला दिला कर उस ज़िला को बरबाद कर दिया था और इस के इवज़ में उन लोगों को दिया क्या गया था, सिर्फ $2\frac{1}{2}$ महीने की नहर और उस के लिये भी बड़ा अहसान चढ़ाया जाता था। लोग नहरों के लिये रोते थे और वह गवर्नमैण्ट कहती थी कि भरती करवाओ तुम्हारी तरक्की हो जावेगी। तुम्हें मुरब्बे दिये जायेंगे। तो मैं बता रहा हूं कि आज ज़मींदार जानते हैं कि उस वक्त उन के लिये क्या किया जा रहा था और अब क्या हो रहा है। उस वक्त दरबार किये जाते थे और उन्हें बताया जाता था कि तुम्हारे इलाके में नहरें आयेंगी। लेकिन, स्पीकर साहब, उन्हें $2\frac{1}{2}$ महीने की नहर देकर उन के साथ मज़ाक किया गया था। उस ज़मींदारा गवर्नमैण्ट की तरफ से ज़मींदारों का नाम ले ले कर लोगों को गुमराह किया जाता था। असल में सारी British Empire को recruits दे दे कर मज़बूत बनाया गया था। न उन के लिये सड़कें बनाई गईं थीं, न मदरसे खोले गये थे। उन की माली हालत इतनी गिर गई थी कि उन्हें कर्ज़ा बिल पास करना पड़ा था। वह कर्जा नहीं दे सकते थे इस लिये उन्होंने कह दिया कि कर्ज़ा बिल पास करवाओ वरना हम तबाह हो जायेंगे।

उन के पास कुछ नहीं था, वह मालगुज़ारी अदा नहीं कर सकते थे।उन्हें नक्शे दिखा दिखा कर उन के साथ मज़ाक किया जाता था। हिसार और रोहतक के इज़ला में से किसानों से भाखड़ा के नाम पर recruits की भरती ली जाती थी। इसी तरह से जालन्धर के खालसे को गुमराह किया गया था।

Sardar Ajmer Singh : Is he speaking on the Land Revenue (Surcharge) Bill ? If you allow him like this, then he can go on.

अध्यक्ष महोदय : जैसे आप ने पिछले दस साल की बातें बताई थीं उसी तरह वह भी कर रहे हैं। फिर भी मैं मंत्री महोदय से कहूंगा (सिंचाई मंत्री को) कि आप कोई ऐसी बात न करें जिस में किसी individual की तरफ इशारा हो। (As the hon. Member narrated things of the past ten years the hon. Minister is following suit. However, I will ask him not to refer to any individual.)

सिंचाई मंत्री : तो मैं बता रहा था कि किस तरह जालन्धर के सरदार का नाम ले ले कर लोगों को भरती कराया था और किसी किस्म की सहूलतें नहीं दी थीं। लोग पानी चाहते थे। गांवों में कूवें नहीं थे। ज़मींदारा हकूमत में किसी को इन चीजों का ख्याल तक भी नहीं था। नहरों का नामो निशान नहीं था। Tube-wells की शकल देखने में नहीं पड़ती थी। ऐसा ही हाल लुधियाना का भी था। लेकिन अब 22 करोड़ रुपया के बजट को देखिये, यह सारे का सारा गरीब और लाचार किसान के लिये खर्च किया जा रहा है। जिस जमींदार को गुमराह किया गया था, जिस को गुमराह ही नहीं बल्कि इतना खराब किया गया था कि उस के लिये उठना भी मुश्किल हो गया था अब यह सारे का सारा रुपया उस की बेहतरी पर खर्च किया जा रहा है। आप उन्हें अब मोटरों में देखिये, रेलों में देखिये, वह लोग कहते क्या हैं। मैं इन्हें बता देना चाहता हूं कि अब ज़मींदार इन speeches से गुमराह नहीं हो सकते। यह इनकी speeches elections के लिये घोटी हुई speeches हैं; अब भी इन की वही स्पीचिज़ और दिमाग चल रहा है।

अब लुधियाने के इलाके को देखिये, वहां अब क्या कुछ किया गया है। वहां नहरों से उस ज़िला का नक्शा बना दिया गया है। मेरे दोस्त कहते हैं कि speeches तो देनी पड़ती हैं पर काम तो शानदार है। फिर यह कहते हैं कि इन्हें रास्ते में कुछ ज़मींदार मिले थे जो वज़ारत को गालियां देते थे। मैं पूछता हूं कि यह कैसे ज़मीदारों के नुमाइन्दे हैं। इन का पेशा तो वकालत है ?

Sardar Ajmer Singh : On a point of order, Sir. He is becoming personal, Sir. I can also hit him back. I am a better representative than he is.

सिंचाई मंत्री : इन्होंने यह मिसाल दी है कि यह मोटर में जा रहे थे तो इन्हें कुछ ज़मींदार मिले थे। मैं पूछता हूं कि जिस के पास गवर्नमैण्ट का कोई इख्तियार नहीं, जिस की पार्टी नहीं और जिस की public में आवाज़ नहीं वह कैसे कहते हैं कि उन ज़मींदारों ने उन्हें कहा और गालियां दीं वज़ीरों को। मुझे तो यह सुन कर हंसी आती है। मैं इन से कहता हूं कि हिसार में जाकर देखें कि वहां क्या का क्या हो गया है। अमृतसर में जा कर हरीके Project को देखें। भाखड़ा और नंगल में किस शान से लोगों ने पंडित जवाहर लाल जी

[सिंचाई मंत्री]
नेहरू का स्वागत किया था । अभी जो World Bank के experts भाखड़ा नंगल देखने गये थे उन की अखबारों में निकली opinion को पढ़ें । वह क्या तारीफ वहां के काम की कर गए हैं । यह कहते हैं कि इन्होंने अखबार में पढ़ा है कि भाखड़ा के काम में 35 करोड़ रुपया की रकम खाई गई है । यह अजीब बात इन्होंने कह दी कि 69 करोड़ रुपया में से जो अभी तक भाखड़ा नंगल पर खर्च हो चुका है 35 करोड़ रुपया खाया गया है । तो मैं इन से पूछता हूं कि बाकी के रुपया से यह सारा काम कैसे हो गया है । यह अखबार कौन सा है; यह अखबार होगा Pepsu के उस वज़ीर का अखबार जो राड़ेवाला की वज़ारत से निकाला गया था ।

श्री श्री चन्द : On a point of order, Sir. क्या मैं पूछ सकता हूं कि यह गालियां क्यों दी जा रही हैं ?

अध्यक्ष महोदय : क्या गालियां दी हैं उन्होंने ? (What kind of vituperations have been made by him ?)

श्री श्री चन्द : यह कह रहे है कि वह राड़ेवाला होगा, यह होगा वह होगा । यह गालियां नहीं हैं तो क्या हैं । मैं कहता हूं इस State के किसी भी आदमी के लिये जो मर्ज़ी आए कह लें लेकिन एक दूसरी State के बारे में कुछ नहीं कहना चाहिए । यह अपने आप को क्या समझते हैं । वह वज़ीर क्या बन गए हैं । He has no right to criticise the Government of another State.

अध्यक्ष महोदय : मैं मिनिस्टर साहिब से कहूंगा कि वह इस तरह tauntingly कुछ न कहें ।

(I would request the hon. Minister not to say anything in a taunting manner).

सिंचाई मंत्री : साहिबे सदर ! यहां हाऊस में कहा गया है कि Pepsu के वज़ीर ने कहा था । (interruptions)

इन्होंने House के सामने दिल में बड़ी खुशी भर के कह दिया कि साहिब भाखड़ा पर तो 35 करोड़ रुपये का गबन हो गया । क्या कहने हैं आप की सूझ बूझ के ! 69 करोड़ का तो सारा खर्च और उस में से 35 करोड़ का गबन ! कह दिया कि किसी PEPSU के वज़ीर ने ऐसा कहा । तो शायद वज़ीर साहिब वही होंगे जो कभी रोहतक में गए थे । शायद खाब में ऐसी बात देखी हो वरना कोई वज़ीर ऐसी बात नहीं कह सकता । इतनी बड़ी गलत बयानी !

श्री श्री चन्द : On a point of Order, Sir. क्या यह कह सकते हैं कि मैंने गलत बयानी की है ?

अध्यक्ष महोदय : इन्होंने कहा कि शायद PEPSU के वज़ीर ने ऐसी गलत बयानी कर दी होगी ।

(What he said was that perhaps the Minister of the Pepsu State might have made a wrong statement.)

सिंचाई मंत्री : मेरे दोस्त बीच में interruptions क्यों करते हैं। बैठे २ मिन २ करते रहते हैं।

अध्यक्ष महोदय : अगर कोई गलत या irrelevant बात कही जाये तो आप मेरी attention draw करें।

(The hon. Member may draw my attention towards anything which may be irrelevant or wrong.)

सिंचाई मंत्री : साहिबे सदर, मैं अर्ज़ कर रहा था कि ऐसी बातों पर पढ़े लिखे आदमी तो क्या अनपढ़ भी यकीन नहीं करेंगे। थोड़ा बहुत facts and figures का ख्याल करें जो मैं ने House के सामने रखीं। मैं बताना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान का किसान बड़ा हुश्यार है और उसे आसानी से कोई गुमराह नहीं कर सकता। आप कितनी भी speeches करें, आप कुछ भी कहते रहें, उस सब का जवाब वह elections के वक्त देता है। और फिर जब देहात में जो हालात आज हैं उन का मुकाबला पहले से तो करें। 3 करोड़ रुपया रखा है। चाहे यह justified है या नहीं। मगर जब गांव में ज़बरदस्त बिजली की रोशनी की जगमगाहट होगी तो इन की speeches भी बन्द हो जायेंगी। हम जो देहात पर खर्च कर रहे हैं उस का नतीजा भी साथ २ निकल रहा है। अभी पिछले दिनों भाई मूल चन्द जी ने tube-wells के लिये बिजली खोली। आप को जुलाई का महीना तो याद होगा। अब दिसम्बर में उस से भी ज्यादा शानदार जलसा होगा और आप सब को invite करेंगे। जुलाई में हम ने तो इन सब को भी invite किया था मगर कुछ साहिबान गुस्से के मारे नहीं आए। 4 हज़ार आदमियों के खाने का इन्तजाम भी किया था। अब दिसम्बर में गंगुवाल में bulbs की जगमगाहट को देखना (**एक मैम्बर** : इस से देहात को क्या फायदा ?) इस का फायदा भी जल्दी होने वाला है आप देखने के लिए तैय्यार रहें और फिर देखें कि कितना फायदा देहात की public को होता है। अब शहर तो शायद ही कोई ऐसा रहा हो कि जिसे अब बिजली देनी बाकी हो। अब तो बारी गावों की ही है और गवर्नमेंट ने तहैय्या किया हुआ है कि सब को बिजली दी जायेगी। देहात से गरीबी दूर की जायेगी। इस का सबूत आज का यह बिल है। ज़मींदार का नाम ले कर यह कह देना कि उस पर ज़ुल्म हो रहा है ठीक नहीं है। मुझे पता है कि ज़मींदारों के नुमायंदों के दिनों में ज़िमींदारों की क्या हालत थी। उन को voting का इख्तियार नहीं था। पंजाब के छोटे ज़मींदारों की कोई बात नहीं सुनता था। उस को ryot का भी इख्तियार नहीं था। यहां तक तो करवा नहीं सके यह बड़े २ तुर्रे वाले ज़मींदार, बड़ी २ जायदादें बनाने वाले। और आज जब किसान की भलाई होती है तो इन्हें तकलीफ होती है उस का नाम ले ले कर। ज़रा facts and figures को तो देखें। उन दिनों गरीब आदमी को कोई पूछता नहीं था। उसे कभी नौकरी में दाखिल होने की उम्मीद भी नहीं हो सकती थी। आज इस गवर्नमैण्ट ने जितने इख्तियार उन्हें दिये जा सकते थे दिये हैं। आज कोई भी आदमी, चाहे कितना ही गरीब क्यों न हो Superintendent of Police, Deputy Commissioner या और कुछ भी बन सकता है।

श्री श्री चन्द : On a point of Order, Sir. साहिबे सदर, आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि यह सब बातें irrelevant हैं, इन का surcharge से कोई ताल्लुक नहीं ।

अध्यक्ष महोदय : इन बातों की back ground तो वही है । (He is giving the back ground.)

सिंचाई मंत्री : देहातियों के लिये Community Project बनाए, Extension Blocks कायम किये । यह सब भूखे किसान के लिये नहीं हैं तो किस के लिये हैं ? उन दिनों इनके लिए स्कूल कहां थे ? 10, 10, कोस तक कोई Primary School नहीं था । आज जा कर गांव में देखें मदरसे हैं और जहां नहीं हैं जल्दी ही मुकम्मल होने वाले हैं । तरह २ की सहुलियात देहातियों को मुहैय्या की जा रही हैं । यूं ही ज़मींदार का नाम ले दिया और लगे कहने कि उस पर टैक्स लगा रहे हैं । आज गांव में Community Project, स्कूल और दूसरी सहूलतें दी जा रही हैं ।

स्पीकर साहिब, आप एक बार देहात में चले जायें और देखें कि हम ने Extension Blocks बनवाए हैं । आप लोगों से पूछें कि हमारे देश में हमारे गांवों में कैसे इन्कलाब हुआ है और हो रहा है । हमने गावों वालों के लिए क्या कुछ किया है । ज़मींदार समझते हैं कि हमारे लिए तो कांग्रेस एक महात्मा बन कर पैदा हुई है । हम इस काम को सन् 52 से कर रहे हैं । सब जानते हैं कि हमने किन मजबूरियों में काम किया। हमारे काम से तो हर ज़मींदार को तसल्ली हुई है। लेकिन मेरे भाई अब भी चिल्लाते हैं कि कांग्रेस ने कोई काम नहीं किया और यह कि कांग्रेस कोई काम नहीं कर सकती है । असल में मेरे इन भाइयों का Mehna constituency के election से पहले यह challenge था कि कांग्रेस ने किसानों के लिये कुछ नहीं किया और ९0 फीसदी किसान गवर्नमैण्ट के खिलाफ थे । और किसान कहते थे कि यह सरकार हम पर टैक्स लगाती है और फिर कहती है कि हमें वोट दो । पर इस election ने मेरे भाइयों को यह बता दिया कि मेरे किसान भाई गवर्नमेंट के खिलाफ हैं या हक्क में । खैर यह तो election fight थी ।

अब, स्पीकर साहिब, यह surcharge 20 लाख 40 हज़ार में से 16 लाख 73 हज़ार पर नहीं लगाया जायेगा । और इस टैक्स का इन किसानों पर ज़रा सा भी असर नहीं पड़ेगा । जब यह बात किसानों को मालूम हुई तो उन्होंने कांग्रेस के बक्से वोटों से भर दिये । मेरे भाइयों का कोई भी कहना इन किसानों पर असर न कर सका । फिर इन का किसानों को यह कहना कि तुम इस बात की मांग करो कि आप नहर लगा देंगे तो हम टैक्स देंगे, भी सफल न हुआ ।

फिर हमारे भाई कहते हैं कि कांग्रेस किसानों पर जुल्म कर रही है। अब आप ही देखें, पहले झगड़ा होने पर अदालत में जाना पड़ता था और फीस गरीब किसान की जेब से जाती थी । अब पंडित श्री राम शर्मा द्वारा पंचायत ऐक्ट बना दिया गया है । इस ऐक्ट के बनाने पर पंडित जी मुबारकबाद के मुस्तहिक हैं । इस ऐक्ट के बनने से गरीब किसान को आसानी से और बिना खर्च के इन्साफ़ मिल जाता है और अदालतों की परेशानी और खर्च बर्दाश्त नहीं करना पड़ता । पंचायत ऐक्ट पर भी मेरे भाई इतराज़ करते हैं कि गवर्नमेंट ने सारे इख्तियारात पंचायतों को दे दिये हैं, हम क्या करें, हम मारे गये हैं । अब इन को शिकायत है कि ज़मींदार फैसला नहीं

कराते । वकील को फीस नहीं देते । पहले किसान को फीस देनी पड़ती थी, अदालतों में जाना पड़ता था । अब गरीब किसान को उठाने के लिये पंचायत ऐक्ट पास कर दिया है और बिना फीस उन्हें इन्साफ दिया जाता है ।

फिर, स्पीकर साहिब, गरीब किसान को उठाने के लिए 80 लाख रुपये के fertilizer उस के घर भेजे गये हैं और वह Co-operative Societies बना कर उस का इस्तेमाल कर रहा है। वह दिन दूर नहीं जब किसान 2 करोड़ या इस से कम रुपया जो चारे के लिये खर्च करता था बचा लेगा । ट्रैक्टर उस के पास होगा, fertilizer होगा और हर तरह की सहुलियात होगी । अब गंगूवाल की opening से वह कांग्रेस राज ज़िन्दाबाद के नारे लगायेगा । ग़रीब किसान जानता है कि कांग्रेस सरकार उस के लिए क्या कुछ कर रही है । इस लिए मैं अपने भाईयों को सलाह दूंगा कि वह मोटे २ किसानों के सामने अपने आंसू बहाएं तो अच्छा रहेगा और हो सकता है वह मान भी जाएं लेकिन छोटे किसानों पर इन आंसुओं का कोई असर न पड़ेगा । आज 16 लाख छोटे किसानों की तादाद है । वह क्या सोचते हैं, यही कि कांग्रेस उन के लिये क्या कुछ कर रही है । वह सब खुश हैं और जानते हैं कि यह जो गवर्नमेंट आई है वह कैसी है ।

स्पीकर साहिब, हम Communist भाईयों के ख्याल सुनते रहे हैं, इन की बातें सुनी हैं, इन की बाबत किताबें पढ़ी हैं लेकिन मेरे भाई मुझे मुआफ करेंगे अगर मैं यह कहूं कि इन की बातें कुछ और हैं और अमल कुछ और है । यह अपनी बातों पर भी आप अमल नहीं करते । मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि हमारे finances develop हो रहे हैं और हम माल गुज़ारी में कमी कर रहे हैं । मैं ऐसा सिर्फ कहना ही नहीं चाहता बल्कि मैं उम्मीद करता हूं कि किसान इस बिल को खुशआमदीद कहेंगे और कभी मेरे भाईयों के कहने से गुमराह नहीं होंगे । किसान, मुझे खुशी है, यह समझता है कि सही कदम कौन उठा रहा है, कांग्रेस सरकार या मेरे भाई । मैं अपने भाईयों से भी यही कहूंगा कि आप गावों में जायें और किसानों से मिलना सीखें और आप देखें कि किसानों को किस तरह उठाया जा रहा है । इस लिए मैं उम्मीद करता हूं कि सारा हाऊस इस बिल की हिमायत करेगा और इसे पास कर देगा । (तालियां) ।

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Land Revenue (Surcharge) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now the House will proceed to consider the Bill clause by clause.

SUB-CLAUSES (2) and (3) of

CLAUSE 1

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clauses (2) and (3) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 2

Mr. Speaker : There is an amendment by Sardar Chanan Singh Dhut and others. One of them may move it.

Sardar Chanan Singh Dhut (Tanda) : Sir, I beg to move—

> In sub-section (1), lines 6—10, for "five acres........more than thirty acres" *substitute* "twenty acres shall be liable to pay a surcharge on land revenue to the extent of one quarter of the land revenue if his total holding does not exceed forty acres, and equal to land revenue where such holding is fifty acres but does not exceed hundred acres and double the land revenue where such holding is more than hundred acres."

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਵੀ ਇਸ ਕਲਾਜ਼ ਤੇ ਤਰਮੀਮ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੋਈ ਹੈ ਪਰ ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਅਪਣੀ ਤਕਰੀਰ ਵਿਚ surcharge ਬਾਰੇ ਕੋਈ ਜ਼ਿਕਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਦਿੱਤੀਆਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਬਾਰੇ ਹੀ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਜੋ ਤਰਮੀਮ ਲਿਆ ਰਹੇ ਹਨ ਉਸ ਵਿਚ 5 ਏਕੜ ਦੀ ਥਾਂ 10 ਏਕੜ ਤੱਕ ਹੱਦ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਮੇਰੀ ਤਰਮੀਮ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ 20 ਏਕੜ ਤੱਕ ਕੋਈ surcharge ਨਾ ਲਿਆ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਸ਼੍ਰੀ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਨੇ ਅਦਾਦੋਸ਼ੁਮਾਰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਹਨ ਅਤੇ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਵੀ facts and figures ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਹਨ ਅਤੇ ਦੱਸਿਆ ਹੈ ਕਿ 10 ਰੁਪਏ ਸਰਚਾਰਜ ਲਾਉਣ ਨਾਲ ਤਿੰਨ ਲਖ ਰੁਪਏ ਆਮਦਨ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ ਪਰ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਭ ਇਲਾਕੇ ਇਕੋ ਜਿਹੇ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਹਰ ਥਾਂ ਇਕੋ ਸਰਚਾਰਜ ਨਹੀਂ ਲੱਗਣਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਦੁਆਬੇ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਕੀ position ਹੈ। ਜਿਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸਭ ਤੋਂ ਘੱਟ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਟੈਕਸ ਦਾ ਸਭ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਭਾਰ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਤੇ ਪਏਗਾ। ਇਹ surcharge ਕੋਈ 90 ਫੀਸਦੀ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਤੋਂ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਅੱਜ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਦੁਆਬੇ ਦੇ ਅੰਦਰ, ਕਈ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਾ ਮਾਲੀਆ 4 ਜਾਂ 5 ਰੁਪਏ ਤਕ ਹੈ। ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਇਹੀ ਹਾਲ ਦੂਸਰਿਆਂ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚ ਵੀ ਹੋਵੇ।

ਇਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਦੋ ਢਾਈ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ surcharge ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ। ਮੈਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪਿੰਡ ਦਾ ਤਜਰਬਾ ਹੈ ਕਿ ਉਥੇ 90 ਫੀਸਦੀ ਤੱਕ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਇਹ surcharge ਲੱਗ ਜਾਵੇਗਾ। ਦੁਆਬੇ ਵਿਚ ਜ਼ਿਆਦਾ ਲੋਕ ਪੰਜ ਪੰਜ ਏਕੜ ਦੇ ਮਾਲਿਕ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਦੁਆਬਾ, ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਅਤੇ ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੇ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚ ਹੀ 3 ਲਖ ਆਦਮੀ ਅਜਿਹੇ ਹੋਣਗੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਰਚਾਰਜ ਲੱਗਿਆ ਹੋਏਗਾ। ਫਿਰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਥੋਂ ਹਿਸਾਬ ਲਾ ਲਿਆ ਕਿ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਛੱਡ ਰਹੇ ਹਨ ਤੇ ਥੋੜਿਆਂ ਤੇ ਸਰਚਾਰਜ ਲਗਾ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪਹਾੜੀ ਤੇ ਬੰਜਰ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਅਜਿਹੀਆਂ ਥਾਵਾਂ ਹੋਣ ਜਿੱਥੇ ਦੋ ਦੋ ਆਨੇ ਮਾਮਲਾ ਹੋਵੇ, ਪਰ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਇਹ ਹਾਲ ਕਿਤੇ ਵੀ ਨਹੀਂ।

ਫਿਰ ਇਹ ਆਖਦੇ ਹਨ ਕਿ ਦਸ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਵਾਲੇ ਦੀ income ਢਾਈ ਹਜ਼ਾਰ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ income tax, net income ਤੇ ਲਗਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਉਹ ਵੀ joint family ਵਿਚ 84 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਤੇ ਜਾ ਕੇ ਲਗਦਾ ਹੈ ਪਰ ਇੱਥੇ ਤੁਸੀਂ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਤੇ gross income ਤੇ ਲਗਾ ਰਹੇ ਹੋ। ਆਪ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸਾਡੇ ਦੁਆਬੇ ਵਿਚ ਥੋੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਹੋਣ

ਕਰ ਕੇ ਮੇਹਨਤ ਨਾਲ ਵੀ ਏਕੜ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਪੈਦਾਵਾਰ ਕਢੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਫਿਰ ਵੀ 10 ਏਕੜ ਵਿਚੋਂ ਢਾਈ ਹਜ਼ਾਰ ਨਹੀਂ ਬਚਦਾ । ਇਸੇ ਲਈ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਦਾ ਕੋਈ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗ ਸਕਦਾ ।

ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਮਹਿਣਾ ਦੀ election ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਉਥੇ ਅਸਾਨੂੰ ਵੋਟ ਜ਼ਿਆਦਾ ਪਏ ਇਸ ਲਈ ਲੋਕ ਅਸਾਨੂੰ ਚੰਗਾ ਸਮਝਦ ਹਨ, ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਪੰਜ ਪੰਜ ਹਜ਼ਾਰ ਵਾਲੇ ਆਦਮੀਆਂ ਦੇ ਜਲਸਿਆਂ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਵੀ ਉਛਲ ਉਛਲ ਕੇ ਕੀਤਾ ਹੈ ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੋਗੇ ਦੀ ਹਾਲਤ ਤੇ ਅਸਾਡੇ ਦੋ ਦੋ ਲੱਖ ਵਾਲੇ ਜਲਸੇ ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਆਏ । ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਮਹਿਣਾ ਦੀ election ਤੋਂ ਇਹ ਨਾ ਸਮਝੋ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਤੁਹਾਡੀ ਪਾਲਸੀ ਨੂੰ ditto ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ । ਇਹ ਗ਼ਲਤ ਖਿਆਲ ਦਿਲ ਵਿਚੋਂ ਕੱਢ ਦੇਵੋ ।

ਫਿਰ, ਜਨਾਬ, ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ Community Projects ਬਾਰੇ ਜਿਹੜੇ ਦਾਵੇ ਕੀਤੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਬਾਬਤ ਅਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅੰਗਰੇਜ਼ ਆਪਣੇ ਵਾਸਤੇ ਸਾਰੇ ਕੰਮ ਕਰਦਾ ਸੀ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਹ ਵੀ ਆਪਣੇ ਆਰਾਮ ਲਈ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ । ਹੁਣ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਦੀਆਂ ਕਾਰਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀਆਂ ਸੜਕਾਂ ਬਨਾਉਣ ਦਾ ਖਿਆਲ ਆ ਗਿਆ । ਬਾਰ ਬਾਰ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਖੂਬ ਤਰੱਕੀ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਆਖਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤਰੱਕੀ ਕਿੱਥੇ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ? ਤੁਸੀਂ ਜੇਲ੍ਹ ਵਧਾ ਰਹੇ ਹੋ । ਪੁਲਿਸ ਤੇ ਖਰਚ ਹਰ ਸਾਲ ਵਧਦਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਮੈਜਿਸਟਰੇਟ ਵਧਾਏ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਕੀ ਇਹ ਸਭ ਤਰੱਕੀ ਦੀਆਂ ਨਸ਼ਾਨੀਆਂ ਹਨ ?

ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਫਾਈਨੈਂਸ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਆਖਿਆ ਕਿ ਬਜਟ ਵਧ ਗਿਆ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਟੈਕਸ ਲਗਾਉਣਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ । ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਬਜਟ ਦਾ ਖਰਚ ਤੁਸੀਂ ਆਪ ਵਧਾਉਂਦੇ ਹੋ ਅਤੇ ਆਪਣੇ ਵਾਸਤੇ ਵਧਾਉਂਦੇ ਹੋ । ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ ਤੁਸੀਂ ਟੈਕਸ ਲੈਂਦੇ ਹੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਟੈਕਸ ਤੋਂ ਜ਼ਰਾ ਵੀ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚਦਾ । ਇਥੇ ਚੀਨ ਦਾ ਵੀ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਆਪ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਚੀਨ ਇਕ colonial ਮੁਲਕ ਸੀ ਅਤੇ ਦੂਜਿਆਂ ਦੇ ਕਬਜ਼ੇ ਵਿਚ ਸੀ ਉਸ ਵੇਲੇ ਜ਼ਮੀਨ ਦੀ ਆਮਦਨੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਜਟ ਦੀ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਡੀ ਮੱਦ ਹੁੰਦੀ ਸੀ ਲੇਕਿਨ ਮੌਜੂਦਾ ਰਾਜ ਵਿਚ ਇਹ ਆਮਦਨੀ ਬਜਟ ਦਾ ਚੌਥਾ item ਬਣ ਗਈ ਹੈ । ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸਰਚਾਰਜ ਅਤੇ ਵਿੱਕਰੀ ਟੈਕਸ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤਰ ਪਿੰਡਾਂ ਤੇ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਗ਼ਰੀਬ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਪਾਸੋਂ ਵਸੂਲ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਤੁਸੀਂ ਦੂਜੇ ਮੁਲਕਾਂ ਨਾਲ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਕੇ ਵੇਖੋ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਪਤਾ ਲੱਗੇਗਾ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਬਜਟ ਦੇ ਖਰਚ ਦਾ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਧ ਭਾਰ ਜ਼ਮੀਨ ਉਤੇ ਹੈ । ਫਿਰ ਵੀ ਤੁਸੀਂ ਇਹ ਆਖਦੇ ਹੋ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਤਰੱਕੀ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਲਈ ਬਹੁਤ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ । ਤੁਹਾਨੂੰ ਯਾਦ ਹੋਵੇਗਾ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਅਸਾਡੇ ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ ਨੇ ਵੀ ਵਾਇਸਰਾਏ ਨੂੰ ਗਿਆਰਾਂ points ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਸਨ ।

ਚੀਫ਼ ਪਾਰਲੀਮੇਂਟਰੀ ਸੈਕ੍ਰੇਟਰੀ : ਤੁਹਾਡੇ ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ । ਤੁਸੀਂ ਆਪਣੇ father-land ਦੀ ਗੱਲ ਕਰੋ ।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ ਮੁਲਕ ਦੀ ਆਜ਼ਾਦੀ ਮੰਗ ਰਹੇ ਸਨ ਉਸ ਵੇਲੇ ਤੁਸੀਂ ਕੁੱਝ ਹੋਰ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਸੀ । ਮੈਥੋਂ ਆਪਣਾ record ਨਾ ਭੁਲਾਵੋ ਅਤੇ ਆਪਣੀ motherland ਅਮਰੀਕਾ ਵੱਲ ਧਿਆਨ ਰੱਖੋ । ਫੇਰ, ਮਹਾਤਮਾ ਜੀ ਦੀ ਇਕ ਮੰਗ ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਮਾਮਲਾ ਘੱਟ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ । ਉਹ ਤਾਂ ਫੇਰ ਦੂਰ ਦੀ ਗੱਲ ਸੀ ਉਸ ਤੇ ਤੁਸੀਂ ਕੀ ਅਮਲ ਕਰੋਗੇ । ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅੱਜ ਦਾ All India Congress Committee ਦਾ ਰੇਜ਼ੂਲਿਊਸ਼ਨ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਵੇਖੋ, ਤੁਸੀਂ ਤਾਂ ਉਸ ਤੇ ਵੀ ਅਮਲ ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਹੇ । ਕਾਮਰੇਡ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਵੀ ਬੜੀਆਂ ਮਸਾਲਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਪੈਦਾਵਾਰ ਦੇ ਭਾ ਵਧ ਰਹੇ ਹਨ । ਇਸ ਲਈ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਖੂਬ ਤਰੱਕੀ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਭਾ ਅੰਗਰੇਜ਼ ਦੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਵਿਚ ਵੱਧ ਸਨ, ਹੁਣ ਤਾਂ ਅੱਗੇ ਨਾਲੋਂ ਘੱਟ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਗਿਰ ਗਏ ਹਨ । ਫਿਰ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰ ਦੀ ਆਮਦਨੀ ਵਧਣ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਇਹ ਵੀ ਸੋਚਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਸਦੀਆਂ ਲੋੜਾਂ ਤੇ ਖਰਚ ਵੀ ਬਹੁਤ ਵਧ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਕਪੜੇ ਅਤੇ ਕਾਸ਼ਤਕਾਰੀ ਦੇ ਔਜ਼ਾਰਾਂ ਤੇ ਕਿਤਨਾ ਜ਼ਿਆਦਾ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਪੈ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਹ ਤਾਂ ਵੇਖ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ 10 ਏਕੜ ਵਿਚੋਂ ਢਾਈ ਹਜ਼ਾਰ ਕਮਾ ਲੈਂਦਾ ਹੈ ਪਰ ਉਸ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਦਾ ਖਰਚ, ਬੀਮਾਰੀ, ਤਾਲੀਮ, ਵਿਆਹ ਸ਼ਾਦੀ ਅਤੇ ਹੋਰ ਲੋੜਾਂ ਦਾ ਵਧਿਆ ਹੋਇਆ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਵੇਖਦੇ । ਫਿਰ ਇਸ ਸਰਚਾਰਜ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਵੀ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਦਿਹਾਤ ਵਾਲਿਆਂ ਤੋਂ ਕਈ ਤਰੀਕਿਆਂ ਨਾਲ ਪੈਸਾ ਲੈ ਰਹੇ ਹੋ । ਤੁਸੀਂ ਇਥੇ ਦਿਹਾਤ ਦੇ ਸਕੂਲਾਂ, ਹਸਪਤਾਲਾਂ ਤੇ ਸੜਕਾਂ ਦਾ ਵੀ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਪਰ ਹਰ ਹਸਪਤਾਲ ਤੇ ਹਰ ਸਕੂਲ ਲਈ ਲੋਕਾਂ ਪਾਸੋਂ ਅੱਧੇ ਪੈਸੇ ਮੰਗਦੇ ਹੋ । ਸੜਕਾਂ ਲਈ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਿੱਟੀ ਪਾਉਣ ਲਈ ਕਹਿੰਦੇ ਹੋ । ਪੰਡਤ ਨਹਿਰੂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੰਮਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਚੀਨ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਵਿਚ ਬੜਾ ਉਤਸ਼ਾਹ ਹੈ । ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਭਾਖੜਾ ਸਕੀਮ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵੀ ਏਥੇ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਵਿਚ ਅਜਿਹਾ ਹੀ ਜੋਸ਼ ਹੈ ? ਇਹ ਜੋਸ਼ ਕਿਉਂ ਪੈਦਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਰਕਾਰ ਕਿਸੇ ਬੜੀ ਗ਼ਲਤ ਫਹਿਮੀ ਵਿਚ ਪਈ ਹੋਈ ਮਾਲੂਮ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤੇ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਹ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ ਤੇ ਔਹ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ । ਚੌਧਰੀ ਲਹਿਰੀ ਸਿੰਘ ਜੀ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਨਹਿਰਾਂ ਚੱਲ ਰਹੀਆਂ ਹਨ ਤੇ ਭਾਖੜਾ ਡੈਮ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ । ਸੱਚ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਭਾਖੜਾ ਡੈਮ ਦੀ ਪਹਿਲੀ ਇੱਟ ਵੀ ਨਹੀਂ ਰੱਖੀ ਗਈ ।

सिंचाई मंत्री : काम शुरु हो गया है ।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਅਜੇ ਸ਼ੁਰੂ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ । ਮੈਂ ਵੇਖ ਕੇ ਆਇਆ ਹਾਂ । ਅਜੇ ਨਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦਾ । ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਜਦ ਝੀਲ ਬਣ ਜਾਏਗੀ ਤੇ dam ਮੁਕੰਮਲ ਹੋ ਜਾਏਗਾ ਤਾਂ ਨਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਆਵੇਗਾ ।

ਪਰ ਜਦੋਂ ਤੱਕ ਝੀਲ ਨਹੀਂ ਬਣਦੀ ਨਾ ਨਹਿਰਾਂ ਚਲ ਸਕਦੀਆਂ ਨੇ ਤੇ ਨਾ ਹੀ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਿਜਲੀ ਆ ਸਕਦੀ ਹੈ।

ਸਿੰਚਾਈ ਮੰਤ੍ਰੀ : क्या हमने पानी दे नहीं दिया।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਉਹ ਤੁਸੀਂ ਆਪਣੇ ਮਤਲਬ ਲਈ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ ਤੁਸੀਂ betterment fee ਲੋਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਲੈਣੀ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਫਾਇਦੇ ਵਾਸਤੇ ਨਹੀਂ ਆਪਣੇ ਫਾਇਦੇ ਲਈ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਤੇ ਨਾ ਹੀ ਸਾਰਾ ਸਾਲ ਗੰਗੂਵਾਲ ਤੋਂ ਬਿਜਲੀ ਆ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇੰਨਾਂ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕਰਕੇ ਭਾਖੜਾ ਡੈਮ ਬਣਵਾਇਆ ਹੈ। ਜੇ ਰੁਪਿਆ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਹੀ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਹੈ ਤਾਂ 138 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਜਿਸ ਉਤੇ $4\frac{1}{2}$ ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਸੂਦ ਪੈ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿੱਥੋਂ ਆਉਂਦਾ ਹੈ।

ਫੇਰ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਰਕਾਰ ਜਿਹੜਾ budget ਪੇਸ਼ ਕਰਦੀ ਹੈ ਹਰ ਸਾਲ ਘਾਟੇ ਦਾ ਬਜਟ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਘਾਟੇ ਦਾ ਬਜਟ ਕਿਸੇ ਤਰੱਕੀ ਪਸੰਦ ਮੁਲਕ ਦਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਉਸ ਮੁਲਕ ਦਾ ਤੇ ਉਸ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਘਾਟੇ ਵਾਲਾ ਬਜਟ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਨੇ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਭਾਰ ਪਾਉਣਾ ਹੋਵੇ। ਜਿਹੜੀ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣਾ ਫਾਲਤੂ ਖਰਚ ਵਧਾ ਲੈਂਦੀ ਹੈ ਘਾਟੇ ਵਾਲਾ ਬਜਟ ਪੇਸ਼ ਕਰ ਦਿੰਦੀ ਹੈ। ਇਹੋ ਜਿਹੀ picture ਨਾਲ ਇਹ ਸਾਬਤ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਕਿ ਸੂਬਾ ਬੜੀ ਤਰੱਕੀ ਤੇ ਹੈ। ਜੇ ਇਸ ਨੂੰ ਤਰੱਕੀ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਜਾਣਦਾ ਕਿ ਪਿਛੇ ਜਾਣਾ ਕੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ।

ਇਕ ਹੋਰ ਚੀਜ਼, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਬਿਲ ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਮਾਲਿਕ ਉਤੇ ਕੋਈ surcharge ਨਹੀਂ ਲਗੇਗਾ। ਹੁਣ ਇਕ ਤਰਮੀਮ ਰਾਹੀਂ ਇਹ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਸਿਰਫ ਉਨ੍ਹਾਂ land owners ਤੇ surcharge ਨਾ ਲੱਗੇ ਜਿਹੜੇ 10 ਰੁਪਏ land revenue ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਜਿਹੜੀ ਤਰਮੀਮ ਦਿੱਤੀ ਹੈ ਉਸ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ 20 ਏਕੜ ਤੱਕ ਦੇ ਮਾਲਿਕ ਉਤੇ ਕੋਈ surcharge ਨਾ ਹੋਵੇ। 20 ਏਕੜ ਦਾ ਮਾਲਕ ਬੜੀ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਨਾਲ ਆਪਣੇ ਘਰ ਦੀ ਰੋਟੀ ਦਾ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਚਲਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਪੰਜਾਂ ਜਾਂ ਦਸਾਂ ਏਕੜਾਂ ਵਾਲੇ ਕੋਲ ਤਾਂ ਮੁਸ਼ਕਲ ਨਾਲ ਪੰਜਾਂ ਛਿਆਂ ਮਹੀਨਿਆਂ ਦੇ ਦਾਣੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਫੇਰ ਕੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਬਚੇ ਪੜ੍ਹਾਉਣੇ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੇ। ਕੀ ਬਿਮਾਰ ਪੈਣ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਵਾਈਆਂ ਨਹੀਂ ਲੈਣੀਆ ਹੁੰਦੀਆਂ? ਇਨ੍ਹਾਂ ਹਾਲਤਾਂ ਵਿਚ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰੀ ਤਰਮੀਮ ਮੰਨ ਲਈ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਟੈਕਸ ਨਾ ਲਾਏ। ਬੜੀ ਖੁਸ਼ੀ ਨਾਲ ਲਾਏ। ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਲਾਏ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਰੁਪਿਆ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛੋ ਤਾਂ ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਵਡੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਉਤੇ 25 ਜਾਂ 40 ਫੀ ਸਦੀ ਹੀ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ 100 ਫੀ ਸਦੀ ਹੀ surcharge ਲਗਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਕੋਈ ਡਰ ਨਹੀਂ ਪਰ ਕੀਤਾ ਕੀ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਬਿਲ ਵਾਲੀ ਪੰਜ ਏਕੜ ਦੀ ਹੱਦ ਨੂੰ ਹਟਾ ਕੇ ਦੋ ਏਕੜਾਂ ਉਤੇ surcharge ਲਗਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਹ ਗ਼ਰੀਬ ਕਿਸਾਨ ਦੇ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਬੜੀ ਜ਼ਿਆਦਤੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਗ਼ਰੀਬ ਕਿਸਾਨ ਕੋਲ ਤਾਂ ਖਾਣ ਲਈ ਰੋਟੀ ਤੱਕ ਨਹੀਂ।

[ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ]

ਪਿੱਛੇ ਇਕ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਅਨੁਸਾਰ ਉਹ ਲੋਕ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਮੁਸਲਮਾਨਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਹਨ ਛੁੜਾ ਸਕਣਗੇ। ਪਰ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਕ ਆਦਮੀ ਵੀ ਜ਼ਮੀਨ ਨਹੀਂ ਛੁੜਾ ਸਕੇਗਾ ਕਿਉਂ ਜੋ ਕਿਸੇ ਕੋਲ ਇਕ ਪੈਸਾ ਤੱਕ ਨਹੀਂ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਮੈਂ ਇਕ ਗਲ ਹੋਰ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਜੇ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀ ਮਾਲੀ ਹਾਲਤ ਦੀ ਪੜਤਾਲ ਕਰਵਾਈ ਜਾਏ ਜਿਹੜੀ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਕਦੇ ਨਹੀਂ ਕਰਾਂਉਂਦੀ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲੱਗੇਗਾ ਕਿ ਬਹੁਤ ਬੁਰੀ ਹਾਲਤ ਵਿਚ ਹਨ। ਛੋਟੇ ਮਾਲਕਾਂ ਉਤੇ ਕਰਜ਼ੇ ਦੀ ਰਫ਼ਤਾਰ ਬਹੁਤ ਵਧ ਰਹੀ ਹੈ। ਸਰ ਛੋਟੂਰਾਮ ਨੇ ਆਪਣੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਰਜ਼ੇ ਘਟਾਏ ਸਨ ਪਰ ਉਹ ਫੇਰ ਸੰਕਟ ਵਿਚ ਹਨ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਧ ਰਹੇ ਕਰਜ਼ੇ ਦਾ ਅਸਰ ਤਜਾਰਤ ਤੇ ਦੁਕਾਨਦਾਰਾਂ ਉਤੇ ਵੀ ਪੈ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਪਰ ਸਮਝਿਆ ਇਹ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜੇਬ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਰੁਪਿਆ ਹੈ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਖਰਚ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਕੋਈ ਪੜਤਾਲ ਕਰਵਾਈ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਖਰਚ ਕੀ ਹੈ। ਕੀ ਇਹ ਲੋਕ ਆਪਣੇ ਬਚਿਆਂ ਨੂੰ ਪੜ੍ਹਾ ਸਕਦੇ ਹਨ ਤੇ ਕੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਹੋਰ ਜ਼ਰੂਰੀਆਤ ਪੂਰੀਆਂ ਹੋ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਹਾਲਤਾਂ ਵਿਚ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਇਹ tax ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਠੀਕ ਨਹੀਂ। ਹੋਰ ਕੁਝ ਨਾ ਹੋ ਸਕੇ ਤਾਂ ਮੇਰੀ 20 ਏਕੜ ਦੀ ਤਰਮੀਮ ਮੰਨ ਲਈ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

Mr. Speaker : Motion moved—

In sub-section (1), lines 6—10, for "five acres........more than thirty acres" *substitute* "twenty acres shall be liable to pay a surcharge on land revenue to the extent of one quarter of the land revenue if his total holding does not exceed forty acres, and equal to land revenue where such holding is fifty acres but does not exceed hundred acres and double the land revenue where such holding is more than hundred acres."

Minister for Irrigation and Power (Chaudhri Lahri Singh) : Sir, I beg to move—

For the existing sub-clause (1), and the explanation thereunder, *substitute*—

"(1) With effect from the Rabi harvest of the agricultural year 1953-54, and notwithstanding anything to the contrary contained in the Punjab Land Revenue Act, 1887 (Act XVII of 1887), every landowner who pays land revenue in the State of Punjab, in excess of ten rupees shall be liable to pay a surcharge thereon to the extent of one quarter of the land revenue if the amount payable by him as land revenue does not exceed thirty rupees, and two-fifths of the land revenue where the amount payable by him exceeds thirty rupees."

For the existing sub-clause (3), *substitute*—

"(3) A landowner, liable to pay the surcharge, whose land is situated within the jurisdiction of more than one Patwari, and who has not, before the commencement of this Act, given such information, shall within thirty days from the commencement thereof, give written information of the details of the total land revenue payable by him to the Patwari of every revenue estate in which any party of such holding is situate, and shall also submit a copy thereof to the Tahsildar having jurisdiction."

Mr. Speaker : Motions moved—

For the existing sub-clause (1), and the explanation thereunder, *substitute*—

"(1) With effect from the Rabi harvest of the agricultural year 1953-54, and notwithstanding anything to the contrary contained in the Punjab Land Revenue Act, 1887 (Act XVII of 1887), every landowner who pays land revenue in the State of Punjab in excess of ten rupees shall be liable to pay a surcharge thereon to the extent of one quarter of the land revenue if the amount payable by him as land revenue does not exceed thirty rupees, and two fifths of the land revenue where the amount payable by him exceeds thirty rupees ."

For the existing sub-clause (3), *substitute*—

"(3) A landowner, liable to pay the surcharge, whose land is situated within the jurisdiction of more than one Patwari, and who has not, before the commencement of this Act, given such information, shall within thirty days from the commencement thereof, give written information of the details of the total land revenue payable by him to the Patwari of every revenue estate in which any part of such holding is situate, and shall also submit a copy thereof to the Tahsildar having jurisdiction."

पंडित श्री राम शर्मा (सोनीपत) : स्पीकर साहिब, कलाज़ दो में दो तरमीमें पेश की गई हैं, एक चौधरी लहरी सिंह की तरफ से और दूसरी सरदार चन्नण सिंह की तरफ से । मैं दोनों की मुखालफ़ित करने के लिये खड़ा हुआ हूं। जनाबे आली, मुझे थोड़ा सा अफसोस इस बात का है कि आज इस हाऊस में इतना अहम और ज़रूरी बिल पेश है और इस महकमे के वज़ीर incharge मौजूद नहीं हैं । अगर वह होते तो इस बहस में ज़्यादा दिलचस्पी पैदा हो सकती थी । अगर कोई ऐसी वजह है कि उन्हें इस बिल से भी कोई ज़्यादा अहम काम है तो समझ में आ सकता है । अगर कोई ऐसी बात नहीं है तो किसी हद तक यह हाऊस का अपमान (disrespect) है कि किसी खास ज़रूरी काम के बिना ही वज़ीर साहिब तशरीफ नहीं ला सके हैं । जहां तक मैंने सुना है अगर उन की मसरूफ़ियत इन गुरद्वारा के अलैक्शनों से ताल्लुक रखती है तो यह और भी ज़्यादा अफसोस की बात है । उन की बजाये नहर और बिजली के वज़ीर साहिब ने ज़ाब्ता पूरा करने का ज़िम्मा लिया हुआ है । कुछ मैम्बरों ने surcharge टैक्स का ज़िक्र न करते हुए ज़्यादा तर पानी और बिजली की बरकतों का ही ज़िक्र किया है । और वैसे भी आम तौर पर जो तकरीरें हुई–Treasury Benches की तरफ से, क्या वज़ीर साहिब क्या और मैम्बर साहिब की उन में इस बात की कोई justification नहीं बतलाई कि क्यों surcharge बढ़ा दिया गया है । कहा गया कि गवर्नमेंट ने बढ़िया २ काम किये हैं, Community Projects का काम, भाखड़ा डैम का काम और जहां बहुत ज़्यादा काम गवर्नमेंट ने ज़मींदारों के लिये किये हैं तो उसे खुद बखुद surcharge लगा कर ज़मींदारों से टैक्स लेने का हक हो गया है । इस के इलावा कोई और दलील नहीं दी और न कोई facts and figures देकर इस बात को साबित करने की कोशिश की है । यह कहा कि जितनी तरक्कियां हो रही हैं लोगों की भलाई की जा रही है । सिर्फ यह दलील दी जा रही है कि वाहगा से लेकर गुड़गावां तक ज़मींदार और आम लोग गवर्नमेंट के गुण गा रहे हैं और कहते हैं कि elections भी इस लिये जीते गये हैं। मेहरबान गवर्नमैण्ट न surcharge टैक्स बढ़ा दिया है जिस से तीस चालीस लाख रुपये की आमदन के बढ़ जाने पर लोगों ने खुशी के मारे elections जितवा दिये हैं और वाहगा से गुड़गावां तक लोग गवर्नमैण्ट की जय बोल रहे हैं और दुआएं दे रहे हैं। नक्शे यह खैंचे जाते हैं कि यह यह तरक्कियां की हैं । General elections के बाद कोई दस बारह अलैक्शन हुए और उन में देहात के अन्दर नौ दस अलैक्शन हुए इस में कांग्रेस 2/3 अलैक्शनों में हारी और 1/3 में जीती है । (interruptions) । इस से पता चलता है कि अब तक 11 इलैक्शनें लड़ी गई, पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी को यह भी पता नहीं है ।

चीफ पार्लियामैण्टरी सैक्रेटरी : पहले कांग्रेस की क्या strength थी और अब क्या है !

पंडित श्री राम शर्मा : मेरे दोस्त दखल दर माकूलात से काम लेते हैं। मेरे पास इस बेअकली का जवाब नहीं है । मैं कहना चाहता हूं कि 11 by-elections लड़े गए, एक शहर में

[पंडित श्री राम शर्मा]

और 10 देहातों में जिन में ज़्यादातर गवर्नमेंट को हार हुई और मैं challenge करता हूं वरना वह कुछ अपनी आदत से मजबूर हो कर यह कह देंगे.......

श्री प्रबोध चन्द्र : कुर्सी के बदलने से दिमाग बदल जाता है।

पंडित श्री राम शर्मा : जनाब आली, हम सिर्फ आप की और हाऊस की dignity का ख्याल करते हैं वरना जिस तरीके से वह दखल दर माकूलात करते हैं दिल चाहता है कि इन्हें खूब सुनाएं। पंजाब में 11 by-elections लड़े गए, एक शहर में और दस गांव में। उन का नतीजा यह हुआ कि काफी majority में गवर्नमेंट हारी। फिर भी गवर्नमेंट कहती है कि वाहगा से गुड़गांवां तक लोग गवर्नमेंट की जय बोल रहे हैं और अलैकशनें भी हमने इसी basis पर जीती हैं। इस बात को जाने दीजिये। मैं गवर्नमेंट को खुला challenge पेश करता हूं कि पंजाब के किसी ज़िले में किसी तहसील में किसी गांव में दस पंद्रह दिन का नोटिस दे कर जलसे कर लें। यह दुगना वक्त ले कर तकरीरें कर लें हम आधा वक्त लेंगे और दस फीसदी ज़मींदार......

अध्यक्ष महोदय : माननीय मैम्बर relevant होने की कोशिश करें।
(The hon. Member should try to be relevant.)

पंडित श्री राम शर्मा : स्पीकर साहिब! यह कहते हैं कि ज़मींदार इतने खुश हैं जिस की कोई हद नहीं। मैं पूछता हूं कि इस का पैमाना क्या है? मैं कहता हूं कि वह तो उन की जान को रो रहे हैं। महज़ ऐसी बातें कह देने से कुछ नहीं बनता है। मैं कहता हूं कि मेरे दोस्त किसी देहाती इलाके में लोग इकट्ठे कर लें, यह भी तकरीरें करें और हम भी तकरीरें करें और उस के बाद अगर 10 फीसदी ज़मींदार भी इस कानून के हक में वोट दे दें तो हम अपनी शिकस्त मान लेंगे। यह जो इस बात पर ज़ोर दिया जाता है कि लोग बहुत खुश हैं यह महज़ कहने की बातें हैं और इस में हकीकत कुछ भी नहीं।

मुख्य मंत्री : Bye-elections कौन कौन सी जगह हुए।

पंडित श्री राम शर्मा : एक by-election हुआ.........

अध्यक्ष महोदय : Bye-elections का इस वक्त कोई सवाल नहीं।
(By-elections are not under discussion at present.)

पंडित श्री राम शर्मा: जब मुख्य मंत्री कहते हैं तो क्या तामील न करूं? यह इब्तदाई बात मैंने इसलिये कही कि कहीं ऐसा न हो कि हाऊस को ग़लत impression पैदा हो जाये कि सचमुच इस measure के लाने से लोग खुश हैं। अब इस की तवारीख सुन लीजिये। यह मुख्तसिर सैशन था और यह बिल आखरी रोज़ रखा गया और यह हुक्म मिला कि जब तक यह बिल पास न हो जाये उतनी देर हाऊस की कार्रवाई जारी रहेगी। अगर यह ख्याल था कि popular Bill है और लोग बहुत खुश हैं तो इस किस्म की कार्रवाई करने की क्या ज़रूरत थी?

हम बड़े खुश हुए कि गवर्नमेंट ने आखिरकार अपनी गलती को महसूस कर लिया है और Land Revenue Surcharge Bill agenda से हटा लिया है, और उसे पास करवाने का इरादा छोड़ दिया है। मगर हम मुश्किल से ही घर पहुंचे थे कि Ordinance के जारी होने की खबर सुनी। हम हैरान थे कि पता नहीं कौन सी खास आफत आ गई है, emergency हुई है,

क्या हो गया है, इजलास खत्म होते ही Ordinance जारी करना पड़ा मालगुज़ारी को बढ़ाने के लिये । और यह जो बढ़ोतरी हुई है यह न तो Land Revenue Act के कायदों के मुताबिक हुई है और न ही agricultural income के असूलों के मुताबिक कोई नया तरीका निकाला गया है बल्कि Surcharge के ज़रिये Land Revenue को बढ़ाया गया है ।

वज़ीर साहिब ने अपनी तकरीर का बहुत सारा हिस्सा Unionist वज़ारत के खिलाफ बोलने पर सर्फ किया है । उन्होंने कहा है कि वह हकूमत लोगों को बहकाती थी, फौज में भरती कराती थी और उन से झूठे वायदे करती थी । उन्होंने मालगुज़ारी को 100 फीसदी बढ़ाया । अगर यह भी कह देते कि हम उन मे आधी खरावी कर रहे हैं तो उन की argument समझ में आ सकती थी मगर उन का Unionist वज़ारत के खिलाफ इतने जोश के साथ बोलना और लोगों को बहका कर फौज में भरती कराने का इलजाम उन्हें कुछ ज़ेबा नहीं देता । मैंने तो Unionist Party वालों को कभी अच्छा नहीं कहा मगर चौधरी साहिब ने 1950 में एक तकरीर के दौरान किसी और राय का इज़हार फरमाया था । शायद जोश में आ कर ऐसा कह गये हों । बहर हाल उस वक्त Unionist Party के बारे में उन की यह राय थी ।

> Some of my honourable friends have remarked that the Unionist Government which had espoused the cause of the Zamindars in the Unionist Punjab did nothing substantial for them.

किसी ने 1950 में कहा होगा कि Unionist वज़ारत ने ज़मींदारों की भलाई के लिये कोई खास काम नहीं किया । यह बात शायद उन्हें नागवार गुज़री जिस पर उन्होंने यूं फरमाया:—

> But I would tell them that in the regime of the Unionist Government Sir Chhotu Ram had infused a new life in the villages.

कहते हैं कि सर छोटू राम ने देहाती लोगों में नई रूह फूंक दी थी । अब कहां उड़ गई है वह नई ज़िन्दगी ? आगे फरमाते हैं—

> What we see in this regime is that these Congressmen are making an all out effort to break the life of villages to fragments.

इस पर किसी ने उन्हें रोका होगा, तो वह बोले—

> I do not mean the Congress but the Congress Government whose attitude towards the rural classes is not only unhelpful but also destructive.

यह उस वक्त की बात है जब वह कांग्रेस गवर्नमेंट के supporter थे । जब उस गवर्नमैण्ट ने आबियाने को पच्चास फीसदी बढ़ाने का फैसला किया था तो हमारे मुख्य मंत्री, Development Minister साहिब, चौधरी साहिब बड़े जोश में थे और मुझे बड़ा गुस्सा आया था । जो साहिब इस वक्त वज़ारती बैंचों पर बैठे हैं, उन की उस वक्त की तकरीरों को पढ़ने से इस बात की तसदीक हो सकती है कि उन्होंने आबियाने के बढ़ाने को एक Sacrilegious act करार दिया था जिसके लिये गवर्नमेंट कभी मुआफ नहीं की जा सकती थी । उस वक्त के सूबा कांग्रेस के प्रधान ने खुलमखुला गांव २ में जा कर कहा था कि हम इस गवर्नमेंट को बर्दाश्त नहीं करेंगे । एक

[पंडित श्री राम शर्मा]

bye-election भी इसी सवाल पर लड़ा गया था कि गरीबों पर क्यों टैक्स लग रहे हैं।

फिर एक Sugar Factories Bill के मुताबिक cane growers पर एक दो लाख रुपये की रकम का बोझ पड़ता था। उस छोटे से tax की मुखालिफ़त करते हुए अपनी तकरीर में चौधरी साहिब ने ज़मीनो-आसमान सर पर उठा लिये थे। उस मामूली तजवीज़ को इस तरह की रंगत दी थी कि सब लोग घबरा गये थे। उस tax के खिलाफ conferences की गई थीं।

ज़मींदार को पानी की जिस कदर ज़रूरत होती है, उस से कोई बेखबर नहीं। नहर को तोड़ कर, छः गुना रुपया देना मन्ज़ूर कर के भी, वह अपना काम चला लेता है। आबियाना में पच्चास फीसदी इज़ाफा के खिलाफ कितने लैक्चर और तकरीरें हुई थीं। आज बैठे बिठाए उन्हीं लोगों पर 40 फीसदी surcharge लगा दिया है और argument यह दी जाती है कि Unionist Party वाले ज़मींदारों को गुमराह करते थे, और फौज में भरती कराते थे।

स्पीकर साहिब, इस पंजाब को तीन चार हुकूमतों से वास्ता पड़ा है। अंग्रेज़ों ने अपनी हकूमत के वक्त यह कायदा बनाया हुआ था कि हर 40 वर्ष के बाद लोगों की ज़मीन की जांच पड़ताल की जाए और अन्दाज़ा लगाया जाये कि खेती करने वाले लोगों की कितनी आमदनी बढ़ी घटी है, चीजों के भाव कितने बढ़े घटे हैं और उन को कितनी बचत होती है। वह हकूमत इस बात की proportion भी मुकर्रर कर देती थी कि अगर ज़मींदारों की net income इतनी होगी तो उन से मालगुज़ारी एक खास रकम से ज्यादा नहीं ली जायेगी और बिना नया बन्दोबस्त करवाये कोई मालगुज़ारी बढ़ाई नहीं जायेगी। उस हकूमत के बाद एक और दौर आया। हमारे मुख्य मंत्री उस समय हाऊस के मैम्बर होते थे। आजकल के वज़ीर तरक्कियात भी M. L. A. थे और record से मालूम होगा कि मैं भी मैम्बर था। लेकिन चौधरी लहरी सिंह का उस समय असैम्बली के आस पास पता भी नहीं था। उस वक्त यही लोग बड़े ज़ोर से हुकूमत से demand करते थे कि 25 बीघा ज़मीन तक मालिया मुआफ कर दिया जाए। हुकूमत के खिलाफ propaganda करने के लिये दूर दूर के देहातों में जा कर धूआं-धार तकरीरें किया करते थे। जो लोग आज surcharge लगा रहे हैं उन दिनों कहते थे कि 25 बीघा ज़मीन तक मालिया मुआफ कर दिया जाये। उस के ऊपर बिल्कुल कम मालिया हो और अगर बढ़ाना है तो जिन लोगों के पास हज़ारों बीघे ज़मीन है उन का बढ़ाया जाये। इस हाऊस के सिर्फ दो तीन मैम्बर ऐसे हैं जो कि उस वक्त की बहसों को याद कर सकते हैं। इन मैम्बरों ने कितना ज़ोर लगाया था कि 25 बीघा तक मालिया बिल्कुल मुआफ होना चाहिये। जब नहीं हुआ तो देहातों में जाकर कितनी तकरीरें कीं और अखबारों में बड़ी बड़ी सुरखियां दे दे कर मज़मून निकाले। ये लोग वही हैं जो ज़मींदारों के रखवाले बने बैठे थे और आज surcharge लगा रहे हैं। स्पीकर साहिब, उस दौर के बाद वह वक्त आया जब कि खिज़र वज़ारत कायम हुई। उन्होंने भी ऐसी कोई बात नहीं की थी कि बाकायदा तरीके से मालिया बढ़ाया हो। उस दौर के बीत जाने के बाद कांग्रेस के नाम से वज़ारत कायम हुई। उस वज़ारत ने भी मालगुज़ारी नहीं बढ़ाई। उन लोगों

ने आबियाना बढ़ाया था और जनाब को मालूम है कि मेरे दोस्तों ने कैसा तूफान बरपा किया था और कौन सी कसर उठा रखी थी। अब हमारे दोस्तों की वज़ारत का ज़माना है। इन्होंने सोचा कि मालिया तो बढ़ा नहीं सकते क्योंकि Land Revenue के नाम से इतना बड़ा मोटा पोथा बना हुआ है और उस में Land Revenue के बारे में बाल की खाल निकाली हुई है। हालात ऐसे रहे कि बन्दोबस्त न हो सका। पहले War रही, independence आ गई और इस्तमाल का काम आ गया। उस के बाद नहरें निकालनी पड़ीं, भाकड़ा डैम तैयार करना पड़ा इस लिये बन्दोबस्त न हो सका। लेकिन इन्होंने मालगुज़ारी ज़रूर बढ़ानी थी। आप जानते हैं कि कानून के तो बड़े लम्बे चौड़े हाथ पांव होते हैं और काबिल आदमी दिमाग लगा कर काफी मसाला जमा कर लेते हैं। हाई कोर्ट बाद में चाहे कुछ फैसला देती रहे एक बार तो surcharge के नाम से पैसे बढ़ा लो। यह सरकार गैर तो नहीं है, है तो हमारी अपनी ही लेकिन इन्होंने वह वह कारनामें किये हैं जो कि इन सब वज़ारतों में से जो मैं ने गिनवाई हैं किसी ने नहीं किये। हमारे वज़ीर साहिब ने फरमाया था कि पंजाब में 25 लाख आदमी तो ऐसे हैं जो कि अपने आप को ज़मीनों के मालिक कहते हैं और 20 लाख ऐसे हैं जिन को कुछ देना नहीं पड़ता है.......

सिंचाई मंत्री : मैंने कांगड़ा और अमृतसर की figures 20 लाख दीं थीं।

पंडित श्री राम शर्मा : इन का मतलब है कि 20 लाख में से सिर्फ 4 लाख ऐसे लोग हैं जो कि 10 रुपये से ज्यादा मालिया देते हैं और उन को ही यह surcharge देना पड़ेगा। 4 लाख का नाम तो इन्होंने ऐसे ले दिया है कि जैसे $1\frac{1}{4}$ करोड़ की आबादी से दो चार की ही बात है। उस के बाद ज़ोर की तकरीर झाड़ दी कि सिर्फ तीस, चालीस लाख रुपया ले रहे हैं यह कौन सी बड़ी बात है। पहले इन्होंने 5 एकड़ तक की रियायत की शर्त लगाई थी लेकिन बाद में बदल कर 10 रु. की शर्त रख दी है। यह ठीक है कि पहाड़ी इलाकों में जहां पैदावार कम होती है उन को surcharge नहीं देना पड़ेगा। लेकिन मैदानों में जहां ज़मीनें बढ़िया हैं और लोगों को Land Revenue ज़्यादा देना पड़ता है $2\frac{1}{4}$ एकड़ वालों को भी surcharge देना पड़ेगा। अपने बचाव में यह दलील रखी गई है कि हम Bhakra Dam तैयार कर रहे हैं, नहरें बना रहे हैं, हुकूमत पर इतना कर्ज़ा है। क्या वह कर्ज़ा हुकूमत surcharge के ज़रिये उतारना चाहती है? पौने दो अरब रुपये सैण्टर से कर्ज़ा लिया है। बड़ा तीर मारा है इन्होंने कर्ज़ा ले कर! स्पीकर साहिब, इस के बारे में मैं बताना चाहता हूं कि जिस का नाम Dam है, Dam के नाम से तो वहां पर अभी तक कोई ईंट तक नहीं रखी गई, कंकर तक नहीं रखी। Dam अभी तक वजूद में भी नहीं आया। भाखड़ा डैम से यह मतलब था कि एक बड़ा भारी डैम तैयार होगा जिस से सतलुज का पानी रोक कर एक 50 मील लम्बी एक झील तैयार की जाएगी। जब वर्षा के दिनों के बाद लोगों को पानी की कमी होगी तो वह पानी नहरों में छोड़ा जाया करेगा। मेरा विचार है कि ऐसे डैम की तो अभी तक नींव भी नहीं खोदी गई। हां, नहरें ज़रूर खोदी गई हैं और माना जा सकता है कि हिसार और जालन्धर को फायदा हो जाएगा। ये बैठे हैं कि डैम बन रहा है लेकिन डैम के नाम पर अभी सिफर है। सब को मालूम है कि जब वर्षा होती है तो इतना पानी बरसता है कि बाढ़ आ जाती है। लेकिन यहां के दरिया इतने सैलाबी नहीं हैं जितने कि बिहार और आसाम के हैं। वे तो किसी का कहना ही

[पंडित श्री राम शर्मा]

नहीं मानते । यहां तो बांध लगाया जा सकता था । करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और अब तक Dam का नाम-ओ-निशान नहीं है । मैं कहता हूं कि जब नहरें खुद चुकी हैं तो अब डैम रहने ही दो ।

मैं भाखड़ा डैम के नाम को बार बार इस लिये दोहरा रहा हूं क्योंकि इस बिल को लान और इस क्लाज़ को पास कराने के सिलसिले में भी भाखड़ा, के नाम पर ढंडोरा पीटा जा रहा है । वह तो भला हो पंडित जवाहर लाल जी नेहरू का, कि जब यह उन्हें डैम दिखाने के लिये लाए तो उन्होंने भी साफ़ तौर पर बतला दिया कि भाई बातें तो सारी ठीक हैं पर डैम तो अभी बनना भी शुरू नहीं हुआ ।

फिर जनाब स्पीकर साहिब, एक अखबार में निकली पैप्सू के एक डिप्टी मिनिस्टर की statement जिस में उन्होंने फरमाया कि इस भाखड़ा में तीस, पैंतीस करोड़ रुपया का गबन हुआ है । मैं जानता हूं कि वह मिनिस्टर कांग्रेस पार्टी के मैम्बर और काफ़ी देर से कांग्रेस वर्कर रहे हैं जिन को शायद चौधरी साहिब भूल कर भी नहीं जानते होंगे । तभी तो contemptuously कह दिया कि होंगे राड़ेवाला मिनिस्टरी के कोई गये गुज़रे वज़ीर । तभी तो बड़े अन्दाज़ में इन्होंने फरमा दिया कि होंगे कोई छोटे मोटे वज़ीर, हमें तो पता नहीं । मैं कहता हूं कि यह statement पंजाब के ही नहीं बल्कि हिंदुस्तान के अखबारों में भी छपी थी । मगर कितनी अजीब बात है कि अगर यह बात झूठ होती तो यह इस की तरदीद न करते । स्पीकर साहिब, यह बात बिल्कुल सच है और इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पैप्सू के एक डिप्टी मिनिस्टर ने जो इसी कांग्रेस पार्टी का एक मैम्बर है यह कहा कि भाखड़ा में लूट मची हुई है, वहां पर रुपया खाया जाता है और यह कि तीस, पैंतीस करोड़ रुपया का गबन हुआ है । ज़रा सोचिये और मुझे बताइये तो कि उसे ऐसा कहने की नौबत क्यों आई ? बजाए इस पर शर्मिन्दा होने के या इसे contradict करने के उलटे यह कहा जाता है कि अगर बात ऐसी है तो सबूत लाइए । इन्हें उस आदमी का नाम भी याद नहीं कि कौन था और कहते हैं 'होगा कोई राड़ेवाला मिनिस्टरी का गया गुज़रा सा नाम ! फिर देखिये तो इन की दलील कहते हैं कि हमने 69 या 70 या 75 करोड़ रुपया तो सारा लगाया है, इस में से 35 करोड़ रुपया कैसे गबन हो गया ?

चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी : स्पीकर साहिब, कोई time limit भी है कि इतना वक्त कोई hon. Member बोल सकते हैं ।

पंडित श्री राम शर्मा : अब टाइम limit आ गई ? मुझे ही कह दिया होता । मैं बैठ जाता । स्पीकर साहिब तो आज पूरी तौर पर indulgence show कर रहे हैं । उन्होंने सोच लिया है कि जो आदमी सही बातें कहना चाहता हो.....

चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी : सही का नमूना तो आप की तकरीर......

पंडित श्री राम शर्मा : मैं सही नहीं कह रहा तो जनाब स्पीकर साहिब मुझे यों ही बोलने दिये जा रहे हैं ?

अध्यक्ष महोदय : मुझे बीच में मत लाएं । (Please do not bring me in.)

पंडित श्री राम शर्मा : मैं तो आप की तारीफ कर रहा था ।

चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी : On a point of Order, Sir. इसी हाऊस में आप ने यह फैसला किया था कि दस दस मिनट हर आनरेबल मैम्बर साहिब को बोलने के लिये दिये जायेंगे । क्या इस फैसले को revise किया गया है ?

अध्यक्ष महोदय : यह उस फैसले की हद में नहीं आते । (He does not come within the purview of that decision.)

चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी : मेरी अर्ज़ यह है कि चूंकि agenda पर अभी business बहुत है, इस लिये अच्छा होगा अगर अब भी कोई टाइम limit मुकर्रर कर ली जाये ।

अध्यक्ष महोदय : मैं इस बारे में राय लेने के लिये तैयार हूं । (I am prepared to know the desire of the House regarding this point.)

पंडित श्री राम शर्मा : यह ठीक है कि आप ने यह हुकम दिया था कि हरेक मैम्बर दस मिनट तक बोल सकेगा । आज की तमाम कार्यवाही में कितने आनरेबल मैम्बर साहिबान कितनी कितनी देर बोले, यह कहने की ज़रुरत नहीं । आप को पता है कि इस limit पर किस तरह stick किया गया था । तो क्या वह दस मिनट वाली restriction याद आई अब जब कि मैं बोलने लगा हूं? वैसे भी वह तो general discussion पर होता है कि time limit मुकर्रर की जाती है । यह नहीं हो सकता कि हर sitting में दस मिनट से ज़्यादा नहीं बोला जा सकता ।

सो, जनाब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि बड़ी हैरत का इज़हार किया गया है कि जब सारा 60 या 70 करोड़ रुपया का खर्च किया है तो 30 या 35 करोड़ रुपया का ग़बन हो गया ! यह कैसे मुमकिन हो सकता है ? कहते हैं कि यह ग़लत है । मैं कहता हूं कि यह कोई हैरत की बात नहीं । महकमा नहर और P. W .D में तो यह एक मामूल बात है । आप किसी भी काम या किसी भी मामला में देख लें 40 प्रतिशत share के बग़ैर तो किसी बात का ठेका दिया ही नहीं जाता । मैं सारे अफसरों की बात नहीं करता......

अध्यक्ष महोदय : अगर आप इसी तरह general remarks बढ़ाते चले जायें फिर तो इस का कोई end ही नहीं होता । (If the hon. Member continues to make such general remarks then there will be no end to them.)

पंडित श्री राम शर्मा : जनाब मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह सब कुछ relevant है general नहीं । अगर आप इसे irrelevant समझते हैं तो मैं इसे relevant बनाने की कोशिश करूंगा । आखिर यह Surcharge Bill पर शुरू से ले कर आखिर तक भाखड़ा के नाम की दुहाई दे रहे हैं तो फिर इस महकमे को क्यों नहीं बहस में लाया जा सकता है ? इस लिये मैं समझता हूं कि मैं बिल्कुल relevant हूं ।

अध्यक्ष महोदय : फिर भी आप अब wind up करने की कोशिश करें । (Even then please try to wind up.)

पंडित श्री राम शर्मा : वह तो जनाब खुद भी मेरी कोशिश रही है कि ज़रुरत से ज़्यादा न बोला जाये । हां, तो यह जो इन्होंने हैरत का इज़हार किया है मुझे खुद हैरत होती है कि इन के

[पंडित श्री राम शर्मा]

महकमा नहर और P.W.D. के working पर । जहां तक इन दो महकमों का ताल्लुक है आम आदमियों को पता है कि सारे के सारे अफसर--बहुत थोड़ों को छोड़ कर जो वाकई ईमानदार होंगे--सरकारी पैसे को खाते हैं और गबन करते हैं । कुछ एक होंगे ईमानदार, मगर उन की exception होगी । बाकी सब के हिस्से तो एक तरह से बन्धे हुए होते हैं ठेकेदारों के साथ जिन्हें contract दिये जाते हैं । भाखड़ा नहरों के भी तो ठेके दिये गये, भट्टों के ठेके दिये गये । इस तरह की जो अन्दर ही अन्दर deal होती है, उसे कौन नहीं जानता ? दूर जाने की क्या ज़रूरत है ? मिसालें मौजूद हैं । सोनीपत में एक के पास 30,000 रुपये के नोट पकड़े गये । वह भाखड़ा डैम के ऊपर एक ठेकेदार ही था । एक और ठेकेदार, सोनीपत के एक गांव का था, जिस का मैं नाम नहीं लेता--उस ने एक लाख रुपया गवर्नमैण्ट को कर्ज़ा दिया । उस के पास आमदनी का और कोई ज़रिया नहीं सिवाए इस के कि वह भाखड़ा पर ठेकेदार था ।

एक आवाज़ : बैंक की मार्फत दिये होंगे ।

पंडित श्री राम शर्मा : मैं यह कहता हूं कि यह कोई हैरत की बात नहीं कि गवर्नमैण्ट के 60 या 70 करोड़ रुपये में से 30 या 35 करोड़ रुपया खुर्दबुर्द हो जाए । इतना होने पर भी कोई गिरफ़्तारी नहीं की जाती, कोई पुलिस कार्यवाही नहीं की जाती । मैं कहता हूं कि भाखड़ा डैम जिस मकसद के लिये बनाया जा रहा है उस की जितनी तारीफ की जाए कम है । मगर मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि अगर्चि उस के अन्दर इतनी लूट खसूट हो रही है, उस से इन मिनिस्टर साहिबान को रत्ती भर भी तकलीफ नहीं हो रही । मैं आप के ज़रिये इन से पूछता हूं कि क्या यह अपने सूबे के finance के custodian नहीं ? क्या आप सरकारी पैसे पर नज़र नहीं रख सकते ? क्या आप यह नहीं देख सकते कि रुपया सही तरीका से इस्तेमाल हो रहा है ?

फिर जनाब, इस बिल में क्या है ? बताया है कि जो 10 रुपये से ले कर 30 रुपये तक मालगुज़ारी देता हो उस पर 25 प्रतिशत और जो 30 या इस से ज़्यादा रुपये देता हो उस पर 40 प्रतिशत surcharge लगाया जायेगा । वह एकड़ों का सिलसिला भी छोड़ दिया और gradation पर आ गए । पर यह gradation भी क्या की है ? दस से लेकर 30 तक और तीस से लेकर आसमान तक ले गए हैं । यहां पर कोई बहुत भारी जमींदारियां तो हैं नहीं जैसे उत्तर प्रदेश और बिहार में हैं । अगर वैसी ही जमींदारियां हों तो मैं कहता हूं कि आप बेशक जितना चाहें टैक्स लगाएं । मुझे ऐसे बड़े बड़े सरमायादारों से कोई हमदर्दी नहीं । लेकिन यह क्या इन्साफ और fairplay है कि 10, 11 या 12 रुपया मालगुजारी देने वालों को सरमायादारों में गिन लिया जाये ? जब इन की ऐसी हरकात पर एतराज़ किया जाए तो फिर इन्हें तकलीफ होती है--हैरत होती है ! इस लिये मैं पूछता हूं कि क्या 10 रुपये चार आने मालगुज़ारी देने वाला सरमायादार कहलाएगा ? शुरु में तो यों कहा करते थे कि 25 रुपये तक मालगुज़ारी देने वाले से एक पैसा भी टैक्स नहीं लिया जाना चाहिये । आज भी West Bengal में जहां कांग्रेस पार्टी की ही हुकूमत है 10 बीघे ज़मीन वाले मालिक से कोई मालगुजारी नहीं ली जाती । मगर 10 रुपये मालज़ारी वालों को छोड़ कर इस अन्दाज़ से बातें करते हैं गोया उन से मालगुज़ारी लेना भी मुआफ कर दिया हो ।

आज की बहस में उठाई गई तमाम बातों का मैंने एक एक करके जवाब दे दिया है । इस लिये अगर अब भी गवर्नमेंट को इस बात का मुगालता हो कि ज़मींदार इस के इस Act पर खुश हैं तो मैं अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि वह एक बड़े भारी भ्रम में पड़ी हुई है। अगर आप का यह विश्वास सत्य है तो जब आप बाहर जाते हैं तो आप का प्रेम और उत्साह के साथ स्वागत क्यों नहीं होता ? हां, आप का स्वागत होता है ज़रूर पर काली झंडियों से । जहां तक स्वागत का सम्बन्ध है मिनिस्टर साहिब रोहतक से तशरीफ ले जा रहे हैं तो घंटों सड़क पर आमदोरफ़त बन्द कर दी जाती है । लन्दन में चर्चिल और Queen आम आमदोरफ़त में फिर सकते हैं । उन को देखने के लिये—उन के दर्शन करने के लिये—लोग queue में खड़े हो सकते हैं पर यहां का तो सिस्टम ही निराला है ।

अध्यक्ष महोदय : क्या यह सब कुछ Surcharge वाले बिल से relevant है ? (Is this all relevant to the Land Revenue (Surcharge) Bill?)

पंडित श्री राम शर्मा : जनाब, मेरे कहने का मतलब यह है कि इन के आने पर एक घंटा नहीं बल्कि घंटों पहले रास्ते बन्द हो जाते हैं क्योंकि यह जनता के नुमाइंदे जो ठहरे ! फिर जनता के साथ इन की हमदर्दी के भी कुछ नमूने देखिये । इन के सामने फरियाद आती है—एक हरिजन लड़की की लाश इन के सामने रखी जाती है और कहा जाता है कि ज़रा मुलाहिज़ा तो फरमाइए अपनी पुलिस के कारनामों का ! मगर अफसोस !! कोई कार्यवाही नहीं की जाती, कोई magisterial enquiry नहीं की जाती । अगर ऐसा हुआ हो—अगर आप समझते हों कि मैं गलत कह रहा हूं तो एक आध केस का ही नाम लेकर बता दीजिये जहां पर आपने उन के कहने पर कोई action लिया हो ?

स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि हमारी गवर्नमेंट उन ज़मींदारों से जो कि दस रुपया से ज्यादा मालगुज़ारी देते हैं, यह surcharge लेने तक ही चुप नहीं रहेगी, उन से कर्ज़े लेगी, उन पर और tax लगा देगी । यही surcharge बढ़ा देगी । मैं आप को बताता हूं कि किस तरह $3\frac{3}{4}$ लाख रुपया कर्ज़े का नाम ले कर उन लोगों से ज़िला रोहतक में official pressure डाल कर वसूल किया गया है और यह ज़्यादा तर consolidation staff ने लोगों पर ज़ोर डाल कर वसूल किया है । और फिर उन से यह रुपया Punjab National Bank में जमा करवा कर और उन से Bonds लिखवा कर सवा दो करोड़ रुपया National Plan Loan में दिया गया दिखाया गया है । यही वजह है कि ज़िला रोहतक ने सारे पंजाब के बाकी सब ज़िलों में से सब से ज्यादा कौमी कर्ज़े के लिये contribute किया है और इसी तरह तहसील सोनीपत रोहतक की बाकी तहसीलों में first रही है । मैं समझता हूं कि इन्होंने उन गरीबों से जबरदस्ती कर्जे लेकर उन पर डाके डाले हैं । मैं ने इस सिलसिले में श्री देशमुख जी को एक चिट्ठी लिखी थी ।

अध्यक्ष महोदय : आप कई कई irrelevant बातें कह कर हाऊस का ज्यादा time ले रहे हैं । (The hon. Member is taking much of the time of the House by referring to irrelevant things.)

पंडित श्री राम शर्मा : मैं ने तो यह कहा है कि यह उन जमींदारों से यही surcharge ले कर ही बस नहीं करेंगे । उन से कर्ज़ लेंगे । फिर यह उन से किसी ऐसी factory के share लेने को कहेंगे जो बाद में चाहे दिवालिया ही हो जाए । मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि अगर यह ऐसी ही चीजें करते रहे तो इन का East Bengal की तरह ही हशर होगा और इन का मुंह उसी तरह काला होगा ।

चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी : On a point of personal explanation, Sir, यह जो पंडित जी ने गलत बयानियों का पलन्दा हाऊस के सामने रखा है मैं उस बारे में ....

पंडित श्री राम शर्मा : On a point of Order, Sir. यह क्या उन का point of personal explanation हुआ कि जो मैं ने गलत बयानियों का पलन्दा रखा है उस पर..

चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी : पंडित जी ने अपनी स्पीच के दौरान में कहा है कि देहाती इलाके की by-election में पंजाब में कांग्रेस पार्टी ने दो-तिहाई सीटें हारी हैं तो मैं इस बारे में.........

पंडित श्री राम शर्मा : On a point of order, Sir. यह क्या personal explanation हुआ ? जहां तक मैं समझता हूं कि अगर किसी आदमी के बारे में कुछ कहा गया हो तो इस बारे में personal explanation देना जायज़ बात है; लेकिन अगर किसी ने किसी और चीज़ के बारे में कोई दलील दी हो तो उस के जवाब में क्या personal explanation दी जा सकती है ?

Mr. Speaker : Order, order.

चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी : यह पंडित जी का दखल दर माकूलात है । मैं ने अर्ज़ किया है कि मुझे बोलने का मौका दिया जाये ताकि मैं बता सकूं कि हमारी पार्टी के बारे में पंडित जी ने कहां तक गलत बयानी से काम लिया है ।

अध्यक्ष महोदय : इस शकल में तो ठीक है । आप explanation दे सकते हैं । (It is right in this form. You can give an explanation.)

चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी : स्पीकर साहिब, जो by-election, पंजाब में हुई हैं मैं उन की सही position हाऊस के सामने रख देता हूं । यह बात मैम्बर साहिबान देख लेंगे कि आया मेरी तरफ से गलत बयानियां की गई हैं और दखल दर माकूलात किया गया है या पंडित जी की तरफ से ।

पहली by-election ज़िला कांगड़ा के देहाती हलक की हुई थी जो हम ने जीती थी । दूसरी, जनाबेवाला, गुरदासपुर ज़िला की हुई थी । यह election भी देहाती हलका की थी और वह भी हम ने जीती थी । तीसरी सीट अमृतसर के शहरी हलके की हम ने जीती थी । फिर नकोदर की देहाती सीट हम ने हारी थी । इस के बाद गुड़गांव ज़िले की by-election भी कांग्रेस ने जीती थी । इस के बाद डबवाली, ज़िला हिसार की सीट भी कांग्रेस ने जीती थी । फिर एक double seat मोगे की कांग्रेस ने हारी थी । इस के बाद खुइयां सर्वर की सीट हमने जीती थी । फिर रोपड़ की double seat में से एक कांग्रेस ने जीती थी और एक हारी थी । फिर Upper House की एक सीट की by-election जो हुई थी वह भी कांग्रेस ने जीती थी ।

इस के अलावा कांग्रेस ने Parliament की सीट भी जीती है जिस में सात देहाती हलके हैं। अगर यह दो-तिहाई हैं तो खुदा बचाये इन से।

Mr. Speaker : There was no occasion for counting these successes and defeats. I have given him an opportunity to explain the position. However, I will not allow such irrelevancies in future.

Chief Minister : Sir, may I request that both sides of the House be warned that in future no such irrelevancies be indulged in ?

अध्यक्ष महोदय : मैं सिंचाई मंत्री से भी कहूंगा कि आप ऐसे लफ़्ज़ इस्तेमाल न किया करें जो खामखाह तलखी पैदा करने वाले हो (I would also request the Minister for Irrigation not to use any such words which may generate unnecessary heat.)

सिंचाई मंत्री : यह तो इन्होंने कहा था कि यहां भी East Bengal जैसा हश्र होगा और इसी पार्टी का मुंह काला होगा मगर अब तो यह ज़ाहिर है कि अभी तो मुंह इन का काला हुआ है।

पंडित श्री राम शर्मा : क्या आप इस बेहूदा बकवास को रोक नहीं सकते।

सिंचाई मंत्री : बकवास आप करते हैं।

अध्यक्ष महोदय : आप यह लफ़्ज़ वापस लें। (Please withdraw these words).

पंडित श्री राम शर्मा : मैं यह लफ़्ज़ वापस लेता हूं लेकिन जो लफ़्ज़ मिनिस्टर साहिब ने इस्तेमाल किये हैं वह रहने दिए जायें और इन्हें वापस लेने को न कहा जाए क्योंकि वह मिनिस्टर हैं।

सिंचाई मंत्री : मैं अपने लफ़्ज़ वापस लेता हूं।

Chief Parliamentary Secretary (Shri Prabodh Chandra) : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Speaker : Question is—

That the question be now put.

After ascertaining the votes of the House by voices, Mr. Speaker said "I think the Ayes have it". This opinion was challenged. The bells were then rung. The Speaker again ascertained the votes by voices and declared that the opinion was unnecessarily challenged.

The motion was declared carried

Mr. Speaker : Question is—

In sub-section (1) lines 6—10,—

for "five acres........................more than thirty acres" *substitute* "twenty acres shall be liable to pay a surcharge on land revenue to the extent of one-quarter of the land revenue if his total holding does not exceed forty acres, and equal to land revenue where such holding is fifty acres but does not exceed hundred acres and double the land revenue where such holding is more than hundred acres."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

For the existing sub-clause (1), and the explanation thereunder, *substitute*—

"(1) With effect from the Rabi harvest of the agricultural year 1953-54, and notwithstanding anything to the contrary contained in the Punjab Land Revenue Act, 1887 (Act XVII of 1887) every land owner who pays land revenue in the State of Punjab, in excess of ten rupees shall be liable to pay a surcharge thereon to the extent of one quarter of the land revenue if the amount payable by him as land revenue does not exceed thirty rupees, and two-fifths of the land revenue where the amount payable by him exceeds thirty rupees."

After ascertaining the votes of the House by voices, Mr. Speaker said "I think the Ayes have it." This opinion was challenged. The bells were then rung. The Speaker again ascertained the votes by voice and declared that the opinion was unnecessarily challenged.

The motion was declared carried.

Mr. Speaker : Question is—

For the existing sub-clause (3) *substitute*—

"(3) A landowner, liable to pay the surcharge whose land is situated within the jurisdiction of more than one Patwari, and who has not, before the commencement of this Act, given such information, shall within thirty days from the commencement thereof, give written information of the details of the total land revenue payable by him to the Patwari of every revenue estate in which any part of such holding is situate and shall also submit a copy thereof to the Tahsildar having jurisdiction."

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 2, as amended, stand part of the Bill.

After ascertaining the votes of the House by the voices, Mr. Speaker said "I think the Ayes have it." This opinion was challenged. The bells were then rung. The Speaker again ascertained the votes by voices and declared that the opinion was unnecessarily challenged.

The motion was declared carried.

CLAUSE 3

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

SUB-CLAUSE (1) *of Clause 1*

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clause (1) of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Speaker : Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Minister for Irrigation and Power (Chaudhri Lahri Singh) : Sir, I beg to move—

That the Punjab Land Revenue (Surcharge) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Land Revenue (Surcharge) Bill, as amended, be passed.

Please be relevant and try to avoid repetition.

ਸਰਦਾਰ ਹਰਕਿਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਸੁਰਜੀਤ (ਨਕੋਦਰ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੇਰਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਤਾਂ ਪਹਿਲਾਂ ਭੀ ਕੋਈ ਮੌਕਾ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ repetition ਕਰਨ ਦਾ ਇਰਾਦਾ ਹੈ । ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ ਇਸ ਬਿਲ ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ਖਿਆਲ ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਮੇਰੇ ਸਾਮ੍ਹਣੇ ਬੈਠੇ ਦੋਸਤ ਕਿਸਾਨ ਦਾ ਕੁਝ ਲਿਹਾਜ਼ ਕਰਨਗੇ ਅਤੇ ਚੰਗੇ ਪਾਸੇ ਚਲਣਗੇ । ਇਸ ਲਈ ਅਸੀਂ ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਭੀ ਰੱਖੀਆਂ ਅਤੇ ਕਿਹਾ ਭੀ ਕਿ ਕਿਸਾਨ ਦਾ ਕੁਝ ਲਿਹਾਜ਼ ਕਰ ਲਉ ਮਗਰ ਇਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਸ ਬਿਲ ਵਿਚ ਇਸ ਤਰਮੀਮ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਨਿਕਲਿਆ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਬੈਂਚਾਂ ਤੇ ਜੋ ਸੱਜਨ ਬੈਠੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸ਼ਾਇਦ ਇਹ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲੱਗਾ ਕਿ ਇਹ ਬਿਲ ਪਹਿਲਾਂ ਨਾਲੋਂ ਭੀ ਬੁਰਾ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਖਾਸਕਰ ਬਾਅਜ਼ ਇਲਾਕਿਆਂ ਲਈ ਪਹਿਲਾਂ ਇਸ ਵਿਚ ਹਿਸਾਬ ਸੀ ਏਕੜਾਂ ਨਾਲ ਪਰ ਹੁਣ ਇਸ ਵਿਚ revenue ਨੂੰ basis ਬਣਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ । ਪਤਾ ਹੈ ਛੋਟ ਦੀ ਹੱਦ ਵਿਚ ਕਿਤਨੀ ਕਮੀ ਕਰ ਦਿਤੀ ਹੈ? Revenue ਨੂੰ basis ਬਣਾਕੇ 10 ਰੁਪਏ ਮਾਲੀਏ ਤਕ ਮਾਫ਼ੀ ਰਖੀ ਹੈ ਜਦ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ 5 ਏਕੜ ਸੀ । ਇਸ ਦਾ ਅਸਰ ਗ਼ਰੀਬ ਕਿਸਾਨ ਤੇ ਉਲਟਾ ਹੋਵੇਗਾ । ਸਾਡੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਪਹਿਲਾਂ ਦੀ clause ਮੁਤਾਬਕ 25 ਰੁਪਏ ਮਾਲੀਏ ਤੱਕ ਬਰੀ ਸੀ ਮਗਰ ਹੁਣ 10 ਰੁਪਏ ਤੱਕ ਮਾਲੀਏ ਵਾਲੇ ਨੂੰ ਬਰੀ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਕਿਉਂਕਿ ਸਾਡੇ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ 5 ਰੁਪਏ ਫੀ ਏਕੜ ਮਾਲੀਆ ਹੈ । ਸੋ ਪਹਿਲਾਂ 5 ਏਕੜ ਵਾਲਾ ਬਰੀ ਸੀ ਉਸ ਦਾ ਮਤਲਬ ਸੀ ਕਿ 25 ਰੁਪਏ ਮਾਲੀਏ ਤਕ ਛੋਟ ਸੀ ਪਰ ਹੁਣ ਉਹ 2 ਏਕੜ ਤਕ ਲਿਆ ਕੇ ਸਿਰਫ 10 ਰੁਪਏ ਮਾਲੀਏ ਵਾਲੇ ਨੂੰ ਛੋਟ ਹੋਵੇਗੀ ਉਸ ਤੋਂ ਉਪਰ ਨਹੀਂ । ਸੋ ਹੁਣ ਅਸੀਂ, ਜਾਲੰਧਰ ਅਤੇ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦੇ M. L. As. ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਵਾਪਸ, ਜਾਵਾਂਗੇ ਇਹ ਸਨੇਹਾ ਲੈਕੇ ਜਾਵਾਂਗੇ ਕਿ ਤੁਹਾਡੇ ਲਈ ਇਹ ਭੱਤਾ ਲਿਆਏ ਹਾਂ ਕਿ ਹੁਣ ਇਹ ਟੈਕਸ 2 ਤੋਂ 5 ਏਕੜ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਭੀ ਅਦਾ ਕਰਨਾ ਪਵੇਗਾ। ਇਹ ਹੈ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਗਰੀਬਾਂ ਨਾਲ ਹਮਦਰਦੀ ਜੋ ਇਸ ਨੇ ਇਹ amendment ਕਰਕੇ ਜ਼ਾਹਰ ਕੀਤੀ ਹੈ । ਅਸੀਂ ਇਸ ਲਈ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਅਖੀਰਲਾ ਮੌਕਾ ਹੈ ; ਸੋਚ ਲਉ । ਕੋਈ ਲੰਮੇ ਚੌੜੇ ਨੁਕਤੇ ਸੋਚਣ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਨਹੀਂ । ਨਹੀਂ ਤੇ ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਆਖਾਂਗੇ ਕਿ ਅਸੀਂ ਤੇ ਬੜਾ ਸਮਝਾਇਆ ਪਰ ਸਾਡੀ ਕਿਸੇ ਨਹੀਂ ਸੁਣੀ। ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਨਾਲ ਆਪ ਦਾ ਜਿਹੜਾ ਥੋੜਾ ਬਹੁਤ ਇਤਬਾਰ ਹੈ ਉਹ ਭੀ ਨਹੀਂ ਰਹੇਗਾ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਆਪ ਧਕਾ ਨਾ ਕਰੋ, ਜ਼ਿੱਦ ਨਾ ਕਰੋ ਅਤੇ ਇਹ ਜੋ ਜਾਲੰਧਰ ਅਤੇ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦੇ ਗ਼ਰੀਬ ਕਿਸਾਨਾਂ ਤੇ ਇਸ ਤਰਮੀਮ ਨਾਲ ਭਾਰ ਪਾ ਰਹੇ ਹੋ ਇਹ ਨਾ ਪਾਉ ਅਤੇ ਇਸ ਬਿਲ ਨੂੰ Ordinance ਨਾਲੋਂ ਵੀ ਬੁਰਾ ਨਾ ਬਣਾਉ । ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਕਰ ਇਹ ਗੱਲ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਬਿਲ ਹੋਰ ਭੀ ਬੁਰਾ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ, ਇਸ ਤਰਮੀਮ ਕਰਕੇ, ਤਾਂ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਛੋਟੇ ਮਾਲਕਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਤੋਂ ਬਰੀ ਕਰ ਦਿਉ ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਅਜੇ ਵੀ ਜ਼ਿੱਦ ਨਾ ਕਰਨ ਅਤੇ ਇਹ ਤਰਮੀਮ ਲਿਆ ਕੇ ਇਸ ਨੂੰ ਹੋਰ ਭੈੜਾ ਨਾ ਬਣਾ ਦੇਣ । ਦੇਖਣਾ ਇਹ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ] ਨੂੰ ਲਾਗੂ ਕਿਵੇਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ । ਮੈਂ ਕੀ ਸਲਾਹ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਪਰ

[ਸਰਦਾਰ ਹਰਕਿਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਸੁਰਜੀਤ]

ਜੇਕਰ ਮੰਨਣ ਤਾਂ ਮੇਰੀ ਇਹੋ ਸਲਾਹ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਨਾਲ ਕਈ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਤਰਮੀਮ ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਵੋ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਸੀਂ ਵੀ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਦੇ ਚੰਗੇ ਲੱਗੀਏ ਤੇ ਤੁਸੀਂ ਵੀ । ਮੇਰਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਗੌਰ ਕਰੇਗੀ ।

श्री समर सिंह (घरोंडा) : अध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा अपनी सरकार से कुछ प्रार्थना करना चाहता हूं । एक तो यह है कि इस सरकार द्वारा ज़मीदारों के साथ बेइन्साफी हुई है पिछले 40 साल से करनाल के ज़िले के अन्दर हालात बिगड़ रहे हैं । यह इलाका water logging का इलाका है । इस इलाके वालों ने कई दरखास्तें की कि इन का मालिया मुआफ करो परन्तु इन की दरखास्तों पर कोई विचार नहीं किया गया और जवाब यह दे दिया गया कि आप का मालिया अगली settlement में मुआफ करेंगे । यह हालत हमारे ज़िला की है । हम चाहते थे, कि इस इलाका की ज़मीन खराब है इस लिये इस की तरक्की हो लेकिन यहां वह कहते रहे कि आप का मामला अगली settlement में मुआफ करेंगे और अब surcharge ले आएं । यह तो वही बात है कि "गए थे नमाज़ बखशवाने रोज़े गले पड़ गये ।" हम तो इस इन्तज़ार में थे कि हमारी दरखास्त पर गौर होगा, टैक्स मुआफ होगा परन्तु अचानक surcharge का बिल ले आए । आप को करनाल के ज़िले में ऐसे ज़मींदार भी मिलेंगे जिन की ज़मीन का 3 प्रतिशत भी ज़मींदारी के लायक नहीं लेकिन कुछ ऐसी है जो 10 प्रतिशत अच्छी है या 25 प्रतिशत है । अब इन सब के साथ बेइन्साफी होगी अगर इस बिल को लागू करते वक्त इस ज़मीन की किस्म का ध्यान न रखा जाये । इस लिये मुझे आशा है कि इस टैक्स के लागू करते समय इन ज़मीनों की किस्म का ख्याल रखा जाएगा ।

ਸਰਦਾਰ ਸਰੂਪ ਸਿੰਘ (ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਸ਼ਹਿਰ ਪੂਰਬੀ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਿਸ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਦਾ record ਇਹ ਹੋਵੇ ਕਿ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਲ ਵਿਚ 253 ਦਿਨ ਹੈਡਕੁਆਟਰ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਰਹਿਣ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸੋਂ ਅਜਿਹੇ ਬਿਲ ਦੀ ਆਸ ਨਾ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਹੋਰ ਕੀ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ । ਪਹਿਲਾਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਸੂਬੇ ਦੀ ਸਾਰੀ tax structure ਦੀ ਦੇਖ ਭਾਲ ਸੈਂਟਰ ਕਰੇਗਾ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਉਥੇ ਕਹੇਗੀ ਕਿ ਸੂਬੇ ਤੇ ਹੋਰ ਟੈਕਸ ਲਗਾਉਣਾ ਚੰਗਾ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਇਹ ਲਫ਼ਜ਼ ਕਿ ਅਸੀਂ ਕਹਾਂਗੇ ਕਿ ਸੂਬੇ ਤੇ ਹੋਰ ਟੈਕਸ ਨਾ ਲਾਇਆ ਜਾਵੇ ਸਾਡੇ ਕਨਾਂ ਵਿਚ ਅਜੇ ਤੱਕ ਗੂੰਜ ਰਹੇ ਹਨ । ਪਰ ਜਦੋਂ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦਾ ਸੈਸ਼ਨ ਹੋਇਆ ਤਾਂ ਤਿੰਨ ਚਾਰ ਦਿਨਾਂ ਬਾਦ ਹੀ ਨੱਸ ਭਜ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਗਈ । ਸੈਸ਼ਨ ਖਤਮ ਹੋ ਗਿਆ । ਅਜੇ ਅਸੀਂ ਘਰਾਂ ਨੂੰ ਪਹੁੰਚੇ ਹੀ ਸਾਂ ਕਿ 10 ਦਿਨ ਬਾਦ ਇਹ Ordinance ਲਾਗੂ ਕਰਕੇ ਭੇਜ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਕਿ surcharge revenue ਤੇ ਲਗਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਪਰ ਹੁਣ ਜਦੋਂ ਅਸੀਂ ਇਸ ਤੇ amendment ਨੂੰ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ amendment ਨਾਲ ਉਸ ਮਸ਼ਵਰੇ ਦੇ basis ਨੂੰ ਹੀ ਤਰਕ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ । ਇਸ amendment ਰਾਹੀਂ ਤਾਂ ਇਸ ਬਿਲ ਲਈ ਨਵੀਂ basis ਤਿਆਰ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਤੋਂ ਜ਼ਾਹਰ ਹੈ ਕਿ ਹਕੂਮਤ ਸੋਚ ਵਿਚਾਰ ਕੇ ਕਦਮ ਨਹੀਂ ਚੁਕਦੀ । ਇਹ ਹਰ ਵਕਤ powers ਨੂੰ misuse ਕਰਦੀ ਹੈ । ਹਕੂਮਤ ਦੇ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਤਰੀਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸ਼ਾਨ ਦੇ ਸ਼ਾਇਆਂ ਨਹੀਂ । ਸਪੀਕਰ

ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Land Revenue ਦਾ criterion ਹੈ produce. Land Revenue ਦਾ ਸੰਬੰਧ produce ਦੇ share ਨਾਲ ਹੈ । ਇਸ Land Revenue ਨੂੰ produce ਦੇ share ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਲੈਣ ਤੋਂ ਛੁਟ ਹੋਰ ਕਿਸੇ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਲੈਣਾ ਗੈਰ ਕਾਨੂੰਨੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਟੈਕਸ ਠਹਿਰ ਨਹੀਂ ਸਕਦਾ । ਫਿਰ ਹੁਣ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਦਰਜਾ ਬਦਰਜਾ ਇਸ ਟੈਕਸ ਨੂੰ ਵਧਾਉਣਾ illegal ਹੈ ਅਤੇ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ nullify ਹੋ ਜਾਵੇ । ਇਸ ਲਈ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਸੋਚ ਵਿਚਾਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ legislation ਨੂੰ rush through ਕਰਨ ਦਾ ਤਰੀਕਾ unfortunate ਹੈ । ਮੈਂ ਤਾਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਕਈ ਤਕਰੀਰਾਂ ਹੋਈਆਂ ਪਰ ਕਿਸੇ ਨੇ ਵੀ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਬੈਂਚਾਂ ਤੋਂ ਇਹ ਦਸਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਕਿ cost of living ਕਿਤਨੀ ਵਧ ਗਈ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸ਼ਾਇਦ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ index 400 ਫੀ ਸਦੀ ਵਧ ਗਿਆ ਹੈ । ਅਤੇ ਹੁਣ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਫਿਰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਲੋਕ ਖੁਸ਼ਹਾਲ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ ਪਰ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਸ ਸਭ ਦਾ net result ਉਹੀ ਹੈ ਜੋ ਉਸ ਸਮੇਂ ਸੀ ਜਦੋਂ ਕਣਕ 2 ਰੁਪਏ ਮਣ ਸੀ ।

ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਸਾਨਾਂ ਬਾਰੇ ਬੜਾ ਕੁਝ ਕਿਹਾ ਹੈ । ਭਾਖੜਾ ਨੰਗਲ ਦੇ ਕਿੱਸੇ ਦੱਸੇ ਹਨ । ਇਹ ਵੀ ਦਸਿਆ ਹੈ ਕਿ ਬਿਜਲੀ ਕਿੱਥੇ ਕਿੱਥੇ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਨਹਿਰਾਂ ਕਿਥੇ ਕਿਥੇ ਦੇ ਰਹੇ ਹਾਂ ਅਤੇ ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਤੇ ਬਹੁਤ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ । ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਇਹ ਸਾਰਾ ਖਰਚ ਤਾਂ Capital Account ਤੋਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ, Revenue Account ਤੋਂ ਨਹੀਂ । ਫਿਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ 59 ਕਰੋੜ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਪਰ ਇਹ Capital Account ਵਿਚੋਂ ਖਰਚ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਇਹ ਟੈਕਸ ਜੋ ਲਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਹ Revenue Account ਵਿਚ ਜਾਣਾ ਹੈ ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਨਹੀਂ ਦੱਸਿਆ ਕਿ Revenue Account ਤੇ ਜੋ ਰੁਪਿਆ ਜਾਣਾ ਹੈ ਉਹ ਕਿਸਾਨਾਂ ਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ । ਫਿਰ ਨਹਿਰਾਂ ਤੇ ਬਿਜਲੀ ਦੇਣ ਲਈ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ loans ਲਏ ਗਏ ਹਨ, Betterment Fee ਲਗਾਈ ਹੈ । ਉਸ ਤੋਂ ਮਾਕੂਲ ਆਮਦਨੀ ਹੋਣੀ ਹੈ । ਪਰ ਅਜੇ ਤੱਕ ਜ਼ਮੀਨ ਦੀ revaluation ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਸਰਚਾਰਜ ਦੀ ਕੋਈ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਇਹ ਟੈਕਸ illegal ਹੈ ।

श्री धर्म वीर वासिष्ठ (हसनपुर) : अध्यक्ष महोदय, मुझे आज आधी रात से बाद की की हुई स्पीचें सुनने का मौका मिला है और मालूम यह हुआ कि Opposition आधी रात को गरजती है । कोई साहिब गुड़गांव के बारे में गरज रहे थे कि इसका बन्दोबस्त नहीं हुआ और अगर वहां पर arbitrary surcharge लगाया जायेगा तो अच्छा न होगा । और फिर कहा गया कि इस के बन्दोबस्त पर पौने चार लाख रुपया खर्च हो गया ! मुझे इन सब बातों को सुन कर अचंभा हुआ । अचम्भा तो यह है कि मेरे एक गुड़गांव के साथी भी उठ खड़े हुए और कहने लगे कि वहां हस्पताल नहीं ....

श्री बाबू दयाल : मैंने कहा था मिट्टी डलवाई है (हंसी) ।

श्री धर्म वीर वासिष्ठ : मैं और वह इकट्ठे रहे हैं। हम ने मिल कर काम किया है और अपने ज़िले के कामों के बारे में वज़ीरों के पीछे भागते रहे हैं। अब वह इस बात को भूल गये हैं।

खैर, जहां तक रोहतक का ताल्लुक है वह तो बंगाला है। यह लोग मिल के चलें तो एक वज़ीर मिल जाता है और अगर लड़ पड़ें तो दो वज़ीर हो जाते हैं। आज की सारी बहस को देख लीजिये। खाह 4 करोड़ की स्कीम हो, चाहे भाखड़ा डैम का ज़िक्र हो और चाहे पहले वज़ीर और मौजूदा वज़ीर में दो दो हाथ हों हर हालत में ज़िक्र रोहतक ही का रहा।

अब इस surcharge के बारे में हमें देखना यह है कि वह पैसा लगता कहां है। एक साहिब ने Revenue Account और Capital Account का सवाल उठाया है। उन्होंने यह नहीं समझा कि एक से बचा कर दूसरे पर लगा दिया जाए तो भी कोई फ़र्क नहीं पड़ता क्योंकि हर हालत में लोगों पर ही खर्च होता है।

Development Fund के बारे में अर्ज़ है कि partition से पहले भी एक Development Fund होता था। उस में काफी लूट मचती रही। यह Development Fund कैसे बनता था? बहुत से लोग जो राय साहिब और खां साहिब बनने के ख़ाहिशमन्द होते थे उनसे दस २ बीस २ हज़ार रुपया ले लेते थे। फिर दूसरा तरीका यह था कि.....

अध्यक्ष महोदय : मगर इन सब बातों का यहां क्या ताल्लुक है? (But how is all this relevant here?)

श्री धर्म वीर वासिष्ठ : बहुत अच्छा, मैं इस बात को यहीं छोड़ देता हूं। Surcharge के बारे में अर्ज़ है कि फ़ायदों के मुकाबिले में यह मामूली चीज़ है। मुझे याद है कि जब हम लाहौर जाया करते थे तो सिर के बाल गर्द से भर जाया करते थे और बुरा हाल होता था। और अब दिल्ली जाते हैं तो हर तरफ बिजली के तार, नहरें, और सरसब्ज़ इलाका पाया जाता है। Community Projects वग़ैरा की वजह से अब वह पहला सा हाल नहीं रहा। इस वास्ते मैं कहता हूं कि एक साहिब ने तो Surcharge को "सर का चार्ज" बताया है लेकिन मैं इसे "जनता का सुरचार्ज" कहूंगा। इस लिये मेरा ख्याल है कि यह जल्दी से जल्दी होना चाहिये। हमारे हां गुड़गांव में तो यह पहले ही मौजूद है। जब हम इसे बरदाश्त कर रहे हैं तो आप भी कर लें।

Shri Mool Chand Jain : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Speaker : Question is—

That the question be now put.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Land Revenue (Surcharge) Bill, as amended, be passed.

After ascertaining the votes of the House by voices, Mr. Speaker said "I think the Ayes have it". This opinion was challenged and division was claimed. Mr. Speaker after calling upon those Members who challenged the decision and supported the claim or a division, to rise in their places declared that the division was unnecessarily claimed.

The motion was declared carried.

THE PUNJAB PREVENTION OF EJECTMENT BILL, 1954

Chief Minister (Shri Bhim Sen Sachar) : Sir, I beg to introduce the Punjab Prevention of Ejectment Bill.

Chief Minister : Sir, with your permission, instead of moving the motion that the Punjab Prevention of Ejectment Bill be taken into consideration at once, I will move the following motion—

That the Punjab Prevention of Ejectment Bill be referred to a Select Committee consisting of—

(1) The Mover.

(2) Sardar Partap Singh Kairon, Minister for Development.

(3) Chaudhri Lahri Singh, Minister for Irrigation.

(4) Shri Devi Lal, M.L.A.

(5) Sardar Mohan Singh, M.L.A.

(6) Shri Mool Chand Jain, M.L.A.

(7) Shri Chand Ram Ahlawat, M.L.A.

(8) Shrimati Dr. Parkash Kaur, M.L.A.

(9) Sardar Ajmer Singh, M.L.A.

(10) Comrade Ram Kishan, M.L.A.

(11) Shri Daulat Ram Sharma, M.L.A.

(12) Sardar Partap Singh Rai, M.L.A.

(13) Sardar Harkishan Singh Surjit, M.L.A.

(14) Chaudhri Sri Chand, M.L.A.

(15) Thakur Mehar Singh, M.L.A.,

with a direction to report to the House by the 15th of December, 1954.

स्पीकर साहिब, मैं थोड़े वक्त के लिये House की तवज्जुह चाहता हूं । यह बिल एक बड़ा ज़रूरी बिल है । यह अहमियत वाला बिल है । इस House को याद होगा कि जब हमने Security of Land Tenure वाला Act पास किया था उस वक्त यह ख्याल ज़ाहिर किया गया था कि जो ज़मीन के मालिक हैं और जिन लोगों की ज़मीनों को लोग बतौर मुज़ारों के काश्त करते हैं वे उन हालात को जिन की बिना पर वह Act बनाया गया था कायम रहने देंगे यानी यह कि जो 30 standard acres से कम ज़मीनों पर मुज़ारे हैं वे एक मालिक की मरज़ी पर बेदखल न हो सकेंगे । उम्मीद ज़ाहिर की गई थी कि मालिक मुज़ारों को बेदखल करने का ख्याल न करेंगे सिवाए उन हालात के जिन का कि ज़िक्र Act में आया है । उस वक्त मैंने यह भी कहा था कि अगर यह बात कामयाब न हुई तो हमें कुछ और करना होगा । हम देखते हैं कि बावजूद ज़मीन के मालिकों को यकीन दिलाने के कि उन्हें किसी किस्म का खदशा न होना चाहिये और बावजूद पूरी कोशिश करने के कि मालिकों और मुज़ारों में राज़ीनामे हो जायें और मुज़ारे बेदखल न हों हमें कामयाबी तो हुई परन्तु काफी कामयाबी नहीं हुई । हमारी कोशिशों के बावजूद मुज़ारों को 60 हज़ार notices मिले । 29 हज़ार के करीब तो राज़ीनामे हो गये । 12 हज़ार के करीब cases contest हुए । इस का

[मुख्य मन्त्री]

नतीजा यह हुआ कि कुछ हालात पैदा हो गये जो परेशानी पैदा कर सकते हैं । चूंकि एक बुनियादी चीज़ है कि मुज़ारे की हिफाज़त हो और जब तक वे उन शर्तों को पूरा करता है जिनका ज़िक्र Act में है यानी लगान वगैरा देता है तो उसे तहफुज़ मिलना चाहिये और किसी आदमी को उसे बेदखल न कर सकना चाहिये । मगर बावजूद इस सारे कहने के और कोशिश के मुज़ारे बेदखल हुए और उन की बेदखली बग़ैर वजह के हुई और इस ख्याल से की गई कि जो मुज़ारे हैं उन्हें बेदखल कर लें क्योंकि अगर वह मुज़ारे रहे तो शायद ज़मीन मेरे हाथ से निकल जाये । इस किस्म का खदशा हो तो सारे समाज के इन्तज़ाम में गड़बड़ पैदा हो जाती है । अब जो गवर्नमैण्ट की basic policy है वह यह है कि मुज़ारे को हत्तलवस्साह बेदखल नहीं होना चाहिये जब तक कि वह बाकायदा तौर पर लगान देता हो और जो शर्तें इस एक्ट में तजवीज़ की गई हैं उस की खिलाफवर्ज़ी न करता हो । कोई वजह नहीं कि कोई आदमी खाह मखाह परेशान हो जाये और उसे इधर से उधर भटकाया जाये । इन्हीं बातों का ख्याल करते हुए हमें Ordinance जारी करना पड़ा । यह मुसल्लमा बात है कि land reforms की आखरी शक्ल अभी तक तय नहीं हो पाई और जो बुनियादी असूल है वह यह है कि काश्त करने वाले और गवर्नमैण्ट के दरमियान कोई intermediary नहीं होना चाहिये । जहां मुज़ारे हैं उन्हें पूरी पूरी security मिलनी चाहिये । अब इस के साथ एक चीज़ यहां आ जाती है कि एक 30 standard acres से नीचे वाली क्लास है और दूसरी 30 standard acres से ऊपर वाली । आज हालत यह है कि एक जगह में एक आदमी 30 standard acres से ज़्यादा ज़मीन अपने लिये नहीं रख सकता मगर उस के मुकाबले में दूसरा आदमी है जो 30 ही क्या 300 बल्कि 3,000 एकड़ ज़मीन अपने पास रख सकता है । अभी तक इस सवाल का हल कि किस के पास कितनी ज़मीन रहनी चाहिये, पंजाब में नहीं हुआ । बहुत सी ज़मीन ऐसे लोगों के पास इस कानून के मुताबिक हो सकती है जिस के पास पहले ही अपनी ज़रूरत से बहुत ज़्यादा ज़मीन हो और उस के मुकाबले में वह लोग जो मुज़ारे हैं वह ज़मीन से बेदखल कर दिये जायें और बग़ैर किसी ज़मीन के बेरोज़गारी में पड़े रहें । यह हालात तसल्ली बख्श नहीं हैं और इन चीज़ों का हल हम ने निकालना है और इस के मुतअल्लिक फैसला करना है । इन फैसलों में मैं समझता हूं कि काफी वक्त लगेगा क्योंकि मुख्तलिफ जगहों में हालात मुख्तलिफ हैं इस लिये एक All-India Policy evolve करने में कुछ वक्त लगेगा । मैं समझता हूं कि इस बात का फैसला जल्दी हो जायेगा कि ceiling क्या मुकर्रर की जाये और इस बारे में क्या तरीके अमल अख्तियार किया जाये । इन चीज़ों की अहमियत को समझते हुए मैं ने यह समझा कि यह बिल Select Committee के सुपुर्द कर दिया जाये ताकि मैम्बर साहिबान Select Committee की बैठक में सारे हालात को मुख्तलिफ नुकता निगाह से अच्छी तरह से विचार कर के अपनी सिफारिश करें ताकि रोज़ रोज़ की परेशानी किसी को न हो । मैं समझता हूं कि यह दुरुस्त है कि पहले ceiling की हद 100 standard acres थी फिर 50 standard acres हुई और फिर 30 standard acres हुई । इस से लोगों में काफी परेशानी होती है । ज़मीन के छोटे मालिक को कोई अंदेशा नहीं होना चाहिये कि वह मुज़ारे को बेदखल करे । बावजूद इस के कई मुज़ारों को बेदखली के नोटिस मिले और वह बेदखल हो गये ।

20 standard acres से ऊपर वाले जिन्होंने ज़मीन reserve कराई थी उन की बेदखली में बहुत से लोग ऐसे हैं जो इस से ज़्यादा ज़मीन के मालिक हैं और वह मुज़ारे हैं। इस वक्त मेरा ख्याल है कि कोई बहस तलब मामला नहीं है क्योंकि इस बिल के मुख्तलिफ पहलुओं पर ग़ौर Select Committee में हो जायेगा और वह कमेटी अपनी सिफारिशात कर देगी। लेकिन एक चीज़ मैं ज़रूर वाज़ेह कर देना चाहता हूं और वह यह है कि मुज़ारों की खाहमखाह ऐसी बेदखलियों की कुछ वजूहात ऐक्ट में दी हुई हैं जो इस हाऊस ने पास किया हुआ है। असल में उस को बेदखल करने का जो ख्याल है वह ग़लत है और उस ख्याल की कामयाबी की कोई गुंजाइश मुझे दिखाई नहीं देती। अगर मजबूरन किसी वक्त करना पड़े तो कानून का सहारा लेना पड़ता है। और जहां ज़मीन के मालिक हैं उन को भी यह समझना चाहिये कि आजकल जो हालात हैं उन की रफ़्तार बिल्कुल मुख्तलिफ है।

यह जो पुराने ढंग का मुज़ारा सिस्टम है, यह उसी तरह नहीं चल सकता। इस को कायम रखने के लिये जो कोशिश की जा रही है वह बेसूद है। आज के ज़माने में कोई आदमी यह नहीं सोच सकता कि वह अपने मुज़ारे को जब चाहे निकाल दे और ज़मीन पर कब्ज़ा कर के बैठा रहे जब कि दूसरे लोग भूखे मर रहे हों।

दो चीज़ें हैं जिन का हमें ख्याल रखना चाहिए—एक तो produce बढ़नी चाहिए और दूसरा यह कि मुज़ारे अपने आप को महफूज़ समझें और बाइज़्ज़त शहरियों की तरह ज़िन्दगी व्यतीत कर सकें।

हमारे सामने एक और बड़ी समस्या भी है। वह है हरिजनों और दूसरे landless लोगों की। यह भी एक बड़ा problem है। इस के बारे में हमारी policy यह है कि हम ऐसे आदमियों से ज़मीन ले कर जिन से मिल सकती है इन लोगों को दें ताकि वे अपना गुज़ारा कर सकें।

अब मैं देहात के अन्दर रहने वाले भाइयों और खास तौर पर उन को जो ज़मीनों के मालिक हैं एक appeal करना चाहता हूं। देहातों में सिर्फ ज़मीनों के मालिक ही नहीं रहते बल्कि वह लोग भी काफी तादाद में बसते हैं जिन के पास ज़मीन नहीं है मगर जो ज़मींदारों को खेती के काम में मदद देते हैं। ज़मींदार लोग दूसरी किस्म के लोगों को खाहमखाह इस लिये बेदखल करते हैं कि कोई आदमी उन की ज़मीन पर मुसलसल ज़्यादा देर तक न बैठा रहे। ज़मींदार लोग उन्हें अपने जानवरों के लिये घास तक नहीं लेने देते। उन्हें सुबह रफाए हाजत करने के लिये कहीं जाने में भी दिक्कत होती है। मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि दोनों किस्म के लोग देहात की ज़िन्दगी का बराबर का हिस्सा हैं। एक के बग़ैर दूसरा ज़िन्दा ही नहीं रह सकता। अगर वह सारे साहिबान जिन का असरो रसूख है कोशिश करें तो देहाती ज़िन्दगी में से नफरत और लड़ाई झगड़े दूर हो जायेंगे और लोगों में पहले जैसा प्रेम और मुहब्बत आ जायेगी। यह एक ऐसी बात है जिस पर मेरे ख्याल में सब को इत्तफाक होगा, जिस पर किसी को इख्तलाफ राए नहीं हो सकता।

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Prevention of Ejectment Bill be referred to a Select Committee consisting of—

(1) The Mover.

(2) Sardar Partap Singh Kairon, Minister for Development.

[Mr. Speaker]

(3) Chaudhri Lahri Singh, Minister for Irrigation.

(4) Shri Devi Lal, M.L.A.

(5) Sardar Mohan Singh, M.L.A.

(6) Shri Mool Chand Jain, M.L.A.

(7) Shri Chand Ram Ahlawat, M.L.A.

(8) Shrimati Dr. Parkash Kaur, M.L.A.

(9) Sardar Ajmer Singh, M.L.A.

(10) Comrade Ram Kishan, M.L.A.

(11) Shri Daulat Ram Sharma, M.L.A.

(12) Sardar Partap Singh Rai, M.L.A.

(13) Sardar Harkishan Singh Surjit, M.L.A.

(14) Chaudhri Sri Chand, M.L.A.

(15) Thakur Mehar Singh, M.L.A.

with a direction to report to the House by the 15th of December, 1954.

Chief Parliamentary Secretary (Shri Prabodh Chandra) : Sir, as an amendment to the motion moved by the Chief Minister, I beg to move—

That the Punjab Prevention of Ejectment Bill be referred to a Joint Select Committee consisting of—

(1) Shri Bhim Sen Sachar, Chief Minister.

(2) Sardar Partap Singh Kairon, Minister for Development.

(3) Chaudhri Lahri Singh, Minister for Irrigation.

